PRIGYA 1967 G.K.V.

# काशी हिन्दू विश्वविद्यालय पत्रिका

अंक १३ भाग (१) अक्टूबर १९६७

*Subscription Rates (per issue)* :—

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| U.S.A. | ... | ... | ... | $ 1 |
| U.K. | ... | ... | ... | sh 10 |
| India | ... | ... | ... | Rs. 5.00 |
| B.H.U. | ... | ... | ... | Rs. 3.00 |

## RULES

(1) The "Prajñā", shall, so far as possible, be published twice a year : one issue immediately after the Dipawali, the other immediately before the Holi.

(2) All subscriptions should be sent to the Assistant Editor, "Prajñā", B.H.U. Journal, Varanasi-5.

(3) Articles intended for publication in this Journal by B.H.U. scholars should be submitted to the College Editor before July 20 for the first issue and November 20 for the next issue and should reach the Editorial Board on July 30 and Nov. 30 respectively.

(4) Articles should ordinarily be type-written on foolscap paper on one side only and should not ordinarily cover more than 10 pages. Teacher-authors contributing original articles to the Journal are entitled to receive 50 off-prints gratis and the students will get 25 off-prints.

(5) Article of a highly technical nature will not be entertained.

# काशी हिन्दू विश्वविद्यालय पत्रिका

अंक १३ भाग (१)

अक्टूबर १९६७

## सम्पादक-मण्डल

**डॉ० नन्दलाल सिंह**
विभागाध्यक्ष, स्पेक्ट्रास्कापी (संयोजक)

**डॉ० ब्रजमोहन**
प्रधानाचार्य, केन्द्रीय महाविद्यालय

**डॉ० अवधकिशोर नारायण**
प्रधानाचार्य, भारती महाविद्यालय

### कालेज सम्पादक

१. **पं० अम्बिकादत्त उपाध्याय**—हिन्दी एवं अंग्रेजी विभाग, संस्कृत महाविद्यालय

२. **कु० वी० एस० देवधर**—महिला महाविद्यालय

३. **डॉ० विजय शंकर मल्ल**—हिन्दी विभाग, केन्द्रीय महाविद्यालय

४. **डॉ० एन० के० देवराज**—निदेशक, दर्शनशास्त्रीय उच्चाध्ययन केन्द्र

५. **डॉ० विष्णुदत्त शुक्ल**—भौमिकी विभाग, विज्ञान महाविद्यालय

६. **पं० रमापति शुक्ल**—शिक्षा विभाग, टीचर्स ट्रेनिंग महाविद्यालय

७. **डॉ० लालमणि मिश्र**—वाद्य संगीत, श्री कला संगीत भारती महाविद्यालय

८. **श्री पी० एन० कौल**—पुस्तकालयाध्यक्ष, सयाजीराव ग्रंथालय

### सह-सम्पादक

**गिरिजाशंकर सिंह**

## काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्थापक

# पूज्य महामना

हिताय सर्वलोकानां निग्रहाय च दुष्कृतां
धर्मसंस्थापनार्थाय प्रणम्य परमेश्वरम् ।
प्रसादाद्विश्वनाथस्य काश्यां भागीरथीतटे
विश्वविद्यालयः श्रेष्ठः हिन्दूनां मानवर्धनः ॥
हिन्दूराज्याधिपतिभिर्धनिकैर्धार्मिकैस्तथा
मिलित्वा स्थापितः सद्भिर्विद्याधर्मविवृद्धये ॥

जन्म :—वि० सं० १९१८ पौषकृष्ण ८ (२५-१२-१८६१)
मोक्ष :—वि० सं० २००३ मार्गशीर्षकृष्ण ४ (१२-११-१९४६)

## विषय-सूची

विश्वविद्यालय के वर्तमान कुलपति डॉक्टर अमरचन्द जोशी

विश्वविद्यालय के रेक्टर डॉक्टर हजारी प्रसाद द्विवेदी

# रेक्टर महोदय का संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि 'प्रज्ञा' काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के बौद्धिक स्तर को ऊँचा करने के लिए बराबर प्रयत्न कर रही है। मेरी हार्दिक शुभ-कामना है कि पत्रिका उन महान आदर्शों की ओर अग्रसर हो जो काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना के मूल में हैं। ज्ञान के विविध क्षेत्रों में भी विस्तार करने और निष्ठापूर्वक अनासक्त दृष्टि से सत्य और हित का संधान करना विद्या और विद्यार्जन का उद्देश्य है। अनेक ऐतिहासिक कारणों से हमारा देश पिछले कुछ शतकों में विद्या के क्षेत्र में यथोचित उन्नति करने का अवसर नहीं पा सका। परन्तु इसके पहले यह सदा ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में अपने समसामयिक सभ्य देशों से आगे रहा है। बीच में कुछ शिथिलता आ जाने पर भी चिन्तन और मनन के क्षेत्र में हम आज भी संसार को कुछ नया देने में समर्थ हैं परन्तु इसके लिए गम्भीर निष्ठा, परिश्रमपूर्वक अध्ययन और अनासक्त भाव से चिन्तन करने की आवश्यकता है। हमें उन सब नई जानकारियों को प्राप्त करना है जिनमें हम पीछे रह गये हैं। साथ ही दिन प्रतिदिन बढ़ती सामाजिक जटिलता की चुनौती को भी स्वीकार करना है। जो देश विज्ञान और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में आगे हैं, वे धनधान्य से पूर्ण हैं परन्तु जिन देशों में विज्ञान और तकनीकी कौशल का परिचय नहीं है या कम परिचय है वे निर्धन हैं। देश को गरीबी और अभावों से निकालने का एकमात्र मार्ग विज्ञान और प्राविधिक शिक्षण को स्वायत्त करना है। हमारे नौजवान विद्यार्थी वह दुःसाध्य कार्य साहस के साथ कर सकते हैं, वे ही भयंकर कठिनाइयों की चुनौती को स्वीकार करने का साहस कर सकते हैं।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्थापक महामना मालवीय जी विज्ञान और तकनीकी शिक्षण के महत्व का बहुत पहले ही अनुभव कर चुके थे और काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में उसकी व्यवस्था करने का शुभारम्भ कर गये थे। हमें आशा करनी चाहिए कि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के विद्यार्थी उनकी आकांक्षाओं को पूरी शक्ति के साथ मूर्त रूप देने का प्रयत्न करेंगे। विज्ञान और तकनीकी शिक्षण के द्वारा हम भौतिक समृद्धि प्राप्त कर सकते हैं लेकिन उसके साथ ही साथ मनुष्य को नैतिक आदर्श को आध्यात्मिक विचारों से भी बलिष्ठ बनाना है। यह काम मानवीय विद्याओं के गहन अध्ययन और अनुशीलन से ही सिद्ध होगा। इसके लिए इस विश्वविद्यालय में धर्म, दर्शन, समाज विज्ञान आदि को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है।

हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना देश की जनता की शुभकामनाओं के साथ हुई थी। गरीब से गरीब व्यक्ति का इसमें सहयोग है। बड़ी आशा और उमंग से जनता ने इस विश्वविद्यालय की स्थापना का स्वागत किया था इसमें कभी भी यह नहीं भूलना चाहिए कि हमारी जनता की आशा और आकांक्षा पूर्ण नहीं हुई है। वह इस काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के अन्तेवासियों से बहुत आशा रखती है। यह विश्वविद्यालय भारतीय जनता की आशा और आकांक्षा की पूर्ति कर सके, यह सबका काम्य होना चाहिए।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय अन्यान्य विश्वविद्यालयों से कुछ भिन्न है। उसके कार्य-कर्ताओं और विद्यार्थियों को यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि यह विश्वविद्यालय संपूर्ण राष्ट्र की मंगलमयी शुभेच्छा का प्रतीक है। ज्ञान-विज्ञान की साधना द्वारा देश को भीतर और बाहर से मजबूत बनाने का पवित्र काम हमें करना है। महामना पण्डित मालवीय जी जैसे महान नेता का आशीर्वाद हमें प्राप्त है। देश को, सुखी और सशक्त बनाने की दिशा में बहुत काम बाकी पड़ा है उसे पूरी शक्ति लगाकर पूरा करना हमारा परम पावन कर्तव्य है।

२४ मई १९६८

हजारी प्रसाद द्विवेदी

# मालवीयशतकम्

रतिनाथ झा, सं० म० वि०

येषां महामहिममण्डितकीर्त्तिलेखा
लेखालयेऽपि कलयत्यतुलं विलासम् ।
आमोदिता मधुहृदो विबुधालिकेलि-
भव्यालयाः सुमनसो भुवि ते जयन्ति ॥१॥

भूमण्डलं जयति मण्डनमिन्दिरायाः
कर्मण्यताकुशलताशुचिताङ्गनानाम् ।
विश्वम्भरैकशरणाम्बुधिबद्धसख्यं
गौरीगुरुप्रभृतिभूभृदुदारलीलम् ॥२॥

नीलाम्बरावृतवपुर्द्रुमवल्लरीणां
पुष्पप्रवाललिताभरणैर्लसन्ती ।
कूजच्छकुन्तकुलकोमलभारतीयम्
आभाति भूमिरमणी रमणीयकान्तिः ॥३॥

देवेश्वरत्वमधिकृत्य सुराङ्गनानां
नर्मक्रियोल्लसितकेलिकुतूहलानि ।
भोक्तुं पुमानमितविक्रमविभ्रमाढ्यः
सम्प्रेषितः शतमखः सततं भुवैव ॥४॥

यज्ञादिषु प्रथितहव्यसमर्पणेन
भूरेव तोषयति साधु सुधान्धसोऽपि ।
सम्मानदानविधिना च सुरान् समस्तान्
आनन्दयत्यनुदिनं ननु सैव कामम् ॥५॥

तस्या भुवो हृदयखण्डमखण्डनीय-
माखण्डलार्चितचरं रुचिरं चिराय ।
धर्माङ्कुरप्रसवि भारतवर्षमेतद्
भव्यं प्रभूतविभवं नितरां चकास्ति ॥६॥

यस्यैकतो हिमगिरिर्गगनस्पृगस्ति
रत्नाकरोऽस्त्यपरतोऽङ्घ्रिमुपासमानः ।
मध्ये वहन्ति सरितः परितस्तरङ्ग-
भङ्गीभिरिङ्गितधना इव नृत्यशीलाः ॥७॥

यत्रावतीर्य भगवान् विविधैः स्वरूपै-
धर्मं शुभं स्थिरयितस्म निवार्य विघ्नान् ।
यत्र स्थितादृद्विजवरान्मनुजैः समस्तैः
सार्वत्रिकैः स्वचरितानि च शिक्षितानि ॥८॥

सोऽयं गुरुस्त्रिजगतः प्रकृतिप्रकर्ष-
हर्षाकरः सकललोकसमर्चितश्रीः ।
सद्भाववैभवविशेषविभूषिताङ्गो
देशश्चिरं जयति भारतवर्षनामा ॥९॥

तीर्थानि मानवमनोमलनाशनानि
भान्तीह भव्यविभवप्रभवाणि कामम् ।
किन्तु स्फुरत्प्रगुणसद्गुणदिव्यधाम्ना-
ऽऽम्नायादिकीर्त्तिततरो जयति प्रयागः ॥१०॥

यस्यैकतो विमलबोधमयः प्रवाहो
गाङ्गो विभाति रजतद्रववत्सिताद्रेः ।
प्रेमाम्बुपूरपरिपूरितपुण्यतोया
यस्यान्यतो वहति सूर्यसुता स्रवन्ती ॥११॥

अन्तःस्थिता स्वजनपावनकेलिशीला
लीलावती सकललोकललामभूता ।
पूतात्मनां मनसि शश्वदुदाररूपा
रूपातिगा लसति कापि सरस्वतीह ॥१२॥

लोकत्रयाचरितसञ्चितपुण्यराशिः
किन्वा त्रयी प्रकटितत्रितयात्ममूर्त्तिः ।
बन्धु-प्रियासहितराघववन्दनीया
यत्रावभाति भवबन्धनहृत् त्रिवेणी ॥१३॥

वेणीमाधवतापसाक्षयवटाः प्राचीनतासाक्षिणो
नूनं धार्मिकचेतसि प्रकटयन्त्यङ्कूरपूरान् मुदः ।
कर्मोपासनसंविदामथ विदामाधारभूमिश्चिरात्
सर्वानन्दमहाकरो विजयते श्रीतीर्थराजः प्रियः ॥१४॥

स्वर्गस्पर्धिपरार्धवैभवभरं लीलावतीलीलया
श्लाघ्यश्लाघ्यविलासलास्यलसितं शिप्राप्रियालिङ्गितम् ।
सर्वश्रेयसि जाग्रतं स्तुतमहाकालेश्वरं मालवं
नाम्ना मालवमेव चेतसि विदत्तत्याज यत्तत्कुलम् ॥१५॥

शस्यश्यामलकोमलं सुललितं शिल्पानुकल्पालयं
त्यक्त्वा मालवमालयं भरतभूसौभाग्यभूषामणिम् ।
अस्माकं कुलमूलसद्द्विजभरद्वाजस्य भव्याश्रमात्
तौ तीर्थपपूते निवासमुचितं मत्वैव चक्रे गृहम् ॥१६॥

तत्र ब्रह्मणि नैष्ठिकं स्मृतिमुखापेक्षासु सन्दीक्षितं
पुण्यात्पुण्यतमे पुराणनिलये विश्रान्तचित्तं चिरात् ।
धर्माचारविचारचारुचरितं श्रीमालवीयाह्वयं
नीरक्षीरविवेचकं द्विजकुलं सोल्लासमातिष्ठति ॥१७॥

तत्र प्रादुरभूददीनहृदयो नारायणोपासको
व्युत्पन्नो विविधागमेषु विबुधश्रेणीमणिः सात्विकः ।
कृष्णोपासनयापि शुक्लधिषणो विप्रोऽपि वेणुप्रियः
पूज्यः श्रीव्रजनाथनामकचतुर्वेदो विदां मण्डनः ॥१८॥

सोऽयं शीलवतीं सतीं निरुपमप्रीतिप्रतीतिस्थितिं
स्फीतप्राणवतीं गृहस्थकृतिषु प्राप्तातिपूताकृतिम् ।
सेवाधर्मसरस्वतीं धृतिमतीं सीमन्तिनीसन्मणिं
पत्नीं प्रापदनापदं विधिवशान्'मूना'मनूनां गुणैः ॥१९॥

जातौ तत्र कुले कुलोचितगुणग्रामाभिरामात्मजौ
पूर्वं द्वौ च ततो विरञ्चिरचनानैपुण्यपुण्यप्रदः ।
आकृत्या मदतुन्दिलस्य मदनस्यारवर्वगवन्तिको
बुद्धया देवगुरोश्च गौरवहतरः सूतस्तृतीयः सुतः ॥२०॥

दिग्दन्तावलचन्द्रनन्दवसुधासंवत्सरे वैक्रमे
पौषेश्यामदले गिरीन्द्रतनयानाथेतिथौ भार्गवे ।
दुग्धाब्धेरमृतांशुवत् सुरतरोः सत्कोरकाङ्कूरवत्
कासारादरविन्द (शतपत्र) वत् प्रकटितः पुत्रः प्रहर्षाकरः ॥२१॥

वीक्ष्याकृतिप्रकृतिसंस्कृतिदिव्यधाम-
दामानमेनममृतांशुकरातिगौरम् ।
अन्वर्थनामकलनाकुशलेन पित्रा
सम्बोधितो मदनमोहनमालवीयः ॥२२॥

चापल्यसंवलितमप्यनुकूलकाल-
लीलाविलासललितं विपुलप्रमोदम् ।
बाल्यं निराकुलमनाविललाल्यमस्य
माल्यश्रियेव मुदितामतनोत्स्वपित्रोः ॥२३॥

क्रीडाकौशलपेशलं समवयोवर्गाञ्चितं शैशवं
दुष्प्राप्यं सुसमाप्य साक्षरदशामाधामुत्कण्ठया ।
तातप्रेरणयैव पद्मनयनानन्दाय बद्धादरो
धर्मज्ञानमहोपदेशकुशलं विद्यालयं प्राविशत् ॥२४॥

तत्राधीत्य सुधीन्द्रवृन्दमहिते विद्यालये सद्गुरो-
र्भट्टाचार्यमहाशयादसुलभां व्युत्पत्तिमासादयत् ।
स्वल्पेनैव दिनेन पूज्यचरणादाचार्यदर्यादयं
शास्त्राकूतमतीवपूतमनसा भेजे जनानन्दनः ॥२५॥

बाल्यादेव कलाकलापकुशलः सज्जीक्रियाप्रक्रिया-
पाण्डित्यायतनं मनोहरतराण्यच्छाक्षराण्यालिखन् ।
सत्संस्कारधनः श्रुतिस्मृतिमुखव्याख्यातधर्मक्रियो
जातः संस्कृतसेवयाऽतिमधुरो धीमान् गुरूणां प्रियः ॥२६॥

ताते भागवतीं कथां कथयति स्वल्पार्थलाभोदये
पोष्येऽनल्पजनेऽतिदुर्वहतया गार्हस्थ्यभारेऽनिशम् ।
आंग्लज्ञानविधायके प्रचुरतो द्रव्यव्ययापेक्षिते
विधासद्मनि संविदोऽथ चयनं दुष्कार्यमेवाभवत् ॥२७॥

किन्तूत्साहसहाससाहसमनायासं समासादयन्
अध्येतुं धनसाध्यबोधविभवं पाश्चात्यविद्यालये ।
सङ्कल्प्योल्लसितात्मना स्वपठनारम्भेण संस्तम्भयन्
ऋद्धं गर्वितमार्जयन्निरुपमक्लेशेन विधाधनम् ॥२८॥

मातुः कायिकभूषणानि बहुधा न्यस्यार्थलाभेच्छया
नामोच्छेददुरन्तदुःखददशां शुल्कादिदानैरशात् ।
द्रव्याभाववशादशान्तहृदयोऽप्युत्कर्षबीजाङ्कुरं
सिञ्चन् स श्रमवारिणाल्पदिवसेनैव द्रुमं दृष्टवान् ॥२९॥

दारिद्र्यातपतापितापि हृदयक्षेत्रोल्लसल्लालसा-
वल्ली लोकललाममङ्गलमयानल्पप्रवालालया ।
सर्वानन्दमरन्दमेदुरगुणग्रामप्रसूनाञ्चिता
क्लेशावेशमशेषतो भरतभूभूतात्मनामक्षिणोत् ॥३०॥

छात्रेणाप्यमुना प्रयागनगरश्रीविश्वविद्यालये
हिन्दूछात्रनिवाससौख्यनिलयश्छात्रालयो नूतनः ।
राज्ञामर्थसमर्पणप्रणयिनां सम्प्रार्थनामानिनां
कोशोत्सृष्टधनागमेन सुभगो निर्मापितो भूतये ॥३१॥

कालो बालविबोधनाय विबुधेनानेन नीतः कियान्
पत्रं किञ्चिदुदञ्चितं मतिमता द्राक् पत्रकारात्मना ।
पश्चादेष विधिं विशेषविधिनाधीत्याधिकारान्वितो
वाक्कीलः समभूदभूतचरवाङ् न्यायालयेऽत्रोच्चकैः ॥३२॥

माधुर्यातिशयादगाधविधिसच्छास्त्रप्रमाणान्वितात्
सत्तर्कामृतसेचनादविनयोत्सर्गान्निसर्गोज्ज्वलात् ।
श्रोतृस्वान्तनितान्तरञ्जनकरान्न्यायेश्वरावर्जनात्
पक्षस्थापनदक्षसत्प्रवचनात् प्रापत् प्रसिद्धिं पराम् ॥३३॥

वाचः स्फीततया मतेर्गुरुतया ज्ञानश्रियो ज्योतिषा
कीर्तेश्चारुतया विवेचनकलानिष्णाततया विद्यया ।
सौजन्यातिशयस्य शेवधितया नीतेश्च विद्वत्तया
स्वल्पेनैव दिनेन विश्रुतिमयं सर्वत्र सम्प्राप्तवान् ॥३४॥

क्लेशावेशविशेषशोषितरसो लक्ष्मीकृपाकुण्ठनात्
कालं कञ्चन काञ्चनार्जनपरो दत्तावन्धानोऽनयत् ।
वाक्कीलक्रियया ययातिविरला उत्कर्षमातन्वते
द्रागेवायमनन्यलभ्ययशसा ख्यातस्तयैवादृतः ॥३५॥

देशः प्राप्तपराजयः परवशक्लेशानशेषान् सहन्
जातः सङ्कुचितोदयो विदलितो दैन्यादिना कुण्ठितः ।
मोक्तव्यः परतन्त्रतानिगडितः सम्भूय सर्वैर्जनै-
रित्युद्घोषयतां तदा नयवतां वर्गे सगर्वोऽविशत् ॥३६॥

यत्र ज्ञानधना जनाः प्रवयसः सम्मानिताः सर्वथा
कृत्वाऽश्रान्तपरिश्रमं विलिखितं व्याख्यानमश्रावयत् ।
तत्रैव प्रथमं गतोऽपि तरुणः सद्यः स्फुरद्भावनो
गम्भीरेण मनोरमेण वचसा व्यस्मापयद्योऽलिखान् ॥३७॥

वाचा साधु सुधामुधामदमुचा चारित्र्यचामीकर-
भ्राजद्भव्यविभूषणेन वयसा नव्येन तेजस्विना ।
पाटीरद्रवदिव्यभालतिलकेनाभीतिभूष्यात्मना
देशप्रेममदेन चोन्नतशिराः सर्वत्र योः द्योतते ॥३८॥

सौजन्यस्य निधिर्मधुः सुमनसां पुण्यात्मनामाश्रयो
मित्रं भारतवासिनां निरुपमः सत्कर्मणां शेवधिः ।
सौभाग्यस्य कुलाचलो नयवतां दीक्षागुरुः श्रीमतां
कीर्त्तिप्रीतिकरो नवोऽयमुदितः सिद्धिश्रियो वल्लभः ॥३९॥

अस्यां भारतसंस्कृतौ तु दयिता पत्युः सदैवानुगा
कीर्त्तिः किन्तु नवा प्रियाऽस्य पुरतः सर्वत्र सङ्क्रामति ।
एवं सत्यपि तां सतीं स्ववनितां विस्मृत्य कीर्त्तेः पुनः-
पश्चादेष विशेषवेशकलितो धावत्यहो विह्वलः ॥४०॥

ते नेत्रे अपि दुर्लभे त्रिभुवने ये भृङ्गगर्भाम्बुज-
स्फीतश्रीमदमर्दने सुविपुले कौटिल्यलीलागृहे ।
किन्तु स्थानजकालजव्यवहितिं भित्वातिदूरस्थितं
सूक्ष्मात्सूक्ष्मतमञ्च लक्ष्यमचिरं ये विध्यतस्ते नुमः ॥४१॥

देशेऽस्मिन् जनजीवनस्य विषमक्षोभोद्भवा वीचयः
सन्त्यज्यात्मनिसर्गमांगलवचसा वाचा च पारस्यया ।
न्यायाधीशगृहाङ्गणाग्रपुलिने वाचालिताः प्रत्यहं
हिन्दीवागनुरागचेतसि परां तेनुर्नवीनां व्यथाम् ॥४२॥

स्तन्येनैव सहापिबन्ति शिशवो यां मातुरङ्केशया
भाषां सम्यगुदीरयन्ति सुधियस्तां मातृभाषां यतः ।
तस्मात्सा जननीव वत्सलमयी वन्द्या विदां मण्डलैः
सेव्या भारतभारतीतिवचसा योऽबोधयद्देशजान् ॥४३॥

येनौचित्यवताप्रयागनगरे साहित्यसम्मेलनं
काश्यां न्यासि सभा[1] च शुभ्रचरितैर्विद्वद्भिरुद्बोधितैः ।
ते अद्याप्यनवद्यवैभवमयोद्भासा समुद्भासिते
स्वं स्वं कार्यमुरीकृतं प्रकुरुतो देशोदयायानिशम् ॥४४॥

राष्ट्रस्वान्तमनन्तदोषजनकैस्तैः पारतन्त्र्योद्भवै-
र्गाढ़िध्वान्तचयैः समाकुलतरं कांग्रेसदीयार्चिषा ।
कामं दीपयितुं स्वराष्ट्रियसभाभासां प्रभूतोदये
स्नेहासारमयार्मर्पितवतामग्रेसरोयोऽभवत् ॥४५॥

देशप्रेमतरुः स्वसंस्कृतिसुधाधाराभिरासेचितो
भव्याचारविचारपल्लवशतैरुल्लासितो भूरिशः ।
पाश्चात्यप्रवरप्रवातरयतो भूयः समान्दोलितः
सुस्थः सर्वसमृद्धिसिद्धिपिशुनो येनायमुर्द्धाधितः ॥४६॥

धर्मप्राणमयेऽपि यत्र कुटिलैर्धर्मप्रचारोद्यतैः
सङ्घैर्हन्यत एव कूटविधिना हिन्दूजनानां गणः ।
संस्थास्तत्प्रशमाय काश्चिदसमा धर्मानुरागोद्धुरा
हिन्दूजातिहिताय येन विधिवत् संस्थापिताः सारदम् ॥४७॥

इत्थं धार्मिकचेतनां द्रढयितुं सामाजिकीं च स्थितिं
मर्यादां स्वकुलस्य च स्थिरयितुं हिन्दूसभाद्यास्तदा ।
संस्थाः स्थापयतापि राष्ट्रियसभाशक्तिप्रकर्षः कृतः
प्रायः सत्पुरुषे विरुद्धघटनाप्यालम्बते मित्रताम् ॥४८॥

देशं मोहनिशासु सुप्तमतुलैर्गीतैः समुद्बोधकै-
रुच्चैर्जागरयन्नदम्यविधिना भेजे मुहुर्वन्दिताम् ।
तत्रोत्साहयता कृतैरविरलैर्भव्यैः प्रयत्नैर्नवै-
र्निस्तन्द्रः शनकैः कृतोऽयमखिलो देशो विशेषो भुवः ॥४९॥

कांग्रेसाधिपतित्वमुत्तमतया वारत्रयं बिभ्रते
हिन्दीहिन्दुजनोदयाय सततं यत्नं हृदा तन्वते ।
दिव्यालोकमलौकिकं कलयते श्रीविश्वविद्यालयं
नित्योत्साहवते सदोपदिशते स्यान्नः प्रमाणाञ्जलिः ॥५०॥

[ शेष आगामी अंक में ]

---

[1] नागरिक प्रचारणी सभा ।

# सूरदास : अध्ययन के कतिपय नये सूत्र

डॉ० शिवप्रसाद सिंह

सूरदास[1] वस्तुतः महान् कवि थे। हिन्दी में पुरानी परम्परा के अनुसार वे तुलसी के समकक्ष और कभी-कभी शुद्ध कवि के रूप में उनसे भी उच्चतर माने जाते रहे हैं। सूर एक भावप्रवण, प्रतिभा सम्पन्न तथा रससिद्ध कवि थे।

---

[1] सूरदास का जन्म वैशाख शुक्ल ५ सम्वत् १५३५ विक्रमी को हुआ था। [अष्टछाप और वल्लभ सम्प्रदाय] अब तक बहुत से विद्वान् उनका जन्म १५४० में हुआ मानते रहे हैं जो प्रामाणिक नहीं लगता। वल्लभ सम्प्रदाय में प्रचलित जनश्रुति के अनुसार ये वल्लभाचार्य से उम्र में दस दिन छोटे बताये गये हैं। सूरदास के जीवन पर 'चौरासी वैष्णवन की वार्ता,' इसी पर लिखी हरिराय की भाव प्रकाश टीका और गोस्वामी यदुनाथ लिखित 'वल्लभ दिग्विजय' से कुछ प्रकाश पड़ता है। पर ये तीनों ही स्रोत ऐतिहासिक तथ्यों के स्थान पर अनुश्रुतियों को ज्यादा महत्त्व देते प्रतीत होते हैं। भक्तमाल पर प्रियादास की टीका, मियां सिंह के भक्त विनोद, ध्रुवदास की भक्त नामावली आदि स्रोत तो और भी अधिक अविश्वसनीय सूचनाएँ देते हैं। उधर तत्कालीन मुगल सम्राट अकबर से सम्बन्धित फारसी वृत्तों, आइने अकबरी, मुंशियाने अबुल फजल तथा मुन्तखबुत्तवारीख में सूरदास नाम से जिन दो व्यक्तियों की चर्चा है, वे भक्तकवि सूरदास से बिल्कुल भिन्न प्रतीत होते हैं। सम्प्रदाय प्रसिद्ध स्रोतों से पता चलता है कि इनका जन्म दिल्ली के निकट सीही नामक गाँव में हुआ। विद्वानों में इस बात पर भी मतभेद है कि इन्हें ब्रह्मभट्ट मानें, सारस्वत ब्राह्मण कहें, या अब्राह्मण। साम्प्रदायिक स्रोत सारस्वत ब्राह्मण ही बताते हैं। बचपन से ही इनकी संगीत में रुचि थी। अट्ठारह वर्ष की अवस्था में विरक्त होकर मथुरा आये और विश्रामघाट पर रुके, किन्तु इस आशंका से कि कहीं अपनी बढ़ती हुई प्रसिद्धि से मथुरा के चौबे लोगों की हानि न हो, आगरा और मथुरा के बीच यमुना के किनारे गऊघाट पर रहने लगे। विनय के दीनतामूलक, वैराग्य-प्रधान पदों से स्पष्ट है कि आरम्भ में वे दास्य भाव की भक्ति में विश्वास करते थे। वल्लभाचार्य की कृपा से लीला का रस मिला और वे पुष्टिमार्ग में दीक्षित हुए। भक्तकवि सूरदास के वास्तविक जीवन का यहीं से आरम्भ समझना चाहिए। उन्होंने अपना शेष जीवन अपने आराध्य के चरणों में समर्पित कर दिया। पद लिखना और उन्हें भाव विभोर होकर प्रभु के सामने गाना, यही उनके जीवन की साधना थी। उन्होंने भागवत दशम स्कन्ध के आधार पर बहुत से पद लिखे जो सूरसागर के नाम से संकलित हैं। सूरदास की भगवद्विषयक रति, संगीत निपुणता तथा उनकी सिद्धियों से सम्बन्धित अनेक चमत्कारिक कथायें सुनी जाती हैं। ऐसी कथाएँ बड़े व्यक्तित्वों

उनकी कीर्ति का मुख्य आधार 'सूरसागर' है, किन्तु उनकी दो अन्य रचनाएँ भी मानी जाती हैं—'सूरसारावली' और 'साहित्य लहरी'। सूर सारावली की कोई भी प्रामाणिक प्राचीन प्रति उपलब्ध नहीं होती। इसके सम्पादक श्री प्रभुदयाल मीतल का कहना है कि प्राचीनतम प्रकाशित प्रति १८८० विक्रमी की मिलती है जिसमें गुजराती अनुवाद दिया हुआ है। सूर विषयक सूचना देने वाली साम्प्रदायिक वार्ताओं, टीकाओं आदि में कहीं भी सारावली का उल्लेख नहीं है। राग कल्पद्रुम में प्रकाशित सूरसागर (१८९८ वि०) नवलकिशोर प्रेस से प्रकाशित सूरसागर प्र० सं० (१९२० विक्रमी) तथा वेंकटेश्वर प्रेस से प्रकाशित सूरसागर के साथ सम्बद्ध रूप में सारावली प्रकाशित हुई। बहुत दिनों बाद अब जाकर सारावली का स्वतन्त्र संस्करण श्री मीतल ने २०१४ विक्रमी में प्रकाशित कराया है। सारावली सूरसागर का सूचीपत्र मात्र नहीं है। यह सही है कि सूरसागर के अनेक पदांश इसमें ले लिये गये हैं किन्तु इसमें अनेक नवीनताएँ भी हैं। इसमें कृष्ण की सम्वत्सर लीलाओं का चित्रण है। रचना बहुत काव्यात्मक और प्रौढ़ नहीं है, पर साम्प्रदायिक नित्य सेवा आदि

---

के साथ प्रायः ही जुड़ती रहती हैं, जो उनके प्रति जनता की श्रद्धा का लोकमानसिक रूपान्तर होती हैं। वार्ता में गोलोकवास से सम्बन्धित जो वृत्त दिया गया है उससे अनुमान लगाया जा सकता है कि इनकी मृत्यु १६४० विक्रमी सम्वत् के आसपास कृष्ण की रासस्थली पारसौली में हुई। श्रीनाथ जी की आरती में उन्हें अनुपस्थित पाकर गोसाईं विट्ठलनाथ ने कहा कि "पुष्टिमार्ग कौ जिहाज जात है, जाको जो लेनो होय सो लेउ।" कुंभनदास, गोविन्दस्वामी और चतुर्भुजदास के साथ जब वे सूर के निकट पहुँचे तो वे अचेत थे। चेत आने पर चतुर्भुजदास की शंका पर कि उन्होंने आचार्य जी का यश नहीं गाया सूर ने कहा कि मेरे निकट आचार्य जी और भगवान् में कोई अन्तर नहीं है जो भगवद्यश है वही आचार्य जी का भी यश है। गुरु के प्रति अपनी आस्था उन्होंने "भरोसो दृढ़ इन चरनन केरौ" गाकर प्रकट की। गोसाईं विट्ठलनाथ के पूछने पर कि सम्प्रति उनके नेत्रों की वृत्ति क्या है उन्होंने 'खंजन नैन रूप रस माते' पद गाकर सुनाया। इससे पता चलता है कि अन्त समय में उनकी सम्पूर्ण चेतना आराध्य की रूप-माधुरी में पगी हुई थी। सूर जन्मान्ध थे, या जन्म के बाद कभी अन्धे हुए? इस तरह के प्रश्न भी उठते रहे हैं। इन प्रश्नों पर प्रामाणिक ढंग से कुछ नहीं कहा जा सकता। बाह्य और आन्तरिक जीवन को इतने विविध रंगरूपों में देखने वाले कवि को सहसा अंधा मान लेने का मन नहीं होता। इस तरह के सूक्ष्म द्रष्टा कवि जगत् को न देखते हुए भी अंधे नहीं होते। किसी रहस्यमय क्षण में कवि ने कभी विरहतप्त दो अतीन्द्रिय नयन देखे थे, उसी क्षण से उसे स्थूल पार्थिक वस्तुओं से विरक्ति हो गई। उन्होंने जगत् से आँखें फेर लीं। उन्हीं भाव विभोर अपार्थिव नेत्रों में कवि ने राधा के आँसू देखे थे—

"कोथा तुमि शिखे छिले एइ प्रेम गान
विरह तापित हेरि काहार नयाने
राधिकार अश्रु आंखि पड़ोछिले मने।"—रवि बाबू

के वर्णनों के कारण वल्लभ सम्प्रदाय में उसका महत्त्व अवश्य है। इस रचना की प्रामाणिकता के बारे में काफी विवाद है। साहित्य लहरी का प्राचीनतम छपा रूप बनारस के लाइट प्रेस का १८६९ वि० का संस्करण है। इसके नवलकिशोर प्रेस, खड्गविलास प्रेस और लहेरिया सराय के पुस्तक भंडार से प्रकाशित दूसरे संस्करण भी मिलते हैं। इस पर १९०४ सम्वत् में काशी नरेश ईश्वरीप्रसाद सिंह के सभाकवि सरदार ने टीका लिखी है। भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने भी इस पर टीका लिखी है। इसमें नायिका भेद अलंकार आदि के लक्षण और उदाहरण दिये हुए हैं। उसी रचना में वह प्रसिद्ध पद भी है, जो "मुनि पुनि रसन के रस लेख" से आरम्भ होता है और जिसके आधार पर सूरदास का जन्म संवत् १५४० में हुआ अनुमानित किया गया था। रचना की प्रामाणिकता संदिग्ध है। इधर इसके श्री मीतल और डॉ० मनमोहन गौतम द्वारा सम्पादित दो संस्करण प्रकाशित हुए हैं।

सूरसागर की उन्नीसवीं शताब्दी में छपी लीथो प्रतियाँ मिलती हैं। बाद में रागकल्पद्रुम, नवलकिशोर प्रेस और वेंकटेश्वर प्रेस के संस्करण प्रकाशित हुए। अब तक उपलब्ध हस्तलेखों में जयपुर के पोथीखाने की १६३० विक्रमी की प्रति सर्वाधिक प्राचीन है। इन हस्तलेखों से पता चलता है कि सूरसागर दो प्रकार की क्रम पद्धति से संकलित किया गया है। लीला क्रम और द्वादशस्कन्धी क्रम। सूरसागर के आधुनिक ढंग से सम्पादन का पहला कार्य स्व० रत्नाकर ने किया। उनके द्वारा सम्पादित संस्करण लघु खंडों में ना० प्र० सभा काशी से प्रकाशित हो रहा था, जो १४३२ पदों के प्रकाशन के बाद रुक गया। बाद में उस सामग्री का उपयोग करके श्री नन्ददुलारे वाजपेयी ने सूरसागर को दो खंडों में सम्पादित किया जो सभा से १९४८ और १९५० ई० में क्रमशः प्रकाशित हुए। यह द्वादश स्कन्धी क्रम से संकलित है। इधर विभिन्न पाण्डुलिपियों के आधार पर श्री जवाहरलाल चतुर्वेदी द्वारा सम्पादित सूरसागर नवहिन्द पब्लिकेशन, हैदराबाद से प्रकाशित हो रहा है।

सूरसागर के पदों को वस्तु की दृष्टि से तीन भागों में विभाजित किया जा सकता है। विनय के पद, श्री कृष्ण लीला के पद और स्फुट पद। विनय के करीब सवा दो सौ पद हैं जो लीला क्रम वाली प्रतियों में अन्त में तथा द्वादशस्कन्धी प्रतियों में आरंभ में मिलते हैं। इन पदों में कवि ने जीवन की असारता, मन की चंचलता, वैराग्य के महत्व और अपनी अतिशय दीनता की अभिव्यक्ति करके भगवान् से करुणा के लिए प्रार्थना व्यक्त की है। सूरसागर का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण अंश कृष्ण-लीला है। यह अंश कृष्ण-जीवन के विविध प्रसंगों को उद्घाटित करता है। कृष्ण का बाल-जीवन, गोचारण तथा गोपी प्रेम का प्रसंग नाना लघु-लघु दृश्यों, घटनाओं और विरह-मिलन की अनेक अन्तर्दशाओं से समन्वित होकर बड़े ही काव्यात्मक ढंग से अभिव्यक्त हुआ है। कृष्ण की चमत्कारिक तथा अतिमानवीय अलौकिक लीलाएँ उनके मानवीय जीवन-चर्या-मूलक लौकिक लीलाओं से इस तरह अनुस्यूत की गई हैं कि उनका सम्पूर्ण चरित्र महा काव्यात्मक गरिमा से मंडित हो जाता है। स्फुट पदों में भागवत की श्रीकृष्ण लीला से भिन्न दूसरी कथाएँ संक्षिप्त ढंग से वर्णित हुई हैं। स्फुट पदों में सर्वाधिक महत्वपूर्ण अंश राम कथा का है, जिसे कवि न अपेक्षाकृत अधिक विस्तार से वर्णित किया है। सूर की रामकथा मुक्तकों में विचित्र होने

के बावजूद मार्मिक जीवन प्रसंगों की उद्भावनाओं से कहीं वंचित नहीं हुई है। रामकथा के सभी भावपूर्ण स्थल बड़ी सूक्ष्मता के साथ चित्रित हुए हैं।

सूरदास के काव्य को सही ढंग से समझने के लिए अनिवार्य है कि हम उसकी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि पर ध्यान दें। भक्ति आन्दोलन और भक्ति के विकास के क्रम में हम देखते हैं कि किस प्रकार नाना प्रकार की साधनाओं, लोक-धर्मों और जन-मानसिक-विश्वासों से समन्वित-मिश्रित होकर मध्यकालीन भक्ति का स्वरूप निर्मित हुआ। सूरदास के पहले लोक-मानस पर सिद्धों और निर्गुणियों का प्रभाव असंदिग्ध रूप से वर्तमान था। मुसलमानी आक्रमण से संत्रस्त देश में निराशा और दैन्य का भाव वर्तमान था। बौद्ध धर्म का अपेक्षाकृत अधिक उदार और लोकात्मक रूप महायान में प्रकट हुआ था, किन्तु वह सहजयान की गूढ़ साधनाओं में विलीन हो रहा था। सूरदास ने गूढ़ साधनाओं, यौगिक प्रक्रियाओं को अनावश्यक माना। निर्गुण को निष्प्रयोजन और निरर्थक कहा। उन्होंने तत्कालीन परिस्थितियों को दृष्टि में रखकर नाथपंथियों और निर्गुणियों के रास्तों को अस्वीकार किया। सूरसागर के २९९१, ३०५२, ३१२५ संख्यक पदों को देखने से स्पष्ट हो जाता है कि वे नाथपंथ की विचारधारा से पूर्ण परिचित थे। उसी प्रकार २११९ वाँ पद निर्गुण साधना के विषय में उनकी जानकारी की सूचना देता है। दूसरी ओर वे बाह्य कर्म कांड, तीर्थ-व्रत आदि को भी हेय मानते थे। भगवान् के प्रति अनन्य प्रेम ही उनकी दृष्टि से एक मात्र रास्ता है। वे हरि इसी प्रेम के वश में होकर अपने भक्त का योगक्षेम वहन करते हैं। इसलिए इस प्रेम के आगे सब कुछ त्याज्य है। सूर को विश्वास था कि सच्चे और निश्छल प्रेम से ही गोपाल मिल सकते हैं:—

> **"प्रेम प्रेम ते होइ प्रेम ते पारहिं पैयै**
> **प्रेम बँध्यो संसार प्रेम परमारथ लहिए**
> **साचें निश्चय प्रेम को जीवनमुक्ति रसाल**
> **साँचो निश्चय प्रेम को जिहि रें मिलैं गुपाल।"** ।४७१३।

यही प्रेम सूर के काव्य की प्रेरणा शक्ति है। इस भाव की पुष्टि के लिए श्रीकृष्ण के जीवन से अधिक उर्वर क्षेत्र शायद ही कोई मिले। श्रीकृष्ण का सभी कुछ ललित है, सभी कुछ प्रेममय है। वे नन्द और यशोदा के पुत्र-प्रेम, ग्वाल-बालों के सखा प्रेम, गोपियों के कान्त प्रेम और राधा के अनन्य माधुर्य युक्त प्रेम के आधार हैं। इस प्रकार कृष्ण का चरित्र सूर जैसे प्रेमभाव को सब कुछ मानने वाले कवि के लिए प्रेरणा, उपजीव्य और शरणस्थल बन गया। कहा जाता है कि सूर ने 'भागवत' दशम स्कंध की कथा को ही मुख्य आधार बनाया, किन्तु उन्होंने भागवत का अनुवाद या रूपान्तर नहीं किया, बल्कि अनेक-स्थलों पर कथा को अपनी नई उद्भावनाओं से अपेक्षाकृत अधिक भास्वर और संवेद्य बनाया है। उन्होंने मुख्य कथा के सूत्रों को लेकर अपनी व्यक्तिगत और तत्कालीन साहित्यिक रुचि के अनुसार नये प्रसंगों से गूंथ दिया है। अन्नप्राशन, वर्षगांठ, कनछेदन, श्रीधर अंगभंग, राधाकृष्ण का प्रथम मिलन, पनघट प्रस्ताव, दान लीला, हिंडोल लीला तथा वसंत और फाग के प्रसंग बिल्कुल मौलिक है। भागवत के आधार पर चित्रित प्रसंगों में भी कवि व्यक्तित्व की निजी छाप सर्वत्र दिखाई पड़ती है। सूर की गोपियाँ, उनके रीतिरवाज,

पहनावे, लोकधर्मी जीवन प्रणालियाँ, दूध-दधि बेचने के तौर-तरीके और मुहावरे, व्रत, त्यौहार, गाजे-बाजे तथा उत्सवों के मनाने के तत्कालीन ढंग-ढर्रे भागवत के प्रसंगों को बिल्कुल बदल देते हैं। सूरदास की अपनी कवित्वशक्ति, तन्मयता और चरित्रों की मानसिक गतिविधियों की विशिष्ट जानकारी इन प्रसंगों को नई शक्ति और जीवन्ता प्रदान कर देती है। वल्लभ सम्प्रदाय में प्रचलित उत्सव और सम्वतसर लीलाओं के ठाट-बाट, तौर-तरीकों का सूर को प्रत्यक्ष ज्ञान था। साथ ही वे घोष-जीवन की रंगीनियों और दिनचर्याओं से भी भली-भांति परिचित थे। ये दोनों ही तत्त्व उनकी रचनाओं को एक यथार्थवादी रंगत और गमक प्रदान कर देते हैं।

भगवान् की माधुरी चार प्रकार की है—रूप माधुरी, वेणु माधुरी, क्रीड़ा माधुरी और ऐश्वर्य माधुरी। कृष्ण के अनुपम रूप का सूर ने बड़े विस्तार से वर्णन किया है। बाल, पौगंड और किशोर ये तीनों ही अवस्थाओं के कृष्ण अपने भुवन मोहन रूप के द्वारा त्रैलोक्य को मुग्ध कर लेते हैं। जन्म की घड़ी में ही सुत 'मुख देखकर' नन्द विह्वल हो गए। सुत का मुँह देखते यशोदा ने झगरिन को 'ग्रीवा का हार' दे दिया। कृष्ण जन्म का समाचार पाकर झुंड की झुंड ग्वालिनें 'कंचन थार दूब दधि रोचन' लेकर 'बधावा' करने आईं। द्वार पर सात सीकों से सथिया (स्वस्तिक) बनाये गये। गलियां चतुस्सम सुगन्धि से महक उठीं। द्वार कलश और कदली खंभों से सुशोभित हुए। इस महान् हर्षोल्लास के पर्व पर सूरदास स्वयं ढाढ़ी के रूप में द्वार पर खड़े हो गये और नन्द महर से "अपने सुत को बदन दिखावहु" की प्रार्थना करते रहे। 'सोहिला' के गीत गाये गये। चन्दन के पालने का विश्वकर्मा सुत-हार बने कामदेव सुनार, क्योंकि ऐसे भुवनमोहन बालक के लिए सामान्य पलना तो चाहिए नहीं। और तब यशोदा हरि को पालने झुलाने लगीं। ललन का अन्नप्राशन हुआ तो गुड्डे की तरह सजे बच्चे को नजर न लगे, इसलिए गाल पर काजल का टीका भी लगा दिया गया। दृष्टिदोष परिहार के लिए गले में कठुला और बघनखा भी डाला गया। कृष्ण घुटनों के बल चलने लगे। नन्द का मणिमय आंगन उनकी छवि को नाना रूपों में अपन हृदय-दर्पण में संजोने लगा। माता पीले झिंगुले और सतरंगी कुलही से सजे अपने छौने पर लाख-लाख बार बलि जाने लगीं। सिर पर लाल, पीली, श्वेत और नील मणियों की लटकनें ऐसी लगती मानों मंगल, गुरु, शुक्र और शनि एकत्र हो गये हैं। सूर छोटे से कन्हैया के रूप पर सम्पूर्ण विश्व और अन्तरिक्ष के सौन्दर्य को निछावर करने लगे। नन्द, यशोदा, गोपियाँ सभी इस बाल छवि को देखकर किसी अतीन्द्रिय आनन्द से बेसुध सी हो जातीं। ऐसे समय माता द्वारा दृष्टिदोष परिहार के लिए बघनखा पहनाने, राई नोन उतारने, तिनका तोरने आदि के कृत्य मातृ सुलभ आत्मीयता और सहजता के परिचायक बन जाते हैं। यहाँ वात्सल्य का एक ऐसा मनोरम लोक सामने आता है वहाँ सम्पूर्ण शारीरिक और मानसिक व्यापार शिशु में ही केन्द्रित हो जाते हैं। उसकी बाल सुलभ चेष्टाएँ माता-पिता और पुरजन-परिजनों को एक विलक्षण मानवीय भाव में डुबा देती है। रूप माधुरी के चित्रण में सूर का कवि रूप और भक्त रूप विचित्र ढंग से समन्वित हो जाते हैं। वे कलाकार की तरह तिल-तिल सजाकर कृष्ण की अनुपम मूर्ति का निर्माण करते हैं, किन्तु कलाकार की तरह वह मूर्ति सिर्फ उनकी सृजनात्मक आसक्ति का ही विषय नहीं बनती, बल्कि

वे मूर्ति के सामने भक्त की तरह आत्म समर्पण भी कर देते हैं। अनेक पदों के अन्त में सूरदास "बलि जाँऊ" कहकर वे अपनी इसी श्रद्धा और प्रणति को व्यक्त करते हैं। सूरदास की विशिष्टता यह है कि उनके रूप चित्रण में कहीं भी उनकी भक्ति उनके कलाकार को सौन्दर्य की विशुद्ध ऊँचाइयों की उपलब्धि में बाधा नहीं पहुँचाती। कला और भक्ति का ऐसा प्रसन्न समन्वय, ऐसा मणिकांचन संयोग शायद ही कहीं दिखे। वे अपनी इसी अद्भुत शक्ति के बल पर लौकिक और सांसारिक मांसल रूप को भी इतना गरिमामय बना देते हैं कि वह भौतिक पदार्थों की सीमाओं को अतिक्रान्त कर जाता है। इसीलिए राधाकृष्ण के मांसल और श्रृंगारिक चेष्टाओं के वर्णन भी, जिन्हें बहुत से लोग अश्लील कहने का साहस करते हैं, सौन्दर्य के पारस स्पर्श से इस तरह दीप्त होते हैं कि वे मन में अश्लीलता का दाह नहीं, एक अतीन्द्रिय पीड़ा जगा देते हैं।

बाल रूप के चित्रण में तो सूर बेजोड़ हैं ही, किन्तु उनकी रचनाशक्ति की सूक्ष्मता और क्षमता बाल क्रीड़ाओं और चेष्टाओं के चित्रण में अपेक्षाकृत ज्यादा उजागर और सफल दिखाई पड़ती है। बाल रूप के चित्रण में आश्रय के हृदय की प्रतिक्रियाओं का महत्त्व है तो बाल क्रीड़ा में आलम्बन कृष्ण के बाल मनोविश्लेषण की प्रधानता है। कृष्ण का मथानी पकड़कर हठ करना, तुतला कर बोलना, माखन रोटी माँगते हुए माँ के केश पकड़ लेना, चोटी छोटी होने पर अफसोस करना, चन्द्र खिलौना के लिए 'आरि' करना, माँ का थाली के जल में चन्द्र छाया दिखाकर समझाना और कृष्ण का थाली ढूँढ़ने पर उसे पकड़ न सकने पर रोना, खेल में दाऊ के खिझाने पर कृष्ण का माँ को उलाहना देना आदि प्रसंग इस प्रकार चित्रित हैं मानों कवि अपने भूले बालपन को एक नई अर्थवत्ता दे रहा है। आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी ने इन प्रसंगों की अद्भुत सहजता देखकर ठीक ही कहा है कि "सूर स्वयं वयः प्राप्त बालक थे।"[1]

पौगंड कृष्ण की लीलाएँ भी कम मादक और मधुर नहीं। माखन चोरी और गोचा- इस लीला के दो पहलू हैं। दोनों ही प्रसंग कृष्ण को नन्द आँगन से उठाकर बृहत्तर रंगमंच पर उतार देते हैं। आलम्बन वही है, आश्रय थोड़ा और वैविध्य पूर्ण हो जाता है। यह प्रेम का विस्तार है, कुटुम्ब और परिवार का विस्तार है। यहाँ एक आँगन में अनेक आँगन और एक घर में अनेक घर समाहित हो जाते हैं। सारा गोकुल बाललीला का क्षेत्र बन जाता है। सभी गोपियाँ वात्सल्य में डूब जाती हैं। माखन चोरी के प्रसंग में यशोदा से गोपियों का उपालंभ एक विचित्र प्रकार के रस की सृष्टि करता है। यह उपालंभ ऊपर से आरोपमूलक होते हुए भी आन्तरिक सौमनस्य और कृष्ण के प्रति वात्सल्य और प्रेम के भावों के कारण विलक्षण लगता है। उपालंभ से क्रुद्ध होकर कृष्ण को ताड़ना देने के लिए उद्यत यशोदा को गोपियाँ कठोर और निर्मम कहकर फटकारती हैं।

सूर ने गोचारण लीला का जैसा विशद और मार्मिक चित्रण किया है, वैसा हिन्दी में अन्यत्र दुर्लभ है। हमारे देश में उस प्रकार के काव्य नहीं लिखे गये, जैसे पश्चिम के गोचा- रण काव्य (पेस्टोरल पोयट्री) हुआ करते हैं। वहाँ ग्राम जीवन को आधार बनाकर गीत,

[1] हिन्दी साहित्य की भूमिका, पृ० १००

कथा काव्य, काव्य नाटक तथा प्रशस्ति काव्य लिखे गये जिनमें ग्रामीण जीवन की सहजता, उन्मुक्तता और निरलंकृत मानवीयता का चित्रण हुआ है। हमारे यहाँ मध्यकालीन साहित्य में ग्राम जीवन के प्रति प्रायः ही उपेक्षा का भाव दिखाई पड़ता है। सूरदास ने इस ओर ध्यान दिया और उन्होंने व्रज के ग्रामीण जीवन को बहुत अच्छी तरह प्रस्तुत करने का प्रयत्न किया। यह सही है कि उनकी दृष्टि कृष्ण-लीला पर केन्द्रित रही है, इस कारण तत्कालीन ग्राम जीवन अपनी विविधता और समग्रता के साथ उपस्थित नहीं हो सका है, पर सूर ने लीला के परिवेश के रूप में ग्राम जीवन का जितना भी अंश सामने रखा है वह उनकी संसक्ति और अभिनिवेश के कारण काफी जीवन्त और जाग्रत प्रतीत होता है। सूर ने इस अंश में पशुओं के स्वभाव, चरवाहों की दिनचर्या, कलेवा, छाक आदि के ढंग का स्वाभाविक वर्णन तथा विपिन, चरागाह तथा गोधूलि वेला का बड़ा मनोरम चित्रण किया है। ग्वालों का एक साथ बैठकर पुरइन के पत्ते पर सम्मिलित भोजन करना, कृष्ण का दूसरों की पत्तल से ले लेकर खाना तथा एक दूसरे की गायों की सुरक्षा के लिए बिना भेदभाव के प्रयत्नशील रहना आदि व्यापार ग्वालों के सामूहिक जीवन के सूचक हैं। सूरदास से गायों के रंग रूप का विवरण सुनिए :—

**"अपनी अपनी गाइ ग्वाल सब आनि करौ इक ठौरी।**
**धौरी, घूमरि, राती, रौंछी बोल बुलाइ चिन्हौरी ॥**
**पियरी, मौरी, गोरी, गेंनी, खैरी, कजरी जेती।**
**दुलही, फुलही, भौरी, भूरी हाँकि ठिकाई तेती ॥"**

कृष्ण गायों के इस झुंड और चरवाहों के साथ वृन्दावन की ओर चल देते हैं। गोचारण के इस सुख के आगे उन्हें रमा सहित बैकुण्ठ भी फीका लगता है।

गोचारण के दिनों में ही कृष्ण की शक्ति और ऐश्वर्य को प्रकट करने वाली कई घटनाएँ भी घटित हुईं। जल, दूध, अन्न और गोधन पर होने वाले उत्पातों को कृष्ण ने दूर किया। उन्होंने बकासुर, अघासुर, धेनुक और कालिय का दमन किया। दावानल शान्त करके गोपों और गोपालों की रक्षा की। गोचारण के सहज आत्मीयतापूर्ण जीवन के बीच घटित होने वाले उत्पातों और उनके निवारण की ये लीलाएँ कृष्ण के व्यक्तित्व में माधुर्य के साथ ही साथ ऐश्वर्य और शक्ति का अद्भुत समन्वय करती हैं।

गोपियों के साथ किशोर कृष्ण की प्रेम-लीला तो माधुर्य की चरम स्थिति का सूचक है ही। सूर केवल वात्सल्य और बालक्रीड़ा के चित्रण में ही बेजोड़ नहीं है, बल्कि श्रृंगार की विविध स्थितियाँ तथा उसकी व्यक्तिगत तथा सामूहिक अन्तर्दशाओं के चित्रण में भी वे सिद्धहस्त थे। यद्यपि उन्होंने श्रृंगार के चित्रण में पुरानी साहित्यिक परिपाटी के चौखटों को तोड़ा नहीं, बल्कि उसका पुरस्सर अनुसरण ही किया तथापि उनके द्वारा चित्रित श्रृंगारिक स्थितियाँ कहीं भी निर्जीव और धूमिल नहीं लगतीं। राधा और कृष्ण के प्रेम का इतना विशद और मार्मिक चित्रण किसी भी भारतीय कवि ने प्रस्तुत नहीं किया। राधा-कृष्ण मिलन के प्रथम क्षण से लेकर कृष्ण के मथुरा गमन तक की लीला संयोग श्रृंगार की विविध चेष्टाओं, स्थितियों और दृश्यों से भरी हुई है। यद्यपि लीला क्रम या द्वादश स्कन्धी क्रम से संकलित इन संस्करणों में श्रृंगार के क्रमिक विकास की सभी अवस्थाएँ ठीक-ठीक एक के

बाद एक नहीं मिलतीं, परन्तु श्रृंगार-चित्रण की परिपाटी को जानने वाला व्यक्ति बड़ी आसानी से इन अवस्थाओं के पदों को अलग करके रख सकता है। कवि ने कृष्ण की रूप-माधुरी का तो वर्णन किया ही है. राधा के रूप के चित्रण में भी उसकी तन्मयता कहीं खंडित नहीं होती। प्रथम दर्शन में ही "नैन नैंन मिलि परी ठगोरी।" प्रेम की ठगोरी, ढगलाडू, ठगमूलि, ठगमोदक का बार-बार उल्लेख प्रथम दर्शन से उत्पन्न उस मानसिक स्थिति का द्योतक है, जिसे आचार्य लोग प्रेम वैचित्य कहते हैं। इससे यह नहीं समझना चाहिए कि राधा और कृष्ण का प्रेम तारक-मैत्री या प्रथम दर्शन से उत्पन्न आकस्मिक प्रेम था। वस्तुतः या नित प्रति के जीवन के बीच धीरे-धीरे स्वाभाविक रूप से विकसित हुआ। आचार्य शुक्ल के शब्दों में इसे हम "जीवनोत्सव" के रूप में पाते हैं। निरन्तर देखते रहने की इच्छा (प्रेमा) उस व्यक्ति की चिन्ता (अभिलाष) उसकी आसक्ति (राग) आसक्ति का आधिक्य (प्रणय) वियोग न सह सकने का भाव (प्रेम) साथ रहने की आकांक्षा तथा उस व्यक्ति के साथ क्रीड़ा (संयोग) य श्रृंगार की क्रमिक स्थितियाँ हैं। इन स्थितियों के बीच-बीच में सूर ने सखी, मंडन, उपालंभ, शिक्षा, परिहास, दूती, अभिसार आदि का भी यथावसर नियोजन किया है। आचार्य शुक्ल ने ठीक ही लिखा है—'हिन्दी साहित्य में श्रृंगार का रसराजत्व यदि किसी ने पूर्ण रूप से दिखाया तो सूर ने।" वियोग पक्ष में अभिलाष, चिन्ता, स्मृति, गुणकथन, उद्वेग, प्रलाप, उत्कंठा, उन्माद, विपर्यास, व्याधि, जड़ता आदि स्मरदशाओं का भी निरूपण किया है। जैसा मैंने पहले ही कहा कि यद्यपि उन्होंने परिपाटी का तिरस्कार नहीं किया, पर रूढ़ परिपाटी उनकी मौलिक उद्भावनाओं और कथ्य की संवेदनीयता के कारण पूर्णतः अन्तर्भुक्त हो जाती है। उसका अलग अस्तित्व नहीं रहता।

सूर के संयोग वर्णन में कहीं-कहीं स्थूलता और नग्नता अवश्य आ जाती है, किन्तु इसे आज की नैतिकता के चश्मे से देखना कवि के साथ अन्याय ही होगा। सूर की प्रतिभा का सही निदर्शन विरह-गीतों में दिखाई पड़ता है। विरह वर्णन में कवि-मानस का जैसे सायुज्य हो गया है। सूर के विरह की सबसे बड़ी विशेषता यही अनुभूतिजन्य सच्चाई है, जिसके कारण एक ही भाव के पद बार-बार दुहराये जाते हैं, पर कहीं भी कृत्रिमता प्रतीत नहीं होती। कवि का चित्त जैसे स्वयं इसी प्रकार की एक निजी विरह-वेदना अपने हृदय में संजोये था, जो गोपियों के आँसुओं में उमड़ चली। यह विरह वर्णन कहीं से भी ऊहात्मक और छिछला नहीं लगता। विरहिणी राधिका की गंभीरता, सहनशीलता और तीव्र से तीव्र दुःख की अवस्था में भी उनकी संस्कारी और मर्यादित प्रतिक्रियाएँ इस विरह को विशिष्ट बना देती हैं। कृष्ण के वियोग के लिए अपने भाग्य को दोषी बताना, कभी भी उनके आचरण पर व्यंग्य न करना, उलाहना न देना, तीव्र व्यथा को मौन सह जाना तथा प्रिय के सुख के लिए निरन्तर शुभेच्छा से भरी होना राधा के चरित्र की कुछ ऐसी विशेषताएँ हैं जो इस विरह को गरिमा और गौरव से मंडित बना देती हैं। ऊपर से नितान्त संयत और मर्यादित रहने वाली राधा भीतर ही भीतर कितनी उन्मथित है। जाते समय फेंटा पकड़ कर रोका भी नहीं, न पवन हो सकी, न रथ की पताका न तो उन चरणों के नीचे की धूलि ही। राधा की ये भावुक प्रतिवेदनाएँ उनके चरित्र को संयत और मर्यादित के साथ ही साथ मानवीय और जीवन्त भी बना देती हैं।

राधा की पीड़ा इतनी व्यापक और 'गहिर गभीर' हो उठती है कि सम्पूर्ण प्रकृति उसी में डूब जाती है। प्रकृति के उपादान केवल उद्दीपन के रूप में ही यहाँ चित्रित नहीं हुए हैं बल्कि वे विरहिणी के दुःख के सहचर और सहभोक्ता के रूप में प्रस्तुत किए गए हैं। जहां भी विरहिणी को प्रकृति की घटनाओं और दृश्यों में अपनी मानसिक स्थिति का प्रतिबिम्ब दीखता है वह सहानुभूति द्रवित होकर प्रकृति को अपनी आशीष और शुभेच्छाओं से नहला देती है, किन्तु जहाँ उसे तारतम्य या विषमता दीखती है, वह प्रकृति की कृतघ्नता पर आक्रोश भी व्यक्त करती है, तथापि संवेदना और आक्रोश दोनों ही स्थितियों में उसके भीतर विद्यमान विरह की तीव्रता में कोई भी अन्तर नहीं आता। गोपियों की शुभेच्छा और खीझ के ये वर्णन पाठकों को कहीं भी हास्यास्पद या निरर्थक नहीं लगते क्योंकि इन असम्बद्ध प्रलापों और असामान्य चेष्टाओं के माध्यम से व्यक्त, विरहपीड़ा का तीव्र प्रवाह अपनी तरंगों में तर्कबुद्धि को बहा ले जाता है। विरह में ही 'भ्रमरगीत' प्रसंग भी है और चन्द्रोपालंभ भी। ये दोनों ही पद्धतियाँ प्राचीन संस्कृत कवियों द्वारा विरह-वर्णन में अपनाई जाती रही हैं। सूर की विशेषता यह है कि उन्होंने इन वर्णनों में परिपाटी का निर्वाह मात्र नहीं किया, बल्कि इन्हें अपनी भाव प्रवणता और अभिव्यक्ति वक्रता के द्वारा महत्वपूर्ण बना दिया। सूर का भ्रमरगीत तो वचनभंगिमा और वक्रोक्ति वैभव का भांडार ही है। किन्तु इन चमत्कारिक उपलब्धियों ने उनके मन की सान्द्र विरह पीड़ा को कहीं से भी खंडित नहीं किया।

सूर ने समाज की उपेक्षा की; ऐसा प्रायः कहा जाता है सूरदास ने लोकोपयोगी साहित्य नहीं लिखा, पर लोक जीवन की उपेक्षा नहीं की। उन्होंने कृष्ण-जीवन के उन पक्षों पर जोर नहीं दिया जो उनकी लोकरक्षकता को प्रस्तुत करते हैं। तुलसी का मानस सत् और असत् के बीच संघर्ष का जो चित्रण करता है, वह किसी भी काल के लोक जीवन के लिए प्रेरणा हो सकता है, उनके द्वारा चित्रित आदर्श लोक जीवन के लिए संबल बन सकते हैं, पर तत्कालीन संस्कृति और समाज के विभिन्न तत्त्वों का सही चित्रण तुलसी की अपेक्षा सूर के काव्य में ज्यादा मिलता है। उत्तर मध्यकालीन भारतीय संस्कृति के अध्ययन के लिए जायसी के पद्मावत के बाद सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण काव्य सूरसागर ही है। इससे लोगों को आश्चर्य हो सकता है, पर तत्कालीन वस्त्र, आभूषण, भवन निर्माण, शासन, ललित कलाओं संगीत, नृत्य, वाद्ययंत्र आदि तथा लोकसंस्कृति के अनेक उपादानों, रहन-सहन के तरीकों, अन्ध विश्वासों, लौकिक व्रत उपवासों, तीज त्यौहारों, टोने-टोटकों और जन्म-मरण और विवाह आदि पर किये जाने वाले लौकिक रीति-रिवाजों का जितना विस्तृत उल्लेख सूरने किया है, तुलसी ने नहीं। तुलसी की दृष्टि आदर्शों पर रही है, वे मूल्यों के कवि हैं। समाज के विभिन्न पक्षों के ब्योरे पर उनका ध्यान नहीं गया। यहाँ उपर्युक्त तमाम बातों की विस्तृत जानकारी देना संभव नहीं है। फिर भी एकाध उदाहरण लेकर इसे समझा जा सकता है। सूरदास ने ऐसे अनेक शब्दों का प्रयोग किया है, जो उनकी मुसलमानी-शासन विषयक जानकारी सूचित करते हैं। जैसे :—

सिकदार [१०-३२९,] परगना हाकिम। नकीब [१-१४१,] बादशाह से मिलने आये लोगों का नाम पुकार कर बुलाने वाला अधिकारी। आवरजा [१-१४२] जमाख़र्च की बही।

अह्दी [१-६४,] कोतल सैनिक, बलपूर्वक मालगुजारी वसूल करने वाले सिपाही] पटवारी [१-१८५], जगात [१०-१५०६, जकात टैक्स] मसाहत [१-१४२ तहकीकात] सिरोपा [५८७, खिलअत] खवास (२४७६, राजकीय नौकर) मोहरिल [१-१४३, मुहर्रिर] दस्तक (१-१४३ हुक्म नामा, कुर्की) कुतवाल (१-६४, कोतवाल) गुजरान मुसाहिब (१-१४२ पालित पार्षद) आदि।

मुगलकाल की एक बड़ी दिलचस्प घटना है कि हुमाऊं ने एक रोज के लिए एक भिश्ती को बादशाह बनाया था, जिसने चमड़े के सिक्के चलाये। गोपियाँ कृष्ण पर कुब्जा के अधिकारों पर व्यंग्य करती हुई कहती हैं कि वह चमड़े का दाम चला रही हैं।

**"सिर पर सौति हमारे कुब्जा**
**चाम के दाम चलावै"** [४२७६]

यह ऐतिहासिक घटना सूर के जीवन काल में ही घटी और उन्होंने इस मजेदार व्यंग्य को कुब्जा पर फिट कर दिया। सूरदास ने शाही मुद्रा से अंकित उन फ़रमानों का भी जिक्र किया है जो शासन द्वारा किसी को सौंपे गये अधिकारों के प्रमाण स्वरूप दिये जाते थे। इस तरह के प्रमाणपत्रों को उस जमाने में 'छाप' कहा जाता था। सूर ने इस शब्द का अनेक बार प्रयोग किया है।

१—**'मांगत छाप कहा दिखराओ को नहि हमको जानत।**
**सूर स्याम तब कह्यो ग्वालि सों तुम मौकों क्यो मानत।'**१०८८।

२—**'कहा दिखावहु छाप'**। १०-१५०७।

तत्कालीन शासन सम्बन्धी ये तथ्य सूरसागर में जिस प्रकार अनुस्यूत हो गये हैं उससे इतना तो स्पष्ट हो ही जाता है कि सूर की दृष्टि सामाजिक पक्ष की अवहेलना नहीं करना चाहती। सूर के पदों की इतनी मार्मिकता और प्रभावोत्पादकता का एक बड़ा कारण उनकी गीतात्मकता है। सूर के गीतों में अकबरकालीन इमारतों की भव्यता नहीं, शाहजहाँ के ताजमहल की मसृणता और कोमलता है। ये गीत कवि-मन की सान्द्र अनुभूतियों से लवालब भरे हैं। विरह के गीतों में अंधे गायक के मन की समूची निर्जनता और एकाकीपन की पीड़ा मुखरित है। भावों की गहराई, अन्विति और संगीत इन गीतों का प्राण तत्त्व है। जहां शब्द अतीन्द्रिय पीड़ा की तीव्रता को संभाल नहीं पाते, वहां भी सूर की संगीतात्मकता इन गीतों को उच्च बिन्दु से उतरने नहीं देती। सूर संगीत के आचार्य और कलाकार थे। उन्होंने सूरसागर में अनेक स्थानों पर राग रागिनियों और 'सप्तक सुरसंधान, [१५३९] का उल्लेख किया है। वे "संगीत-रीति" [१-२०५] के जानकार थे। राग-रागिनी, नृत्य की गतियों और अनेकानेक वाद्य यंत्रों का उन्होंने न सिर्फ उल्लेख किया है बल्कि उन उल्लेखों से उनकी विशेषज्ञता भी प्रकट होती है। सूर ने कृष्ण-लीला के पदों को गाने के उद्देश्य से ही लिखा था। इन्हें वे प्रतिदिन स्वयं गाकर सुनाते थे। शास्त्रीय और लोकसंगीत दोनों ही पद्धतियों में ये गीत लिखे गये हैं। असावरी, गौरी, मालवा, कान्हरा, हिंडोला, [२२७९] कामोद (८०९) कर्णाटी गौरी [३११] मल्हार [२२७९] धमार [२४२९], ध्रुवपद [२४४७] दादरा, "सारंगनट पूर्वी मिलि के राग अनूपम गाऊं" (पृ० ३११) बंगाली

[२३९७] विलावल [२४०६] केदारो [१०-१९७] मारू (२८४०) सुहवी सारंग टोड़ी भैरवी केदार (२२७९) आदि उल्लेखों से प्रकट हो जायेगा कि संगीत सूर की आत्मा में किस तरह बसा हुआ था। यही नहीं, सूर ने अनेक बार नये-नये प्रयोगात्मक रागों के निर्माण का भी उल्लेख किया है। वे यंत्र और यंत्री के सम्बन्धों के भी पूर्ण जानकार थे।

भाषा के तो वे महान् पारखी और निर्माता थे ही। सूर के पहले दो ढाई सौ वर्षों से ब्रज भाषा में साहित्य लिखा जा रहा था, मगर ब्रजभाषा को उसका परिनिष्ठित और सशक्त रूप तो सूर ने ही प्रदान किया इसमें सन्देह नहीं। सूर की भाषा अभिव्यक्ति की सूक्ष्मताओं से भरी हुई लचीली और संगीतमयी है। यह भाषा तत्सम शब्दों के प्रयोगों की बहुलता के बावजूद लोकतत्त्वों से विहीन नहीं है। परिनिष्ठित भाषा के बीच-बीच में ग्रामीण शब्द, मुहाविरे, लोकोक्तियाँ बेलबूटों की तरह टंकती चली जाती हैं। अरबी, फारसी और तुर्की शब्दों के प्रयोग से उन्हें एतराज न था, बशर्ते ये शब्द उनके कथ्य की अभिव्यक्ति और गरिमा में सहायक हों। उक्ति वैचित्र्य, वक्रोक्ति-भंगिमा, अलंकारों का सुष्ठु प्रयोग सूर की भाषा को अद्भुत गठन, कसाव और लोच दे देते हैं। उत्प्रेक्षा के तो वे सिद्धहस्त प्रयोक्ता थे ही। वार्तालाप, वचन-वक्रता, परिहास, व्यंग्य-विनोद की संस्कारिता उनकी भाषा का एक विशेष गुण है। भक्तमाल के कवि ने भाषा और अर्थ को इसी अद्भुत संयोग की ओर संकेत करते हुए कहा था—

**"उक्ति चोज अनुप्रास वरन अस्थिति अति भारी।**
**वचन प्रीति निर्वाह अद्भुत तुक धारी॥**
**प्रतिविम्बित दिवि दृष्टि हृदय हरिलीला भासी।**
**जनम करम गुन रूप सबै रचना परकासी॥**
**विमल बुद्धि गुन और की जो यह गुन श्रवननि धरै।**
**सूर कवित सुन कौन कवि जो नहि सिर चालन करै॥"**

———

# तंत्र-साधना

## भुवनेश्वरनाथ मिश्र 'माधव'

तंत्र भारतीय जीवन, संस्कृति और साधना का प्रयोगपक्ष है, जिसे भ्रमवश अधिकांश विद्वानों ने और तो और विंटरनीट्ज जैसे महापण्डित ने भी शाक्तों का साहित्य मान लिया है। तंत्र का प्रयोगात्मक प्राधान्य वैष्णव, शैव, शाक्त, गाणपत्य आदि सभी साधना प्रणालियों में है और सच तो यह है कि तंत्र के बिना साधना का ककहरा भी नहीं खुलता। वैज्ञानिक सत्यों और सिद्धान्तों का जिस प्रकार प्रयोगशाला में परीक्षण-निरीक्षण हो चुकने के बाद ही उनकी सत्यता पर मुहर लगती है, उसी प्रकार तंत्र की कसौटी पर कसे जाने के पश्चात् ही साधना की युक्तियुक्तता एवं प्रामाणिकता सिद्ध होती है। तंत्र के संबंध में फैली हुई अनर्गल अप्रामाणिक किंवदन्तियों के कारण इसके प्रति जन साधारण में अनास्था या अनादर का भाव परिव्याप्त है और इसे 'तंतर-मंतर', झाड़-फूंक, ओझा-डायन का पर्यायवाची मान कर तांत्रिक शब्द के प्रति कुत्सा का भाव जुड़ गया है। तंत्र के प्रति उपेक्षा का यह भाव हमारे अज्ञान का द्योतक है और सर्वथा अक्षम्य।

प्राचीनता और व्यापकता की दृष्टि से वेदों के बाद तंत्रों का ही स्थान है। यह कहना अनुचित अथवा अप्रासंगिक नहीं होगा कि बौद्धों के बहुत पहले से इस देश में तंत्रों का प्रभाव जम चुका था। भगवान् शंकराचार्य ने जहाँ-जहाँ मठ स्थापित किये, वहाँ-वहाँ भी साधना के मूलाधार के रूप में तंत्रों की प्रमुखता अक्षुण्ण रही और कहना चाहें तो कह सकते हैं कि भारतीय संस्कृति की आध्यात्मिक साधना के मूल प्राण रूप में तंत्र अनादि काल से किसी-न-किसी रूप में चले आ रहे हैं। वैदिक संस्कृति की आचारमूलक परम्परा का शनैः-शनैः ह्रास होता गया है; यद्यपि औपनिषदिक साधना एवं विचारधारा के प्रति आस्था बढ़ी है।

दर्शन, ज्ञानविज्ञान, मनोविज्ञान, प्राणिविज्ञान, कामविज्ञान, मनोविश्लेषण, तत्वज्ञान, आत्माभिसूचन, औषधि, रसायन, दूरदर्शन, दूरस्वन, अर्थात् जीवन के प्रायः सभी आवश्यक अनिवार्य विषयों को लेकर तंत्र में अपार साहित्य विद्यमान है। इस प्रकार तंत्र को ज्ञान-विज्ञान का विश्वकोश कहा जाना चाहिए। तंत्र निराधार हवाई उड़ान नहीं भरा करते; यद्यपि वे प्रयोग के क्षेत्र में सूक्ष्मातिसूक्ष्म लोकों में सहज भाव से विचरण करते हैं और साधक को लोक-लोकान्तरों का दर्शन कराते हुए लोकातीत अद्वय स्थिति में प्रवेश करा देते हैं। तंत्र चिन्तन का आश्रय नहीं लेते, वे प्रयोग और अनुभव के सहारे मानव-मन को ऊँचे से ऊँचे और गहरे से गहरे में पहुँचा कर उस स्थिति में प्रवेश करा देते हैं, जिसमें तत्त्व को तत्वज्ञान चिन्तन के सहारे पहुँचना चाहता है। एक का मार्ग अनुभव का है दूसरे का चिन्तन का। तंत्र में कल्पना या अनुमान का कोई स्थान नहीं है—वहाँ प्रयोग और अनुभव की सीढ़ियों के साधक सिद्धि के शिखर पर पहुँचता है, अपने आपको उद्घाटित करता हुआ, खोलता हुआ, अपने पिण्ड के भीतर ही ब्रह्माण्ड के विविध स्तरों, लोक-लोकान्तरों का दर्शन

करता हुआ वह उस स्थिति में पहुँच जाता है जहाँ शिव और शक्ति का पूर्ण 'सामरस्य' है। सत्य जीवन में अनुभव का विषय है सहज चिन्तन का नहीं; तंत्रों की यही मान्यता है।

इसी दृष्टि से तंत्र का निजत्व है, वैशिष्ट्य है, अपनी स्वतंत्र सत्ता है। तंत्र का अभिप्राय है जीवन की कला, अध्यात्म की प्रयोगात्मक व्यावहारिक सौन्दर्यानुभूति। रहस्य के लोक में भी तंत्र प्रकाश लेकर चलता है—वह कभी रहस्य की रहस्यमयता से अभिभूत या परास्त होना नहीं जानता। जीवन और जगत् को खोल-खोलकर देखने का अर्थ है जीवन और जगत् की समस्त संभावनाओं को स्वीकार करके चलना और उन्हें अपनी आँखों देखना, अपने अनुभव से परखना। परिकल्पना या हाइपोथेसिस तंत्र में है नहीं। जीवन और जगत् में आध्यात्मिक आनन्द की उपलब्धि एवं उपभोग के लिए यह नितान्त आवश्यक है कि जीवन और जगत् के प्रत्येक तत्त्व को अधिकृत कर हम उसे अपने अधीन लावें और व्यावहारिक दृष्टि से उस पर अपना शासन स्थापित करें। तंत्र का यही प्रयोगात्मक-'प्रैगमैटिक' पक्ष है। प्राकृतिक और आध्यात्मिक शक्तियों का पोषण और दोहन तंत्र द्वारा ही संभव है। इस प्रकार तंत्र पूर्ण जीवन के उच्चतम विकास का सहज साधक है।

लक्ष्य को लेकर तंत्र और उपनिषदों में कोई अन्तर नहीं है। दोनों ही 'तत्त्वमसि' का प्रतिपादन करते हैं। शिव और शक्ति की अभिन्नता के द्वारा तंत्र भी हमें उसी अद्वय अवस्था में पहुँचा देते, जिसमें उपनिषद् आत्मा-परमात्मा की एकता द्वारा पहुँचाते हैं। कुलार्णव तंत्र में द्वैताद्वैत विलक्षण स्थिति में गगनोपम आनन्द स्थिति का जो उल्लेख है, वह उपनिषदों की ब्रह्माकारकारित वृत्ति से भिन्न नहीं है। जीवन की कला के रूप में तंत्र आत्मोद्घाटन की प्रक्रिया मानते हैं। इस पिण्ड के भीतर ही ब्रह्माण्ड का सारा रहस्य, सारा तत्त्व, सारा दृश्य, सारा लोक-लोकान्तर समाया हुआ है। इस पिण्ड के अंदर ही काशी है, मथुरा है, अयोध्या और प्रयाग, बदरीनारायण और रामेश्वरम् हैं। इसके लिए बाहर भटकने या भरमने की आवश्यकता नहीं। तंत्र व्यावहारिक विज्ञान हैं और आत्म-ज्ञान की उपलब्धि के लिए वे कोरी कल्पना का सहारा नहीं लेते—पुष्प की एक-एक पंखुड़ी को भलीभाँति देखकर पूरे फूल का अनुभव लेते हैं। यही इनका वैशिष्ट्य है। उपनिषद् की भाँति तंत्र भी 'जीवोब्रह्मैवनापरः' के सिद्धान्त को स्वीकार करते हैं परन्तु इस सिद्धान्त के व्यवहार पक्ष पर तंत्र का विशेष बल है, जब उपनिषद् इसके चिन्तन-पक्ष पर और विचार पक्ष पर विशेष बल देते हैं। तंत्र जीव को पशुत्व से उठाकर शिवत्व में स्थापित करता है, सान्त से मुक्त कर अनन्त में प्रतिष्ठित करता है। तंत्र शक्ति का आधार लेते हैं जो शिव से अभिन्न है, परन्तु शिव शक्ति का अतिक्रमण करता है। शक्ति है गति, शिव है शान्ति। शिव शक्ति के बिना शव है। परन्तु स्वतः शिव शान्त अद्वैत परमास्थिति है इसीलिए शिव की छाती पर शक्ति-स्थिति के ऊपर गति। स्थिति का आधार न हो तो गति हो कैसे सकती है? शिव अस्तिनास्ति से परे हैं—सदाशिव रूप में—वही परात्पर सत्य हैं, कूटस्थ सत्य हैं। शक्ति शिव में समाहित है, शिव शक्ति में अधिष्ठित हैं—अतएव परस्पर पूरक हैं—अर्धनारीश्वर रूप में। शक्ति के द्वारा शिव अपने को विश्व में अभि-व्यक्त करते और पुनः शक्ति के द्वारा ही अपने आप में विश्व को लय कर लेते हैं। सृष्टि और प्रलय उनकी डमरू के दोनों छोर हैं जिन्हें एक साथ वे 'डिमडिमाते' हैं।

शक्ति सृष्टिरूपा है, शिव में ही उसका निवास है। विश्व के विविध लीला विलास में शिव और शक्ति की क्रीड़ा ही व्याप्त है और प्रत्येक पुरुष और प्रत्येक नारी (पशु, पक्षी, कीट, पतंग, वृक्ष, लतादि) में शिव और शक्ति का ही लीला विलास चल रहा है। तंत्र हमारी इन्द्रियों को उन्मुक्त कर इसी चेतना और आनन्द से परिप्लुत कर देता है। प्रकृति में सर्वत्र अखण्ड भाव से जो नर और नारी का हावभाव विलास खिलखिला रहा है उसके मूल में शिव और शक्ति की लीला ही तो चरितार्थ हो रही है। वह व्याप्त भी है, परात्पर भी है। एक ही साथ इमनेंट (सर्वव्यापक) भी है, ट्रांसेंडेंट (अतिक्रान्त) भी है। कुछ भी उससे रहित नहीं है, परे नहीं है। वही शिव और शक्ति उपनिषद् की ईश्वर और माया है, पाश्चात्य दर्शन का 'बीइंग' ओर 'बिकमिंग' है। यह विश्व स्वयं विश्वनाथ का शरीर है इसलिए यहाँ कुछ भी अशुभ, अप्रिय, अमंगल नहीं है, कुछ भी घोर नहीं है क्योंकि अघारे का लीला स्थल है। यहाँ श्मशान का देवता भी साक्षात् शिव है। फिर भी शिव व्यक्ताव्यक्त से अतीत है क्योंकि परे हुए बिना लीला का संचालन कैसे होगा और व्याप्त हुए बिना उसमें माधुर्य और सुषमा का सन्निवेश कैसे होगा ? इसीलिए वह दोनों है, और दोनों से परे भी, द्वन्द्व भी, द्वन्द्वातीत भी, चर-अचर में व्याप्त भी, इनसे परे भी। उस परात्पर तत्त्व के संबंध में तंत्र और वेदान्त एकमत हैं। तात्त्विक दृष्टि से 'वह' परात्पर है परन्तु शास्त्र दृष्टि से वही अपने नाना लीला विलास से सृष्टि में क्रीड़ा कर रहा है। वह है—इतना ही नहीं, सब कुछ 'वहीं' है 'वही है'—इसी ज्ञानबोध को तंत्र विश्व के नाना रूपों, विलासों, क्रियाओं द्वारा चरितार्थ करता है—यही है तंत्र का विनियोग पक्ष।

शक्ति की स्वतंत्र सत्ता नहीं है, वह सदा शिव की आश्रित है। और जैसे शक्ति के बिना शिव की सत्ता नहीं, वैसे ही शिव के बिना शक्ति का उल्लास नहीं। तंत्र हमारे मन और इन्द्रियों को संस्कार मुक्त कर परात्पर की ओर उन्मुक्त करता है—उसका मार्ग मनोवैज्ञानिक एवं ऐहिक है जब कि वेदान्त का मार्ग चिन्तन का और आमुष्मिक है। अर्थात् जो चिन्तन के क्षेत्र में वेदान्त है, विनियोग के क्षेत्र में वही तंत्र है—तंत्र वेदान्त का प्रयोगात्मक रूप है। तंत्र किसी संप्रदाय विशेष का द्योतक नहीं है—वह समस्त विविध आध्यात्मिक साधनाओं की पृष्ठभूमि है। शैव, शाक्त, वैष्णव, गाणपत्य सभी आध्यात्मिक साधनाएँ तंत्र के आधार पर ही अधिष्ठित हैं और उसी से प्रेरणा और शक्ति ग्रहण करती हैं।

किन्तु सौभाग्य से दक्षिण भारत में राजनैतिक क्षेत्र के इस उलट-फेर के फलस्वरूप समाज को एक नई चेतना भी प्राप्त हुई। आध्यात्मिक एवं संगीत जगत् में जनजागरण हुआ। महत्त्वपूर्ण बात यह है कि समाज में आध्यात्मिक एवं संगीत की प्रवृत्तियाँ युगपत् प्रवृद्ध होकर एक अनुपम योग को प्राप्त हुईं। इस प्रदेश में कई संत गायक कवि हुए जिन्होंने लोकप्रिय शैली में उदात्त भावनाओं से परिपूर्ण गीतों की रचना कर अपनी अमृतवाणी से संगीतकला को संवृद्ध कर जनजीवन में समाज का पुनरुत्थान किया। इस सांस्कृतिक आन्दोलन के नेतृत्व का श्रेय श्री पुरन्दरदास को देना चहिये किन्तु अध्यात्म एवं संगीत के इस संयुक्त आदर्श शक्ति प्रवाह को परिपुष्ट कर अग्रसर करने का श्रेय सन्त त्यागराज को विशेषतः प्राप्त है।

कहा जाता है कि अध्यातम एवं नैतिक आदर्शों के अवमूल्यन के कारण इस युग में मानव के मोक्षार्थ सरल, सुगम एवं उत्तम साधनस्वरूप भक्ति की भागीरथी भारत में अवतरित हुई। इस युग में संगीत की मूल प्रवृत्ति में भी कई महत्त्वपूर्ण परिवर्तन हुए। शास्त्रीय संगीत के अत्यधिक जटिल एवं सूक्ष्म प्रकारों का स्थान अपेक्षाकृत सरल एवं सुबोध रोचक अभिव्यक्ति ने ग्रहण किया। फलतः कई एक सरलतर माध्यम आविष्कृत हुए। संस्कृत ग्रन्थों की प्रबन्ध रचनायें कई एक रागों एवं तालों के बहु संख्यक खण्डों के जमाव से परिपूर्ण हैं। रागों के विशेष अङ्गों की ध्यान साधना में कई दिनों तक तो प्रत्येक राग का विस्तार होता था। किन्तु निःसन्देह ही उन बड़े भारी गेय पुराणों में कुछ अनावश्यक विस्तार को छोड़ केवल आवश्यक अङ्गों को ग्रहण किया गया। अतः संगीत ने विपुलता के स्थान पर संक्षेप एवं सूक्ष्मता को अपनाया।

चतुर्दण्डी के गीत, प्रबन्ध, ताय और अलापा के युग ने पद कीर्तन और कृति को स्थान दिया। कृति ने मात्र अपनी विशालता के बल से भारतीय संगीत की आत्मा को अक्षुण्ण परम्परा के रूप में सुरक्षित रखा और इस विस्तृत कला को लोप होने से बचा लिया। इस

संसिद्धि के लिए संत त्यागराज ही, अपने अद्वितीय प्रतिभा के कारण और इस अनुपम देन के हेतु, श्रेय के भागी हैं।

एक लोकमत के अनुसार संत त्यागराज का जन्म सर्वजित में, पुण्य नक्षत्र में, चैत्र शुक्ल सप्तमी, सोमवार २७ तारीख तदनुसार २४ मई, १७६७ को हुआ और कुछ लोगों के मत से वे तिरुवारुर में सन् १७५९ में पैदा हुए। तीरुवैय्यार पांच नदियों के संगम पर एक स्थान है। पंजाब में भी पांच नदियों का संगम है और इसलिये पंजाब उत्तर भारत में अन्न का भण्डार माना जाता है, उसी भाँति दक्षिण में त्यागराज एवं उनके समकक्ष वहाँ के महापुरुषों के कारण तीरुवैय्यार मेधा का स्त्रोत संगम समझा जाता है।

यद्यपि संत त्यागराज अपनी परम्परा में अन्तिम थे और उनसे पूर्व कई एक महान् संगीतकार एवं यशस्वी गायक हो चुके हैं तथापि संत त्यागराज उन सबमें सर्वश्रेष्ठ कहे जाते हैं। उनकी अनुपम प्रतिभा में उमड़ता हुआ भक्ति-भाव, कलात्मक कल्पना, साहित्यिक सुषमा और संगीत की बाह्लादक अभिरुचि का अपूर्व योग था। इन सब गुणों की अपेक्षा उनकी संगीतमय रचनाओं की सर्वश्रेष्ठ विशेषता है उनका श्रीराम के प्रति निर्विकार प्रगाढ़ प्रेम और उनकी स्वाभाविक अभिव्यक्ति, जिसने इनकी रचनाओं में शास्त्रीय संगीत के रूपक, राग, ताल आदि के संप्रविधान के बावजूद भी इनकी रचनाओं को भगत, स्तुति अथवा प्रार्थना का पद प्राप्त हुआ है।

अपने पूर्ववर्ती आचार्यों एवं समसामयिक गुणीजनों के सभी विशेषताओं को आपने तत्वतः ग्रहण किया। विस्तार में आप पुरन्दरदास तथा क्षेत्रज्ञ के तुल्य हैं किन्तु केवल भक्ति भाव में आप पुरन्दरदास के समकक्ष ठहरते हैं और आपकी काव्यमयी अभिव्यक्ति क्षेत्रज्ञ का स्मरण कराती है। अपने पंचरत्नों एवं कुछ एक गम्भीर रचनाओं में आप पूर्वगामी प्रबन्ध रचयिताओं का अनुगमन भी करते हैं। देवों की भाषा में कलाकृतियों को ढालकर आप मानों अपने समकालीन दीक्षितर का आह्वाहन करते हैं और जब वे माता त्रिपुर सुन्दरी की स्तुति करते हैं तब ऐसा लगता है जैसे तंज्जावर के श्यामा शास्त्री तिरुवट्यिूर में विराज रहे हों।

त्यागराज की रचनाओं में विविधता है। सरल छन्द प्रकारों से लेकर विस्तृत पंचरत्नों तक, जिसमें कि एक पर लम्बे—एक चिट्टस्वरों के जमाव पर उसी स्वरावली में पाठ्य वस्तु भी रहती है, हम एक-एक शिल्पीय प्रयोग, कौशल्य और रचना के दर्शन करते हैं। जटिल समासों, विशेषणों से युक्त शब्द समुदायों से पूर्ण सरल दिव्यनाम संकीर्त्तन से, कतिपय शब्द को लेकर आप संगीत के प्रबन्ध प्रवाह के उत्कृष्ट कलाकृतियों में प्रविष्ट हो जाते हैं। त्यागराज की रचनाओं में काव्य सौन्दर्य की छटा और आध्यात्मिक उत्कर्ष का विशेष महत्त्व है। जब कोई असम्भव योग सिद्ध हो जाता है तब संस्कृत में कहा जाता है—"हेमनः परमामोदः" अर्थात् सोने में सुगन्ध आ गई है। सोना द्रव की दृष्टि से बहुमूल्य वस्तु है किन्तु सुगन्धित पुष्प दुर्लभ है इसलिये यदि सोने में सुगन्ध आ जाय तो वस्तुतः यह एक चमत्कार है। जयदेव, पुरन्दरदास, क्षेत्रज्ञ एवं त्यागराज संगीतकारों की रचनाओं में वस्तुतः सोने में सुहागा पाया जाता है। इनकी रचनायें इतनी अधिक गाई गई होंगी कि

गिनती से बाहर और सैकड़ों बार हमने सुनी होंगी तथापि उनकी ताज़गी में कोई फर्क नहीं आता, प्रत्युत उन्हें बार-बार सुनकर भी कोई थकता नहीं है, बल्कि हर बार कुछ न कुछ नवीन रोचक उपलब्धि होती है—चाहे स्वर रचना में देखिये या साहित्यिक अंश में पाइये; किसी न किसी नई कल्पना अथवा व्यंजना का आस्वाद अवश्य ही होगा। इनकी रचनाओं में कण वस्तु का एक प्रधान तत्व है, विशेषतः पुरन्दरदास तथा त्यागराज में और वह विविध व्याख्या का सुलभ अवकाश भी रखता है। किन्तु बहुधा होता यह है कि रचना के अलौकिक सौन्दर्य एवं सर्वांगी प्रभाव के कारण साहित्यिक पक्ष पर ध्यान जाता ही नहीं है। जैसा कि डॉ० राघवन् ने अपने ग्रन्थ "The Spiritual Heritage of Thyagaraja" में लिखा है—"त्यागराज की रचना का सौन्दर्य इस कदर अद्भुत होता है, जैसे किसी युवती के शुभ्र यौवन की आभा से हमारी आँखें चुधियाँ जाँय और हम उसके मस्तिष्क और हृदय के अनन्त सौन्दर्य को देख न सकें, या फिर किसी कवि की अनुपम शैली व पद विन्यास के चमत्कार में रस विभोर होकर उसकी कविता के उदात्त भावों पर ध्यान न दे सकें, अथवा जैसे किसी उत्तुंग गोपुर के कलात्मक ब्रज देखने में हमारी दृष्टि स्तम्भित हो जाय और हम देवता की आरती उतारना भूल जाँय।"

किन्तु यदि हम त्यागराज के रचना सौन्दर्य को एक क्षण भूलकर उसके साहित्य पर ध्यान दें तो कोई आश्चर्य नहीं कि हमें उसमें ध्यान निमग्न होने के लिये चिन्तन की रत्न-राशि मिल जाय और हम संगीत को बिल्कुल ही भूल जाँय। निःसन्देह त्यागराज की लौकिक एवं लोकोत्तर विषय दृष्टि एवं अनुभव को संक्षेप में कहना एक कठिन कार्य है। काव्यमय कल्पना, विद्वतापूर्ण संदर्भ संकेत, नैतिक मान्यताएं, सिद्धान्तों की स्थापना, औपनिषदीय चिरन्तन सत्य, मिथ्या अभिमान की निन्दा और असत् मार्गों का खंडन तथा अनुपम उपमाएँ, व्यवहारिक ज्ञान, लोकोक्तियों और सर्वोपरि आध्यात्मिक अनुभव एवं भक्ति भाव का प्रतिरूप सौन्दर्य इन सबने मिलकर आपके गीतों में उस प्रभा को उत्पन्न किया है जिसने उस महान् संगीतज्ञ को बौद्धिक एवं आध्यात्मिक स्तर पर प्रकाश में लाया, जिसके मुखारबिन्द से चश्में की तरह गीत फूट निकलते थे।

आपके गीतों से हमें आपकी घरेलू जीवन और परिस्थितियों की झलक मिलती है। त्यागराज के एक बड़े भाई थे जप्येश जिन्हें जीविनीकारों ने कुत्सित रूप में प्रस्तुत किया है, सम्भवंतः त्यागराज के चरित्र को ऊँचा उठाने के लिये। संगीत एवं अध्यात्म से सर्वथा अनभिज्ञ जप्येश अपने छोटे भाई की कला एवं विद्या का अनुचित लाभ लेना चाहते थे। तंजावूर के महाराज त्यागराज को अपनी राज्य सभा में गाते देखने को उत्सुक थे। इस प्रकार त्यागराज को धन सम्पत्ति की प्राप्ति संभव थी, जिसकी जप्येश को लालसा थी। किन्तु त्यागराज ने एकदम इनकार कर दिया। जप्येश ने कुपित होकर त्यागराज के प्रिय श्रीराम की मूर्ति को कावेरी नदी में प्रवाहित कर दिया। त्यागराज ने जब मूर्ति खोने का समाचार पाया तो वे अत्यन्त विह्वल और दीन होकर गा उठे :—

"नेनेन्दु वेदुक्कुदुरा"

इस प्रकार राज सभा में राजस्तुति गाने से इनकार करने और राज दंड से भागी होने की कथानक प्राचीन ग्रन्थों में उपलब्ध है। ऐसे प्रसंग लिंगपुराण के संगीत सम्बन्धी प्रकरणों

में तथा अद्भुत रामायण में मिलते हैं। सुग्रीव तथा विभीषण के प्रति त्यागराज का बार-बार संकेत और उनके वर्णन में जिस प्रकार प्रभु उनके सहायक हो जाते हैं, उनके बड़े भाई के अत्याचार पूर्ण व्यवहार का द्योतक है।

त्यागराज मूलतः श्रीराम के भक्त हैं तथापि अन्य विभिन्न मतों के देवताओं की स्तुति उन्होंने प्रेम पूर्वक गाई है। जैसे—तीरपति वेंकटरामन् (तेरतीयकरादा) कोदूर के भगवान् सुन्दरेश—(शम्भो महादेव-रागपन्तुपरावली में), तीरुवोत्रीपुर की देवी त्रिपुरसुन्दरी (सुन्दरी नी दिव्य रुपमु, राग कल्याणि दारीनी तेलूसु कोन्टि :—राग शुद्ध सावेरी) कांची में आपने भगवान् वरदराज की स्तुति में कुछ एक रचनाएँ कीं और विनयकुणी राग मध्यमावती में कांची की कामाक्षी पर।

ब्रह्मपुरी में भगवान् सुब्रह्मण्य की स्तुति में आपने गाया—(नी वन्ति देवमुराग तोड़ी) और अन्य देवताओं की स्तुति में आपके बहुत ही गीत हैं।

संगीत एक उत्कृष्ट कला है, इस दृष्टि से संत त्यागराज ने संगीत के लक्षण बताते हुए कई एक गीतों की रचना की है। जीवन की परम सिद्धि, योग एवं आध्यात्मिक उद्देश्य को किस प्रकार संगीत के माध्यम से पाया जा सकता है, संगीत का स्वरूप, व्याख्या एवं अभिव्यक्ति तथा इस कला का क्रियात्मक पक्ष ये सब विषय आपके गीतों में समाविष्ट हैं। इस सम्बन्ध में हम एक ही उदाहरण ले लें जिसमें त्यागराज ने इस प्रश्न पर प्रकाश डाला है कि एक संगीतकार अपनी कला के प्रति किस भाव को धारण करे—यह एक सुप्रसिद्ध कृति है—राग तोड़ी में।

कद्दनुव्यरिकि
निडुर निराकरिचि
मद्दुगा दम्वुर वही
शुद्ध मैन मनसुचे, सुस्वरामुतो,
वड्डु तप्पण भजिपिंचु।

यह सभी संगीतज्ञों के कल्याणार्थ उपयुक्त है। इसका भाव है :—"नींद को त्यागो, सबेरे उठा करो और प्रथम प्रहर में रियाज करो, स्वर साधो। (हम अपने फायदे के लिये यह भी कहें कि ९ बजे सुबह तक मत सोया करो—देर से उठकर अपने गले में एक आधा स्वर गिरने न दो और न गले को गरमाने के लिये शरीर के अन्य अंगों का व्यायाम करो, इससे स्वर की कमी नहीं पूरी होने की)। अपने घराने की गायकी पर पक्के रहो, एक सुन्दर-सा तम्बूरा लेकर ठीक स्वर मिलाओ और विशुद्ध चित्त से स्वर साधो।"

अपनी कई एक कृतियों में आप संगीत कला की नादयोग के रूप में प्रशंसा करते हैं क्योंकि यह कला प्राणायाम, मनोनिग्रह, शान्त चित्त एवं गहरा ध्यान मांगती है। आपका कहना है कि मन की गतिविधि को जाने बिना और सदा वीणा वादन में आनन्द लेने वाले शिवजी का अभिप्राय जाने बिना कोई मुक्ति नहीं पा सकता।

संत त्यागराज श्रीराम तथा अन्य देवताओं को सम भाव से ही देखते थे। राग गरुड़ध्वनि में प्रस्तुत—"तत्व ने रुगतरमा" इस कृति में कहते हैं—"हे राम क्या ऐसा कभी

संभव है कि इस तथ्य को जाना जाय कि तुम ही ('तत्वमसि') महाकाव्य का (मूर्तिमान) अर्थ हो।"

कर्णाटक संगीत के संत त्यागराज

प्रसिद्ध है कि रामायण की कथावस्तु को लेकर कई ग्रन्थों की रचना हुई है जैसे भवभूत्ति का उत्तररामचरित, तुलसीदास का रामचरित मानस इत्यादि। त्यागराज के कृतियों से स्पष्ट होता है कि वे रामायण के अनेक संस्करणों से परिचित थे। ऐसा लगता है कि अलग-अलग संस्करणों से उन्होंने कथानक एवं प्रसंगों को लेकर अपनी कृतियों में उनका उपयोग किया है। उदाहरणार्थ—'मा जानकी चेट्टवेट्टग बालग—महाराज वैथिवी' इत्यादि कृति में वे कहते हैं:—

"हे राम तुम सीता का पाणिग्रहण करने से महान् और प्रसिद्ध हुए क्योंकि इसी हेतु तुम्हें रावण के विजेता होने का यश प्राप्त हुआ। तुम्हारे आदेशानुसार राजमहल को छोड़ वह तुम्हारे साथ बन में गई, अग्नि के पास अपने स्वरूप को त्याग, माया का रूप धारण कर वह रावण के पीछे गई, वहाँ अपमानजनक वचन सुनकर भी, एक ही कोप दृष्टि से रावण को भस्म करने की शक्ति वह रखते हुए भी वह मौन अशोक वन में रही ताकि रावण के वश का श्रेय तुम्हें प्राप्त हो"---इस कल्पना का सूत्र रामचरित मानस से लिया गया प्रतीत होता है।

इस कृति में न केवल पतिव्रता स्त्री के धर्म की व्याख्या है, तथापि अतिथि-सत्कार का महत्त्व और इस कर्तव्य के प्रति गृहणी की तत्परता का आदर्श भी उपस्थित किया गया है।

त्यागराज ने हर उत्तर के विद्यार्थी के लिए उपयुक्त गीतों की रचना की है, साधारण दिव्य नामसंकीर्तन से लेकर शास्त्रीय संगीत की जटिलताओं को लिए पंचरतनकीर्तनों तक। उन्होंने अलग से यद्यपि वर्णनम् की रचना नहीं की, किन्तु उसे कीर्तन में अंग रूप से समाविष्ट किया। प्रत्येक कृति में छंद एवं लय का विविध विस्तृत प्रयोग ही उनके रचनाओं की अनुपम शोभा है।

त्यागराज ने पश्चिमी पद्धति पर भी यथामति कुछेक कृतियों की रचना की। उदाहरणार्थ राग कुन्तलवराली में 'सर सर समरे' तथा राग सुपोषिणि 'समितसुवारू यवरुरा' इस प्रकार के दो गीत हैं।

प्रसिद्ध राग गाने की परिपाटी त्यागराज के समय में प्रचलित नहीं थीं। इसलिए अधिकतर उनकी कृतियाँ सुप्रसिद्ध रागों में ही रची गई हैं जिनके नाम वे रचना के बाद देते थे और थोड़ी ही ऐसे हैं जो अप्रसिद्ध रागों में है तो —उनके लिए वे एक ही संज्ञा रखते थे, 'अपूर्व राग' रागों को समझने एवं उनका नामकरण करने का श्रेय तच्चुर श्रंगराचार का है।

कर्णाटक संग्रीत को आपकी अमर देन संगीत तथा साहित्य की दृष्टि से आने वाले युगों में असंख्य संगीत प्रेमियों के लिए सूर्य की भांति मार्गदर्शक बनी रहेगी और संगीत के सच्चे लक्ष्य का संदेश सदा ही देती रहेगी।

---

# स्वतन्त्र भारत का सन्दर्भ और हिन्दी काव्यचेतना का नया यथार्थ

**कैलाश मिश्र**
शोध छात्र, हिन्दी विभाग

भारतवर्ष को राजनीतिक स्वतन्त्रता प्राप्त हुए लगभग दो दशक बीत गये, किन्तु स्वतन्त्रता के सही अर्थों में आज तक भारत स्वतन्त्र नहीं हुआ, क्योंकि स्वतन्त्रता बाह्यारोपित मानव जीवन का कोई निकाय नहीं, बल्कि यह वह आन्तरिक अनुभूति है जिसमें व्यक्ति अपनी स्वतन्त्रता और परिवेश के साथ अपना संतुलन अधिक उपजीव्यतापूर्वक बनाए रखता है। जब आइन्स्टीन यह कहता है कि 'मैं कुछ देर के लिए एक नलसाज अथवा फ़ेरीवाला होना भी अधिक पसन्द करता हूँ, जिससे इस कोलाहल भरी जिन्दगी से इतर कुछ थोड़ी-सी फुरसत प्राप्त कर सकूँ।'—तो उसकी फुरसत का यही अर्थ होता है कि वह अपना वैयक्तिक एकान्त (सालीच्यूड), अपनत्व और व्यक्तित्व अक्षुण्ण रख सके। कथ्य यह है कि ब्रिटिश शासन व्यक्ति की स्वतन्त्रता के अपहरण का एक भौतिक परिवेश था किन्तु पन्द्रह अगस्त उन्नीस सौ सैंतालिस की स्वतन्त्रता का यह अर्थ कदापि न था कि इससे भारत को पूर्णतः स्वतन्त्रता मिल जाएगी अथवा दे दी जाएगी।

जनतन्त्र प्रणाली पर अवस्थित जिस समाजवादी व्यवस्था पर स्वतन्त्र भारत को परिचालित किया गया, उसके सिद्धान्त में कुछ आधारभूत भूलें थीं, जिसमें सवसे पहली 'नेहरू की विदेशी नीति' थी। स्वतन्त्र भारत की सारी योजनाएँ शदियों से स्वतन्त्र देशों की कार्यप्रणालियों पर आधारित थीं और उनका भारतीय जीवन और नैतिक मूल्यों से कोई सम्बन्ध न था। चमत्कारवादी नेता नेहरू दो संस्कृतियों (पूर्व और पश्चिम) के अनभ्यासित जीवन-बोध के व्यक्ति थे इसलिए उन्हें भारत जैसे स्वार्थी और अनैतिक देश की केन्द्रस्थित वृत्ति का बोध न था। परिणाम यह हुआ कि सम्पूर्ण योजनाओं के विस्तार के लिए विदेशी ऋण लेना कोई पाप नहीं समझा गया। विदेशों से पचगुनी तनख्वाह अधिक देकर बुलाए गए इंजीनियर्स को नकली गारे और स्पातों के द्वारा काम कराया गया। विदेशी नक्शों पर आधारित इन योजनाओं में कार्य करने वाले श्रमिकों को कम से कम वेतन देने का प्रयास किया गया। परिणाम यह हुआ कि कृषि, उद्योग और अन्य राष्ट्रीय साधनों के विकास के प्रति भारत की सारी आशाओं पर पानी फिर गया। आशा तो यह थी कि तीसरी पंचवर्षीय योजना के पूरी होते-होते इन योजनाओं में लगे सम्पूर्ण विदेशी ऋण से मुक्त होकर हम भारतीय अपने ही गल्ले और उद्योग के द्वारा अपना भरण-पोषण कर सकेंगे किन्तु स्थिति बिल्कुल विपरीत हो चली है। आज हमारे ऊपर इतना विदेशी ऋण हो गया है कि जिसे भरने के लिए भारतवर्ष को पूरे एक वर्ष की उपज चाहिए।

इस प्रकार प्रशासकीय ढंग पर आधारित भारतीय समाज आज विघटन और पूर्ण संकट की स्थिति में है। उपर्युक्त विदेश नीति के अलावा भारत के पिछड़ेपन का कारण शासकीय वर्ग ही अधिक है जिसने निष्काम भाव से प्रचूषित भारत की सेवा करने के बजाय अपनी भोगवादी लिप्सा को तृप्त करने का ही अधिक प्रयास किया है और इसीलिए

स्वातन्त्र्योत्तर भारत में और भी विच्छिन्नता बढ़ी है। इस विच्छिन्नता को अवश्य ही समष्टि रूप से नहीं बल्कि व्यष्टि रूप से जीने का प्रयास किया गया है। दिखावे के नाम पर इन स्वार्थी सत्ताधारियों के द्वारा सुरसावत् सर्वग्रासी राजनीतिक सिद्धान्तों का राष्ट्रवादी प्रसार और इसलिए उन्नतिमूलक मिथ्या नारों और भ्रमजालों को फैलाकर सामान्य जन-जीवन को विषादग्रस्त किया गया है। इस शासकीय वर्ग में सेवा का भाव समाप्त होकर 'मंत्रवाद' का षडयंत्र चल रहा है, मंत्रवाद यानी किसी के जहर को अपने सिद्धान्तवादी शासन-सूत्रों से उतारने का प्रयास।

वैयक्तिक धरातल पर इस मंत्रफूक सिद्धान्तवाद का बहुत बुरा प्रभाव पड़ा है। हर व्यक्ति अपने को ही नियामक समझ बैठा है जिससे एक ओर अहंवाद का विस्तार हुआ है तो दूसरी ओर अपनी आत्मकेन्द्रित कुसंस्कारी वासना को समष्टि के अनुपभोग्य धरातल पर उतारने का प्रयास बढ़ा है। यही कारण है कि आज पीड़ा-कुंठा, अतृप्ति, टुटन, घुटन आदि बनकर साहित्य में व्यवहृत होती है। जब तक पीड़ा का समष्टिगत आभास होता है तब तक वह आनन्दप्रद होती है किन्तु ज्योंही वह पीड़ा वैयक्तिक धरातल पर उपभोग्य होती है, कष्टप्रद हो जाती है। यही कारण है कि स्वतन्त्रतापूर्व के वीर गायकों के निनाद—

**"मैं नहीं चाहता सुरबाला के गहनों में गूथा जाऊँ।"** या

× × × ×

**"मुझे तोड़ लेना बनमाली ! उस पथ में देना तुम फेंक,**
**मातृभूमि पर शीश चढ़ाने, जिस पथ जावें वीर अनेक।"**

अथवा,

**"क्या हार बनेगा वह जिसने सीखा न हृदय को विधवाना।"**

अस्त हो गए। पीड़ा को सहने का सारा आनंद मटियामेट हो गया और स्वतन्त्रता के बाद आने वाले जन-जीवन में चीत्कार-सीत्कार, संत्रस्ति अधिक दिखाई पड़ने लगी क्योंकि अनुभूति का विस्तृत वातावरण सिमटकर संकुचित हो गया। अपनी आदत से बाज न आनेवाले आज के आग्रही पथिक की पीड़ा का चित्रण कीर्ति चौधरी की इन सतरों में पठितव्य है—

**"घाव तो अनगिन लगे**
**कुछ भरे कुछ रिसते रहे**
**पर बान चलने की न छूटी।"**

—कविताएँ, पृ० ३०

पीड़ा और कष्ट सहन के इस एकाकीपन का आभास स्वातन्त्र्योत्तर भारत के प्रत्येक कवियों में दिखाई पड़ने लगा है और यदि अधिक स्पष्ट रूप से कहा जाय तो आज का प्रत्येक व्यक्ति अभिमन्यु बनकर पैदा होता है जिसे जीवन का समस्त उपभोग्य पदार्थ विरासत में ही प्राप्त हुआ है। कुँवरनारायण की कविता 'विरासत' आज के इन अभिमन्युओं का सटीक चित्रण करती है—

**"कौन कब तक बन सकेगा कवच मेरा ?**
**युद्ध मेरा मुझे लड़ना**
**इस महा जीवन समर में अन्त तक कटिबद्ध :**

मेरे ही लिए यह व्यूह घेरा,
मुझे हर आघात सहना
गर्भ निश्चित में नया अभिमन्यु, पैतृक युद्ध ।

—चक्रव्यूह, पृ० १०३

इस प्रकार आज के भारत की सारी जिजीविषा केवल युग के साथ तादात्म्य करने में व्यय हो रही है। आदिकाल के लेकर आज तक के भारत में स्वार्थपरता, लोभ, अनैतिकता होते हुए भी जो एक सबसे बड़ी विशेषता रही है, वह आज भी है; वह है—संघर्ष करने और झेलने की अद्‌भुत क्षमता का होना और विभिन्न संघर्षों में विभिन्न तौर-तरीकों से भारत का प्रत्येक व्यक्ति आज भी 'गर्भ-निश्चित प्रारब्ध' वाले अभिमन्यु की तरह लड़ रहा है। इसके लिए हमें प्रशंसा करनी चाहिए।

धरा का व्यूह-सा यह बृहद् तनाव और उसमें युद्ध करता आज का छोटा-सा अस्तित्व इतना काफी नहीं है कि वह नियति का अतिक्रमण कर सके। किन्तु पैतृक युद्ध में हन्ता और निर्माता की यह मानव-सृष्टि अवश्य ही अन्य पशुओं की विभ्राटता में अधिक संवेदनशील और क्रियाशील है। जीव-सृष्टि का आज तक का चरम विकास मनुष्य हैं इसलिए मानव-जीवन सृष्टि की सबसे बड़ी समस्या है। बर्ट्रेण्ड रसेल इसके अस्तित्व को ही नकारता है और इसमें उसे आनन्द का आभास होता है। वह कहता है—"शायद बुलबुलों, कोयलों, हिरनों से भरी दुनिया अधिक शानदार और उल्लासमय होती। संसार में हिंस्र पशु उनका लक्षांश भी संहार नहीं करते, जितना मनुष्य।" किन्तु व्यक्ति का संहारकारी अथवा क्षमाशील जीवन ही सम्पूर्णता में मनुष्य नहीं है बल्कि मनुष्य वह है जो मृत्यु की अन्तिम हिचकी के पूर्व तक वर्तमान रहता है। यही कारण है कि अस्तित्ववाद का सम्बन्ध जितना मानव जगत् के बौद्धिकी से है उतना उपभोगी मानव-जीवन से नहीं। चिन्तन-प्रक्रिया में जीवन का लक्ष्य, जीने की उपयोगिता और जीवन की अस्तित्ववादी इयत्ता जितनी ही संवेद्य है, भौतिक रूप से जीवन उतना ही प्रवहशील और आमर्य-अभीप्सित चिन्त्य पदार्थ है और इसका दर्शन जड़ मृत्यु पर कभी आधारित नहीं। जीवन चेतन है या चेतन का व्यापार है, मृत्यु जड़ है या जड़ का व्यापार है। इस प्रकार चेतन और जड़ की विपरीत अर्थी क्रियाओं का संतुलन सर्वथा असम्भव है। इसलिए शेक्सपियर जब यह कहता है—'जीवन किसी मूढ़ द्वारा कही हुई कहानी है जिसमें गर्जन-तर्जन तो बहुत है किन्तु अर्थ कुछ भी नहीं।" तो वह जीवन को जड़ तत्वों में ही रखकर देखता है, अस्तित्व को झुठलाकर ही देखता है और यह मानव सृष्टि के लिए सबसे बिघाती बात है। इस सन्दर्भ में विलियम हैजलिट की बातें अधिक संप्रेष्य लगती हैं—"जब यह कल्पना कि कभी हम नहीं थे हमें कष्ट नहीं देती तब यह कल्पना की कभी हम नहीं रहेंगे क्यों कष्ट दे ?" कथ्य यह है जीवन और मृत्यु के बीच का यह जगत् अस्तित्वहीन नहीं। भारतीय चिन्तना में यह बात सबसे पहले गौतम बुद्ध के मन में आयी। मुर्दे को देखकर जीवन पर विचार करके पलायित हो जाना बुद्ध के अस्तित्ववाद की ही देन थी। और राजत्व की अनेक जिम्मेदारियों से पलायित हो जाना उनका व्यक्ति-स्वातन्त्र्य। किन्तु बुद्ध की महानता उस पलायन में नहीं, बल्कि

जीवन को ऐतिहासिकता में ग्रहण से थी। दुःखवाद की कल्पना का जीवन के अस्तित्व को स्वीकार करने की प्रथम वृत्ति है।

स्वातन्त्र्योत्तर भारत में जीवन को नकारने की बात कम ही कही गई है, यह बहुत बड़ी बात है। अनेक प्रकार की विकृत परिस्थितियों में भी भारतीय चिन्तन-प्रक्रिया ने मानव-जीवन को सद्चिद् और आनन्द में ही देखा है : इतना अवश्य है कि युग की दौड़ धूप के अनुसार आज के हिन्दी भारत ने अपने कथ्य को लघुता में प्रकट करने को ठाना है। जीवन को समग्रता में न जी पाने की असमर्थता से उसने विशाल समय देवता को उसके अत्यन्त लघु आकार 'क्षण' में ही प्रधानता दी है किन्तु इस 'क्षण' में ही उसने विराट जीवन को समेटने का भरपूर प्रयत्न किया है। जीवन के सभी तत्वों को आस्तिकतापूर्वक ग्रहण किया है। मानव-जीवन की सबसे अनिवार्य शर्त है—जीवन से प्यार। और जीवन से प्यार करने के अनेक संबल है—'कल्पना', स्वप्न, चाह, निष्ठा और इन सबके प्रति स्वार्थ अथवा लोभ का होना। इस दौर में दो पहलू हैं—(१) बाह्य—जिसमें शरीरेतर बाह्य विकृत दुनिया है जो मानव जीवन को अकारण तंग करती रहती है। (२) अंतरंग—इसमें बाह्य जगत् का वह संवरा, साफ-सुथरा रूप है जो ध्वंसात्मक होते हुए भी ग्राह्य है जिसके लिए मनुष्य जिन्दा रहता है। पहले का सम्बन्ध स्वातन्त्र्योत्तर भारत में विज्ञान से अधिक है और दूसरे का नारी-जगत् से। पहले से संकटकाल की स्थिति प्रादुर्भूत हुई है और दूसरे से चिन्ता की।

वैज्ञानिक युग ने एक ओर मानव-जीवन में 'बसुधैव कुटुम्बकम्' का नारा बुलन्द किया है तो दूसरी ओर प्रत्येक चेतन के सामने प्रश्नवाची-सा पड़ा हुआ है और हर प्राणी को असहाय, अबल और निपट चिन्ताशील बना दिया है। सब कुछ होते हुए भी आज मनुष्य का 'संहार' छोड़कर कुछ नहीं है। उसके नक्शे पर केवल कंकाल, कटी हुई रक्त वाहिनियां, चिथरे हुए मांस के लोथड़े ही लोथड़े दिखाई पड़ रहे हैं। मानव-जीवन के अनेक विकृत टूटे हुए रेखाचित्र आँधियों में बिखरते दिखाई दे रहे हैं। स्वातन्त्र्योत्तर भारत में चीन और पाकिस्तान के अकारण आक्रमण ने इसे सिद्ध कर दिया है। चारों ओर गोला-बारी उफन रही है। हवा की पत्तों के टूटने की आवाजें पत्र-पत्रिकाओं के प्रत्येक पन्ने पर वर्ष की आँधी-सी सनक रही है। ऐसी स्थिति में कोई व्यक्ति स्थितप्रज्ञ और समाधिशील शंकर नहीं बना रह सकता। और इस स्थिति ने युग-बोध को गहरे अर्थों में प्रभावित किया है। 'जीने' या 'जीने के आनन्द' के नाम से आज कुछ भी कहना बहुत ही हास्यास्पद हो गया है। यही कारण है कि आज की कविता से जीवन के आनन्द की सामग्री नष्ट हो जाने से अधिकांश पाठक कविता के आस्वादन से वंचित हो गये हैं क्योंकि उनमें वैज्ञानिक बोध की निहायत कमी है। प्यार करने का युग रीत गया। कोई अस्तित्ववादी प्रश्न कर सकता है कि प्यार किससे किया जाए ! और यदि किसी से नहीं, तो प्यारहीन जीवन की मंसा क्या है ?? मौत ही न ??? वास्तविकता तो यह है कि चिन्तन की यह शाश्वतता ही व्यर्थ है। यदि हम प्यार करते हैं या मेरे पास समय है तो ठीक है किन्तु प्यार के सहयात्री के प्रति लोभ रखने का समय रीत गया है क्योंकि आज का मनुष्य किसी 'उत्तुंग-शिखर' का 'वासी' मनु नहीं बल्कि वह अपनी यात्रा का एक चलता फिरता

मुसाफिर है। प्रयाग नारायण त्रिपाठी की एक लम्बी कविता इस तथ्य को स्पष्ट कर देती है—

**"यह यात्रा कब प्रारम्भ हुयी**
**क्यों ?**
**किस अर्थ से ?**
**किन मोड़ों से होकर इस इतिहास तक आया हूं।**

× × × ×

**लगता है : हर नया मार्ग गन्तव्यहीन**
**आगे-आगे-आगे प्रतिक्षण बढ़ता जाता है**
**जिस पर बस चलते जाने का निष्कारण अभिशाप मिला है**
**मुझको**
**अंतहीन यात्री को।"**

—नयी कविता, अंक ३, पृ० ८३-८४।

इस प्रकार जिस यात्री की कोई मंजिल नहीं उससे जीने का अर्थ पूछना कितना भ्रामक है क्योंकि वह तो जी रहा है, बस जी ही रहा है, वह जीने का अर्थ जानता है किन्तु कह नहीं सकता क्योंकि कह देने का अर्थ एक शाश्वत-सूत्र बनाना है, जब कि आज का कवि एसे सूत्र रचन में असमर्थ है।

युग की इन बमेल स्थितियों के साथ जीवन की सभी ईकाइयाँ बदल गयी है किन्तु फिर भी वह वस्तु जो जीवन को जिलाए जा रही है, प्यार ही है यानी आस्थाहीन प्यार। जगत् की किसी गति अथवा अवगति से साहित्य का सीधा सम्बन्ध नहीं होता इसलिए जड़-जगत् के अलावा जो कुछ है वह साहित्य का है। प्रेम या प्यार कुछ इसी प्रकार की वस्तु है किन्तु इसके मापदण्ड बदल गए हैं। प्यार करने की प्रणली का विवेचन भारत-भूषण अग्रवाल ने 'कागज की नाव' शीर्षक से बड़ी सफलता के साथ किया है—

**"कागज की नाव जो हमने बनाई थी**
**धारा में बहाई थी—**
**वह डूबने लगी।**
**आओ,**
**इन बच्चों की भांति ही**
**हम भी खुश हो होकर बजाएँ क्यों न तालियाँ ?**
**कोई यह न कह बैठे :**
**हम नहीं जानते थे खेल की प्रणालियाँ।"**

—ओ अप्रस्तुत मन, पृ० १४२।

युग इतनी तेजी से यथार्थ की ओर झुक रहा है कि लगता है कुछ ही दिनों में मानवता, नैतिकता, बोध, मूल्य एवं दृष्टि की सारी मान्यताएँ बदल जाएंगी। दुर्निवार संकट-बोध की स्थिति में ये सारी घटनाएँ होती हैं, हो रही हैं। अपनी लगन और प्रतीक्षा

की आतुरी में कीर्ति चौधरी जैसी सम्मानिता कवयित्री 'अग्निपरीक्षा' देने से इनकार कर देती है—

"पर
बीते दिन वर्ष मास
मेरी इन आँखों के आगे ही
फिर फिर मुरझाए ये निपट कांस
मन मेरे ! अब रेखा लांघो
× × ×
कौन वहाँ आतुर है
किसे यहाँ देनी है
ऊँचा ललाट रखने को
अग्नि की परीक्षा वह !"
—कविताएँ, पृ० २४-२५।

यही नहीं, आज के युग में पुरुष का नारी के साथ दाम्पत्य संबंध टूट चुका है। पुरुष के सजे-धजे कमरे में नारी एक अच्छी खासी तस्वीर के सिवा और कुछ नहीं। गलित-पलित जिन्दगी में नारी प्रेम की अधिष्ठात्री न होकर अब मात्र प्यास की अधिष्ठात्री रह गयी है।

विचार प्रक्रिया में सूक्ष्म तत्वों का प्राधान्य मिट गया है। 'ईश्वर' नाम से मानवमात्र को घृणा हो गयी है। आदर्शवाद आडम्बरवाद हो गया है। पाप-पुण्य की सभी स्थितियाँ समसामयिक होकर अपने दोष से रहित हो गयी हैं। इस प्रकार युग दिन-प्रतिदिन अति-बौद्धिक होता जा रहा है। भावुकता मनुष्य की सबसे बड़ी कमजोरी मानी जाने लगी है। इसलिए कल्पना, स्वप्न, उदात्तता, आभिजात्य, संभ्रातित्व आदि सभी शब्द अपने अर्थ छोड़कर अस्तित्वहीन हो उठे हैं और आज का जगत् कर्मशील प्राणियों का बंजर, मशीनी संकलन रह गया है क्योंकि भावुकता का नष्ट होना कोई बुरी बात नहीं, बुरी बात है संवेदना का नष्ट होना। अति बौद्धिकता का इससे अधिक भयानक परिणाम क्या होगा ?

भारतीय स्वतन्त्रता का कविता पर सीधा कोई प्रभाव नहीं पड़ा और न पड़ना ही चाहिए था क्योंकि वास्तविक कविता अखबारनवीसी से कुछ इतर ही मूल्य रखती है। भारतीय स्वाधीनत्व का अर्थ विदेशी साम्राज्यवाद से स्वतन्त्र होना था, संघर्ष से नहीं। गान्धी की हत्या इस आगत संघर्ष की निदर्शिका थी। स्वाधीनता प्राप्ति के बाद भारतीय जन-मानस को असंभावी विविधताओं का सामना करना पड़ा। इन विविधताओं में स्वतन्त्रता-संग्राम में हुए रक्तपात और तज्जनित अवसादपूर्ण वातावरण का एक ओर हृदय-द्रावक क्रन्दन था तो दूसरी ओर विधवा स्त्रियों, बेघरबार के शरणार्थियों के व्यवस्था की समस्या थी। स्वतन्त्रता प्राप्ति के तुरन्त बाद ही कविता के ओजस् तत्वों का विघटन हुआ और लक्ष्यहीन दिग्भ्रष्ट भारतीय जीवन की विसंगतियों का तुरंत ही गायन करना शायद कविता को मंजूर नहीं था, किन्तु जैसे ही स्वतन्त्रता का विस्मरण काल आया और

स्वतन्त्रता का मात्र ऐतिहासिक महत्त्व रह गया, वैसे ही साहित्यकारों का ध्यान उधर से हट कर जन-सामान्य के क्षत-विक्षत जीवन पर पड़ा यद्यपि शासन सत्तारूढ़ भारतीय नेताओं ने जमींदारी उन्मूलन, देशी रियासतों का विलयन, जनतंत्र पर आधारित शासन की व्यवस्था, भारतीय संविधान की निर्मिति आदि अनेक महत्त्वपूर्ण कार्य किए किन्तु इनका उतना उपभोग न हो सका, क्योंकि किसी राजनीतिक व्यवस्था के सफलीभूत होने का आधार उस देश के जन-जीवन की जागरूकता पर निर्भर करता है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि स्वतन्त्रतापूर्व भारतीय जनों को जो भी आशाएँ थीं, सब मिट गयीं और देश दिन-प्रतिदिन अकाल, भुखमरी, मंहगाई, बेरोजगारी और अनेक आवश्यक आवश्यकताओं तक की कमियों की ओर झुकता गया। प्रयोगवाद और फिर नई कविता का यही युगबोध है। छायावाद की भाँति नई कविता भावनाओं की उस समिधा पर चढ़ने को तैयार नहीं जिनमें व्यक्ति के दैनिक जीवन को अभौतिकी तत्वों द्वारा तौलने का परिश्रम किया जाय और न तो प्रगतिशील कविता की भाँति यह किसी निश्चित 'सिद्धान्त' अथवा 'वाद' के ढांचे में ढलकर अपनी प्राणप्रतिष्ठा करना चाहती है, बल्कि इसका जीवन शुद्ध बोध की वैचारिक प्रक्रिया पर आश्रित है।

देश के बदलते हुए जीवन-मूल्यों के साथ-साथ नई कविता ने अपनी दृष्टि को पैनी की है और स्वस्थ जीवन-दर्शन को पनपाया है। इसन रागात्मकता की बौद्धिक धरातल पर ग्रहण किया है इसलिए रोमानी रंग और वातावरण का प्राकृतिक-अंचल गिरिजाकुमार माथुर, केदारनाथ सिंह, अज्ञेय आदि कवियों में मिलता है किन्तु इसकी पकड़ जीवन-जगत् से दूर चाँद अथवा नीहार जैसे किसी वायवी तत्त्वों द्वारा नहीं होती। प्रकृति का रूपाभास मात्र सौन्दर्यबोध पर अभिभूत होता है और जीवन की तामसी क्रियाओं से इसका कोई सम्बन्ध नहीं। दुष्यंतकुमार ने इसे बड़े ही निष्पक्ष ढंग से व्यक्त किया है—

**"चाँद को देखकर कांपो**
**तारों से घबराओ**
**भला कहीं यूं भी दर्द घटता है!**
**मन की कमजोरी में बहकर**
**खड़े खड़े गिर जाओ**
**खुली हवा में न आओ**
**भला कहीं यूं भी पथ कटता है!"**

—सूर्य का स्वागत, पृ० ७३।

गीतों का युग बीत गया, शायद फिर न आए। गीत गाना आज स्वयं एक अस्वस्थता बन गयी है। और इन दो दशकों में यदि गीत लिखे भी गए तो उनमें रोमांस कम, वास्तविकता ही अधिक झलकी है। गेयत्व छंद, राग आदि का आज कोई महत्त्व नहीं और ये सब गीतों के प्रमुख तत्त्व हैं। गीत यदि लिखे भी गए हैं तो या तो बिम्ब के मोह से या जीवन की अनास्थामूलक व्यथाओं से पीड़ित होकर; और दोनों प्रकार के गीत बहुत सुंदर

बन पड़े हैं। इनमें भी बिम्ब विधान की दृष्टि से आंचलिक गीतों का विशेष महत्त्व है। केदारनाथ सिंह की ऐसी ही एक रचना है—

"झीलों के पानी खजूर हिलेंगे
खेतों के पनी बबूल
पछुवा के हाथों में शाखें हिलेंगी
पुरवा के हाथों में फूल,
आना जी बादल जरूर,
धान तुलेंगे कि प्रान तुलेंगे
तुलेंगे हमारे खेत में,
आना जी बादल जरूर ।।

—तीसरा सप्तक, पृ० २१६ ।

प्रकृति के थोड़े-थोड़े अंचल में रखकर जीवन की व्याख्या करने की शैली इन कवियों की अपनी विशेषता रही है। कुँवरनारायण की 'दो बत्तखें' शीर्षक रचना इसका उत्कृष्ट उदाहरण है—

"दोनों ही बत्तख हैं,
दोनों ही मानी हैं,
छोटी-सी तलैया के
राजा और रानी हैं";

—तीसरा सप्तक, पृ० २५१ ।

प्राकृतिक जीवन में आज के मनुष्य की यही छोटी-सी कहानी रह गयी है। बाहर से मनुष्य जितना ही विस्तृत होता जा रहा है उसका अपना आयाम उतना ही संकुचित होता जा रहा है। किन्तु जीवन बुद्धि की परतन्त्रता को सर्वदा स्वीकार नहीं कर सकता। तमाम उत्तरदायित्वों और लादे गए बोझों के बीच 'माघ—१० बजे' की धूप मन को बहका ही देती है—

"यह धूप बहकी-बहकी
कि शराब आसमानी,
ये हवाएँ सरसराती
कि आलस भरी जवानी।"

—तीसरा सप्तक, पृ० २८८ ।

प्रकृति का यह मोहक रूप मानवमन को सदा आकर्षित करता रहा है किन्तु स्वतंत्रता प्राप्त भारतीय हिन्दी साहित्य में प्रकृति के बीच प्रिय को रखकर कम ही देखा गया है। प्रकृति सर्वत्र मनुष्य को वैशाखी देती रही है, त्रास नहीं क्योंकि त्रास तो वहाँ होता है जहाँ मनुष्य की आध्यात्मिक पीड़ा पर कोई भौतिक बर्फीली पर्त हावी हो जाती है। प्रकृति का सम्पर्क ग्रामीण जीवन में ही अधिक होता है। ग्राम्य जीवन की उपयोगिता के इसी अर्थ में स्वतन्त्रता प्राप्ति के कुछ ही दिनों बाद हुई एक बैठक में गांधी जी ने कहा था कि भारत

की राजधानी गाँव में होनी चाहिए। इसका आशय गांधी जी के विचारों में जो भी रहा हो किन्तु इतना तो मान्य ही है कि किसी देश को समृद्ध बनाने के लिए गाँव की जमीन, गाँव का वातावरण और गाँव की प्रकृति का संपन्न होना बहुत आवश्यक है। सद्यः नेहरू को यह बात भला कैसे पसन्द आती, किन्तु गाँधी की मृत्यु के कुछ ही वर्षों पश्चात् जब नेहरू को भारतीय वातावरण का ज्ञान हुआ तो उन्होंने देश की बौद्धिकी और सुमेधा को गाँव की उन्नति में लगाने का परामर्श दिया। आश्चर्य का विषय है कि स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी साहित्य में स्वतन्त्रता प्राप्ति के कुछ पूर्व से ही, शहरी अनेक दौड़-धूप के साथ-साथ, देहातों और गाँवों के जीवन-भोग की यह ललक लगनी प्रारम्भ हो गयी थी जो आज तक उसी रूप में चली आ रही है। इस परिप्रेक्ष्य में सर्वेश्वर की 'नये साल पर' शीर्षक कविता की कुछ पंक्तियों के साथ प्रस्तुत निबन्ध का समापन समीचीन होगा—

**"नये साल की शुभ कामनाएँ।**
**खेतों की मेड़ों पर धूल-भरे पांव को**
**कुहरे में लिपटे उस छोटे से गांव को,**
**नये साल की शुभ कामनाएँ।**
**जांते के गीतों को, बैलों की चाल को**
**करघे को, कोल्हू को, मछुओं के जाल को,**
**नये साल की शुभ कामनाएँ।"**

—तीसरा सप्तक, पृ० ३३६।

---

# धर्म-रथ

रामजी पाण्डेय
पुराण विभाग, भारती महाविद्यालय

श्री रामचरितमानस में गोस्वामी जी की लेखनी से ऐसे गूढ़ प्रसंगों की रचना हुई है जहाँ उन्होंने जटिल से जटिल दार्शनिक गुत्थियों को भी बड़ी सुगमता से रूपकों के माध्यम द्वारा सुलझाने का सफल प्रयास किया है। ऐसे गंभीर किन्तु सरस प्रसंगों में से यह धर्म-रथ भी है जो अपने ढंग का अनूठा है। 'मानस' के षष्ठ सोपान में राम-रावणयुद्ध के अन्तर्गत इसका वर्णन आया है जो इस प्रकार है—

रावनु रथी बिरथ रघुबीरा। देखि बिभीषन भयउ अधीरा॥
अधिक प्रीति मन भा संदेहा। बन्दि चरन कह सहित सनेहा॥
नाथ न रथ नहिं तन पदत्राना। केहि बिधि जितब बीर बलवाना॥
सुनहु सखा कह कृपानिधाना। जेंहि जय होइ सो स्यन्दन आना॥
सौरज धीरज तेहि रथ चाका। सत्य शील दृढ़ ध्वजा पताका॥
बल बिबेक दम परहित घोरे। छमा कृपा समता रजु जोरे॥
ईस भजन सारथी सुजाना। बिरति चर्म संतोष कृपाना॥
दान परसु बुधि सक्ति प्रचण्डा। बर बिग्यान कठिन कोदण्डा॥
अमल अचल मन त्रोन समाना। सम जम नियम सिलीमुख नाना॥
कवच अभेद बिप्र गुर पूजा। एहि सम बिजय उपाय न दूजा॥
सखा धर्ममय अस रथ जाकें। जीतन कहँ न कतहुँ रिपु ताकें॥

महा अजय संसार रिपु जीति सकइ सो बीर।
जाकें अस रथ होइ दृढ़ सुनहु सखा मतिधीर॥

लङ्का (६।८०)

लङ्का की उस समर भूमि में रणकौशल, साज-सज्जा, शस्त्रास्त्रों एवं अन्य उपकरणों से सुसज्जित एक ओर रावण की अजेय राक्षस-वाहिनी, स्वयं रावण जैसा कुशल सेनानायक एवं दुर्धर्ष योद्धा और दूसरी ओर राम का सुकुमार वल्कलवेष्ठित तप:पूत कृश शरीर, युद्ध के सामान्य उपकरण और अशिक्षत वानरी सेना को देखकर सामान्य प्रेक्षक भी यह अनुमान लगा सकता था कि विजयश्री किस पक्ष का वरण करेगी? ऐसी स्थिति में विभीषण जैसे भावुक और प्रेमी के लिए इस प्रकार का संदेह हो जाना कोई आश्चर्य की बात न थी कि भगवान रावण को जीत सकेंगे या नहीं। श्री राम के पौरुष पर उन्हें संदेह न था और न वे सुग्रीव की तरह इतने छिछले ही थे कि परीक्षा लेने के बाद भी राम की शक्ति पर भरोसा न करते। यह तो उनकी राम प्रेम की अगाधता थी जिसके चलते समर की कठिनाइयों से जूझते हुए प्रभु को देखकर वे अधीर हो उठे। भगवान् राम का विरथ होना और विभीषण का संशय इन दो वस्तुओं के कारण ही 'धर्मरथ' का वर्णन हम सबके लिए सुलभ हुआ।

विभीषण का प्रश्न था कि विरथ होकर आप रावण को कैसे पराजित कर सकेंगे ? उत्तर था 'महा अजय संसार रिपु,' 'जेहि जय होइ सो स्यंदन आना' और यह उत्तर ही बताता है कि 'मानस' का मूल उद्देश्य जो उसके प्राण की ओर संकेत करता है, क्या है ? राम-रावण-युद्ध तो एक लीला है। प्रभु की लीला के पीछे एक तिश्चित सिद्धान्त है जिसकी स्थापना के लिए उसका उपक्रम किया गया है। यद्यपि भगवान् का उत्तर विभीषण के प्रश्न से कुछ दूर हटकर था, पर था उक्त सिद्धान्त के अनुरूप ही। उनका संकेत था—मित्र ! इस युद्ध का उद्देश्य तो कुछ और ही है। यह तो लीला है। युद्ध रावण से नहीं अपितु अपने आन्तरिक शत्रुओं से है जिसके लिए भौतिक या बाह्यरथ नहीं, आध्यात्मिक या अभ्यन्तर रथ की आवश्यकता है। आन्तरिक शत्रुओं पर विजय पाने के लिए हमें धर्मरथ चाहिए स्थूल या भौतिक रथ नहीं।

लीला की पृष्ठभूमि से कुछ हट कर हम विचार करें तो ऐसा लगता है कि भौतिक अवस्था में भी हम जीवों के लिए युद्ध के उपकरण एवं सम्पूर्ण अपेक्षित वस्तुओं की आवश्यकता है पर ब्रह्म के लिए नहीं। उसे किसी बाह्य आलम्बन की आवश्यकता नहीं। वह बिना रथ के भी युद्ध कर सकता है, या उसके लिए भौतिक रथ भी धर्मरथ बन सकता है अन्धकार में पड़ी हुई वस्तु को ढूँढने के लिए हम सब को दीपक की आवश्यकता है, सूर्य को नहीं। ब्रह्म की विजय के लिए धर्म रथ की अपेक्षा नहीं, अपितु वह लोककल्याण के लिए उसे स्वीकार करता है। राम या भरत के जीवन में धर्माचरण है वह अपने लिए नहीं अपितु लोक-संग्रह के लिए है। अतः लीला का उद्देश्य किसी सत्य सिद्धान्त का ख्यापन है जो लोककल्याण की भावना से ओत-प्रोत रहता है। गोस्वामी जी ने चरित और लीला में अन्तर स्वीकार किया है। ब्रह्म द्वारा की गई लीलाएं जो भौतिक या दिव्य धरातल पर आवृत रहती हैं वे प्रायः ऐश्वर्य छिपा रहने के कारण जीव के लिए भ्रामक हो जाती हैं, क्योंकि वह उन्हें अपनी परिस्थिति, स्वभाव एवं मानदण्ड से देखता है। विभीषण को प्रभु का 'भुवनेश्वर कालहुँ कर काला' वाला स्वरूप विस्मृत हो गया था या विजय की अपनी स्थूल दृष्टि से उन्होंने इसे देखा या प्रेम के आधिक्य से उन्हें इस प्रकार का भ्रम हो गया। इनमें से कोई भी उनके भ्रम का हेतु हो सकता है पर अधिक समीचीन प्रेमाधिक्य ही प्रतीत होता है। जो भी हो हम सबके लिए उनके माध्यम से यह धर्मरथ प्राप्त हुआ।

धर्मरथ का स्वरूप एक सिद्धान्त पर आश्रित है। रथ के रूपक द्वारा अन्य कई ग्रन्थों में ब्रह्मप्राप्ति का सिद्धान्त स्पष्ट प्रतिपादित किया गया है। इसका सर्व-प्रथम प्रतिपादन कठोपनिषद् महाभारत, श्रीमद्भागवत आदि ग्रन्थों में इस प्रकार किया गया है।[1]

---

[1] आत्मानं रथिनं विद्धि शरीरं रथमेव तु।
बुद्धिं तु सारथिं विद्धि मनः प्रग्रहमेव च ॥
इन्द्रियाणि हयानाहुर्विषयांस्तेषु गोचरान्।
आत्मेन्द्रियमनोयुक्तं भोक्तेत्याहुर्मनीषिणः ॥

| कठोपनिषद् | महाभारत० | श्रीमद्भागवत् | शत्रु |
|---|---|---|---|
| रथिन् = आत्मा | धीर | जीव | राग |
| रथ = शरीर | शरीर | शरीर | द्वेष |
| सारथि = बुद्धि | आत्मा | बुद्धि | लोभ |
| प्रग्रह = मन | इन्द्रिय | मन | शोक |
| हय = इन्द्रिय | | इन्द्रिय | मोह |
| पहिया = | | धर्म-अधर्म | भय |
| धुरी = | | दश प्राण | मद |
| रस्सी = | | चित्र | मान |
| धनुष = | | ॐकार | अवमान |
| बाण = | | जीवात्मा | असूया |
| लक्ष्य = | | परमात्मा | माया |
| | | | हिंसा |
| | | | मत्सर |
| | | | रजोगुण |
| | | | प्रमाद, निद्रा |

यस्तु विज्ञानवान् भवति युक्तेन मनसा सदा ।
तस्येन्द्रियाणि वश्यानि सदश्वा इव सारथेः ॥ कठ० १।३।३-५

रथः शरीरं पुरुषस्य राजन्नात्मा नियन्तेन्द्रियाण्यस्य चाश्वाः ।
तैरप्रमत्तः कुशली सदश्वैर्दान्तैः सुखं याति रथीव धीरः ॥
एतान्यनिगृहीतानि व्यापादयितुमप्यलम् ।
अविधेया इवादान्ता हयाः पथि कुसारथिम् ॥

(महा० उद्योग ३४।५९-६०),

आहुः शरीरं रथमिन्द्रियाणि हयानभीषून् मन इन्द्रियेशम् ।
वर्त्मानि मात्रा धिषणां च सूतं सत्त्वं बृहद् बन्धुरमीशसृष्टम् ॥
अक्षं दश प्राणमधर्मधर्मौ चक्रेऽभिमानं रथिनं च जीवम् ।
धनुर्हि तस्य प्रणवं पठन्ति शरं तु जीवं परमेव लक्ष्यम् ॥
रागो द्वेषश्च लोभश्च शोकमोहौ भयं मदः ।
मानोऽवमानोऽसूया च माया हिंसा च मत्सरः ।
रजः प्रमादः क्षुन्निद्रा शत्रवस्त्वेवमादयः ।
रजस्तमःप्रकृतयः सत्त्वप्रकृतयः क्वचित् ॥
यावन्नृकायरथमात्मवशोपकल्पं धत्ते गरिष्ठचरणार्चनया निशातम् ।
ज्ञानासिमच्युतबलो दधदस्तशत्रुः स्वानंज्यतुष्ट उपशान्तमिदं विजह्यात् ॥
नो चेत्प्रमत्तमसदिन्द्रियवाजिसूता नीत्वोत्पथं विषयदस्युषु निक्षिपन्ति ।
ते दस्यवः सहयसूतममुं तमोन्धे संसारकूप उरुमृत्युभये क्षिपन्ति ॥

श्रीमद्भा० ७।१५।४१-४६ ।

मानस और कठ या भागवत के रूपकों का अन्तर केवल इतना है कि पहले में जहाँ धर्म और उसके अवयवों द्वारा रूपक का निर्माण किया गया है वहाँ दूसरे में शारीरिक अवयवों द्वारा। माध्यम दोनों में रथ ही है। विश्व में यदि कोई निःसंशय महान् है तो वह धर्म है क्योंकि यह उसकी प्रतिष्ठा है 'धर्मो विश्वस्य जगतः प्रतिष्ठा,' तै० आ० १९।६३। धारणाद् धर्ममित्याहुर्धर्मेण विधृताः प्रजाः, महा० शां० १०९।११; इस परिभाषा के अनुसार किसी भी वस्तु के धारक तत्त्व का नाम धर्म है। हमारे जीवन के जो मूलभूत प्राणवन्त तत्त्व हैं वे सब धर्म में निहित हैं। धर्म पर ही हमारे उत्थान-पतन की आधारशिला टिकी हुई है। संसार में ऐहलौकिक और पारलौकिक दोनों ही प्रकार के सत्यों की प्राप्ति के लिए धर्म की महती आवश्यकता है। संस्कृत वाङमय में धर्म के स्वरूप पर गम्भीरता के साथ विचार हुआ है। इस दिशा में पहला मनु का 'दशकं धर्मलक्षणम्' आदि उल्लेख मिलता है जिसके अनुसार धृति, क्षमा, दम, अस्तेय, शौच, इन्द्रियनिग्रह, धी, विद्या, सत्य और अक्रोध ये धर्म के दस लक्षण हैं[1]। इसी का परिवर्धित रूप श्रीमद्भागवत में भी मिलता है जहाँ धर्म को 'त्रिंशल्लक्षणवान्' कहा गया है : १—सत्य, २—दया, ३—तपस्या, ४—पवित्रता, ५—कष्टसहिष्णुता, ६—उचित-अनुचित का विचार, ७—मन का संयम, ८—इन्द्रियों का संयम, ९—अहिंसा, १०—ब्रह्मचर्य, ११—त्याग, १२—स्वाध्याय, १३—सरलता, १४—संतोष, १५—समदर्शिता, १६—सेवा, १७—सांसारिक भोगवृत्ति का त्याग, १८—लौकिक सुख प्राप्ति के प्रयत्न विपरीतफलदायक हैं यह विचार १९—मौन, २०—आत्मचिन्तन, २१—प्राणियों में अन्नादि का संविभाग और उनमें इष्ट दर्शन, २२—भगवान् के रूप, गुण, लीला आदि का श्रवण, २३—उनके नामका संकीर्तन, २४—स्मरण, २५—सेवा, २६—उनकी पूजा, २७—उनको नमस्कार २८—उनके प्रति दास्यभाव, २९—सख्यभाव, ३०—भगवान् को आत्मसमर्पण।[2]

लगता है गोस्वामी जी ने धर्मरथ की मूल प्रेरणा श्रीमद्भागवत के आधार पर ली होगी। जीवन में धर्म किस प्रकार आचरणीय बने इसी के प्रतिपादन के लिए भगवान् का अवतार होता है। राम के जीवन की क्रिया इतनी पुनीत है कि उसका धर्म स्वयं आचरण

[1] धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः।
धीर्विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम्॥ मनु० ६।९२

[2] सत्यं दया तपः शौचं तितिक्षेक्षा शमो दमः।
अहिंसा ब्रह्मचर्यं च त्यागः स्वाध्याय आर्जवम्॥
संतोषः समदृक् सेवा ग्राम्येहोपरमः शनैः।
नृणां विपर्ययेहेक्षा मौनमात्मविमर्शनम्॥
अन्नाद्यादेः संविभागो भूतेभ्यश्च यथार्हतः।
तेष्वात्मदेवताबुद्धिः सुतरां नृषु पाण्डव॥
श्रवणं कीर्तनं चास्य स्मरणं महतां गतेः।
सेवेज्यावनतिर्दास्यं सख्यमात्मसमर्पणम्॥
नृणामयं परो धर्मः सर्वेषां समुदाहृतः।
त्रिंशल्लक्षणवान् राजन् सर्वात्मा येन तुष्यति॥ श्रीभा० ७।११।८-१२

करता है और राम कहीं धर्म को छोड़ना भी चाहते हैं तो वह इतना दृढ़ है कि उनका साथ कभी नहीं छोड़ता। हमलोगों के जीवन की स्थिति ठीक इसके विपरीत है। हम चाह कर भी धर्म को अपनी क्रिया के अनुकूल नहीं बना पाते। क्रिया के अनुकूल बनना तो दूर रहा हम स्वधर्म का ठीक पालन भी नहीं कर पाते। परिणामतः हमारा संपूर्ण जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। देखा यही जाता है कि किसी भी पहलू पर हम दुर्गुणों से परास्त हो जाते हैं। जीवन में सद्गुणों का एक साथ दर्शन कभी नहीं हो पाता है। इसका प्रधान कारण धर्माभाव ही है। दुर्गुण परस्पर संगठित हैं और जहाँ भी उन्हें जाना होता एक साथ पहुँचते हैं। सामूहिक रूप से इनका हमारे जीवन में प्रवेश ही हमारे धर्म से च्युत होने का कारण होता है। मानस में दुर्गुणों के सम्मिलित आक्रमण का वर्णन नारदमोह के प्रसंग में प्राप्त होता है जहाँ उन्हें ये सब 'प्रणश्यति' की स्थिति में ला देते हैं। अतः यदि युद्ध इन आन्तरिक क्षत्रुओं से करना है तो हमें धर्मरथ पर चढ़कर आक्रमण करना होगा जिसमें सद्गुण एकत्रित हैं। विजय के लिए इन गुणों में क्रम अत्यन्त आवश्यक है इसीलिए इनका रथ के रूप में वर्णन किया गया है जो इस प्रकार है —

**चक्र—'सौरज धीरज तेहि रथ चाका'**—इस धर्म-रथ के चक्के शौर्य और धैर्य हैं। पहिए में दो गुण हैं वह परिस्थिति के अनुसार गतिशील भी है और स्थिर भी। स्थिरता उसके केन्द्र बिन्दु पर रहती है। शौर्य गति है और धैर्य स्थिति है। दो चक्कों की आवश्यकता है, एक चक्र से रथ में गतिशीलता नहीं आ सकती। चलने को तो रथ चलेगा ही पर घिसटते हुए। जीवन संघर्षमय है इसलिए शौर्य और धैर्य की आवश्यकता है। रणक्षेत्र में जो शूरवीर नहीं है वह क्षण भर भी टिक नहीं सकता। शूरता का प्रदर्शन नहीं होना चाहिए। महान् पुरुषों में यह गुण प्रकृतिसिद्ध होता है। 'विपदि धैर्यं···युधि विक्रमः प्रकृतिसिद्धमिदं हि महात्मनाम्।' धैर्य अविचलित होता है। धैर्य यदि विचलित हो गया तो शूर बनकर भी हम संग्राम से भाग खड़े होते हैं एवं पराजय शत्रु के विना कुछ किए ही हमारे मत्थे आ पड़ती है। विपत्तियों के थपेड़े धैर्यवान् को विचलित नहीं कर पाते। धैर्य के अभाव में जीवन का संतुलन विषम हो जाता है। विकार-हेतु के उत्पन्न होने पर भी जिनका चित्त विचलित नहीं होता वे ही सचमुच धीर हैं। धैर्यवान् विपत्तियों के मस्तक पर पैर रखकर अपने मार्ग का निर्माण करता है। वैसे तो रावण भी शूर है पर उसमें धैर्य का अभाव है। भगवान् राम का धैर्य अविचलित है। हाँ प्रेमजगत् की बात अलग है। वहाँ तो विजय की इच्छा ही नहीं, पराजयवरण को ही परम सौभाग्य माना जाता है। भरत से पराजित होना ही वे चाहते हैं विजयी होना नहीं। मोह समय आने पर अपने आप विचलित हो जायगा। शूरता से संग्राम जीता जा सकता है पर धीरता के अभाव में उस विजय के अहंकार रूपी बोझ को हम संभाल नहीं पाते। अतः शौर्य और धैर्य धर्मरथ की स्थिरता, गति एवं संतुलन के लिए आवश्यक हैं।

**ध्वजा-पताका** · **'सत्यसील दृढ़ ध्वजा पताका'**—गति एवं स्थिति के बाद धर्मरथ में महत्व की वस्तु सत्य की ध्वजा और शील की पताका है। ध्वजा और पताका ही ऐसी दो वस्तुएँ है जो रथी की स्थिति की सूचना देती हैं। इनकी स्थिति से संपूर्णसैन्य उत्साहित रहता है। जीवन में यदि सत्य और शील हैं तो धर्म की स्थिरता है अन्यथा नहीं। शत्रु

का प्रथम प्रयास यही होता कि विपक्षी की ध्वजा और पताका को काट गिराए, क्योंकि ध्वजा और पताका के कटने से सेना को रथी की पराजय या संकट की सूचना मिलती है और वह भाग खड़ी होती है। दुर्गुणों का पहला प्रयास यही होता है कि वे सत्य और शील को समाप्त कर देना चाहते हैं और जब सत्य और शील हमारे जीवन से चले जाते हैं फिर अन्य सभी सहायक सद्गुण अपने आप धीरे-धीरे साथ छोड़ देते हैं। इसलिए दृढ़ विशेषण दिया कि ये दृढ़ होने चाहिएँ, ये किसी तरह से न कटने पाएँ। महत्त्व की दृष्टि से दोनों समान होते हुए भी दो स्थिति के हैं। पताका ऊँची होती है ध्वजा कुछ नीची। ध्वजा निकट से एवं पताका दूर से प्रेरित करती है। फिर भी धर्मरथ में पताका का स्थान ऊंचा है। सत्य सबकी प्रतिष्ठा है पर वह कटु होता है उसे परिमार्जित करने के लिए शील की आवश्यकता है। यह ठीक है कि सत्य के अभाव में शील दम्भ है किन्तु शील के बिना सत्य भी कोरा अहंकार है। पताका ही दूर से सैनिकों को बढ़ावा देती है क्योंकि वह ऊँची और लम्बी होती है। हम अपने शील से ही अपने अन्य मित्रों के हृदय को जीतकर अपनी ओर खींचते हैं। सिद्धान्त यह है कि व्यक्ति अपने लिए सत्यवान् बने और दूसरों के लिए शीलवान्। शीलवान् सत्य का त्याग नहीं करता। शील में दूसरों की भावना के लिए पर्याप्त स्थान हैं। शीलवान् अपना व्रत छोड़कर भी दूसरों के व्रतों की रक्षा करता है। स्व और पर का परस्पर मेल ही सत्यशील का रहस्य है। इससे हम अपने साथ ही दूसरों का भी महत्त्व समझते हैं।

अश्व—**'बल बिबेक दम परहित घोरे'** ये ही धर्मरथ के चार घोड़े हैं। बलवान्, दमसंपन्न, परहित, और विवेकी पुरुष ही धर्मरथ के भार को वहन कर सकता है। जो निर्बल, विषयी, द्रोही और अविवेकवान् है वह शूर, धीर, धर्मध्वज होकर ही क्या करेगा ? उससे धर्मरथ नहीं खींचा जा सकता। रथ के उपकरणों में सभी जड़ हैं, घोड़े अर्धचेतन और सारथि पूर्णचेतन है। बिना चैतन्य के जड़में गति संभव नहीं। अतएव गतिशीलता प्रदान करने के लिए घोड़े आवश्यक हैं। रथ में इनका एक क्रम है। चञ्चल घोड़ों को आगे रखने से रथ के उलटने का भय है अतः आगे शान्त एवं अभ्यस्त घोड़े जोते जाते हैं जिनके पीछे उनका अनुगमन करने वाले दो और हैं। परहित और दम अगले घोड़े हैं। बल और विवेक पीछे के। बल उद्धत होता है अतः उसे परहित में लगाना चाहिए वैसे ही विवेक को दम, अर्थात् इन्द्रिय-निग्रह में।

**रस्सी—'छमा कृपा समता रजु जोर'**—घोड़े अलग-अलग नहीं अपितु एक साथ क्षमा, कृपा और समता रूपी रस्सियों से जुड़े हैं। घोड़ों को नियंत्रित करने के लिए रस्सी तिहरी है। तीनों उत्तरोत्तर श्रेष्ठ हैं। क्षमा बल को, समता विवेक और दम को तथा कृपा परहित को नियन्त्रित करती है। क्षमा किसी को अपराधी मानकर करते हैं, कृपा किसी की दीनता देखकर अतः दोनों में विषमता पहले से है। अतः दोनों समता से परिमार्जित होती हैं। क्षमा और कृपा का जीवन में दूसरों से संबन्ध है समता का अपने से। जीवन में सुख-दुःख, मान-अपमान, निन्दा-स्तुति में समान रहना ही उचित है।

**सारथि—'ईस भजनु सारथी सुजाना'**—सारथि पूर्णचेतन है। वह डोर, घोड़े और संपूर्ण रथ को नियंत्रित रखता है। चतुर सारथी रथी का संरक्षण करता है। सभी उपकरणों

के क्षीण होने के बाद भी वह रथी को उसके लक्ष्य की ओर प्रेरित करता रहता है। धर्म-रथ में ईशभजन सारथी का काम करता है। ईशभजन करने वाले का कभी नाश नहीं होता, 'न मे भक्तः प्रणश्यति, गीता ९।३१। विघ्नों से छूटने का एकमात्र उपाय ईश्वर प्रणिधान ही है। जीवन में गुणों का परस्पर मेल विना ईशकृपा के संभव नहीं। यदि कभी किसी कारणवश इनका समागम एक स्थान पर हो भी जाय तो ये अहं से अलग नहीं रह सकते। हम लोगों के जीवन की संपूर्ण क्रिया कर्तृत्वाभिमान से युक्त है। अहं को छोड़कर हम क्षणभर भी कुछ दूसरा नहीं सोच सकते। गुण अहं के लेप से विषयोन्मुख हो जाते हैं। प्रश्न है कि किस प्रकार गुणों का संवन्ध हम ईश्वर से जोड़े। ये गुण व्यक्तिगत जीवन में अहं से पूर्ण होने के कारण शून्य हैं। भगवान् के साथ इनका संबन्ध होने पर जैसे अङ्क पा जाने पर शून्य का मूल्य दशगुना वढ़ जाता है वैसे ही ये दशगुने महत्व के हो जाते हैं। दुर्गुण भी ईश्वर के संपर्क से सद्गुण बन जाते हैं नहीं तो सद्गुण भी हमारे जीवन में दुर्गुण बन जाते हैं। भक्त कभी भी गुणों का श्रेय अपने में आरोपित नहीं करता। वह उन्हें ईश्वरकृपा का ही परिणाम मानता है। ये गुण हमारे जीवन में ईश्वर कृपा से नियंत्रित हों यही गोस्वामी जी का दृष्टिकोण है। ईश्वर-भजन के संरक्षण में हम अपने आपको सौंपकर भौतिक बाधाओं से मुक्त हो जाते हैं।

**चर्म—'विरति चर्म'** अब तक रथ, अश्व और सारथि का वर्णन हुआ, किन्तु युद्ध के लिए शस्त्रास्त्र भी अपेक्षित हैं। युद्ध में अपनी रक्षा के लिए एवं शत्रु पर आक्रमण करने के लिए अस्त्र-शस्त्र चाहिए। इसलिए पहले अपनी संरक्षा के लिए चर्म की आवश्यकता है। धर्म-रथ का चर्म वैराग्य है। ढ़ाल सदा पीछे रहती है पर आक्रमण के समय सदा आगे आकर हमारी रक्षा करती है। शत्रु के अस्त्र-शस्त्रों को विफल करने के लिए जिगीषु के पास एक मात्र साधन ढाल है। वैराग्य स्वयं निरपेक्ष है और सदा पीछे छिपा रहता है पर समय पर हमारी रक्षा करता है। वैराग्य दिखावे की वस्तु नहीं। राग अच्छी वस्तु है पर वह भगवदुन्मुख हो तो। चूंकि रागों की सहज प्रवृत्ति विषयों की ओर है अतः वे बन्धनकारी हैं। वैराग्य नीरस होता है अतः विषयों की ओर कभी झुकता नहीं। अतः धर्मपथ में अविचल रहता है। ईश-भजन विराग-युक्त होना चाहिए।

**कृपाण—'संतोष कृपाना'**—शत्रु पर आक्रमण के लिए पहला आयुध कृपाण है। वैराग्य से शत्रु के शस्त्राशस्त्र विफल हो सकते हैं पर शत्रु का समूल विनाश संभव नहीं। दुर्गुणरूपी शत्रु के नाश के लिए संतोषरूपी कृपाण चाहिए। जीवन में जब कभी भी अभाव का अनुभव हमें होता है तभी शत्रु (दुर्गुण) हमारे ऊपर आक्रमण करते हैं। अभाव से कामना, कामना से लोभ और लोभ से ही सभी पापों की सृष्टि होती है। काम, क्रोध, लोभ इन तीनों शत्रुओं का नाश संतोष से होता है। जिसके पास गन्धर्व-नगर बनाने का मनोरथ नहीं वह सुखी है। 'विनु संतोष न काम नसाहीं। काम अछत सुख सपने नहीं। संतोष विषयों की आशा का पूर्ण शोषक है। संतोष के पदार्पण के साथ ही दुर्गणरूपी शत्रुओं का समूल नाश प्रारम्भ हो जाता है। अतः यह बहुत महत्त्व का है।

**परशु—'दान परसु'**—संग्राम में विभिन्न प्रकार के शत्रुओं से लड़ने के लिए अनेक प्रकार के आयुधों की आवश्यकता है, एक से ही काम नहीं चलेगा। कृपाण से पास में

आए हुए शत्रुओं पर ही प्रहार कर सकते हैं। दूर वाले शत्रु का उससे नाश नहीं हो सकता। उस प्रहार के लिए फरसे की जरूरत होगी। यहाँ दान ही फरसा है। विषयों की कामना का नाश तो हम संतोष से कर सकते हैं किन्तु प्राप्त सुखों की ममता का उच्छेद केवल दानरूपी परशु से ही संभव है। ममत्व-त्याग का सबसे सुगम उपाय दान है। दान से धर्म का मार्ग कण्टकरहित एवं स्वच्छ रहता है। किन्तु ध्यान देने योग्य बात यह है कि इन आयुधों को सावधानी से चलाना चाहिए। असावधानी बर्तने पर ये स्वयं पर ही घात कर सकते हैं। दान देकर भी यदि दान देने का अभिमान या पश्चात्ताप हुआ तो वह एक-दम निष्फल हो जायगा।

**शक्ति**—'बुधि सक्ति प्रचण्डा' बुद्धि ही वह प्रचण्ड शक्ति है जो शत्रु को और दूर से ही आहत कर सकती है। कृपाण और परशु तो शत्रु के कुछ पास आने पर सफल हो सकते हैं किन्तु यह तो पास आने ही नहीं देगी और यदि आ गया तो भी मार गिरायेगी। इसीलिए यह शस्त्र और अस्त्र दोनों है। इससे सुख के साधनों को तुच्छ और दुःख पर प्रहार भी किया जा सकता है। यह बुद्धि ही हमारे कर्तव्य-अकर्तव्य, प्रवृत्ति-निवृत्ति, एवं सुख-दुःख का निर्णायक होती है। यही हमारा मार्ग बनाती है।

**कोदण्ड**—'बर बिग्यान कठिन कोदण्डा' बहुत दूर स्थित शत्रु को मारने के लिए धनुष की आवश्यकता है। परमात्मज्ञान ही कठिन कोदण्ड है जिससे प्रबल से प्रबल शत्रु पर प्रहार होता है। इससे पास और दूर दोनों प्रकार के शत्रुओं का नाश होगा। केवल शुष्क ज्ञान नहीं अपितु भगवद्भक्ति से पूर्ण ज्ञान ही प्रशंसित है 'सोह न राम प्रेम बिनु ग्यानू'। कोरा शास्त्रीय ज्ञान भक्ति और क्रिया के अभाव में बकवास मात्र होगा। उसका अनुभव भक्ति से ही संभव है। धनुष और प्रत्यंचा दोनों का महत्व है। वर-विज्ञान धनुष है और भक्ति उसकी प्रत्यंचा है। विज्ञान प्राप्त होने पर भी भक्ति के अभाव में वह निष्फल हो जायगा।

**तूणीर और बाण**—'अमल अचल मन त्रोन समाना। सम जम नियम सिलीमुख नाना'। धनुष के साथ ही तूणीर और बाण भी कम महत्वपूर्ण नहीं। पवित्र मन ही तूणीर है जिसमें शम-यम-नियम[1] रूपी बाण सदा भरे रहने चाहिए। विषयों से मलिन

---

[1] (अ) अहिंसा सत्यमस्तेयमसङ्गो ह्रीरसंचयः।
आस्तिक्यं ब्रह्मचर्यं च मौनं स्थैर्यं क्षमाभयम्।
शौचं जपस्तपो होमः श्रद्धातिथ्यं मदर्चनम्।
तीर्थाटनं परार्थेहा तुष्टिराचार्यसेवनम्॥ श्री० भा० ११।१९।३३-३५
एते यमाः सनियमा उभयोर्द्वादश स्मृताः।
शमो मन्निष्ठता (भगवत्परायणता)···॥
अहिंसा आदि यम हैं, शौच आदि नियम हैं, भगवान् में एकनिष्ठ प्रेम शम हैं।

[1] (ब) अहिंसा, सत्यभाषण, चोरी न करना, ब्रह्मचर्य, और भोग-सामग्रियों का संग्रह न करना ये ५ प्रकार के यम हैं 'अहिंसा सत्यास्तेयब्रह्मचर्यापरिग्रहा यमाः' (योग० २।३०)

बाह्याभ्यन्तरशौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वरप्रणिधान ये पाँच नियम हैं, शौचसंतोषतपःस्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि नियमाः योग० २।३२।

मन में शम, यम, नियम आदि बाण नहीं रह सकते। भगवद्भक्ति से ही मन शुद्ध एवं स्थिर होगा जिसमें बाणों का आधान किया जा सकता है।

**कवच**—'कवच अभेद विप्र गुर पूजा' आत्म-संरक्षण के लिए दो उपाय बतलाया एक ढाल और दूसरा कवच। ढाल पास की लड़ाई में तो काम आ सकती है किन्तु संभव है दूर की लड़ाई में वह हमारी रक्षा न कर सके। इसलिए कवच जरूरी है। विप्र और गुरु-पूजा ही अभेद्यकवच है। ब्राह्मण अपनी तपस्या से रक्षा करता है। यही कवच है और गुरुकृपा उसकी अभेद्यता है। गुरु अपनी सामर्थ्य से ब्रह्मा के कोप से रक्षा करता है। जहाँ सब कुछ व्यर्थ हो जाता है उस स्थिति में विप्र और गुरु का आशीष ही हमारे त्राण का उपाय शेष रहता है। उसी के बल पर हम भवसागर से पार पाते हैं। सचमुच इसके समान अपनी विजय का दूसरा उपाय नहीं है।

यह तो हुआ रथ का वर्णन जिस पर आरूढ़ होकर हमें शत्रु से लड़ना पड़ता है किन्तु इसके साथ ही किससे लड़ना है उसकी कितनी ताकत है यह भी जानना जरूरी है।

**रिपु**—'महा अजय संसार रिपु' संसार ही हमारा प्रबल शत्रु है यह अकेला नहीं अनेकानेक इसके सहायक हैं। मायिक संसार कितना प्रबल है इसका वर्णन गोस्वामी जी के ही शब्दों में पढ़िए—

**नारद भव बिरंचि सनकादी। जे मुनिनायक आतमबादी॥**
**मोह न अंध कीन्ह केहि केही। को जग काम नचाव न जेही॥**
**तृस्नाँ केहि न कीन्ह बौराहा। केहि कर हृदय क्रोध नहिं दाहा॥**
**ग्यानी तापस सूर कबि कोबिद गुन आगार।**
**केहि कै लोभ बिडम्बना कीन्ह न एहिं संसार॥**
**श्रीमद बक्र न कीन्ह केहि प्रभुता बधिर न काहि।**
**मृगलोचनि के नैन सर को अस लाग न जाहि॥**
**गुनकृत सन्यपात नहिं केही। कोउ न मान मद तजेउ निबेही॥**
**जोबन ज्वर केहि नहिं बलकावा। ममता केहि कर जस न नसावा॥**
**मच्छर काहि कलंक न लावा। काहि न सोक समीर डोलावा॥**
**चिन्ता साँपिन को नहिं खाया। को जग जाहि न ब्यापी माया॥**
**कीट मनोरथ दारु सरीरा। जेहि न लाग घुन को अस धीरा॥**
**सुत बित लोक ईषना तीनी। केहि कै मति इन्ह कृत न मलीनी॥**
**यह सब माया कर परिवारा। प्रबल अमित को बरनै पारा॥**
**ब्यापि रहेउ संसार महुँ माया कटक प्रचण्ड।**
**सेनापति कामादि भट दंभ कपट पाषण्ड॥** (उत्तर० ७०।७१)

ऐसे प्रबल शत्रुओं से लड़ना क्या आसान है? और यही नहीं युद्ध के उपरोक्त संपूर्ण उपकरण हों और रथी निर्बल रहे तो क्या विजय संभव है? सबसे स्वस्थ तो रथी को ही होना चाहिए और यह स्वस्थता न केवल शारीरिक होनी चाहिए अपितु मानसिक स्वस्थता के अभाव में अध्यात्मजगत् में काम नहीं चल सकता। गोस्वामी जी ने उत्तर

काण्ड १२१ में मानस रोगों का वर्णन किया है जो द्रष्टव्य है। संनिपात, शूल, कुष्ट, क्षय आदि भयानक रोग हम सबको भीतर से जर्जरित कर दिए हैं फिर संसार शत्रु की विजय कैसे संभव है? गोस्वामी जी ने लिखा है कि एक भौतिक रोगवश तो लोगों की मृत्यु होती है और ये अनेक असाध्य व्याधियाँ हैं जिनकी कोई चिकित्सा लोक में नहीं। यदि कोई स्वस्थ होना चाहता है तो उसके लिए केवल एक ही औषधि है और वह यह है—

**रामकृपाँ नासहिं सब रोगा। जौं एहि भांति बनै संयोगा॥**
**सदगुर बैद बचन बिस्वासा। संयम यह न विषय कै आसा॥**
**रघुपति भगति सजीवनि मूरी। अनूपान श्रद्धा मति पूरी॥**
**एहि बिधि भलेहिं सो रोग नसाहीं। नाहिं त जतन कोटि नहिं जाहीं॥**

(उत्तर० १२२।५-८)

श्रद्धापूर्ण भगवान् की भक्तिरूपी संजीवनी से ही इनका नाश संभव है। स्वस्थ होने का लक्षण यही है कि जब मन में वैराग्य रूपी बल बढ़े, सुमति रूपी क्षुधा बढ़ जाय, विषयों की आशारूपी दुर्बलता समाप्त हो जाय, और ज्ञानरूपी जल में स्नान करने की इच्छा प्रबल हो ऐसी स्थिति में साधक को स्वस्थ समझना चाहिए। ऐसा स्वस्थ साधक ही धर्मरथ पर आरूढ़ होकर सर्वत्र अबाध गति से विचर सकता है। उसे भौतिक या आध्यात्मिक किसी प्रकार की बाधा नहीं सता सकती।

भगवान् राम का विभीषण को रणक्षेत्र में दिया गया यह उपदेश न केवल विभीषण के लिए था अपितु आज भी वह हम सब का भला कर सकता है। अपने जीवन को ध्यानपूर्वक हम लोग देखें तो यह स्पष्ट होते देर न लगेगी कि जीवन के कितने महत्त्वपूर्ण पहलुओं पर हम अपने अविवेक और प्रमाद से न केवल अपनी हानि उठाते हैं अपितु समष्टि की हानि करते हुए भी हमें जरा-सा संकोच नहीं होता। हमने अपनी स्थिति के विषय में कभी सोचा तक नहीं कि हम कितने दयनीय हैं, कितना अशान्त है हमारा भौतिक जीवन जहाँ अपसंचय के होते हुए भी हम सब तरह से दुखित हैं, खिन्न हैं। क्या ही अच्छा होता यदि हम लोग भी इस धर्म-रथ पर आरूढ़ होने का प्रयास करते हुए यह अनुभव करते कि धर्म-रथ किस सीमा तक हमारी भौतिक और आध्यात्मिक समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करता है। मुझे विश्वास है कि पाठक इसका पारायण करने के उपरान्त अवश्य ही अपने लिए कुछ उत्तम वस्तुओं का संग्रह कर सकेंगे। यदि हम धर्म-रथ के कुछ-एक गुणों को भी अपना सके तो 'स्वल्पमप्यस्य धर्मस्य त्रायते महतो भयात्' के अनुसार अपने को महान् भय से आसानी से बचा सकते हैं।

———

# उर्दू बनाम हिन्दी (२)

## डॉ० मोहन लाल तिवारी

तूतिए-हिंद खुसरो की ज़बान को 'फ़ारसी-आमेज़' यानी फ़ारसी मिश्रित हिंदी कहते हैं। वे ही खड़ी बोली हिंदी और उर्दू के प्रथम साहित्यकार माने जाते हैं। उनका स्थान पुरानी हिंदी और उर्दू में उसी प्रकार का है, जैसा कि आधुनिक हिंदी और उर्दू में किशन-चन्दरका। भाषा की दृष्टि से हिंदी भी अंग्रेज़ी के समान समन्वयवादिनी है। जिस प्रकार वह प्राचीन काल में 'फ़ारसी-आमेज़' थी उसी प्रकार आजके युगमें 'अंग्रेज़ी-आमेज़' हो गई है। जब सुल्तानयुग में मुसलिम सूफ़ियों ने हिंदीमें लिखना-पढ़ना शुरू किया तो यह स्वाभाविक था कि देशी विषयवस्तु एवं दर्शन के साथ हिंदी साहित्य में विदेशी विषयवस्तु एवं दर्शन को भी स्वीकार किया जाता। हिंदी का प्रयोग साहित्य में अभी आरंभ ही हुआ था। साहित्यकी दृष्टि से आधुनिक फ़ारसी हिंदी से आगे और संपन्न थी, जिसमें अनेक अरबी प्रभाव भी आ चुके थे, क्योंकि आर्यदेश ईरान राजनीतिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से अरबों द्वारा परास्त किया जा चुका था। शेरशाह के पूर्व कबीर और समकालीन जायसी में आगत विदेशियों की भाषा फ़ारसी के अनेक प्रभाव - खासकर प्रेम में विरह की अभिव्यंजना संबंधी भाव और प्रतीक—प्रकट हैं। कबीर से पूर्व के साहित्यकार—चाहे जो भी प्रामाणिक हों—अधिक से अधिक कुछ विदेशी शब्दों तक ही रह गए, पर उनके बाद सूफियों ने ईश्वर की कल्पना नारी के रूपमें प्रस्तुत कर, हिंदी साहित्य में इश्क़-मजाज़ी और इश्क़-हक़ीक़ी का क्रम स्थापित कर विदेशी दार्शनिक पृष्ठ भूमि को व्यवस्थित कर दिया। माशूक या प्रियपात्र की कल्पना पुंल्लिंगवत् भी होने लग गई, जो 'आँसू' तक में मौजूद है—"वे सुमन नोचते रहते करते जानी अनजानी"। ये सारी बातें जहाँ एक ओर हिंदी में ली गईं, वहीं ज्यों की त्यों उर्दू में भी। इस दृष्टि से हिंदी-उर्दू ने विदेशी तत्त्वों में कोई भेद नहीं किया है।

दक्खिनी हिंदी को हिंदीके विद्वान उर्दू से ज्यादा हिंदी ही मानते हैं, जब कि सारा दक्खिनी साहित्य उर्दू की भाँति अरबी लिपि में लिखा गया है, सभी कविताएं अरबी छंदों में लिखी गई हैं। गद्य लिखने में बीच-बीच में क़ितअ् और बैत (पद्य) लिखने का फ़ारसी तरीक़ा अपनाया गया है। दक्खिनी हिंदी के आरंभिक साहित्य का अधिकांश मुसलिम सूफ़ियों ने लिखा है, जिनसे दरबार के धार्मिक मुल्लाओं से सदैव खटपट रहा करती थी। जहाँ मुल्ला दमन और तलवार, बुतशिकन और काफ़िरों को नेस्त-नाबूद करने मे यक़ीन करते थे, वहीं सूफ़ी प्रेम और हृदय-परिवर्तन तथा समन्वय में विश्वास रखते थे। यह अन्तर्विरोध वास्तव में अरबी और ईरानी (आर्य) संस्कृति के संस्कारों एवं परंपराओं का अन्तर्विरोध था जिसे हम बार-बार भूलते या भुलाते रहते हैं। यह हमें स्मरण रखना होगा कि ईरान या फ़ारस सांस्कृतिक दृष्टिकोण से अरब की अपेक्षा भारत के अधिक निकट है। उर्दू साहित्य भाव और वातावरण की दृष्टि से अरब से कम और फ़ारस (ईरान) से अधिक प्रभावित है। और, ये सारे प्रभाव हिंदी में भी मौजूद हैं।

वली औरंगाबादी तक (१७३० ई० तक) का सारा खड़ी बोली साहित्य चाहे वह नागरी लिपि में हो या अरबी लिपि में, एक ही है। वली के प्रभाव से मात्रात्मक अन्तर यही होता है कि एक किस्म के साहित्य में अरबी-फ़ारसी शब्द अपेक्षाकृत अधिक बढ़ा दिए गए, किंतु ये शब्द किसी न किसी रूप में, एक साथ **न** रहने पर भी, हिंदी में अपरिचित नहीं रहे, बल्कि हमारी हिंदी में भी प्रयुक्त होते रहे। खटकनेवाली बात एक ही हो सकती है कि कथाएं, उपकथाएं, नायक-नायिकाएं और नसीहत की बहुत सी बातें देशी न होकर विदेशी हैं। इसके लिए उर्दू भाषा और साहित्य को नहीं बल्कि राजनीतिक व्यवस्था और सामाजिक संगठन को जिम्मेदार ठहराना होगा। इतिहास के शाश्वत नियम के अनुसार राजनीतिक और सांस्कृतिक दासता में ऐसी बातें होती ही हैं। रीतिकाल में हिंदी साहित्य मुग़ल-प्रभावित घोर विलासिता की अभिव्यक्ति हो गया था, इसकी जिम्मेदारी हिंदी पर नहीं, राजनीतिक वातावरण और सामाजिक संगठन पर है। कहते हैं कि उर्दू में विलासिता का साहिप्य अधिक है, हिंदी में सूरदास से पद्माकर तक (एक-दो को छोड़कर), उर्दू को न्यायालय की भाषा घोषित किये जाने तक (१८३२ या ३५)—, हिंदी में क्या लिखा जाता रहा ? कुल मिलाकर हिंदी-उर्दू में कोई भी भद नहीं है जहाँ दोनों में छूत-अछूत की लाइन खींची जाय या यह कहा जाय कि उर्दू-साहित्य की यह बुराई हिंदी में नहीं आने पाई है।

बिहारी, मतिराम, घनानंद, देव, आलम, ठाकुर और पद्माकर की नायिका, श्रृंगार, विरह, तड़प, नायक, प्रकृति वर्णन इत्यादि में और मीर, ज़ौक़, ग़ालिब, दाग़, जफ़र इत्यादि के आशिक़-माशूक़-इश्क़ में कोई भी गुणात्मक अन्तर नहीं है; वैसे ही जैसे आजकलके उपन्यासों में महिला पात्रों संबंधी पूरब-पश्चिम का कोई भी अंतर नहीं रह गया है। अगर १८५७ में दिल्ली के सबसे बड़े शायर गालिब को अंग्रेज़ी साम्राज्यवाद के विरुद्ध कोई शिकायत नहीं है और उसके खिलाफ़ एक भी शब्द कहने के लिए नहीं है, तो १८३२ ई० में मरे महाकवि पद्माकर की पूरी कविता में एक भी शब्द ब्रिटिश साम्राज्यवाद के विरुद्ध नहीं दिखाई देता, जिनके मरने के तीन ही वर्ष बाद अंग्रेज़ी को भारत की शिक्षा में अनिवार्य विषय, और उर्दू को न्यायालय की भाषा का कानूनी रूप दिया गया। कौन दोषी है, कौन दोष मुक्त ?

बीच के दौर में एक ही भाषा को दो प्रकार की साहित्यिक अभिव्यक्तियों का साधन बनाकर साम्राज्यवाद-प्रभूत साम्प्रदायिकता का इष्ट साधन किया गया, फलस्वरूप हिंदी-उर्दू के दो परस्पर विरोधी खेमें गड़ गए और दोनों का संचालन आज का हमारा लंदनवासी मित्र करता रहा। हिंदी-उर्दू साहित्य का यह एक अप्रिय किन्तु कटुसत्य है। इस पटाक्षेप के पश्चात् उर्दू साहित्य में कुछ ऐसी विभूतियाँ दिखाई पड़ती हैं, जिनका समस्त भारतीय साहित्य में गौरवपूर्ण स्थान है। नज़ीर अकबरावादी, किशनचन्दर, ख्वाजा अहमद अब्बास, साहिर लुधियानवी, जिगर मुहादाबादी, सज्जाद ज़हीर और रघुपत सहाय फ़िराक़ जैसे उच्चकोटि के साहित्यकारों ने जनता के जीवन को और साहित्य की प्रवृत्तियों को युगान्तरकारी मोड़ प्रदान किया है। बहुत माने में इनका युगीन साहित्य हिंदी साहित्य की तुलना में कहीं आगे है और नेतृत्व के पद पर है। जहाँ तक वैज्ञानिक विचारों एवं नए जीवन मूल्यों का प्रश्न है उर्दू साहित्यकार समस्त भारतीय साहित्य में किसी से कम जागरूक नहीं

हैं। आधुनिक हिंदी कविता की नई धारा में जहाँ हमारे प्रतिनिधि कवि श्री अज्ञेय जी जीवन को स्वर्ग की मरीचिका में भुलाने की कोशिश में भूले हुए हैं और जनजीवन को छोड़कर आत्मवाद की दुहाई देने लगे हैं, वहीं साहिर लुधियानवी जैसे उर्दू के प्रतिनिधि कवि जन्नत को ज़िन्दगी में उतार लाने की हर कोशिश कर रहे हैं। इस विवेचन का तात्पर्य इतना ही है कि अच्छाई की दिशा में उर्दू ने आगे बढ़कर कदम रखा है। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि साहिर और अज्ञेय की कविता को, अब्बास और जैनेन्द्र के उपन्यास को, कवि सम्मेलनों में फ़िराक़ और बच्चन को सामान्यतः एक ही प्रकार के लोग पढ़ते-सुनते और समझते हैं। प्रेमचन्द्र और किशनचन्दर के बारे में तो अभी तक निर्णय ही नहीं हो सका है कि वे उर्दू के साहित्यकार हैं अथवा हिंदी के।

कहा जाता है कि उर्दू ने शेर, क़ितअ, बैत, रुबाई, मसनवी, ग़ज़ल इत्यादि सभी अरबी-फारसी छंदों को स्वीकार कर लिया है, और वहीं तक सीमित भी रह गई है। इससे पूर्णतः इनकार नहीं किया जा सकता। दूसरी ओर अगर हम दक्खिनी हिंदी को हिंदी मानते हैं और अपना कहते हैं तो हमें यह भी स्वीकार करना होगा कि दक्खिनी हिंदी के सभी छंद, बिना अपवाद के, अरबी छंद हैं। हिंदी काव्य में सूफियों की पद्धति मसनवी (द्विपदी) पद्धति ही है। इस दृष्टि से भी हिंदी-उर्दू में कोई अन्तर नहीं रह जाता। इस दिशा में आज की हिंदी अँग्रेज़ी की भी उतनी ही ऋणी है। हिंदी में अँग्रेजी छंद सॉनेट, ओड, लिरिक, ब्लैंकवर्स आज नहीं भारतेन्दु काल में ही अपना स्थान बना चुके थे (हिंदी काव्य पर आँग्ल प्रभाव—डॉ० रवीन्द्र सहाय वर्मा)। हिंदी की दूसरी शैली उर्दू भी इससे अछूती नहीं है। अँग्रेज़ी के नए अलंकार, जैसे मानवीकरण (परसानिफिकेशन)—'हे लाजभरे सौंदर्य! बता दो मौन बने रहा हो क्यों?'—प्रसाद, ध्वनि-अनुकरण (आनोमो-टोपोइया)—"सिर्फ़ एक अव्यक्त शब्द सा 'चुप चुप चुप' है गूँजता सब कहीं"—निराला, अपना महत्वपूर्ण स्थान बना चुके है, जिनसे हम हिंदी को मुक्तकर या शुद्धकर कम नहीं कर सकते।

रही बात विचारधारा की तो जहाँ उर्दू साहित्य अरबी-फ़ारसी विचारों से प्रभावित है, वहाँ यह देखा जा चुका है कि हिंदी भी उनसे प्रभावित है। शासन-प्रणाली का साहित्य पर प्रभाव अनिवार्य होता है। वर्तमानयुग में उर्दू-हिंदी अथवा सभी भारतीय भाषाओं के साहित्य पर अँग्रेज़ी शासन के कारण शेक्सपीयर, मिल्टन, शेली, बायरन, मिल, लॉक, रूसो, वाल्टेयर, फ्रायड, डार्विन, मार्क्स, लेनिन और माओ आदि साहित्यकारों एवं विचारकों का भरपूर प्रभाव पड़ा है। आज के युग में या दो जातियों एवं राष्ट्रों के संपर्क के युग में कोई भी साहित्य बाह्य प्रभाव से अछूता नहीं रह सकता। अतः जहाँ उर्दू साहित्य पर बाह्य प्रभाव दृष्टिगोचर होते हैं, वहीं हिंदी पर वे एकदम स्पष्ट हैं। इस दृष्टि से दोनों में अन्तर नहीं किया जा सकता। ऐसी परिस्थिति में उर्दू-हिंदी साहित्य को न सिर्फ़ एक दूसरे के निकट ले आना है, बल्कि दोनों का पूर्णतः समन्वय कर देना है। चूंकि दोनों भाषाएँ एक हैं, अतः दोनों के साहित्य को भी लिपि का अन्तर मिटाकर एक करने की आकस्मिक आवश्यकता राष्ट्र के सामने आ पड़ी है।

———

# "$(n,\gamma)$ रिकॉयल अभिक्रिया"

एस० पी० मिश्र
रसायन विभाग

यह केवल एक संयोग था कि प्रोफेसर हेनरी बेक्वेरेल ने (Henri Becqurel) सन् 1895 ई० में रेडियो सक्रियता का आविष्कार किया। फिर तो परमाणु-संरचना की जानकारी हेतु दुनियां की तमाम प्रयोगशालाएँ व्यस्त हो गयीं। इलेक्ट्रॉन एवं प्रोटॉन पदार्थ के मूलभूत कण माने जाने लगे। सन् 1919 में प्रो० रदरफोर्ड ने सैद्धान्तिक तौर पर एक और मूलभूत कण की कल्पना किया जिसका आविष्कार जैम्स चैडविक ने सन् १९३२ ई० में किया और उसका नाम न्यूट्रॉन रखा गया। उन्हीं दिनों प्रो० एनरिको फर्मी (Prof. Enriko Fermi) न्यूट्रॉन के विविध गुणों की जानकारी के लिए प्रयोग कर रहे थे। सन् 1934 ई० में वे और उनके अन्य सहयोगियों ने एक ऐसी नाभिकीय अभिक्रिया का आविष्कार किया जो बहुत ही महत्त्वपूर्ण हुआ। आगे चलकर इस नाभिकीय अभिक्रिया का नाम दिया गया—'$(n,\gamma)$ रिकॉयल अभिक्रिया'। इस अभिक्रिया में न्यूट्रॉन द्वारा टार्गेट (Target) नाभिक पर बमवारी (Bombardment) द्वारा रेडियोसक्रिय समस्थानिक की उत्पत्ति होती है, जिसका परमाणुभार उस परिलक्षित परमाणु से एक इकाई अधिक होता है। साथ ही $\gamma$-किरणें भी मुक्त होती हैं। संवेग अविनाशिता के सिद्धान्त (Principle of Conservation of Momentum) के परिणाम स्वरूप परिलक्षित परमाणु अपने मौलिक यौगिक से 'रिकॉयल अभिक्रिया' द्वारा अलग हो जाता है और रेडियो समस्थानिक में परिणत हो जाता है। इसी कारण इसे '$(n,\gamma)$ रिकॉयल अभिक्रिया' कहते हैं।

## जीकार्ड-चामर्स अभिक्रिया

रेडियो समस्थानिकों को प्राप्त करने के लिए यों तो अनेक नाभिकीय अभिक्रियायें उपयोग में हैं, परन्तु $(n,\gamma)$ विधि अपना एक विशेष महत्त्व रखती है। चूँकि इस विधि में टार्गेट नाभिक का ही रेडियो समस्थानिक प्राप्त होता है; अतः समस्थानिकों के पृथक करने की विधि कठिन हो जाती है। इंगलैंड के एल० जीकार्ड और टी०ए० चामर्स ने सन् 1934 ई० में एक ऐसी विधि की खोज की जिससे रेडियो समस्थानिक को टार्गेट अणुओं (अणु जो टार्गेट नाभिक के संयोग में हैं) से एक विशिष्ट परिणाम में मुक्त रूप में पाया जा सकता है। उन लोगों ने प्रदर्शित किया कि पानी अथवा पानी के साथ थोड़ा-सा आयोडीन को वाहक (Carrier) के रूप में प्रयोग करके, न्यूट्रॉन-विकिरीत इथिल आयोडइड से रेडियो सक्रिय आयोडीन—जिसकी उत्पत्ति $(n,\gamma)$ रिकॉयल अभिक्रिया द्वारा हुई है—की अधिकांश मात्रा अलग की जा सकती है।

जीकार्ड-चामर्स ने इथिल-आयोडाईड पर ही अपना सर्वप्रथम प्रयोग किया था। सिद्धान्त को समझाने के लिए उन्हीं का प्रयोग यहाँ संक्षिप्त रूप में दिया जा रहा है : इथिल

आयोडाईट ($I^{127}$ समस्थानिक) को मन्द न्यूट्रॉनों द्वारा विकीरित कराया गया जिसके परिणाम स्वरूप $I^{128}$ प्राप्त हुआ। इस $I^{128}$ को थोड़े से आयोडीन 'वाहक' से युक्त क्षारीय-जलीय विलयन द्वारा अलग किया गया। पूर्ण क्रिया को निम्न रूप में प्रदर्शित कर सकते हैं।

(*i*) $I^{127}$ का विकिरण (इथिल आयोडाईड)········इथिल आयोडाईड ($I^{127}$) न्यूट्रॉन

↓ ↓

(*ii*) $I^{128}$ नाभिक की उत्पत्ति······················इथिल आयोडाईड ($*I^{128}$)

↓ ↓

(*iii*) $\gamma$-किरणों का मुक्त होना और 'रिकॉयल-अभिक्रिया'···इथिल रेडिकल + $\gamma$ + $*I^{128}$(तीव्र)

↓ ↓

(*iv*) $I^*$ का सन्निकट पदार्थों से क्रिया·············$*I^{128}$ (तीव्र) + इथिल आयोडाइड

जीकार्ड-चामर्स (सन् 1934 ई०)······ { इथिल रेडिकल + आयोडीन ($I^{128}$)
अन्य रेडिकल + हाइड्रोजन आयोडाइड ($I^{128}$)

## अभिक्रिया की सफलता की शर्तें

जीकार्ड-चामर्स अभिक्रिया की सफलता निम्न शर्तों पर निर्भर है :

1—रिकॉयल ऊर्जा इतनी अधिक होनी चाहिए कि वह रासायनिक बन्धन को तोड़ सके।

2—रिकॉयल परमाणु पुनः क्रिया करके मौलिक यौगिक की पुनरोत्तरपति किसी महत्त्वपूर्ण मान में न कर सके।

3—परमाणु के प्रत्येक सम्भव रासायनिक प्रकार किसी महत्त्वपूर्ण परिमाण में अदल-बदल (Exchange) न कर सकें।

4—रेडियोसमस्थानिक—जिसकी उत्पत्ति रिकॉयल क्रिया द्वारा हुई है—जो एक नये यौगिक के रूप में आ चुका है, उसे मौलिक यौगिक से अलग करने के लिए अपेक्षाकृत एक सरल विधि उपलब्ध हो।

## अभिक्रिया का ऊर्जा आधार

किसी नाभिक पर (n, $\gamma$) अभिक्रिया के उपरान्त लगभग $10^{-13}$ सेकेण्ड के अन्दर ही $\gamma$-किरणें मुक्त होती हैं। इन $\gamma$-किरणों की ऊर्जा एक न्यूट्रॉन के बन्धन ऊर्जा के लगभग बराबर होती है, जिसका मान लगभग 6-8 मि० ई० वो० (Million Electron Volt) होता है। $\gamma$-किरणों के मुक्त होते ही संवेग की अविनाशिता के लिए नाभिक रिकॉयल करेगा जिसके परिणाम स्वरूप 'रिकॉयल ऊर्जा' मुक्त होती है। 'रिकॉयल ऊर्जा' परमाणुओं की बन्धन ऊर्जा से साधारणतया सदैव ही अधिक होती है। इस तथ्य का स्पष्टीकरण निम्न गणनाओं द्वारा हो जायगा। मान लीजिए, $\gamma$-किरण की ऊर्जा = $E_\gamma$ है। आईन्सटाइन के सिद्धान्त के अनुसार $E_\gamma = h\nu$ होगा जबकि h = प्लैंक-स्थिरांक (Planch's Constant), $\upsilon$ = $\gamma$-किरण की आवृत्ति है। अब यदि रिकॉयल-नाभिक का 'संवेग' = P है तो,

$$P = mV = h\upsilon/c = E\nu/c$$

अतः 'रिकॉयल-ऊर्जा' $= E_R = \frac{1}{2} mV^2 = P^2/2m = \frac{E^2\gamma}{2mc^2} = \frac{E^2\gamma}{18{\cdot}62m}$

जब कि, $m$=रिकॉयल नाभिक की मात्रा, V=उसी नाभिक का वेग और $c$=प्रकाश का वेग ($3 \times 10^{10}$ सेन्टीमीटर प्रति सेकेण्ड) है।

उपर्युक्त गणनाओं द्वारा स्पष्ट है कि परमाणुओं को न्यूट्रॉनों द्वारा प्राप्त ऊर्जा बन्धन-ऊर्जा से अधिक नहीं है। अतः 'रिकॉयल-ऊर्जा' ही (n, γ) अभिक्रिया के लिए उत्तरदायी है। जैसा कि बताया जा चुका है कि न्यूट्रॉन द्वारा समेकन क्रिया से प्राप्त ऊर्जा का मान 6 से 8 मि० ई० वो० ही होता है जो γ-किरण-ऊर्जा के रूप में कई भागों में मुक्त होता है। परन्तु 'रिकॉयल-ऊर्जा' का मान सदैव ही अधिक होता है।

साधारणतया $E_R$ बंध-विदार (Bond Rupture) के लिए पूर्णतया काम में नहीं आता है, क्योंकि उसका कुछ अंश मौलिक यौगिक की गत्यात्मक ऊर्जा के रूप में परिणत हो जाता है। रिकॉयल परमाणु की मात्रा ($m$) अवशिष्ट अणु (Remainder) की मात्रा ($m'$) से जितनी ही कम होगी, उतनी ही बंध-विदार की संभावना अधिक रहेगी।

## मन्द न्यूट्रॉन

अभिक्रिया की कुछ परिस्थितियों में रेडियोसमस्थानिक की उत्पत्ति नहीं होती थी किन्तु γ—किरणों मुक्त होती थीं। निरीक्षणों से स्पष्ट हुआ कि अभिक्रिया की असफलता तीव्र न्यूट्रॉनों के कारण है। अतः यह कल्पना की गयी कि तीव्र न्यूट्रॉनों की अपेक्षा मन्द-न्यूट्रॉन (Slow or Thermal Neutrons) अभिक्रिया के लिए अधिक उपयुक्त हैं। बाद में यह भी स्पष्ट हो गया कि मन्द न्यूट्रॉनों द्वारा प्रायः सभी परमाणुओं में रिकॉयल अभिक्रिया उत्पन्न की जा सकती है।

विखण्डन से प्राप्त तीव्र न्यूट्रॉनों को हल्के नाभिकों द्वारा प्रत्यास्थटक्करों (Elastic Collisions) से मन्द न्यूट्रॉनों की प्राप्ति होती है। इस कार्य के लिए हाइड्रोजन नाभिक सर्वोत्तम पाया गया है, क्योंकि इसकी मात्रा भी लगभग न्यूट्रॉन के बराबर होती है; जिसकी पुष्टि गणित की सहायता से की जा सकती है। न्यूट्रॉनों को मन्द करने के लिए पानी एवं पैरेफिन—जिनमें हाइड्रोजन परमाणुओं की बहुलता होती है—अधिक उपयोग में लाये जाते हैं।

## न्यूट्रॉन स्रोत

बहुत से हल्के तत्त्वों पर आल्फा कणों की बम बारी द्वारा न्यूट्रॉन विमुक्त होते हैं। इसे ($\alpha$, $n$) प्रक्रिया कहते हैं। अन्य कणों जैसे प्रोट्रॉन, ड्यूट्रॉन, न्यूट्रॉन द्वारा भी तत्त्वों पर बमबारीं द्वारा न्यूट्रॉनों की प्राप्ति हो सकती है। परन्तु पहली अर्थात् ($\alpha$, $n$) विधि अपेक्षाकृत अधिक महत्त्वपूर्ण है। इस विधि में एक रेडियोसक्रिय नाभिक जैसे रेडियम, रैडॉन, पोलोनियम द्वारा विमुक्त आल्फ़ा कण हल्के तत्त्वों जैसे बेरिलियम, बोरॉन, लीथियम पर बमबारी करते हैं जिसके फलस्वरूप न्यूट्रॉन मुक्त होते हैं। अभिक्रिया को निम्नरूप से प्रदर्शित कर सकते हैं: बेरिलीयम + आल्फा-कण → कार्बन—12 + न्यूट्रॉन

चूँकि उपरोक्त प्रक्रिया में रेडियम और बेरिलियम का मिश्रण उपयोग में लाया जाता है, अतः इसे रेडियम-बेरिलियम (Ra–Be) न्यूट्रॉन स्रोत कहते हैं। उपरोक्त न्यूट्रॉन स्रोत अन्य स्रोतों की अपेक्षा अधिक उपयोगी भी है क्योंकि इस स्रोत का आयुकाल बहुत अधिक है। रेडियम का अर्धआयु काल लगभग $1.62 \times 10^3$ वर्ष है, अर्थात् इतने वर्षों के बाद रेडियम ($Ra^{226}$) की आल्फा-सक्रियता लगभग आधी हो जायगी। स्रोत की न्यूट्रॉन सक्रियता रेडियम की आल्फा-सक्रियता पर निर्भर होती है। बेरिलियम धातु और रेडियम-ब्रोमाइड के मिश्रण को एक अल्युमिनियम की संपुटिका (Capsule) में रखकर एक बड़े से पैरेफिन ब्लाक के बीच में रख देते हैं। न्यूट्रॉन अनवरत निकलते रहते हैं।

## उपयोगिता

स्पष्ट हो चुका है कि $(n, \gamma)$ अभिक्रिया द्वारा किसी भी परमाणु का रेडियोसमस्थानिक उत्पन्न किया जा सकता है। रेडियोसमस्थानिक को उसके किसी रासायनिक यौगिक के रूप में प्राप्त करते हैं। जैसे आयोडीन को सोडियम आयोडाईड, फासफोरस को फास-फोरिकएसिड, कोबाल्ट को कोबाल्टक्लोराईड, सल्फर को सल्फ्यूरिक एसिड के रूप में प्राप्त करते हैं। इसी विधि द्वारा एन्टीमोनी ($Sb^{124}$), आर्सेनिक ($As^{76}$), ब्रोमीन ($Br^{82}$), ब्रोमीन ($Br^{80m}$), ब्रोमीन ($Br^{80}$), क्लोरीन ($Cl^{38}$), क्रोमियम ($Cr^{51}$), मैंगनीज ($Mn^{56}$) इत्यादि सैकड़ों समस्थानिक प्राप्त किए जा रहे हैं जो चिकित्सा विज्ञान, विज्ञान, टैक्नोलोजी, कृषिविज्ञान, शोधकार्य आदि में प्रयुक्त हैं।

अनेक आवश्यकताओं के लिए रेडियोसमस्थानिक अधिकांशतः उपरोक्त प्रक्रिया द्वारा ही प्राप्त किए जाते हैं। 'भाभा एटॉमिक रिसर्च सेन्टर, ट्रॉम्बे, बाम्बे' द्वारा जो रेडियो-समस्थानिक विभिन्न संस्थाओं को भेजे जाते हैं वे प्रायः इसी विधि द्वारा अप्सरा एवं कनाडा इंडियारिऐक्टर में तैयार होते हैं। भारत में लगभग 700 संस्थायें रेडियो—समस्थानिकों का उपयोग कर रही हैं। कुछ संस्थायें तो अपनी आवश्यकता के कुछ रेडियोसमस्थानिक लैब्रोटरी न्यूट्रॉन स्रोत से तैयार कर लेती हैं। साथ ही इस अभिक्रिया पर नित नूतन प्रयोग हो रहे हैं जो 'परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग' के ही अंश हैं।

---

# सेव्य और सेवक का कर्त्तव्य

पं० चन्द्रबली त्रिपाठी

सेवक का कर्त्तव्य होना चाहिए कि अपने सेवा-भार से अपने सेव्य को इस तरह प्रसन्न करे कि जैसे श्री हनुमान जी ने भगवान् रामचन्द्र जी को प्रसन्न किया था।

वह सेवक अयोग्य है, जो अपने सेवा-भार से अपने सेव्य (स्वामी) अधिकारी को प्रसन्न न कर सके। और वह स्वामी (सेव्य) अधिकारी भी अयोग्य है, जो अपने अयोग्य सेवक को योग्य न बना सके।

भगवान् रामचन्द्र जी अपनी आँखों में प्रेम के आँसू भर गद्‌गद् वाणी से सेवक शिरोमणि हनुमान जी के प्रति कहते हैं :—

**"सुनु कपि तोंहि समान उपकारी। नहीं कोऊ सुर नर तनुधारी॥**
**प्रति उपकार करौं का तोरा। सनमुख होई न सकत मन मोरा॥**
**सुन सुत तोहि उरिन मैं नाहीं। करि विचार देखेउ मन माहीं॥"**

आज्ञाकारी सेवक स्वामी से बड़ा होता है।

**"साहब ते सेवक बड़ो जो निज धरम सुजान।**
**राम बांधि उतरे उदधि लांघि गए हनुमान॥"**

वह सेवक स्वामी से बड़ा है, जो अपने धर्म-पालन में निपुण है। भगवान् रामचन्द्र जी तो पुल बाँध कर समुद्र पार उतरे, परन्तु हनुमान जी उसी समुद्र को लांघ कर चले गए।

अपने अधीनस्थ कर्मचारी सेवक को आलसी, प्रमादी, सुस्त, मूर्ख, कामचोर, चोर, भ्रष्टाचारी और नशेबाज न बनने देकर अपने प्रेमपूर्ण बर्ताव और उत्तम आदर्श से सदाचारी, व्यसनहीन, कर्त्तव्यपरायण, बुद्धिमान और आज्ञाकारी बना देना ही योग्य अधिकारी का कर्त्तव्य है। जब सेव्य (अधिकारी) प्रसन्न होकर सेवक का सम्मान करता है तो सेवक प्रसन्न होकर अपने प्राणों की बलि देने को तैयार रहता है।

अहंकारी मनुष्य किसी का सम्मान करना नहीं चाहता। वह सबके साथ रुखा व्यवहार करने में ही अपना गौरव समझता है।

अपनी अधीनता में काम करने वाले किसी भी कर्मचारी, सेवक का मन, वाणी या शरीर से कभी अपमान नहीं करना चाहिए। मन में किसी को नीचा समझना, शरीर से अनुचित बर्ताव करना या गर्वपूर्ण आकृति बना लेना और वाणी से किसी को अपमानजनक शब्द कहना सर्वथा अनुचित है। यह सदा याद रखना चाहिए कि तलवार का घाव मिट जाता है, पर जबान का नहीं मिटता।

मनु महाराज कहते हैं :—

**"नारुन्तुदः स्यादार्तोऽपि न परद्रोहकर्मधीः।**
**यथास्योद्विजते वाचा ना लोक्यं तामुदीरयेत्॥"**

अत्यन्त पीड़ित होने पर भी किसी को मर्मभेदी वचन न कहे, दूसरे के द्रोह के काम में बुद्धि न लगावे और जिस जबान से किसी को उद्वेग हो, ऐसी स्वर्ग से भ्रष्ट करने वाली कड़ी जबान किसी से न कहे। हमेशा सबका भला चाहे, मीठी और हितकारी वाणी बोले और हँसमुख रहे।

कभी कोई दण्ड देना नितान्त आवश्यक जान पड़े तो यह द्रोहबुद्धि से न देकर उसी स्नेहभाव से देना चाहिए, जिस भाव से स्नेहमयी जननी अपने पुत्र को देती है। परन्तु पहले अपने आचरणों से सेवक के हृदय में यह दृढ़ विश्वास उत्पन्न कर देने की कोशिश करनी चाहिए, जिससे वह आपको माता के समान प्यार करने वाला समझ सके।

यह समझ रखना चाहिए कि कोई व्यक्ति शुद्ध आजीविका के लिए हमारे यहाँ काम करके पैसा लेता है; इससे वह हमसे नीचा नहीं हो गया। जैसे हम हैं, वैसे वह भी है।

इसका अभिप्राय यह नहीं है कि अपने अधीनस्थ कर्मचारी को किसी काम के लिए कहने में ही उसका अपमान मानकर उसे आलसी, प्रमादी, सुस्त, रोगी, मूर्ख और आज्ञा का उल्लंघन करने वाला बना दिया जावे। उसका सच्चा सम्मान इसी में है कि वह हमारे साथ रहकर कर्त्तव्य-परायण, व्यवस्था मानने वाला, चुस्त, बुद्धिमान, सदाचारी, आज्ञाकारी बने जिससे उसकी उन्नति का पथ और प्रशस्त हो जाय। इस बात का ध्यान रखा जाय कि उसके साथ सम्मानपूर्ण बर्ताव हो। सम्मान कोरा ही नहीं होना चाहिए; उसको पेट भरने योग्य पूरी मजदूरी भी अवश्य ही मिलनी चाहिए। महर्षि बाल्मीकि जी डाकू थे, परन्तु नारद जी ने उनके डाकूपना को छुड़ा कर महर्षि बाल्मीकि बना दिया।

अहंकाररहित होकर सरलता के साथ दूसरों को जो सम्मान दान दिया जाता है, उससे बहुत ही लाभ होते हैं। हम जिसका सम्मान करते हैं, उसका विषाद मिटता है, उसके हृदय में सुख होता है और उसकी आत्मा आशीर्वाद देती है।

**"परस्परज्ञाः संहृष्टास्त्यक्तुं प्राणान्सुनिश्चिताः।"**

स्वामी और सेवक परस्पर एक दूसरे को समझने वाले हों तो सेवक प्रसन्न होकर अपने प्राण भी अर्पण करने को तैयार रहते हैं।

**यथा प्रभुकृत्तान्मानाद्युध्यन्ते भुवि मानवाः।**
**न तथा बहुभिर्दत्तैर्द्रविणैरपि भूयते॥**

संसार में लोग अपने स्वामी से सम्मान पाकर जितने उत्साह से लड़ते हैं, उतना बहुत-सा धन देने से भी नहीं लड़ते।

अतएव सम्मान द्वारा काम लेने की शैली ही उत्तम है।

———

# काशी हिन्दू विश्वविद्यालय का विश्वनाथ मन्दिर महामना मालवीयजी की भावनाओं का जाग्रत स्वरूप

शिवधनी सिंह

शास्त्रों में कहा गया है कि "मंत्र द्रष्टारो ऋषयः" ऋषिगण मंत्र द्रष्टा होते हैं। मालवीयजी महाराज अपने समय के तपः पूत ऋषि कल्प थे, जिन्हें कुछ दशक आगे की घटनाओं का सम्यक् ज्ञान था। उन्होंने समय-समय पर कुछ ऐसी बातों का उल्लेख किया था जो आगे उनके कथनानुसार प्रत्यक्ष देखने में आयीं। भारतीय स्वातंत्र्य के विषय में भी उन्होंने सन् १९३२ में स्पष्ट रूप से यह भाव व्यक्त किया था कि "निश्चय रूप से दस वर्षों के भीतर हम स्वराज्य ले लेंगे, उसे कोई शक्ति रोक नहीं सकती है"। यह भी कहा था कि "मेरे जीवन काल में ही स्वराज्य हो जायगा।" सन् १९४२ की घटना ने स्वराज्य प्राप्ति का संकेत कर दिया था। तात्पर्य यह कि महामना मालवीयजी युग-प्रवर्तक, समर्थ एवं लोकोत्तर महापुरुष थे। वे समय की गतिविधि के ज्ञाता थे।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना का उद्देश्य भी उनके लोकोत्तर भावनाओं का ही प्रतीक है। सर्वसाधारण को,—जगत को प्रकाश मिले, यही उनका लक्ष्य था—वह प्रकाश अनादि काल से सर्व विद्या की राजधानी काशी से ही प्राप्त होता आया है, अतः अनेक बाधाओं के होते हुए भी उन्होंने हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना काशी में की, जहाँ के स्नातकों से जगत को प्रकाश मिले—"एतद्देश प्रसूतस्य सकाशा दग्रजन्मनः। स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन् पृथिव्यां सर्व मानवाः ॥" किन्तु इस उद्देश्य की पूर्ति तब तक नहीं होगी जब तक भगवान् विश्वनाथ की प्रतिष्ठा विश्वविद्यालय के मध्य में न होगी। मालवीयजी महाराज को अनुभव था कि भगवान् शंकर जो विरोधी तत्त्वों से लिप्त है, आशुतोष है और सब समस्याओं के समाधान के स्त्रोत हैं अतः इस शिक्षा मन्दिर में एक विशाल मन्दिर में श्रीविश्वनाथजी की स्थापना अनिवार्य है जो सदा विश्वविद्यालय की रक्षा करते रहें।

यहाँ यह स्पष्ट कर देना आवश्यक है कि महामना मालवीयजी का परिवार परम वैष्णव, घर में राधा-कृष्ण का निवास, उनकी निरन्तर पूजा-अर्चा स्वयं महराज भी करते थे और घर से बाहर जाने-आने पर बराबर दर्शन करते थे तथापि यह समझते थे कि आशुतोष भगवान् शंकर की आराधना से अत्यन्त उलझी हुई समस्याओं का समाधान शीघ्र हो जाता है। वे काशी विश्वनाथ मन्दिर में जब पाठ करते थ तो उन्हें ऐसा आभास मिलता था कि भगवान् उनके सम्मुख खड़े होकर अपने भक्त की प्रार्थना पर प्रसन्नतापूर्वक विचार कर रहे हैं।

इस प्रसंग में एक प्रत्यक्ष घटना का उल्लेख करना उचित होगा। विश्वविद्यालय पर प्रायः १६ लाख रुपये का ऋण हो चुका था—इससे आगे नियमानुसार सरकार से ऋण नहीं प्राप्त हो सकता था। मालवीयजी महाराज की इच्छा थी कि इस ऋण का भुगतान भारत

सरकार को ही करना चाहिये क्योंकि विश्वविद्यालय अपने यहाँ से इंजीनियर तैयार कर सरकार की सहायता करता है। महाराज ने इस ऋण-मुक्ति के लिये घोर परिश्रम किया। तत्कालीन केन्द्रीय शिक्षामंत्री सर गिरजाशंकर वाजपेयी से व्यक्तिगत अनुरोध किया किन्तु सद्यः कुछ फल नहीं निकला। कुछ दिनों बाद इस ऋण मुक्ति के लिए दिल्ली जाने का निश्चय किया। बाहर जाने के पहले बाबा विश्वनाथ की पूजा आवश्यक थी। उन्होंने गर्भ मन्दिर में घंटों 'महादेव-माहात्म्य' का पाठ किया—उस समय उनका शरीर ताम्र वर्ण का हो चला था, नेत्रों से नीर बह रहे थे, दोपहर की आरती का समय हो चला था, मन्दिर के पुजारी आरती के लिए व्यग्र हो उठे थे, किन्तु महाराज के उस अवस्था में किसका साहस था जो कुछ कह सके। पाठ समाप्त होते ही उन्होंने कहा—"आसन समेट लो, बाबा ने मेरी प्रार्थना सुन ली और मुझे ऋण-मुक्त कर दिया।"

अपने बंगले पहुँचकर भोजनोपरान्त दिल्ली की गाड़ी पकड़ने के लिए बनारस छावनी स्टेशन पहुँचे। गाड़ी दो घंटे लेट थी। विश्रामालय में विश्राम करने लगे। वहाँ उनके पुत्र पं० गोविन्द मालवीय पहुँचे और कहा—"बाबू जी आप दिल्ली न जाओ, यह तार है, सरकार रुपया नहीं देगी"। मालवीय जी महाराज ने कहा—"तार को फाड़कर फेंक दो, सरकार के कहने से क्या होता है जब 'बाबा' ने हमें ऋण मुक्त कर दिया है।" महाराज ने दिल्ली की यात्रा की और उसी यात्रा में भारत सरकार को तीन किस्तों में ऋण मुक्ति की घोषणा करनी पड़ी।

इसी दृढ़ विश्वास और भावना से मालवीय जी महाराज ने विश्वविद्यालय के मध्य में विशाल मन्दिर की स्थापना करायी। मन्दिर स्थापना के समय महाराज ने स्वनिर्मित श्लोक ताम्र पर लिखवाकर मन्दिर की नींव में रखवाया। इससे उनकी भावनाओं और कामनाओं की झलक स्पष्ट रूप से मिलती है। वे श्लोक इस प्रकार है :—

ॐ नमः शिवाय

**नूतन विश्वनाथ मन्दिर स्थापना विश्वविद्यालय, काशी**

**प्रसादाद्विश्वनाथस्य कश्यां भागीरथी तटे।**
**विश्वविद्यालयः श्रेष्ठो, हिन्दूनां मानवर्धनः॥**

**हिन्दू राज्यधिपतिभिर्धनिकैर्धार्मिकैस्तथा।**
**मिलित्वा स्थापितः सद्भिर्विद्याधर्म विवृद्धये॥**

**यत्र वेदाः सवेदांगाः धर्मशास्त्रं च पावनम्।**
**इतिहासं पुराणं च मीमांसा न्यायय विस्तरः॥**

**सांख्य योगौ च वेदान्त आयुर्वेदः सुखावहः।**
**गान्धर्ववेदो मधुरो धनुर्वेदश्च नूतनः॥**

**आंग्ल दण्डविधानं च, दायभागादि संयुतं।**
**पाश्चात्या विविधा विद्यास्तथा लोक हिताः कलाः॥**

पाठ्यन्ते विधिवत्प्रेम्णा, विज्ञानानि बहूनि च ।
साहाय्यार्थं च छात्राणां दीयन्ते वृत्तयस्तथा ॥

सर्व प्रान्त समायाताश्छात्राः विद्याभिलाषिणः ।
वसन्ति सुखिनो यत्र पुरा गुरुकुले यथा ॥

नित्यं निषेविते यत्र, व्यायामः शक्तिवर्धनः ।
व्याख्यानैश्च कथाभिश्च धर्मोयत्रोपदिश्यते ॥

तस्मिन् विद्यालये स्फीते विद्यार्थिजन संकुले ।
स्थाप्यो देवालयो दिव्यः लोक मंगल काम्यया ॥

दर्शनै यत्र सम्प्राप्य विश्वनाथस्य मानवाः ।
श्रुत्वा पुण्य कथा धर्मे श्रद्धां भक्तिमवाप्नुयुः ॥

विश्वविद्यालयाध्यक्षैरित्थं कृत विनिश्चयैः ।
श्रीविश्वनाथ प्रीत्यर्थं श्रद्धयाप्रार्थितोयतिः ॥

विद्याव्रत तपोभूतिस्तपोनिधिरितिश्रुतः ।
कृष्णाश्रम स्वामिवर्यः सर्वभूतहितेरतः ॥

यो वै पुण्ये हिमगिरौ देशे गंगोत्तरीयके ।
सेविते द्विजशार्दूलैर्वेदवेदांग पारगैः ॥

वसन् द्वादश वर्षाणि, जठी मौनी दिगंबरः ।
भगवध्यान निष्ठात्मा ह्यचरदुश्चरं तपः ॥

विश्वनाथ पुरीमेत्य दर्शनात्पावयं जनान् ।
तुरंग गज रत्नेन्दु मितेब्दे वैक्रमे शुभे ॥

चैत्रमास्यसिते पक्षे चतुर्थ्यां शनिवासरे ।
प्राप्यानुज्ञां भगवतः शिलामेतां न्यवेशयत् ॥

सर्वदोषहरः शंभुः वरदो भक्त वत्सलः ।
प्रीणातु कर्मणानेन कल्याणं च तनोतु नः ॥

"शिवमस्तु, शुभमस्तु, मंगलमस्तु ॥"

मालवीय जी महाराज सत्य संकल्प थे । उनमें इच्छा सिद्धि थी । मन्दिर की स्थापना यद्यपि उन्होंने अपने समय में ही कराई थी किन्तु उनमें प्राण प्रतिष्ठा उनके निधन के १२ वर्ष बाद सन् १९५८ में हो सकी । तब से विश्वविद्यालय द्वारा मन्दिर में सविधि पूजा, हवन तथा अनुष्ठान आदि नियमित होता है ।

# हिन्दू विश्वविद्यालय महाकाव्यम्

## द्वितीयः सर्गः

पं० मधुसूदन शास्त्री

महेश देवेश दिनेश वन्दितो गणाधिपस्ताज्जयमंगलाय नः।
यमृद्धिसिद्धी व्यजतः सुखानिलैः सुवर्णमाणिक्यनिविष्ट चामरैः ॥ १ ॥

गुर्णाद्धिवृद्धः सहि मालवीयो धियां निधिं सुन्दरलालमित्रम्।
विद्यालयस्थापन कार्य साह्ये स्वामंत्रयामास विचारणाय ॥ २ ॥

अतः परं दुःखदमस्ति किं भो! यदग्रजो विश्वगुरुः समासीत्।
तत्रत्यलोको निज शिक्षणार्थं वाह्येषु देशेषु गतिं विधत्ते ॥ ३ ॥

स्वं स्वं चरित्रं विमलं विधातुं यत्रत्यशिक्षामनु संग्रहीतुम्।
विश्वं समस्तं यदिहाजगाम तद्भारतं ह्यद्य कथं नु जातम् ॥ ४ ॥

नालन्दविक्रमशिलानदियासुधाराविद्यालयेषु बहुतक्षशिलादिकेषु।
चाणक्य पाणिनिपतञ्जलिशंकराक्षाः येप्यध्यगुः कणकुमारिलमण्डनाद्याः ॥५॥

ते, तद्विधास्तदनुयायिन एव बालाश्चेत्स्युः शुभं तदिह सम्प्रति वर्त्तमाने।
स्यात्तेन सुस्थिरमतिः किल लोक वर्गः स्वातन्त्र्यलब्धिरथ भाग्यसमृद्धिरेतु ॥६॥

विद्यालयं तादृशमेव तस्मात्संस्थापये विश्वहिताय सम्यक्।
यत्र स्युरेवं सकलेऽत्र भारते हिन्दूत्वसंचारणमौलिशिष्याः ॥ ७ ॥

समस्तविद्याधिगमः सुखेन सर्वेभ्य एवास्तु मम प्रयत्नः।
प्राच्यप्रतीच्योभय मेलनेन विद्या सुपूर्णा भवतान्महेहा ॥ ८ ॥

ततः स चक्शे नहि कार्य जातं विचार मात्रेण समृद्धि मीयात्।
शस्त्रं विना युद्धकृतौ कथं स्याज्जयः सुविद्वन्! ननु भावनीयम् ॥ ९ ॥

सुपुष्कला भूमिरपेक्ष्यते धनं सुपुष्कलं साधन मत्र सद्मनाम्।
ततोऽनु विद्यालयनिर्मितेः कथां विधेहि, सन्निर्णय, नन्द, तत्परम् ॥१०॥

राज्ञः समाज्ञा, समितेर्विधानं प्रतिष्ठिता नागरिकाः सदस्याः।
भवेयुरेवं यदि वाञ्छितं स्या दतो नु? पूर्वं किमहं वदेयम् ॥११॥

सुशुश्रुवान् तद्वचनं, न मोहं समारिवान् यत्स परं विदुष्मान्।
शास्त्रस्य लोकस्य विधिं विविद्वान् विचारणां लोक हिताय जग्मिवान् ॥१२॥

सत्प्रेरणोत्साहन दान काले मित्रं विरुद्धं समुवाद, तत् किम्।
उत्साहदीपं बुधमालवीयं पस्पर्श नैराश्यतमो न किन्तु ॥१३॥

मित्रस्य तादृग्वचनश्रवान्ते गुरुं प्रपेदे वहुचिन्तयाढ्यः।
भट्टादिमाचार्यवरं प्रधान मादित्यरामं विदुषां वरेण्यम् ॥१४॥

उवाद वाक्यं सुहृदा यथोक्तं विद्यालय स्थापन सत्प्रसंगे ।
ग्लानिर्गुरो? नो मयि कापि, सम्यग्वदामि, साह्यं विदधात्विदानीम् ॥१५॥

त्वमेव विद्वन् ? मम साम्प्रतं नौः, विद्यालय स्वर्धुनितारणर्थम् ।
फलोदयो येन भवेत्स्वकर्मण स्तदेव साध्यं वद लोक मंगलम् ॥१६॥

सादित्यराम इति वाक्यमुवाद मिष्टं शिष्योऽसि मे प्रियतमः शृणु मालवीय ?
स्तोत्रं सुतोषकरमाहुरिहेश्वरीणां देवासुरेश्वर नरेश्वर साध्यपानाम् ॥१७॥

सूर्यं सौनत्येन, विष्णुं हृद्यत्वेन, मित्रं सौव्रत्येन, रुद्रं दौर्व्रत्येन ।
इन्द्रं प्रक्रीडेन, वायुं सौवल्येन, साध्यान् प्रामोदेन, देवाँस्त्वं पिप्रीहि ॥१८॥

मया यथाऽकाथि यदा कदापि त्वया तथाऽश्रावि सदा हितेन ।
निरूपये तच्छृणु सावधानः स्मराधुना सृष्टिकरान् गुरूँश्च ॥१९॥

त एव तेऽस्मिन् समसाधनाय सज्जाः भविष्यन्ति गृहाण तेभ्यः ।
विद्या, धनं, छात्रनिवासभूमिं, बुद्धिं, सहायान् यमु वाञ्छसि त्वम् ॥२०॥

विद्यालयस्थापनचिन्तयाढयः सर्वेन्द्रियाण्याहृतवान् चिकीर्षुः ।
सस्मार नारायणमादिदेवं विद्याप्रदं तं गिरिशं च सोमम् ॥२१॥

भक्ताय मार्गप्रतिबोधनार्थं यौ भक्तकल्पद्रुतया प्रसिद्धौ, ।
ये पूरुषा उत्तमकर्मकेन्द्राः प्रापुस्ततः स्ते निजकर्म सिद्धिम् ॥२२॥

ब्रह्मादि देव प्रमुखैर्निषेव्यो नारायणोऽयं जयताज्जनादिः ।
शिवः सदानन्दधनाऽद्वितीयाऽसमानऽरूपोऽखिलविश्वधामा ॥२३॥

तद् ब्रह्म पूर्णं प्रथम प्रतीतं यतोऽस्य जन्मस्थितिभंगसंगः ।
महान रूपः पुरुषोत्तमोऽपि विभुर्न गम्योऽल्पाधियां कदापि ॥२४॥

यदेहते स्त्रष्टु मथो जगन्ति यदा स संकल्पमथा चिनोति ।
उदीत एव स्फुरणं नु यस्मिन्नेको बहु स्यामिति भावरूपम् ॥२५॥

तदानुपाधिः प्रभुरेत्युपाधिं मायां श्रयन् स्वां शुचि सत्व मुख्याम् ।
ततस्तु नाभेरुदभूदजोऽयं जानन्ति सर्वे किल विश्व भाजः ॥२६॥

पितामहो योऽयसजः प्रजानां ज्ञानी स्वयं ज्ञानवतां च भूषा ।
श्रयन्ति यं ते विषमेषु देवाः स देवपूज्योऽजनि सर्वतः प्राक् ॥२७॥

ब्रह्मेति संज्ञां धृतवान् भयघ्नः सृष्टे रचिं तां कृतवान् कलिघ्नः ।
सार्थं स वेदं स्मृतवान् सदूहं बुद्धावृषीणां भृतवान् समहम् ॥२८॥

लोका यमभ्यस्य विदुर्निजत्वं, प्रकाशकं तस्य विधिं शशंसुः ।
तस्माद्विधेः प्रादुरभूद्वशिष्ठो माया न पस्पर्श विभोर्ऋषिं यम् ॥२९॥

वन्द्यः सुसत्यस्य विशोधको यो ज्ञानं ददौ श्री रघुवंशजेभ्यः ।
अज्ञान विज्ञान निरासदानाल्लेभे प्रसिद्धिं भुवने गुरुर्ज्ञः ॥३०॥

यतः सदाचारिवरः सुपूतः प्रादुर्बभूवाथ मुनिः स शक्तिः ।
सौम्याकृतिः शान्तमना मनस्वी वेदप्रवीणो मतिमान् बुधाग्र्यः ॥३१॥

योगेन्द्र बन्द्यो विदुषां वरेण्यो महामुनिर्लोक गुरुत्व माप ।
मुनीश्वराद् धाम निधेरिवाग्निः पराशरः सज्जनुराप शक्तेः ॥३२॥

विज्ञान योगोभयमर्म वेत्ता तपस्विनां त्राणकरः सतां यः ।
विद्यासरस्वत्पर पार दृश्वा पुण्यो नुतः सर्व तपस्वि वर्यैः ॥३३॥

पुराण कल्लोक सुगीत कीर्ति र्व्यासः सुतः कोऽपि ततोऽजनिष्ट ।
लोके परत्रैहिक मार्ग मूचे संपूज्यपद् बुद्धि निवास भूमिः ॥३४॥

योऽग्रेतनीं सूतिमवेक्ष्य मन्दप्रज्ञां हितार्थं विबभाज वेदम् ।
तस्मिन्महात्मन्यनुराग वन्तः कथं भवेयुर्न तपस्विवृन्दाः ॥३५॥

हरेः समो व्यास मुनिः सुभाग्यो यस्यास्ति सूनुः शुकदेव वर्यः ।
त्यागं यमाहुर्ननु मूर्तिमन्तं यस्यास्ति चित्ते हरिचिन्तनं सत् ॥३६॥

न वन्धकृत्कर्म चकार किञ्चिद् रंभादयो यं न ववंचुरीषत् ।
विकार हेतावपि नो विकारी लघौ वयस्याप निजं स्वरूपम् ॥३७॥

(तृतीयादिषु भाषित पुंस्कत्वाल्लघौ लघुनि उभयं साधु)
स्वेच्छाविरक्तो मदनेन मुक्तो विहाय गेहं वनमेत्य तेपे ।
वृत्तं यदीयं दुरितं दुनोति स वन्दनीयोऽस्ति सतां गुरुर्नः ॥३८॥

योगीश्वरं व्याससुतं नितान्तं विज्ञे महाभागवतं शुकं तम् ।
सत्वप्लवं प्राप्तभवाब्धिपारं यं गौडपादो नुवति प्रणौति ॥३९॥

शिष्योऽभवद्यस्य स गौडपादः प्राचार्य वर्यो भुवि लब्धवर्णः ।
एकाद्वितीयं त्वभयं सुखार्थं महोज्वलं ज्ञानमवापि येन ॥४०॥

विद्भिः सहैकं व्यदधात्सुवादं यः शास्त्र सिद्धान्त विधानहेतोः ।
यस्य प्रसादः प्रथितोऽघनुत्तौ स्वसेविनोऽभूत् सहि गौडपादः ॥४१॥

शिष्यस्तदीयः कलिकल्पषघ्नो गोविन्द पादोऽभवदेक एव ।
शिश्राय शंकर एव साक्षात् श्री शंकराचार्य इति प्रसिद्धः ॥४२॥

मायाजवनिकाच्छन्नं ब्रह्म जीवो निगद्यते ।
अभेद विद्यां यः प्रादाच्च छंकाराचार्य देशिकः ॥४३॥

परमगुरुवर श्री गौडपादज्ञया यो विशदमुपनिषत्सु स्पष्टभाष्यं चकार ।
मम जननमिहेदं धर्महेतोर्नु बुध्वा सफल मथ वितेने भारते तत्प्रचारम् ॥४४॥

धैर्यं धरावद्धरणार्थमेव ज्ञानप्लवेनोत्तरणार्थमेव ।
अहंममत्वो द्धरणार्थमेव निष्कामभक्तेर्भटरणार्थमेव ॥४५॥

जन्माधृतं तं खलु चिन्तयेऽहं सज्ज्ञानिनं पूज्यपदारविन्दम् ।
श्री शंकराचार्य वरं नतोऽस्मि दिवानिशं ध्यान निविष्टचित्तम् ॥४६॥

श्रीनिवासः प्रभुः सेव्यो जीवस्तत्पद सेवकः ।
विशिष्टाद्वैतनिर्ध्याता श्रीरामानुजदेशिकः ॥४७॥

दयया गृहीत हृदयो पशुहिंसां यो निनिन्द सर्वत्र ।
संघे धर्मं विदधे बुद्धः सुगतो विहारसंस्कर्त्ता ॥४८॥

सम्राडशोको जयतात् कलिंग विजयोत्तरम् ।
दययोपरतो युद्धाद् बौद्धं धर्मं स्वतोऽग्रहीत् ॥४९॥

अन्येभ्योप्युपदेष्टुं तमुपदेशकसुधीवरान् ।
एकसप्ततिसाहस्रान् प्राहिणोद् भिन्नराष्टके ॥५०॥

भारतेऽनेकभागेषु बहूच्छायान् सुशोभनान् ।
उत्कीर्णलेख बहुलान् स्मृतिस्तूपांश्च निर्ममे ॥५१॥

अशोकधर्म चक्रं च प्रावर्त्तिण्ट यदेव तत्
इदानीं संघराज्यस्य ध्वजे चिन्हं विराजते ॥५२॥

स्वजन्मसिद्धोऽस्ति ममाधिकारः स्वराज्यमित्येव जनानभीरुः ।
गीतारहस्यं स मबोधि यश्च सलोकमान्यस्तिलक स्त्रिलोक्याम् ॥५३॥

मुहम्मदोग्रजलधौ मग्न हिन्दूत्वरक्षकः
सिक्खानां सम्प्रदायस्य प्रणेता गुरुनानकः ॥५४॥

एताँस्तथान्यान् वरदानुदारान् धीरान्नमस्कृत्य वरान् समेतान् ।
संप्रार्थये विश्वविदालयस्य भवन्तु निर्माण विधौ सहायाः ॥५५॥

अथोपस्थे किल बालमित्रं गंगाप्रसादो बुधमालवीयम् ।
उवाद मिष्टं स्वहृदा गुणस्निट् कथं समुद्विग्नमनासुविद्वन् ? ॥५६॥

उद्भूत भीषण भवानलतापतप्ता विद्याश्चतुर्दश गता बहुशोच्यतां ताः ।
त्वामिष्टदायकममीलित नेत्र संघैः ईक्षन्त एव न कृपामपि ते लषन्ति ॥५७॥

चिन्तामणि श्चिन्तनमाचिनोति कल्पद्रुमः कल्पनया प्रकल्पः ।
कामान् सुदोग्ध्री धयति स्ववत्सात् भवान्न चिन्तादिमपेक्षते गुणी ॥५८॥

भवादृशा भागवताः सुतीर्थाः सत्पूरुषा उत्तम कर्म केन्द्राः ।
लोकम्पृणै र्वन्द्य चरित्रसंघैः सं प्रीणयन्तो जगतीं भवन्ति ॥५९॥

तस्मात्समुत्तिष्ठ जहीहि दोषान् वृद्धिगतान् कार्य विनाशहेतून् ।
सन्धारयन् भूतिकरान् गुणान् स्वान् लोकेषु लोकातियशो लभस्व ॥६०॥

एनीविसण्ट मिथिलेशसकाशमेतां पत्रादिना वितर संकथनीयवार्त्ताम् ।
याहि स्वयं, कथय, चिन्तय कृत्यजातं सिद्धिं समेष्यति भवान, हरिरस्ति साक्षी ॥६१॥

श्रुत्वा सुखं मित्रमुखात्सुवाक्यं काशीं प्रतस्थे बुधमालवीयः ।
तत्रेत्य काशीपति संगमोर्ध्वमेनी विसेण्टं महिलां ददर्श ॥६२॥

मान्याः सुलोकजनताः कलयांचकार विद्यालयं समधिकृत्य सभां चकार ।
प्रस्ताव मेकमतकं प्रथयांचकार श्रीमालवीय सुमतिः कृपयां चकार ॥६३॥

सभापतिः काशिकराजवर्यो मेने शुभं संदिदिहेतु किंचित् ।
प्रस्तावतथ्यं जनता विदुस्तत् सहायतायै प्रतिजानते स्म ॥६४॥

काश्यां, प्रधानभुता मनिषिणो यं सतां मान्याः ।
तानपि स मालवीयो निमंत्रयामास साह्यार्थम् ॥६५॥

तेषां गोष्ठी समभूत् शात्रार्थं या प्रसारयामास ।
नैयायिकमीमांसकव्याकृतिधर्मादि विज्ञानाम् ॥६६॥

विद्यालयाः सन्ति परः सहस्राः देशे स्वदेशे परदेशमध्ये ।
किमर्थमेनं तनुते, ब्रवीतु वैशिष्टयमस्योपनिभालनीयम् ॥६७॥

शास्त्रेषु भेदो बहुलो विभाव्यते स वास्तवो वास्ति नवास्तवः किमु ।
किं तथ्यमस्तीति गवेषणाधिया विद्यालयोऽयं क्रियतेऽति विस्तृतः ॥६८॥

न्याये प्रसिद्धं मन इन्द्रियं हि वेदान्त शास्त्रे मन इन्द्रियं नो ।
सांख्येषु दृष्टं ह्युमयात्मकं तत् यथ्यं नु तथ्यं विबुधैर्विबोध्यम् ॥६९॥

ज्ञानेन्द्रियकर्मेन्द्रिय बुद्धिमनः प्राणवाय्वादि ।
सप्तदशावयवयुतं लिंगशरीरं मतं तु सिद्धान्ते ॥७०॥

वागादि कर्मेन्द्रियपंचकं ना घ्राणादि बुद्धीन्द्रिय पंचकं सत् ।
न्याये च रुद्वेन्द्रियता ततो नो एवं हि सिद्धान्त हतिर्भविष्या ॥७१॥

कर्मेन्द्रियं नास्ति ततोऽत्र सप्तदशत्व संख्या कुत एव सिद्धा ।
तस्या अभावे क्व च लिंगदेहो विना ततः कस्य गतागतं स्यात् ॥७२॥

स्थूलस्य देहस्य यतो विनाशः सूक्ष्मं शरीरं नहि सिध्यतीतः ।
गतागतं लिंग शरीर सिद्धं, लिगं विना कस्य भविष्यतीह ॥७३॥

कर्मेन्द्रियाणां यदि नास्ति सत्ता न स्यात्ततः प्राणमयः स कोषः ।
क्रियासु शक्तः, किल कार्य रूपः सिद्धान्त हानिस्तु भविष्यतीतः ॥७४॥

विभुः पदं व्यापकतार्थकं तत् जीवो विभुः सन् प्रति वर्ष्मं भिन्नः ।
एवं हि सिद्धान्त कथा कथं स्यात् विभुश्च भिन्नश्च यतो विरुद्धम् ॥७५॥

विभुर्मतः सर्वसूमूर्त्तरूप द्रव्यस्य संयोग करोऽ प्ययुक्तः ।
भवन्मते निष्क्रिय एव सात्मा संयोग एवैष विना क्रियां नो ॥७६॥

गुणाश्रयत्वं द्रव्यत्वमिति द्रव्यस्य लक्षणम् ।
आद्यक्षणे तथोत्पन्न विनष्टे च घटे न तत् ॥७७॥

अव्याप्तिस्तेन वर्वति लक्षणं संगतं नहि ।
केनेत्थं भ्रामितोऽसि त्वं लक्ष्म बुध्यस्व संगतम् ॥७८॥

सामानाधि करण्येन गुणस्य समवायतः ।
सत्ता भिन्न जातिमत्वं द्रव्यत्वं तु विवक्षितम् ॥७९॥

समवायाद् गुणस्याधि करणं गगनादिकम् ।
तस्मिन् गता, या द्रव्यत्वजातिः सत्ताविभेदिनी ॥८०॥

सा तादृशे घटेऽप्यस्ति, लक्ष्मेदं संगतं तथा ।
यथेत्थं कथयेत्कश्चित् स पिता तेऽप्ययं पिता ॥८१॥

सिद्धं परस्मिन् हि द्रव्यत्वं कथंचित् ख्याप्यतेऽपरे ।
अपशौ ब्राह्मणादित्वात् कथं नास्मिन् सुपितृता ।।८२।।

अथवा मत्पितुः पित्रा शुद्धं भुक्तं घृतं बहु ।
ममेमौ चिक्कणौ हस्तौ प्रमाणं वित्थ साम्प्रतम् ।।८३।।

द्रव्यत्वं भिन्नमेवाहो प्रतिद्रव्यमवस्थितम् ।
द्रव्येष्वनु गता बुद्धिः शब्दतंत्राश्रया मता ।।८४।।

इच्छाद्वेष प्रयनाश्च दुःखज्ञानसुखानि च ।
आत्मनो लिंगमित्याह कणादो गौतमः पृथक् ।।८५।।

परे तथा न मन्यन्ते, ज्ञानवत्वं तु लक्षणम् ।
इच्छा ज्ञान प्रयत्नाँश्च गुणास्ते मन्वते पुनः ।।८६।।

ईशो निष्क्रिय एवापि कर्ता विश्वस्य गोपिता ।
निष्क्रिये कर्त्तृगोप्तत्वे गवेष्यं स्यात् प्रयोजनम् ।।८७।।

प्रयोजनं नु तर्क्येत निष्क्रियत्वं कथं भवेत् ।।
"प्रकृतेः क्रियमाणानि गुणैः कर्माणि सर्वशः ।"
इति गीतोक्त माचष्टे न्याय मुक्तावली करः ।।८८।।

प्रकृतेरत्रा दृष्टस्य गुणैरदृष्टजन्मभिः ।
इच्छादिभिश्च कर्त्ताहमेवेत्यर्थो न चेतरः ।।८९।।

अपव्याख्यान मेतत्तु नैयायिकवरस्य ते ।
प्रकृत्यर्थो ह्यदृष्टं तु कुत्रापि नहि भाषितम् ।।९०।।

गुणाः सत्त्वादयः सिद्धा प्रकृते रूपतां गताः ।
नहीच्छादिप्रभृतय उच्छास्त्रं व्याख्ययाऽयशः ।।९१।।

"मायांतु प्रकृतिं विद्यात् मायिनं तु महेश्वरम् ।"
इत्येवं प्रकृतिर्माया ह्यविद्या श्रुतिशास्त्रयोः ।।९२।।

एवमाद्यान् बहून् दोषान् न्यायशास्त्रे प्रतिष्ठितान् ।
विचारयन्तु सुधियः शोधयन्तु ततः परम् ।।९३।।

सांख्येषु प्रकृतिः कर्त्री, कर्त्तान पुरुषो मतः ।
आधा जडाऽपि कर्त्री, चेत्, भोग कर्त्री कुतो नहि ।।९४।।

क्रियायाः करणात् कर्त्री भोगोप्येका क्रिया यतः ।
पुरुषार्थं प्रवृत्या तु कर्त्तृता नहि भोक्तृता ।।९५।।

भोक्तृता भोगकर्त्तृत्वं कर्तृत्वे भोक्तृतां स्वतः ।
वैषम्ये कारणं किं स्यात् स्वातंन्त्र्यं, शृंखला न ते ।।९६।।

प्रकृतिर्यदि कर्त्री स्यात् निष्क्रिया सा कथं भवेत् ।
परिणामः क्रिया ह्येव तत्सत्वे सा तथा कथम् ।।९७।।

परिणामे स्वीकृतेऽपि परिस्पन्दो न सम्मतः ।
परिष्पन्दक्रियाऽभावे निष्क्रियत्वं व्यवस्थितम् ॥९८॥

किंचिच्चलनमित्येव स्पन्दनं तत् क्रिया ततः ।
परिस्पन्दः क्रिया ना स्तीत्येतदुक्तिर्न शास्त्रिकी ॥९९॥

प्रकृतौ यद्धि कर्त्तृत्वमदृष्टवशतो मतम् ।
क्षोभः प्रसवधर्मित्वं प्रवृत्तिः सा परार्थिका ॥१००॥

तर्ह्यव्यक्तं स्वतंत्रं तत् निराश्रयमहो कथम् ।
परस्पर विरुद्धं तु शास्त्रे व्याख्यायते कथम् ॥१०१॥

पुरुषस्य हि द्रष्टृत्वं कर्त्तृत्वं न हि सम्मतम् ।
द्रष्टृत्वं दृशि कर्त्तृत्वं चेन्नरे तत्कुतो न हि ॥१०२॥

कूटस्थः स स्वतो नास्ति विकारी, पुरुषः परः ।
प्रकृतेः परिणामेन देहाहंकारवान् यदा ॥१०३॥

तदा दर्शन कर्त्तृत्वं पुरुषे न स्वभावतः ।
भोक्तृत्वे चैव पुरुषं कारणं प्रथमे विदुः ॥१०४॥

अहंकारवशायातं कर्त्तृत्वं यदि मन्यसे ।
भोक्तृत्वं चाप्यहंकारवशायातं कुतो नहि ॥१०५॥

वैषम्ये कारणं किं स्यात्, उच्छास्त्रं स्यात्स्वतन्त्रता ।
अहंकारवशायाते उभे कर्त्तृत्वभोक्तृते ॥१०६॥

तथापीह विकारस्याऽवसाने स्याज्जडात्मता ।
ततो ह्युपाधि प्राधान्यात् कर्तृत्वं प्रकृतौ गतम् ॥१०७॥

भोगः चिदवसानोऽस्ति ततश्चोपहितस्य हि ।
प्राधान्यं, तेन भोक्तृत्वं पुरुषे सांख्य कृन्मतम् ॥१०८॥

मूलं विकारः कर्त्तृत्वे, भोक्तृतेऽपि कुतो न सः ।
वैषम्ये कारणं किं स्या दुच्छास्त्रं स्यात् स्वतन्त्तता ॥१०९॥

पुरुष व्यतिरेकेण प्रकृतेः सिद्धिरस्ति नो (स्वरुपालाभः) ।
प्रकृति व्यतिरेकण पुरुषार्थो नसिध्यति ॥११०॥

निराश्रयत्वं स्वातन्त्र्यं प्रकृतौ पुरुषे तदा ।
न स्यात्सांख्यबुधः प्रार्थ्यो निज बुद्धि सुधारय ॥१११॥

पूर्वापर विरुद्धोक्तमप सिद्धान्तितं तथा ।
सांख्य शास्त्रे सुबहुलं सुधीभिः शोधनीयकम् ॥११२॥

मीमासकाः कर्मबुधा ब्रुवन्ति कर्मैव संदात् फलस्य नान्यत् ।
तत्रोच्यते, कर्म जडं, फलाय कल्पेत तद् ब्रूहि कथंनु विद्वन् ? ॥११३॥

साम्यं कथंचिन्नहि कर्मणां स्यात् तत्कर्मिणां भिन्न फलं हि सम्यक् ।
यत्तारतम्यं बुबुधे जडं नो तत्तारतम्यं घटते फले नो ॥११४॥

क्वचित्त्व सिद्धिः किल कर्मणां चेत् ततः कथं स्यात्फलदातृ कर्म ।
स्वयं सुसिद्धः परसाधकः स्यात्, स्वयं त्वसिद्धः परसाधकं नो ॥११५॥

त्रीण्यत्र वस्तूनि हि कर्म, देवता, द्रव्याणि, यत्र प्रथितानि सन्ति भोः ।
ता देवताः कर्म फलानि याजके जीवत्वसाम्यान्न विधातुमीशते ॥११६॥

स्वातन्त्र्य मासां नहि देवताना मन्तः सुयामिश्रुतितो वशेन ।
अतः स्वतन्त्रः फलदः प्रभुर्यः कर्त्तुं त्वकर्त्तुं प्रवलोऽन्यथा वा ॥११७॥

विनश्वरं कर्म यतः, प्रदातुं फलं समर्थं न हि मन्यतेऽतः ।
तत्किन्त्वपूर्वं जनयत्यखण्डं तस्मात्फलं यष्ट्रिषु संगतं स्यात् ॥११८॥

तत्राप्यपूर्वे किल पक्षयोर्द्वयं मीमांसकानां पुरतो विराजते ।
तदेव सूक्ष्मं तु विधेः समुत्थितं फलं ह्यपूर्वाह्वयमेकपक्षके ॥११९॥

कालान्तरस्मिन् फलसम्प्रदायिका स्यात्कर्मशक्ति स्त्वपरऽत्र पक्षके ।
या या कथाऽभूज्जडकर्म पक्षे सा सा कथाऽपूर्वदलेऽपि बोध्या ।
यतोऽस्वतन्त्रं जडमप्यपूर्वं फलं प्रदातुं कथमीश्वरं स्यात् ॥१२०॥

यंदेवमुद्दिश्य विधीयते द्रव्यस्य विश्रवाणनमेव कर्म ।
विना तु तं नास्ति सुकर्मसिद्धिः, सा देवता कर्मणि मुख्य भूता ॥१२१॥

समागतं कर्म, सुदेवताया आराधनार्थं, न हि शेषिरूपम् ।
तस्याः प्रसादस्य तदाश्रयत्वादपूर्वकं कर्त्तरि संगतं नो ॥१२२॥

संप्रोक्षणादुत्थमपूर्व पुण्यं व्रीह्याश्रयत्वं भजते यथात्र ।
तथा प्रसादः किल देवताया स्तन्निष्ठ एवास्तु न कर्त्तरि स्यात् ॥१२३॥

यद्यंगभूता किल देवतास्ति कर्म प्रधानं, नरवृत्ति तच्च ।
कर्मोत्थितं यज्ञ करेप्यपूर्वं नासंगतिस्तेन, तथाप्यसंगः ॥१२४॥

यस्मिन्मतेऽपूर्वमिदं नु कर्त्तरीत्युक्तं तदप्यस्ति विचारणीयम् ।
प्रयोज्यके कर्त्तरि यायजूके नायात्यपूर्वं, खलु* संगतिस्तत् ॥१२५॥ *(निषेधार्थे)

ऋत्विक्ष्वपूर्वाश्रयता प्रसंगतः सिद्धान्ततः कर्म फलं प्रयोक्तरि ।
अपौरुषेया श्रुतिरस्ति तेन हि प्रयोजिका सा श्रुतिरेव सर्वतः ॥१२६॥

ततो ह्यपूर्वं श्रुतिनिष्ठ मेव न स्याद पूर्वं नरि यज्ञकारे ।
श्री वासुदेवे प्रतिवर्तकान्तर्यामि श्रुतेः प्राप्तमपूर्वमंजः ॥१२७॥

देवाश्रयं कर्त्तरि वाप्यपूर्वं श्रीवासुदेवे ह्युभयत्र सम्मतम् ।
प्रयोजकः कर्मणि वासुदेवः इज्योऽपि सर्वस्य मतेन सैव ॥१२८॥

कर्मानुसारं सकलेभ्य एव फलस्य दाता सहि वासुदेवः ।
एवंकृते कापि न संगतिर्नो, अतोऽन्यथा नैवहि चर्चनीयम् ॥१२९॥

वस्तुद्वयं यत् सगुणागुणाख्यं गृह्णाति लोके किल भावनातः ।
गुणान्वितं छात्रगहस्थवर्गो गुणाद्व हिस्तत्तु तपस्विवर्गः ॥१३०॥

गुणान्विते वस्तुनि सप्तभूम्यो गुणाद्वहिष्ठेऽपि तका यकाः प्राक् ।
वात्सल्य सख्यात्म निवेदनादिकं, दासत्व कान्तत्व गुणानुकीर्तनम् ॥१३१॥

सुतन्मयत्वं सुतदारवर्गे श्री शे प्रभौ वाऽनुगताः प्रशस्ताः ।
रहूगणो वा जनको विदेहो ह्यजातशत्रुप्रभृतिर्निदर्शः ॥१३२॥

उपासनायाः सगुणस्य पाके संजायते निर्गुण वस्तुनः सा ।
दृक् दृश्य रूपं जड चेतनाद्वं, तापायसः पिण्डमिवोपस्टष्टम् ॥१३३॥

तादात्म्यकं यत्त्वनयो र्द्वयोः स्यादुक्ताज्ञताकार्य महंकृतिः सा ।
ज्ञानं त्रिधा स्वात्मनि, तत्र गुह्यं, स्वात्मास्ति देह व्यतिरिक्ततत्वम् ॥१३४॥

देहे ह्यहं गुह्यतरं तु साक्षी, ब्रह्माऽस्म्यहं गुह्यतमं समन्तात् ।
भक्तेर्नवत्वेऽपि त्रिधैव सात्र श्रुतिः स्मृतिः कीर्तनमेव मुख्यम् ॥१३५॥

विना तु ताभ्यां श्रवणं न विद्यते श्रुतिं विना कीर्तनसंस्मृती नो ।
स्मृतिं विनाऽपि श्रवणं न कीर्तनं, श्रुतिस्मृती तत्र विना न कीर्तनात ॥१३६॥

एवं त्रयाणां नु मिथोऽनुवृत्तेर्भक्त्यन्तरस्मिन्नपि हेतुतायाः ।
गीतासु संज्ञापनमस्ति सम्यक् सुधी वरै राकलनीयमेव ॥१३७॥

तस्यास्म्यहं, सोऽपि ममैव सोऽहं त्रिधैव भक्तिः किल साधनातः ।
अभ्यासपाकाच्च भवेत्सुसाधा श्रीशे प्रभौ तत्र मुहुः सुगीतम् ॥१३८॥

इश्वरे कर्त्तृताबुद्धिः सत्त्वोपादेयतान्तिमे ।
स्वकर्मपरिणामश्च गीता सारार्थ उच्यते ॥१३९॥

कर्मयोगस्तपस्तीर्थदानयज्ञादि सेवनम् ।
भक्तियोगः परैकान्त प्रीत्या ध्यानादि सेवनम् ॥१४०॥

गुणैः संक्षुब्धके चित्ते धारणावश्यिका मता ।
सामान्यतो विना लक्ष्यं मनः स्थैर्यं तु धारणा ॥१४१॥

तत्तदङ्गे भगवतो भावाद् ध्यानं मनो दृढम् ।
अच्छिन्नतैल च्धारावच्चित्तैकाग्रं समाधित । समाधि रेव समाधितः ॥१४२॥

ज्ञानयोगो जितस्वान्त परिशुद्धात्मसंस्थितिः ।
त्रयाणामपि योगानां त्रिभिरन्योन्य संगमः ॥१४३॥

नित्यनैमित्तिकानां च काम्यानां कर्म रूपिणाम् ।
आत्म दृष्टेस्त्रयोप्येते योगद्वारेण साधकाः ॥१४४॥

निरस्तनिखिलाज्ञानः प्रत्यगात्माऽपरोक्षतः ।
प्रतिलभ्य पराभक्ति तयै वाप्नोति तत्पदम् ॥१४५॥

भक्ति योगस्तदर्थी चेत्समग्रैश्वर्य साधनम् ।
निष्कामाश्चेन्त्रयोऽप्यते तत्कैवल्यस्य साधकाः ॥१४६॥

ज्ञानी तु परमै कान्त भक्तस्तत्तन्त्र जीवनः ।
तत्संश्लेष वियोगैकसुखदुःखस्तदेकधीः ॥१४७॥

भगवद्भक्ति योगोक्तवंदन स्तुति कीर्तनैः ।
लब्धात्मा तद्गत प्राणमनो बुद्धिन्द्रियक्रियः ॥१४८॥

निजकर्मादिभक्त्यन्तं कुर्यात्प्रीत्यैव कारितः ।
उपायतां परित्यज्य न्यसेद्देवे तु तामभीः ॥१४९॥

एकान्तात्यन्तदास्यैकं रतिस्तत्पदमाप्नुयात् ।
तत्प्रधानमिदं शास्त्रमिति गीतार्थ संग्रहः ॥१५०॥

एवं नु शास्त्रस्य सुरक्षणा कृते विद्यालयस्थापनमंहतां गतम् ।
सहायतायै भवतोऽनुयाचते स्वाशीर्बचोभिः किल वर्द्धयन्तु तत् ॥१५१॥

विद्वद्वरास्तदनुमोदनतत्परास्ते प्रोचुः शुभं मदनमोहनमालवीय ?
सिद्धि लभस्व, नितरां परिपूरयार्थं, विद्यालयस्य रचनां नु विधेहि सम्यक् ॥१५२॥

राधामुकुन्दपदपाथसिजस्य सेवाहेवाकिदेवदययापितभव्यकार्ये ।
सत्यं शिवं विजयसुन्दरभूतिसौख्यं सन्तु श्रियः सकल काम दुधाः प्रसन्नाः ॥१५३॥

हिन्दू विश्वादि विद्यालय इति महाकाव्यवर्यें सुभव्ये ।
निर्माणीये द्वितीयः क्रमशः इह ततः सर्गवर्गो व्यरंसीत् ॥१५४॥

काश्यां साहित्यभागे प्रथमपदगो विश्वविद्यालयेऽस्मिन् ।
राजस्थानी चिरावाभिजनकमधूसूदनो यद्वितेने ॥१५५॥

इति श्री मधुसूदन शास्त्रिणः कृतौ हिन्दूविश्वविद्यालये महाकाव्ये द्वितीयः सर्गः समाप्तिमगमत् ॥

———

# मालवशिरोमणिः राजा भोजः

उदयचन्द्र जैन
संस्कृत महाविद्यालय

इतिहासप्रसिद्धो मालवेशो भोजः प्रसिद्धराजस्य मुञ्जस्य सहोदरस्य सिन्धुराजस्य पुत्र आसीत्। मालवभूमेः परमारवंशीयराजानां मध्ये राज्ञो भोजस्य महत्त्वपूर्णं स्थानमासीत्। खिष्टीयाब्दस्य एकादशशताब्द्यां राज्ञा भोजेन स्वजन्मना धारानगरी, मालवभूमिः, भारत-भूमिश्चालङ्कृता। भोजस्य शासनकालः १०१० खिष्टीयाब्दात् १०५५ खिष्टीयाब्दोऽभवत्। यदा भोज आसीत् पञ्चवर्षीयस्तदैव तस्य पिता सिन्धुराजः स्वां वृद्धावस्थां ज्ञात्वा पुत्रं चाल्पवयस्कं विज्ञाय स्वलघुभ्रात्रे मुञ्जाय राज्यस्य भारमदात्। भोजस्य लालनं पालनं च मुञ्जस्य राजप्रासाद एवाभवत्। एकस्मिन् दिवसे मुञ्जः वररुचिनामधेयात् ज्योतिर्विदो भोजस्य विषये निम्नां भविष्यवाणीमश्रृणोत्—

**पञ्चाशत्पञ्चवर्षाणि सप्तमासदिनत्रयम्।**
**भोजराजेन भोक्तव्यः सगौडो दक्षिणापथः॥**

अस्यायमर्थोऽस्ति यद् भोजोऽस्मिन् भूतले पञ्चपञ्चाशद्वर्ष-सप्तमास-दिनत्रयपर्यन्तं शासनं करिष्यति। उपर्युक्तां वाणीं श्रुत्वा मुञ्जो विचारमकरोद् यद् यदि राज्यलक्ष्मीः भोजं गमिष्यति तर्ह्यहं जीवितोऽपि मृतवद् भविष्यामि। अतो बङ्गदेशीयराजानं वत्स-राजमाहूयाकथयत् यत् त्वं भोजं गहनवने नीत्वा रात्रौ तस्य वधं कुरु। यदा भोजेन वत्सराज-द्वारा स्ववधसमाचारो ज्ञातस्तदा तेन यो दार्शनिक उत्तरो दत्तः स द्रष्टव्यः—

**रामप्रव्रजनं बलेर्नियमनं पाण्डोः सुतानां वनम्**
**वृष्णीनां निधनं नलस्य नृपतेः राज्यात् परिभ्रंशनम्।**
**कारागारनिषेवणं च मरणं संचित्य लङ्केश्वरे**
**सर्वः कालवशेन नश्यति नरः को वा परित्रायते॥**

तदनन्तरं मुञ्जस्य सकाशे प्रेषणार्थं भोजेन विनिर्मितो निम्नलिखितः श्लोकोऽनु-शीलनीय :—

**मान्धाता च महीपतिः कृतयुगालङ्कारभूतो गतः**
**सेतुर्येन महोदधौ विरचितः क्वासौ दशास्यान्तकः।**
**अन्ये चापि युधिष्ठिरप्रभृतयो याता दिवं भूपते**
**नैकेनापि समं गता वसुमती मुञ्ज त्वया यास्यति॥**

अतिगंभीरमिममुत्तरं श्रुत्वा तथा भोजस्य वधं परिगणय्य मुञ्जो मूर्च्छितः सन् भूमाव-पतत्। सौभाग्येन वत्सराजेन भोजस्य वधो न कृतः किन्तु स सुरक्षितस्थाने स्थापित आसीत्। अतो यदा भोजः मुञ्जस्य पार्श्वे नीतस्तदा मुञ्जः पुनश्चेतनतामलभत। तदनन्तरं मुञ्जेन राज्यस्य भारो भोजाय समर्पितः। भोजे बाल्यावस्थायामेव राज्यस्य भारः समापतत्। चतुर्दशवर्षीय एव बालः शासको बभूव। भोजोऽतिशयं धीरः, वीरः, साहसी, पराक्रमी

चासीत् । स्वशासनकाले तेन हि घोरसंग्रामे चेदि, कर्णाट, लाट, गुर्जरादिशासकाः पराजिताः । भोजेन स्वकीयं राज्यं शत्रुभिः विनिर्मुक्तं कृत्वा निरापदं सम्पादितम् ।

भोजराजो न केवलं कुशलः शासको वीरः प्रतापी एवासीत् किन्तु महाविद्वान् विद्वत्प्रियः काव्यरसिकश्चाभवत् । तेन हि विद्वांसः सदा महतादरेण सम्मानिताः । विद्वद्भिरपि स भोजः 'कविराज' इत्युपाधिना अलङ्कृतः । भोजस्य विषये उदयपुरप्रशस्त्यां लिखितं वर्तते यत्—

**साधितं विहितं दत्तं ज्ञातं तद् यन्न केनचित् ।**
**किमन्यत् कविराजस्य श्रीभोजस्य प्रशस्यते ॥**

भोजेन विनिर्मितैः विविधविषयकैः ग्रन्थैः तस्य विद्वत्ताऽनुमीयते । राजमार्तण्ड-सरस्वतीकण्ठाभरण-व्यवहारसमुच्चय-समराङ्गणसूत्रधार-आयुर्वेदसर्वस्व-काव्यचम्पूरामायण-महाकालीविजयकोदण्डकाव्यप्रभृतयो भोजविनिर्मिता अनेके ग्रन्था विद्यन्ते । भोजस्य विद्याव्यसनं गीर्वाणवाणीं प्रत्यनन्यस्नेहं च दृष्ट्वा नैतत् शंकनीयं यदेतेषां ग्रन्थानां रचना तेन कथं कृता स्यात् ।

भोजस्य शासनकाले तस्मिन् प्रदेशे संस्कृतभाषा आसीत् राजभाषा । साधारणजनोऽपि संस्कृते वार्तालापं कर्तुं क्षमोऽभवत् । एकदा भोजः पर्यटनार्थं नगराद् बहिर्गच्छन् एकं नरं स्वशिरसि काष्ठभारं वहन्तमपश्यत् । भोजस्तमपृच्छत्—'किं भारो बाधति ?' स हि भारवाहक उत्तरमदात्—'भारो न बाधते तावत् यावत् बाधति बाधते ।'

अस्य प्रकरणस्यायमभिप्रायो वर्तते यत् तदा काष्ठवाहकोऽपि संस्कृतं सुष्ठुरीत्या वक्तुं समर्थोऽभूत् । भोजेन धारानगर्यां संस्कृतभाषाया अध्ययनार्थं भोजशालानामकं सरस्वती भवनं निर्मापितम् । तन्मध्ये एका अतिमनोज्ञा सरस्वतीप्रतिमा स्थापिता आसीत् या अधुना ब्रिटिशसंग्रहालये वर्तते ।

भोजः स्वयं विद्वान् विद्वत्प्रियश्चासीत् । तेन हि घोषणा कृता यत् मम राज्ये कोऽपि विद्वान् कष्टं न प्राप्नुयात् । प्रत्युत विदुषे सर्वाः सुविधाः प्रदातव्याः । तेन हि एको नियमो विनिर्मितो यत् कोऽपि निरक्षरो मम राज्ये नागरिकताया अधिकारं न प्राप्नुयात् । विदुषां नवीनरचनां दृष्ट्वा भोजस्तेभ्यः लक्षपरिमिता मुद्रा ददौ । भोजस्य अनया उदारतया राजकीयकोषो रिक्तप्रायो बभूव । तदा भोजस्य दानशीलतां नियंत्रयितुं प्रधानमंत्रिणा राजप्रासादस्य भित्ताविदं लिखितम्—

'आपदर्थे धनं रक्षेत् ।' तद् दृष्ट्वा भोजेनेदमपरं लिखितम्—'श्रीमतामापदः कुतः ।' पुनः प्रधानमंत्रिणा लिखितम्—'कदाचिच्चलिता लक्ष्मीः ।'

भोजेनापि प्रत्युत्तरितम्—'संचितार्थो विनश्यति ।'

अनेनेदं विज्ञायते यत् भोजः कोषसंचयचिन्तां नाकरोत् लेशमात्रम् । प्रत्युत कोषं रिक्तं कृत्वा विदुषां सेवया स महदानन्दमन्वभंवत् ।

भोजस्यानेन विद्याव्यसनेन धारानगर्यां मूर्खाणामत्यन्ताभावो जातः । एकदा द्रविडदेशात् लक्ष्मीधरनामक एको महान् विद्वान् भोजसभायामुपस्थितः सन् धारानगर्यां निवसितुमैच्छत् । तदा हि इयं परिपाटी प्रचलिता आसीत् यत् कस्यापि विदुषः निवासार्थं कस्यापि

मूर्खस्य भवनं रिक्तं करणीयम्। अत एकस्य कुविन्दस्य भवनं रिक्तं कर्तुं राजाज्ञा घोषिता। तां श्रुत्वा स कुविन्द एकं श्लोकं विरचय्य भोजं प्रति प्रेषितवान्। दृश्यतां तावत्—

**काव्यं करोमि न हि चारुतरं करोमि**
**यत्नात् करोमि यदि चारुतरं करोमि।**
**भूपेन्द्र मौलिमणिमण्डितपादपीठ**
**हे साहसाङ्क! कवयामि वयामि यामि॥**

अत्र कवयामि, वयामि, यामि इत्येते प्रयोगा दर्शनीया वर्तन्ते। तस्य कुविन्दस्य कवित्वशक्तिं विज्ञाय भोजस्तस्मै कुविन्दाय महद् धनं प्रददौ। महता सम्मानेन च स कुविन्दः स्वगृहं प्रेषितः। एवंप्रकारेण भोजकाले प्रत्येको जनः संस्कृतज्ञो विद्वाँश्चासीत्।

यथा उज्जयिन्याः सम्राज्ञो विक्रमादित्यस्य राजसभायां नव रत्नान्यासन्नेवमेव भोजस्य सभायामपि नव रत्नान्यभवन्। तेषां मध्ये कालिदासोऽन्यतमोऽभूत्। भोजकालीनकालिदासो मेघदूत-अभिज्ञानशाकुन्तलादिरचयितुः कालिदासाद्भिन्न एव। न चात्र कश्चिद्विरोधो यतस्त्रयः कालिदासा अभवन्। यथोक्तं राजशेखरेण—

**एकोऽपि जीयते हन्त कालिदासो न केनचित्।**
**शृङ्गारे ललितोद्गारे कालिदासत्रयी किमु॥**

एकदा कालिदासो भोजे रुष्टो भूत्वा धारां विहाय एकशिलानगरं गतः। तदनन्तरं भोजोऽपि कापालिकवेषं धृत्वा कालिदासस्यान्वेषणाय एकशिलानगरमगच्छत्। 'किं भोजः कुशली?' इति कालिदासेन पृष्टः स योगी उवाच—'भोजः स्वर्गं गतः।' एतदाकर्ण्य भोजं दिवंगतमवधार्य तं सम्बोध्य विलपन्निदमूचे—"यदहमपि त्वत्समीपमेवागच्छामि। नाहं त्वां विना क्षणमपि कुत्राप्यवस्थातुं शक्नोमीति।" श्लोकं चैकमधोलिखितमपठत्—

**अद्य धारा निराधारा निरालम्बा सरस्वती।**
**पण्डिताः खण्डिताः सर्वे भोजराजे दिवंगते॥**

इमं श्लोकं श्रुत्वा भोजोऽपि मूर्च्छितः सन् भूमावपतत्। तदा 'अयमेव भोजः' इति विज्ञाय कालिदासेन पूर्वोक्तः श्लोकः पाठान्तरेण पठितः—

**अद्य धारा सदाधारा सदालम्बा सरस्वती।**
**पण्डिता मण्डिताः सर्वे भोजराजे भुवं गते॥**

अधुना स्वतंत्रे भारते भोजकाल इव संस्कृतभाषायाः प्रतिष्ठा स्यात्, संस्कृतज्ञानां च विदुषां जीवननिर्वाहादिचिन्ता अपाकृता भवेत्, समादरश्च तेषां समुचितः समाजे जायेत इति मे महती कामना।

जयतु गीर्वाणवाणी सदा।

—o—

# रौद्रधनुषो यक्ष्मा

गोपाल चन्द्र मिश्रः
संस्कृत महाविद्यालयः

## उपक्रमः

यक्ष्मा नाम रोगराजः प्रसिद्धः । सोऽयं रोगः पुरुषमधिकुर्वँस्तं कदर्थयतीति सुविदितमेव । एतस्य कदर्थनधर्ममवलम्ब्य धनुष्यपि सयक्ष्मत्वं ज्ञाप्यते वेदेषु । यथा हि यक्ष्मा रोगो जनानभिभवितुं संहर्तुं च सक्षमः, एवं धनुरपि कानिचन साधनानि स्वीयानि उपादाय लोकानभिभवितुं संहर्तुं च सक्षम, इति क्षेमाय धनुषोऽयक्ष्मत्वं प्रार्थनीयं भवति ।

शुक्लयजुषि माध्यन्दिनीयशाखायामप्यस्ति धनुषोऽयक्ष्मत्वप्रार्थना । सा च रौद्राध्याये रुद्रदेवतायाः स्तुतिमुपक्रम्य वर्तते । तत्र रौद्राध्यायस्य आद्याः षोडश मन्त्राः 'शतरुद्रियम्' इति व्यवहृत्य मन्त्रात्मकस्य रुद्रदेवस्य अस्त्रतया शास्त्रतो ज्ञाप्यन्ते, यथा—

**'शिवसङ्कल्पहृदयं सूक्तं स्यात् पौरुषं शिरः ।**
**आशुः शिशान कवचं शिखा स्याच्चोत्तराभिधा ॥**
**शतरुद्रियमस्त्रं स्यात् नेत्रं विभ्राड् बृहत् स्मृतम् ॥ इति ।**

अत्र शिवसङ्कल्पसूक्तस्य (माध्यन्दिनीयसंहितायाः ३४ अध्यायसंबन्धिनां १-६ मन्त्राणां) हृदयरूपत्वम्, पुरुषसूक्तस्य (मा० सं० ३१।१-१६) शिरोरूपत्वम्, उत्तरनारायणानुवाकस्य (मा० सं० ३१।१७-२२) शिखात्वम्, 'आशुः शिशान' इत्यप्रतिरथसूक्तस्य (मा० सं० १७।३३-४२) कवचात्मकत्वम्, 'विभ्राड् बृहदि' ति (मा० सं० ३३।३०-४३ सौर्यसूक्तस्य नेत्रत्वम्, शतरुद्रिय (मा० सं० १६ अ०) समन्तर्गतस्य सदाचारानुगृहीतस्य षोडशमन्त्रात्मकस्यावान्तर शतरुद्रियस्य (मा० सं० १६।१-१६) च 'अस्त्र' रूपत्वं स्पष्टमुच्यते ।

अस्त्ररूपे च शतरुद्रीये—अस्+त्रस्य=क्षेपणक्रियया त्राणकारिणो, धनुषः अयक्ष्मत्व-प्रार्थनं युक्तिनीतिसङ्गतमेव भवति ।

रौद्राध्याये यस्य धनुषः अयक्ष्मत्वप्रार्थनं तदिदं रुद्रदेवतायाः । रुद्रो हि तमोगुणाधिष्ठाता संहारशक्तिप्रधानश्चेति पुराणेषु भृशं दृश्यते । तस्य च धनुषोऽयक्ष्मत्वप्रार्थनमेवं श्रूयते—

**या ते हेतिर्मीढुष्टम हस्ते बभूव ते धनुः ।**
**तयास्मान् विश्वतस्त्वमयक्ष्मया परिभुज ॥ (मा० स० १६।११)**

इति । अत्र उव्वटः—

**'तया हेत्या जस्मान् विश्वतः सर्वतः त्वम् अयक्ष्मया ।**
**यक्ष्मा व्याधिः, व्याधिरहितया परि भुज परिपालय ॥' इति ।**

महीधराचार्यश्च—

**'तया धनूरूपया हेत्या विश्वतः सर्वतोऽस्मान् परिभुज परिपालय । भुजेर्विकरण-**

**व्यत्यये शप्रत्ययः। कीदृश्या तया—अयक्ष्मया, नास्ति यक्ष्मा रोगो यस्यास्तया निरुपद्रवया दृढया अनुपद्रवकारिण्या वा।'**

इति व्याचख्यौ।

अत्रेदं विमर्शनीयम्—धनूरूपाया हेतेः (आयुधस्य) उपद्रवकारित्वं, रोगो (=येनान्ये रुज्यन्ते=भज्यन्ते) वा कैर्भवति येऽत्र यक्ष्मतया निर्दिश्यन्ते। अत्रः रोगो व्याधिर्वा न धनुषः स्वरूपहानिकरं किञ्चित्स्वतन्त्रं तत्वम्, अपि तु लोकवित्रासनकारि धनुःसम्बन्धि साधनभूतं पदार्थजातमेव, रोगत्वेन शाप्यते, मन्त्राशीःषु तथा दर्शनात्। तत्रेमे सप्त पदार्थाः प्रतिभासन्ते यथा—

१. प्रयोक्ता
२. मन्युः
३. ज्या
४. इषुः
५. शल्यमुखम्
६. इषुधिः
७. सज्जा, चेति।

एतेषां सप्तानामपि लोककम्पनकारिणां यक्ष्मभूतानां धनुर्गतपदार्थानां शान्तिः स्तुतिश्च रौद्राध्याये अभिलषिता, सात्र रौद्रस्य धनुषो यक्ष्मणः शान्त्यै विदुषां मनस्तोषाय प्रदर्श्यते।

### [१] प्रयोक्ता—रुद्रः

प्रयोक्तास्ति धनुषः प्रमुखो यक्ष्मा। धनुर्हि जीवता सशक्तिकेन पुरुषेण बाहुभ्यां च सन्धीयत इति पुरुषस्य शक्तेः बाह्वोश्च नमस्कारः क्रियते, यथा—

**'नमोऽस्तु नीलग्रीवाय सहस्राक्षाय मीढुषे।**
**अथो ये अस्य सत्वानोऽहं तेभ्योऽकरं नमः॥'** (१६।८)
**'नमस्ते रुद्र। बाहुभ्यामुत ते नमः॥'** (१६।९)
**'उभाभ्यामुत ते बाहुभ्याम्** (१६।१४) **इति।**

एवं हि धनुषो यक्ष्मभूतः प्रयोक्ता शान्तः क्रियते।

### [२] मन्युः

धनुषः प्रयोगकुशलोऽपि प्रयोक्ता अमर्षं विना कौशलं न प्रदर्शयति, न वा परं संहरतीति सोऽयममर्षः मन्युरिति वेदे शब्दितो रुद्रस्य नमस्क्रियते यथा—

**'नमस्ते रुद्र मन्यवे'** (१६।१) **इति।**

सोऽयं मन्युः 'हेड' इत्यपि व्यवह्रियते, शमनार्थं प्रार्थ्यते च यथा—

**'असौ यस्ताम्रो अरुण बभ्रुः सुमङ्गलः।**
**ये चैनं रुद्रा अभितो दिक्षु श्रिताः सहस्रशोऽवैषां हेड ईमहे॥'** (१६।६) **इति।**

मन्युराहित्ये च सति द्विविधा स्थितिर्भवति पुरुषस्य—उदासीना सौमनसी च। तत्र रौद्राध्याये विमन्यो रुद्रस्य सौमनसी स्थितिः प्रार्थ्यते, यथा—

**'या ते रुद्र शिवा तनूरघोरापापकाशिनी।**

**तया नस्तन्वा शन्तमया गिरिशन्ताभिचाकशीहि ॥'** (१६।१३)

**'शिवो नः सुमना भव।'** (१६।१३) इति।

सुमनाः सन् देवः, पुरुषश्च तदनुकारी, स्वीयामनुग्रहशक्तिं प्रार्थयितृषु प्रकाशयति, यथा—

**'असौ योऽवसर्पति नीलग्रीवो विलोहितः।**

**उतैनं गोपाऽअदृश्रन्नदृश्रन्नुदहार्य्यः स दृष्टो मृडयाति नः** (१६।७) इति।

प्रार्थिविरोधिनां च कृते निग्रहशक्तिं प्रयुङ्क्ते इत्यपि—

**'अध्यवोचदधिवक्ता प्रथमो दैव्यो भिषक्।**

**अहींश्च सर्वाञ्जम्भयन् सर्वाश्च यातुधान्योऽधराचीः परासुव ॥'** (१६।५)

इत्याशिषा ज्ञायते। ततश्चैवं मन्युर्नाम यक्ष्मा प्रयोजकत्वेन धनुषि संबद्धः शमीक्रियते।

## [३] ज्या

धनुषि 'ज्या' स्वस्यातिशयं महत्त्वं बिभर्ति। सर्वाणि धनुषो यक्ष्माणि (=परोपतापकराणि साधनानि) सन्ति अपि न तथा संहर्तुमीशते यथा ज्यासहकृतानि। अतः प्रार्थनायां स्वस्य मङ्गलकामनायै रुद्रस्य ज्यारहितं धनुः काम्यते, यथा—

**'विज्यं धनुः कपर्दिनः'** (१६।१०)

**'प्रमुञ्च धन्वनस्त्वमुभयोरार्त्न्योर्ज्याम्।'** (१६।९) इति।

एवं हि स्तुत्या ज्यारूपं धनुषो यक्ष्मा शाम्यति।

## [४] इषुः

इषुः बाणः, शल्यम्, इतीमानि पदानि एकार्थकानि स्तुतौ प्रयुक्तानि। सोऽयमिषुः धनुषि सन्धाय आकृष्टया ज्यया वेगमापादितः प्रक्षिप्तः सँल्लक्ष्यं विध्यति। तस्मादेतज्जन्यत्रासस्य यक्ष्मभूतस्य विनिवृत्तये नमस्क्रिया श्रूयते—

**'उतोत इषवे नमः'** (१६।१)

**स्तुतौ इषुसम्बन्धिनी चतुर्विधा प्रार्थना** उपलभ्यते। तत्र—

१—प्रार्थयितुः कृते शिवत्वापादनाय प्रथमा। शिवत्वापादनं नाम—अनुकूलवदेनीयतानुरूपप्रक्षेपः। यदि हि कर्मभोगेन रुद्रस्य इषुप्रक्षेपो न्याय्य एव, तदा स विद्धस्य भोक्तुरनुकूलवेदनीयो भवेत्। नन्विषुवेधः कथमनुकूलवदेनीयो भवति चेदत्रोच्यते—रुद्रस्य इषवो न तीक्ष्णाग्रा लौहमय्यः शलाका एव, अपि तु प्रत्यवरोहसंज्ञकेषु मन्त्रेषु (मा. सं. १६।६४-६६)। अन्नम्, वायुः, वर्षाः इति जीवनोपयोगिनां पदार्थानामपीषुत्वं स्पष्टमुक्तं यथा—

**'नमोऽस्तु रुद्रेभ्यो ये पृथिव्यां येषामन्नमिषवः'** (१६।६६)

**'नमोस्तु रुद्रेभ्यो येन्तरिक्षे येषां वात इषवः'** (१६।६५)

**नमोऽस्तु रुद्रेभ्यो ये दिवि येषां वर्षमिषवः'** (१६।६४)

इति। अन्नम्, वायुः वर्षाः, इत्येतेषां को नाम जीवोऽनुकूलतां न कामयेत। तदेषामनुकूलवदेनीयतापादकत्वेन प्रार्थनं नाम—इषोः शिवत्वकामना।

सा चेत्थं श्रूयते—

**'यामिषुं गिरिशन्त हस्ते बिभर्ष्यस्तवे।**
**शिवां गिरित्र ताङ्कुरु मा हिꣳसीः पुरुषञ्जगत्॥'**

(मा० सं० १६।३) इति।

२—द्वितीया विधास्ति इषोः कृते प्रार्थनायाः—अधिकरणपरिवर्तनम्। अस्मासु प्रार्थिषु इषुक्षेपस्याधिकरणं मा भूत्, अस्माकं शत्रवो अनभिमतप्रदेशा वा भवदिषुप्रक्षेपाधिकरणं भवेयुरिति स्वरूपा। सा चेत्थं दृश्यते—

**'परि ते धन्वनो हेतिरस्मान् वृणक्तु विश्वतः।'**

(मा० सं० १६।१२)

**'सहस्राणि सहस्रशो बाह्वोस्तव हेतयः।**
**तासामीशानो भगवः पराचीना मुखा कृधि।**

(मा० सं० १६।५३) इति।

३—तृतीयास्ति विधा—धनुषि अनभिसन्धिताः (अनारोपिताः) एव सर्वेऽपि परिगृहीताः इषवः लक्ष्यं विहाय अवकर (कतवार) वत् निरसनीया इति स्वरूपिणी। एषा प्रार्थना एभिः शब्दैः श्रूयते—

**'याश्च ते हस्त इषवः परा ता भगवो वप'**

(मा० सं० १६।९) इति।

४—तुरीया चेषुसम्बन्धिनी प्रार्थना भवति कार्याक्षमत्वसम्पादिनी। इषुर्हि तदैव कार्यक्षमो भवति यदा सोऽपेक्षितपरिमाणो दृढः अत्रुटितश्च स्यात्। यदि हि तस्य परिमाणे लघुत्वं जर्जरत्वं भग्नत्वं वा स्यात् तर्हि न स लक्ष्यं विध्येत्। स्वस्य मङ्गलाशंसायां रुद्रेषूणां लक्ष्यवेधानुपयोगिस्वरूपापादनात्मिकापि प्रार्थना दृश्यते यथा—

**'अनेशन्नस्य या इषवः'** (मा० सं० १६।१०) इति।

अस्य रुद्रस्य याः इषवः ताः अनेशन् = नष्टा भवन्तु लघुत्व—जर्जरत्व—भग्नत्वादिभिः अनुपयोगिनो भवन्तु। अथवा इषवः सन्तोऽपि अदृष्टा भवन्तु यदि रुद्रः अस्माकं ताडनाम कामयेत। वेदे इषशब्दः स्त्रीलिङ्गेऽपि दृश्यते। एवमिषुर्नाम धनुषो यक्ष्मा परिह्रियते।

## [५] शल्यमुखम्

शल्यमिति इषोः पर्यायः। शल्यमिति मानसो हृदयदाही विकारोऽप्युच्यते। स चात्र मन्युरिति अमर्ष इति वा पृथगुक्त इति इषोर्बाणस्य वापराभिधानं शल्यमित्येतदेवाभिप्रेतमस्ति। वेगसहकृते इषौ वेधकत्वसंभवेऽपि साक्षान्निरपेक्षतया ईर्म (व्रण) कारित्वं तीक्ष्णाग्रतयैव संभवतीति तदेव तीक्ष्णाग्रत्वं 'शल्यमुखम्' इति कथ्यते। तदेतन्मुखं यदीषूणां निरस्तं भवति तदा न तस्य तथोपद्रवकारित्वमनुभूयेतेति केषु चिन्मन्त्रेषु शल्यमुखानां निरासः प्रार्थ्यते यथा—

**'निशीर्य शल्यानां मुखा'** (मा० सं० १६।१३) इति।

एवं पञ्चमी धनुषो यक्ष्मविधा शान्ता क्रियते।

## [६] इषुधिः

एकसम्बन्धिज्ञानमपरसम्बन्धिस्मारकं भवतीति न्यायेन इषुधिरपि सम्भवति धनुषो यक्ष्मैव। यदि हि रुद्रस्य सविधे इषुनिधानार्थं तूणीराख्यं पात्रं तिष्ठति तर्हि कदाचित् स निरस्तं धनुः धनुःसाधनानि च पुनरुद्भावयितुं स्मरेत। तस्मात् तूणीरस्य नाम इषुनिधानस्य सत्त्वे मनसि भयं भवत्येव प्रार्थयितुः।

अत एव एकस्मिन् मन्त्रे तस्येषुधेः दूरे स्थापनं स्पष्टमेव प्रार्थ्यते यथा—

**अथो य इषुधिस्तवारे अस्मन्निधेहि तम्॥** (मा० सं० १६।१२) इति।

**वि शल्यो बाणवाँ उत॥** (मा० सं० १६।१०) इति।

**हे रुद्र तव तूणीरं शल्यरहितं बाणरहितं च भूयात्। विगताभिप्रायस्य 'वि' इत्युपसर्गस्य शल्यबाणशब्दाभ्यामुभाभ्यामावृत्या योगः। एवमनया प्रार्थनया 'इषुधि' पदार्थस्य अव्यवहार्यतया धनुषो यक्ष्मा निवर्त्यते।**

## [७] सज्जा

देवस्य शरीरे प्रयोगोपयुक्तावयवेषु धनुषः स्थितिरपि भयावहा भवतीति मन्त्रेषु शरीरस्य प्रयोगोपयुक्तावयवेषु धनुषः स्थित्यभावो धनुषः अवतारणप्रार्थनया काम्यते यथा—

**'अवतत्य धनुष्ट्वं......शिवो नः सुमना भव'** (मा० सं० १६।१३) इति।

एवमियं सप्तमी धनुषो यक्ष्मविधा व्यावर्त्यते।

## उपसंहारः

तस्यैतस्य रुद्रधनुषः अनुपद्रवकारिस्वरूपमयक्ष्मत्वं कथं भवतीत्यर्थे मन्त्रवचनमेवं ज्ञापयति यन्मङ्गलाशंसिभिः स्तुतिरूपाभिर्वाग्भिरेवेदं रुद्रधनुषोऽयक्ष्मत्वं तदीयेनैवाभिलाषेण भवति। ततश्च लोकोऽपि सर्वः अयक्ष्मा (अनुपद्रुतः) सुमनाश्च भवतीति। तथा हि मन्त्रः—

**शिवेन वचसा त्वा गिरिशाच्छा वदामसि।**
**यथा नः सर्वमिज् जगदयक्ष्मं सुमना असत्॥** (मा० सं० १६।४) इति।

एवमयं मया स्पष्टं विश्लिष्टः, मन्त्रेषु प्रतिभासमानो धनुषो यक्ष्मा भगवतो रुद्रदेवस्य कृपया वैदिकधर्मानुयायिनोऽस्माननधिकुर्वन् क्षेमेण लोकं संयोजयेदिति शिवम्।

————

# जैन दर्शनमें अर्थाधिगम चिन्तन

दरबारीलाल कोठिया
संस्कृत महाविद्यालय

अन्तः और बाह्य पदार्थों के ज्ञापक साधनों पर प्रायः सभी भारतीय दर्शनों में विचार किया गया है और सबने अर्थाधिगम का साधन एकमात्र प्रमाण को स्वीकार किया है। **'प्रमाणाधीना हि प्रमेयव्यवस्था', 'मानाधीना हि मेयस्थितिः', 'प्रमेयसिद्धिः प्रमाणाद्धि'** जैसे प्रतिपादनों द्वारा यही बतलाया गया है कि प्रमाण ही प्रमेय की सिद्धि अथवा व्यवस्था या ज्ञान का साधन है, अन्य कोई नहीं।

**जैन दर्शन में अर्थाधिगम के साधन : प्रमाण और नय :**

पर जैन दर्शन में प्रमाण के अतिरिक्त नय को भी पदार्थों के अधिगम का साधन माना गया है। दर्शन के क्षेत्र में अधिगम के इन दो उपायों का निर्देश हमें प्रथमतः **'तत्त्वार्थसूत्र'** में मिलता है। तत्त्वार्थसूत्रकार ने लिखा है[१] कि तत्त्वार्थ का अधिगम दो तरह से होता है :—१. प्रमाण से और २. नय से। उनके परवर्ती सभी जैन विचारकों का भी यही मत है। यहाँ उन्हीं के सम्बन्ध में कुछ विचार किया जाता है।

**प्रमाण :**

अन्य दर्शनों में जहाँ इन्द्रियव्यापार, ज्ञातृव्यापार, कारकसाकल्य, सन्निकर्ष आदि को प्रमाण माना गया है और उनसे ही अर्थ-प्रमिति बतलाई गई है वहाँ जैन दर्शन में स्वार्थ-व्यवसायि ज्ञान को प्रमाण कहा गया है और उसके द्वारा अर्थ-परिच्छित्ति स्वीकार की गई है। इन्द्रिय-व्यापार आदि को प्रमाण न मानने तथा ज्ञान को प्रमाण मानने में जैन चिन्तकों ने यह युक्ति दी है कि ज्ञान अर्थ-प्रमिति में अव्यवहित—साक्षात् करण है और इन्द्रियव्यापार आदि व्यवहित—परम्परा करण हैं तथा अव्यवहित करण को ही प्रमाजनक मानना युक्त है, व्यवहित को नहीं। उनकी दूसरी युक्ति यह है कि प्रमिति अर्थ-प्रकाश अथवा अज्ञान-निवृत्तिरूप है वह ज्ञान द्वारा ही सम्भव है, अज्ञानरूप इन्द्रियव्यापार आदि के द्वारा नहीं। प्रकाशद्वारा ही अन्धकार दूर होता है, घटपटादिद्वारा नहीं। तात्पर्य यह कि जैन दर्शन में प्रमाण ज्ञानरूप है और वही अर्थ-परिच्छेदक है।

---

[१] 'प्रमाणनयैरधिगमः' तत्त्वार्थसू० १-६।

[२] (क) 'तत्त्वज्ञानं प्रमाणं ते युगपत्सर्वभासनम्।
क्रमभावि च यज्ज्ञानं स्याद्वादनय-संस्कृतम्॥'
समन्तभद्र, आप्तमी० का० १०१।

(ख) 'प्रमाणनयाभ्यां हि विवेचिता जीवादयः सम्यगधिगम्यन्ते।
तद्व्यतिरिकेण जीवाद्यधिगमे प्रकारान्तरासम्भवात्।'
अभिनव धर्मभूषण, न्यायदी० पृ० ४।

प्रमाण से दो प्रकार की परिच्छित्ति होती :—१. स्पष्ट (विशद) और २. अस्पष्ट (अविशद)। जिस ज्ञान में इन्द्रिय, मन, प्रकाश आदि पर की अपेक्षा नहीं होती वह ज्ञान स्पष्ट होता है तथा असन्दिग्ध, अविपरीत एवं निर्णयात्मक होता है। जैन दर्शन में ऐसे तीन ज्ञान स्वीकार किये गये हैं। वे हैं अवधि, मनःपर्यय और केवलज्ञान। इन तीन ज्ञानों को मुख्य अथवा पारमार्थिक प्रत्यक्ष कहा गया है।[१] पर जिन ज्ञानों में इन्द्रिय, मन, प्रकाश आदि परकी अपेक्षा रहती है वे ज्ञान अस्पष्ट होते हैं तथा जितने अंशों में वे व्यवहाराविसंवादी होते हैं उतने अंशों में वे असन्दिग्ध, अविपरीत एवं निर्णयात्मक होते हैं, शेष अंशों में नहीं। ऐसे ज्ञान दो हैं :—१ मति और २ श्रुत। इन दोनों ज्ञानों में परकी अपेक्षा होने से उनकी परोक्ष संज्ञा है।[२] स्मृति, प्रत्यभिज्ञान, तर्क, अनुमान, आगम जैसे परापेक्ष ज्ञानों का समावेश इसी परोक्ष (मति और श्रुत) में किया गया है।[३] इस तरह परोक्ष और प्रत्यक्षरूप इन मति, श्रुत, अवधि, मनःपर्यय और केवलज्ञान से अर्थाधिगम होता है। स्मरण रहे कि इन्द्रियादि की अपेक्षा से होने वाले चाक्षुष आदि ज्ञान प्रवृत्ति-निवृत्तिरूप लोकसंव्यवहार के कारण होते हैं और उन्हें लोक में 'प्रत्यक्ष' कहा जाता है। अतः इन ज्ञानों को लोकव्यवहार की दृष्टि से जैन चिन्तकों ने सांव्यवहारिक प्रत्यक्ष भी कहा है। वैसे वे हैं परोक्ष ही।

**अर्थाधिगम का हेतु नय, और प्रमाण से उसका कथंचित् पार्थक्य :**

अब प्रश्न है कि नय भी यदि अर्थाधिगम का साधन है तो वह ज्ञानरूप है या नहीं? यदि ज्ञानरूप है तो वह प्रमाण है या अप्रमाण? यदि प्रमाण है तो उसे प्रमाण से पृथक् अर्थाधिगम का उपाय बताने की क्या आवश्यकता थी? अन्य दर्शनों की भाँति एकमात्र 'प्रमाण' को ही अधिगमोपाय बताना पर्याप्त था? यदि अप्रमाण है तो उससे यथार्थ अर्थाधिगम कैसे हो सकता है, अन्यथा संशयादि मिथ्याज्ञानों से भी यथार्थ अर्थाधिगम होना चाहिए? और यदि नय ज्ञानरूप नहीं है तो उसे सन्निकर्षादि की तरह ज्ञापक स्वीकार नहीं किया जा सकता?

ये कतिपय प्रश्न हैं, जो नय को अर्थाधिगमोपाय मानने वाले जैन दर्शन के सामने उठते हैं। जैन मनीषियों ने इन सभी प्रश्नों पर बड़े ऊहापोह के साथ विचार किया है।

इसमें सन्देह नहीं कि नय को अर्थाधिगमोपाय के रूप में अन्य दर्शनों में स्वीकार नहीं किया गया है और जैन दर्शन में ही उसे अंगीकार किया गया है। वास्तव में **'नय'** ज्ञान का एक अंश है[४] और इसलिए वह न प्रमाण है और न अप्रमाण, किन्तु ज्ञानात्मक प्रमाण का एक देश है। जब ज्ञाता या वक्ता ज्ञान द्वारा या वचनों द्वारा पदार्थ में अंश-कल्पना करके उसे ग्रहण करता है तो उसका वह ज्ञान अथवा वचन नय कहा जाता है और

---

१, २ 'मतिश्रुतावधिमनःपर्ययकेवलानि ज्ञानम्', 'तत्प्रमाणे', 'आद्ये परोक्षम्', 'प्रत्यक्षमन्यत्'—तत्त्वार्थसू० १-९, १०, ११, १२।

३ 'मतिः स्मृतिः संज्ञा चिन्ताभिनिबोध इत्यनर्थान्तरम्' तत्त्वार्थसू० १-१३।

४ 'प्रमाणैकदेशाश्च नयाः……' पूज्यपाद, सर्वार्थ० १-३२।

जब पदार्थ में अंशकल्पना किये विना उसे समग्र रूप में ग्रहण करता है तब वह ज्ञान प्रमाण रूप से व्यवहृत होता है। ऊपर हम देख चुके हैं कि मति, श्रुत, अवधि, मनःपर्यय और केवल इन पाँच ज्ञानों को प्रमाण कहा गया है और उन्हें प्रत्यक्ष तथा परोक्ष इन दो भेदों (वर्गों) में विभक्त किया गया है। जिन ज्ञानों में विषय अस्पष्ट एवं अपूर्ण झलकता है उन्हें परोक्ष तथा जिनमें विषय स्पष्ट एवं पूर्ण प्रतिबिम्बित होता है उन्हें प्रत्यक्ष निरूपित किया गया है। मति और श्रुत इन दो ज्ञानों में विषय अस्पष्ट एवं अपूर्ण झलकता है, इसलिए उन्हें 'परोक्ष' कहा है तथा शेष तीन ज्ञानों (अवधि, मनःपर्यय और केवल) में विषय स्पष्ट एवं पूर्ण प्रतिफलित होता है,[1] अतः उन्हें **'प्रत्यक्ष'** प्रतिपादन किया है।

प्रतिपत्ति-भेद से भी प्रमाण-भेद का निरूपण किया गया है। यह निरूपण हमें पूज्यपाद-देवनन्दि की सर्वार्थसिद्धि में उपलब्ध होता है। पूज्यपाद ने लिखा है[2] कि प्रमाण दो प्रकार का है :—१. स्वार्थ और २. परार्थ। श्रुतज्ञान को छोड़कर शेष चारों मति, अवधि, मनःपर्यय और केवल ज्ञान स्वार्थ-प्रमाण हैं, क्योंकि उनके द्वारा स्वार्थ (ज्ञाता के लिए) प्रतिपत्ति होती हैं, परार्थ (श्रोता या विनेय जनों के लिए) नहीं। परार्थ प्रतिपत्ति के तो एकमात्र साधन वचन हैं और ये चारों ज्ञान वचनात्मक नहीं हैं। किन्तु श्रुत-प्रमाण स्वार्थ और परार्थ दोनों प्रकार का है। ज्ञानात्मक श्रुत प्रमाण को स्वार्थ-प्रमाण कहते हैं और वचनात्मक श्रुत प्रमाण को परार्थ-प्रमाण कहा गया है। वस्तुतः श्रुत-प्रमाण के द्वारा स्वार्थ-प्रतिपत्ति और परार्थ प्रतिपत्ति दोनों होती हैं। ज्ञानात्मक श्रुत-प्रमाण द्वारा स्वार्थ प्रतिपत्ति और वचनात्मक परार्थ-श्रुत-प्रमाण द्वारा परार्थ प्रतिपत्ति होती है। ज्ञाता-वक्ता जब किसी वस्तु का दूसरे को ज्ञान कराने के लिए शब्दोच्चारण करता है तो वह अपने अभिप्रायानुसार उस वस्तु में अंश-कल्पना—पट, घट काला, सफेद, छोटा, बड़ा आदि भेदों द्वारा उसका श्रोता या विनेयों को ज्ञान कराता है। ज्ञाता या वक्ता का वह शब्दोच्चारण उपचारतः वचनात्मक परार्थ श्रुतप्रमाण है और श्रोता को जो वक्ता के शब्दों से बोध होता है वह वास्तव परार्थ श्रुत-प्रमाण है तथा ज्ञाता या वक्ता का जो अभिप्राय रहता है और जो अंशग्राही है वह ज्ञानात्मक स्वार्थ श्रुतप्रमाण है। निष्कर्ष यह कि ज्ञानात्मक स्वार्थश्रुतप्रमाण और वचनात्मक परार्थ श्रुतप्रमाण दोनों नय हैं। यही कारण है कि जैन दर्शनग्रन्थों में ज्ञान-नय और वचन-नय के भेद से दो प्रकार के नयों का भी विवेचन मिलता है[3]।

---

[1] 'तज्जयति परं ज्योतिः समं समस्तैरनन्तपर्यायैः ।
दर्पणतल इव सकला प्रतिफलति पदार्थमालिका यत्र ।।'
अमृतचन्द्र, पुरुषार्थसि० का० १।

[2] "तत्र प्रमाणं द्विविधं स्वार्थं परार्थं च। तत्र स्वार्थं प्रमाणं श्रुतवर्ज्जम्। श्रुतं पुनः स्वार्थं भवति परार्थं च। ज्ञानात्मकं स्वार्थं वचनात्मकं परार्थम्। तद्विकल्पा नयाः।"—पूज्यपाद, सर्वार्थसि० १-६।

[3] "ततः परार्थाधिगमः प्रमाणनयैर्वचनात्मभिः कर्तव्यः स्वार्थ इव ज्ञानात्मभिः प्रमाणनयैः, अन्यथा कार्त्स्न्येनैकदेशेन तत्वार्थाधिगमानुपपत्तेः।"
विद्यानन्द, तत्वार्थश्लोकवा० पृ० १४२।

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि नय श्रुत-प्रमाण का अंश है, वह मति, अवधि तथा मनःपर्यय ज्ञान का अंश नहीं है, क्योंकि मत्यादि द्वारा ज्ञात सीमित अर्थ के अंश में नय की प्रवृत्ति नहीं होती। नय तो समस्त पदार्थों के अंशों का एकैकशः निश्चायक है, जबकि मत्यादि तीनों ज्ञान उनको विषय नहीं करते। यद्यपि केवलज्ञान उन समस्त पदार्थों के अंशों में प्रवृत्त होता है और इसलिए नय को केवलज्ञान का अंश माना जा सकता है किन्तु नय तो उन्हें परोक्ष-अस्पष्ट रूप से जानता है और केवलज्ञान प्रत्यक्ष (स्पष्ट) रूप से उनका साक्षात्कार करता है। अतः नय केवलमूलक भी नहीं है। वह सिर्फ परोक्ष श्रुतप्रमाण मूलक ही है।[1]

अतएव नय न अज्ञानरूप है, न प्रमाणरूप है और न अप्रमाणरूप। अपितु प्रमाण का एक देश है। इसी से उसे प्रमाण से पृथक् अधिगमोपाय निरूपित किया गया है। अंश-प्रतिपत्ति का एकमात्र साधन वही है। अंशी-वस्तु को प्रमाण से जानकर अनन्तर किसी एक अंश-अवस्था द्वारा पदार्थ का निश्चय करना नय कहा गया है[2]। प्रमाण और नय के

---

१ "मतेरवधितो वापि मनःपर्ययतोपि वा।
ज्ञातस्यार्थस्य नांशेऽस्ति नयानां वर्तनं ननु ॥२४॥
निःशेषदेशकालार्थगोचरत्वविनिश्चयात्।
तस्येति भाषितं कैश्चिद्युक्तमेव तथेष्टितः ॥२५॥

न हि मत्यवधिमनःपर्ययाणामन्यतमेनापि प्रमाणेन गृहीतस्यार्थस्यांशे नयाः प्रवर्तन्ते, तेषां निःशेषदेशकालार्थगोचरत्वात्, मत्यादीनां तदगोचरत्वात्। न हि मनोमतिरप्यशेषविषया करणविषये तज्जातीये वाप्रवृत्तेः।

त्रिकालगोचराशेषपदार्थांशेषु वृत्तितः।
केवलज्ञानमूलत्वमपि तेषां न युज्यते ॥२६॥
परोक्षाकारतावृत्तेः स्पष्टत्वात् केवलस्य तु।
श्रुतमूला नयाः सिद्धा वक्ष्यमाणाः प्रमाणवत् ॥२७॥

यथैव हि श्रुतं प्रमाणमधिगमजसम्यग्दर्शननिबन्धनतत्त्वार्थाधिगमोपायभूतं मत्यवधिमनःपर्ययकेवलात्मकं च वक्ष्यमाणं तथा श्रुतमूला नयाः सिद्धास्तेषां परोक्षाकारतया वृत्तेः। ततः केवलमूला नयास्त्रिकालगोचराशेषपदार्थांशेषु वर्तनादिति न युक्तमुत्पश्यामस्तद्वृत्तेषां स्पष्टत्वप्रसंगात्।"
विद्यानन्द, तत्वार्थश्लो० १-६, पृ० १२४।

२ (क) "एवं हि उक्तम्—"प्रगृह्य प्रमाणतः परिणतिविशेषादर्थावधारणं नयः।"
सर्वार्थसि० १-६।

(ख) "वस्तुन्यनेकान्तात्मन्यविरोधेन हि हेत्वर्पणात् साध्यविशेषस्य याथात्म्यप्रापणप्रवणः प्रयोगो नयः।"
—सर्वा० सि० १-३३।

पारस्परिक अन्तर को स्पष्ट करते हुए जैन मनीषियों ने कहा है[1] कि प्रमाण समग्र को विषय करता है और नय असमग्र को।

प्रखर तार्किक विद्यानन्द ने तो उपर्युक्त प्रश्नों का युक्ति एवं उदाहरण द्वारा समाधान करके प्रमाण और नय के पार्थक्य का बड़े अच्छे ढंग से विवेचन किया है। वे जैन दर्शन के मूर्धन्य ग्रन्थ अपने तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक में कहते हैं[2] कि नय न प्रमाण है और न अप्रमाण, अपितु प्रमाणैकदेश है। ठीक उसी प्रकार जिस प्रकार समुद्र से लाया गया घड़ा भर पानी न समुद्र है और न असमुद्र, अपितु समुद्रैकदेश है। यदि उसे समुद्र मान लिया जाय तो शेष सारा पानी असमुद्र कहा जायगा, अथवा बहुत समुद्रों की कल्पना करनी पड़ेगी। यदि उसे असमुद्र कहा जाय तो शेषांशों को भी असमुद्र कहा जायेगा और उस हालत में समुद्र का व्यवहार कहीं भी नहीं होगा। ऐसी स्थिति में किसी को 'समुद्र का ज्ञाता' नहीं कहा जायगा।

अतः नय को प्रमाणैकदेश मानकर उसे जैनदर्शन में प्रमाण से पृथक् अधिगमोपाय बताया गया है। वस्तुतः अल्पज्ञ ज्ञाता और श्रोता की दृष्टि से उसका पृथक् निरूपण अत्यावश्यक है। संसार के समस्त व्यवहार और वचन-प्रवृति नयों के आधार पर ही चलते हैं। अनन्त धर्मात्मक वस्तु के एक-एक अंश को जानना या कहकर दूसरों को जनाना नय का काम है और उस पूरी वस्तु को जानना प्रमाण का कार्य है। यदि नय न हो तो विविध प्रश्न, उनके विविध समाधान, विविध वाद और उनका समन्वय आदि कोई भी नहीं बन सकता। स्वार्थ प्रमाण गूंगा है। वह बोल नहीं सकता और न विविध वादों एवं प्रश्नों को सुलझा सकता है। वह शक्ति नय में ही है। अतः जैन दर्शन की नयवाद एक विशेष उपलब्धि है और भारतीय दर्शन को अनुपम देन है।

**उपसंहार :**

वस्तु अनेक धर्मात्मक है, उसका पूरा बोध हम इन्द्रियों या वचनों द्वारा नहीं कर सकते। हां, नयों के द्वारा एक-एक धर्म का बोध करते हुए अनगिनत धर्मों का ज्ञान कर सकते हैं। वस्तु को जब द्रव्य या पर्यायरूप, नित्य या अनित्य, एक या अनेक आदि कहते हैं तो उसके एक-एक अंश का ही कथन या ग्रहण होता है। इस प्रकार का ग्रहण नय द्वारा ही संभव है, प्रमाण द्वारा नहीं। प्रसिद्ध जैन तार्किक सिद्धसेन ने नयवाद की आवश्यकता पर

---

[1] (क) 'सकलादेशः प्रमाणाधीनो विकलादेशो नयाधीनः'।—स० सि० १-६।
(ख) 'अर्थस्यानेकरूपस्य धीः प्रमाणं, तदंशधीः।
नयो धर्मान्तरापेक्षी दुर्नयस्तन्निराकृतिः ॥' अष्टस० पृ० २९०।

[2] (क) नाप्रमाणं प्रमाणं वा नयो ज्ञानात्मको मतः।
स्यात्प्रमाणैकदेशस्तु सर्वथाप्यविरोधतः ॥ —त० श्लो० पृ० १२३।
(ख) 'नायं वस्तु न चावस्तु वस्त्वंशः कथ्यते यतः।
नासमुद्रः समुद्रो वा समुद्रांशो यथोच्यते ॥
तन्मात्रस्य समुद्रत्वे शेषांशस्यासमुद्रता।
समुद्रबहुत्वं वा स्यात्तच्चेत्क्वोस्तु समुद्रवित् ॥ —त० श्लो० पृ० ११८।

बल देते हुए लिखा है[1] कि जितने वचन-मार्ग हैं उतने ही नय हैं। मूल में दो नय स्वीकार किये गये हैं :[2]—१. द्रव्यार्थिक और २. पर्यायार्थिक। द्रव्य, सामान्य, अन्वय का ग्राहक द्रव्यार्थिक और पर्याय, विशेष, व्यतिरेक का ग्राही पर्यायार्थिक नय है। द्रव्य और पर्याय ये सब मिलकर प्रमाण का विषय हैं। इस प्रकार विदित हैं कि प्रमाण और नय ये दो वस्तु-अधिगम के साधन हैं और दोनों ही अपने-अपने क्षेत्र में वस्तु के ज्ञापक एवं व्यवस्थापक हैं।

———

[1] 'जावइया वयणपहा तावइया चेव होंति णयवाया' —सन्मतितर्क ३-४७

[2] 'नयो द्विविधः, द्रव्यार्थिकः पर्यायार्थिकश्च। पर्यायार्थिकनयेन भावतत्त्वमधिगन्तव्यम्, इतरेषां त्रयाणां द्रव्यार्थिकनयेन, सामान्यात्मकत्वात्। द्रव्यमर्थः प्रयोजनमस्येत्यसौ। द्रव्यार्थिकः पर्यायोऽर्थः प्रयोजनमस्येत्यसौ पर्यायार्थिकः तत्सर्वं समुदितं प्रमाणे नाधिगन्तव्यम्।' सर्वार्थसि० १-३३।

# घन आनंद की पंजाबी कविता

## डॉ० नवरत्न कपूर

श्री विश्वनाथ प्रसाद मिश्र ने 'घन आनंद' शीर्षक ग्रंथ में घन आनंद विरचित कृतियों के संपादन के प्रसंग में 'आनंद घन'[1] नामक तीन व्यक्तियों का उल्लेख किया है; जो निम्नलिखित हैं :—

१. नंदगाँववासी आनंदघन (सोलहवीं शती का उत्तरार्ध)
२. जैन आनंदघन (सत्रहवीं शती का उत्तरार्ध)
३. वृंदावनवासी आनंदघन (अठारहवीं शती का उत्तरार्ध)

इनमें से वृंदावनवासी आनंदघन ही हिंदी के विख्यात कवि 'घन आनंद' माने जाते हैं। किंतु डॉ० केशरी नारायण शुक्ल ने गुरु गोविंद सिंह की शिष्य परंपरा में श्री रामदास के चेले आनंदघन उदासी को घन आनंद से संबद्ध 'इश्क-लता' और 'पदावली' के पंजाबी पदों के कृतित्व का श्रेय प्रदान करने की सिफारिश की है[2]।

ये उदासी आनंदघन 'जपजी' के टीकाकार हैं[3]। श्री मेकॉलिफ ने उन्हें गुरु नानक जीवन-चरित का रचयिता भी बताया है[4]। सेंट्रल पब्लिक लाइब्रेरी पटियाला में हमें आनंदघन उदासी की 'आरति सोहिला सटीक', 'सिध गोसटि सटीक', 'रागमाला कली आनंद सटीक' की हस्तलिखित प्रतियाँ प्राप्त हुई हैं। इन ग्रंथों में व्यक्त भावों से ये निर्गुण-मार्गी विचारक ही सिद्ध होते हैं। इसके विपरीत हिंदी कवि 'घनआनंद' कृष्ण और राधा के प्रेमी हैं।

घनआनंद के काव्य में वर्णित अनेक ऐसे स्थल हैं जो भावसाम्य, वर्णन साम्य एवं शब्द साम्य की दृष्टि से 'इश्कलता' एवं 'पदावली' से मेल खाते हैं :

**(क) भाग्य की प्रशंसा**

१. मैया महरि जसोमति रानी। **भागनि भरी** बिधाता बानी ॥५॥ गोकुलगीत
२. नैन बैन मन सों समोय राख्यौ **बड़भागी** ॥५५॥ वृंदावनमुद्रा
३. आनंदघन **बड़ा तिना दा भाग** जिना नाल तुसी वो मोहबत जोड़ै ॥५४७॥ पदावली

---

[1] श्री विश्वनाथ प्रसाद मिश्र : घन आनंद (प्रबोधिनी संस्करण, २००९), पृष्ठ ६७ (वाङ्मुख)।

[2-3] श्री नरेंद्रदेव प्रभृति : संपूर्णानंद अभिनंदन ग्रंथ [डॉ० केशरी नारायण शुक्ल: आनंदघन की एक हस्तलिखित प्रति], पृष्ठ २७९ (नागरी प्रचारिणीसभा, २००७)

[4] एम० ए० मेकॉलिफ: दि सिक्ख रेलेजन, वाल्यूम १ (क्लेरेंडन प्रेस, ऑक्सफोर्ड) पृष्ठ ७१ (भूमिका)

(ख) **प्रेमभाजन की निर्दयता**

१. आनँद के घन लखें अनलखें दुहूँ ओर
दईमारी हारी हम आप हौ **निरदई** ॥३८०॥ सुजान हित

२. जिगर जान महबूब अमाने की **बेदरदी** दैंदा हैं ॥१८॥ इश्क-लता

३. आनँदघन **निरमोहिया,** मोह्यौ सगरो गाम ॥२८॥ इश्क-लता

(ग) **चातक और मेघ की उपमा**

१. आरतिवंत पपीहन कों घनआनँद जू पहचानौ कहा तुम ॥४०४॥ सुजानहित

२. सदा सनमुखो सब दिन दरसै। मद हसनि **आनँदघन** बरस ॥७५॥
दृग-चकोर चित-**चातक** पोषै। अगनित कला बढ़ावत तोषै ॥७६॥ बिचार-सार

३. **आनंदघन** हो प्रान-**पपीहा** निसदिन सुध न बिसारी है ॥१८॥ इश्क-लता

४. ब्रजमोहन आनँदघन प्यारिया निपट गरीब पपीहाँ नू पाल ॥४६७॥ पदावली

(घ) **सौगंध लेने की प्रवृत्ति**

१. तेरी **सौं** एरी सुजान तो आँखिन देखि ये आँखि न आवति मोपै ॥१८५॥ सुजानहित

२. भई सूधी सुनौ बाँकेबिहारी।
न करिहैं मान फिरि **सौं** हैं तिहारी ॥५१॥ वियोग-बेलि

३. तुम्हारी **सौं** मोहिं तुम बिना कछू न भावै ॥५॥ पदावली

(ङ) **रचना का नामकरण**

१. **सरस वसंत** प्रीति की गोभा। प्रगटित होत विराजत शोभा ॥२०॥ सरसवसंत

२. प्रगट **प्रेम पद्धति** कही लही कृपा अनुसार ॥१०९॥ प्रेमपद्धति

३. **दानघटा** मिलि छबि छटा रस धारनि सरसाय ॥१४॥ दानघटा

४. **कृष्ण कौमुदी** नाम यह मोहन मधुर प्रबंध ॥८४॥ कृष्ण कौमुदी

५. सब **विचार को सार** है या निबंध को गान ॥८७॥ विचार सार

६. विरह सूल सों वारि करि, घन आनँद सों सीच।
**इस्कलता** झालरि रही, हिये चिमन के बीच ॥५॥ इश्क-लता

(च) **त्योहारों का वर्णन**

१. **फागुन** महीना की कही ना परैं बातैं दिन-
रातैं जैसैं बीतत सुने ते डफ-घोर कों ॥४११॥ सुजानहित

२. बोलै हो हो **होरी** घनआनँद उमंग-बोरी,
छैल-मति छकै छबि हेरें रदछद की ॥८९॥ प्रेम पत्रिका

३. गावति हैं ब्रजनारि **फाग** रँगबोरियाँ।
आनँद-जीवन ज्यान सु हो हो **होरियाँ** ॥१२॥ इस्कलता

(छ) विषय, भाव और शब्द-साम्य

१. हीन भए जल मीन अधीन कहा कछु मो अकुलानि समानैं ।
नीर सनेही को लाय कलंक निरास ह्वै कायर त्यागत प्रानैं ।
या मन की जु दसा घनआनँद जीव की जीवनि जान ही जानैं ।।४।। सुजानहित

२. हीन भए जल मीन छीन बुधि मैंडी परि न पावैं हैं ।
लाय कलंक यार अपने कूँ तैं ही छिन मरि जावैं हैं ।
आनँदघन इस दिल दी बेदन लहैं सुजान बिहारी हैं ।।४१।। इश्कलता

अतः स्पष्ट हो जाता है कि 'इश्कलता' एवं 'पदावली' के पंजाबी पदों का प्रणेता वही व्यक्ति है जिसने 'कृष्ण कौमुदी', 'दानघटा', 'प्रेम-पत्रिका', 'सरस वसंत', 'विचारसार', प्रभृति की रचना की है। वह है घन आनन्द (अथवा आनन्द घन), जो वृन्दावन में काव्य-सर्जन किया करता था, वह उदासी साधु आनन्द घन से पृथक व्यक्ति है ।

## 'इश्कलता' और 'पदावली' के हस्तलेख

छतरपुर राज्य-पुस्तकालय के विशाल ग्रन्थ में 'घन आनन्द' की 'पद' शीर्षक रचना का उल्लेख तो हुआ था, किन्तु 'इश्कलता' उसमें संकलित नहीं थी। तभी मिश्रबन्धुओं ने 'मिश्रबन्धु विनोद' (द्वितीय संस्करण) में घन आनन्द की कृतियों की नामावली में 'इश्कलता' को स्थान नहीं दिया था। इसी अभाव के कारण श्री विश्वनाथ प्रसाद मिश्र ने 'इश्कलता' के विषय में 'घन आनन्द और आनन्दघन' की भूमिका (पृष्ठ २२) में लिखा था:

"यदि उक्त ग्रन्थ (छतरपुर के राजपुस्तकालय का ग्रन्थ) नष्ट न हो गया हो तो मुझे अभी उसके मिलने की पूरी आशा और विश्वास है।"

श्री केसरी नारायण शुक्ल द्वारा प्रकाशित लन्दन संग्रहालय के हस्तलेख विभाग की प्रति में भी 'पदावली' का नाम तो आया है, पर 'इश्कलता' वहाँ भी लुप्त है ।

'घन आनन्द और आनन्दघन' के प्रकाशन के बाद निंबार्क माधुरी के सम्पादक श्री बिहारीशरण जी द्वारा प्रदत्त एक प्राचीन हस्तलेख के आधार पर श्री विश्वनाथ प्रसाद मिश्र ने 'इश्क-लता' को भी 'घन आनन्द' की रचनाओं में संगृहीत कर लिया है। 'पद' शीर्षक कृति का उल्लेख भी बिहारीशरण जी वाले हस्तलेख में हुआ है ।

नागरी प्रचारिणीसभा, काशी की संवत् २००० तक की खोज के विवरणों में 'इश्कलता' के दो हस्तलेखों (१२-४९ तथा ३२-७ ए) तथा 'आनन्दघन जू की पदावली' के अभिधांतर्गत 'पदावली' के दो हस्तलेखों (२६-११ बी, दि० ३१-६) की सूचना मिलती है मिश्र जी को 'आनंदघन जू की पदावली' के दोनों हस्तलेखों में समानता दिखाई पड़ी है, किंतु उन्हें 'इश्कलता' की एक ही प्रति उपलब्ध हो सकी है।[१]

## 'इश्क-लता' की एक अन्य प्रति

आनंदघन विरचित 'इश्क-लता' की गुरुमुखी लिखित एक हस्तलिखित प्रति का हमें

[१] श्री विश्वनाथ प्रसाद मिश्र : घन आनंद (प्रबोधिनी संस्करण, सं० २००९), पृष्ठ ७१ ।

पता चला है, जो पंजाब यूनिवर्सिटी, लाहौर के पुस्तकालय में सुरक्षित थी। वहाँ के अधिकारियों से पत्र व्यवहार करने पर उसकी अनुपलब्धि (नॉन अवेलोबिलिटी) का समाचार ही हाथ लगा है। डॉ० दीवाना ने उस प्रति के कुल आठ छंद प्रकाशित किए हैं[1] :—

नागरीकरण करते समय हमने गुरुमुखी वर्णों के प्रयोग का पूरा ध्यान रखा है। उदाहरणार्थ 'न्यारी' शब्द 'नयारी' (वृत्त १) तथा निपारी (वृत्त २) लिखा गया है। हमने ऐसे शब्दों को डॉ० दीवाना वाली प्रति के अनुरुप ही रखा है।

---

[1] अहो अहो नंद साँवरे छिन छिन बानिक नयारी है।
ओढै जरद दुशाला यारा केसर की सी किआरी है।
आनंद घन हित पिआरे जानी मूरत लगदी पिआरी है।
महर लहिर ब्रिज नंद यार दी जिंद असाडी यारी है ॥१॥

× × ×

सजन सनेही यार नंद दे एती किआ मगरूरी है।
दरदवंद दरसन की खातर बंदी हुकम हजूरी है।
ब्रिज मोह घन आनंद तैंडी निपट अटपटी निआरी है।
महर लहर ब्रिज चंद यार दी जिंद असाडी यारी है ॥२॥

× × ×

यारा गोकुल चंद सलोने दीआ चशमाँ दा धक्का है।
टोर दिआ घन आनंद जानी हुसन शराबी यक्का है।
सैत कटारी आशक उप्पर तैं यारा झुकि झारी है।
महर लहर ब्रिज चंद यार दी जिंद असाडी यारी ह ॥३॥

× × ×

नंद महर दा कुवर कनय्या मैंडा जीवन जानी है।
बिसरै नहीं रैंन दिन जीअ सै पयारी प्रीतम प्रानी है।
दीजै यही असां नूँ झाँकी अनंद घन गिरधारी है।
महर नंद दा कुवर कनय्या मैंडा जीवन ज्यारी है ॥४॥

× × ×

दिल पसंद दिलदार यार तूँ मुझ नूँ की तरसाँदा हैं।
रात दिहाड़े तलब तुसाडी अक्कल इलम उडाँदा हैं।
मैंनूं धिआन आन नहि जानी तूँ घन कुंज बिहारी हैं।
महर लहर ब्रिज चंद यार दी जिंद असाडी यारी है ॥५॥

× × ×

घन नूँ क्यों करि गहि सकों घन आनंद पीआ।
मैं तैंडी लटकनि फंदिआ किआ तुझ नूँ कीआ।
क्यों महिबूब सुजान तै अब औरैं कीआ।
मैंडा दिल तों ने अंवें क्यों मुस कै लीआ ॥६॥

× × ×

मिश्र जी द्वारा संपादित 'घन आनंद' में संकलित 'इश्कलता' से तुलना करने पर उपर्युक्त वृत्तों का यह क्रम हैं : १४, १५, १६, २०, १९, २३, २४। यह क्रम-परिवर्तन डॉ० दीवाना की देन नहीं, संभवतः गुरुमुखी वाली प्रति की निजी विशेषता है। गुरुमुखी वाली प्रति में घन आनंद द्वारा प्रयुक्त छंदों के नाम भी थोड़े भिन्न हैं—मझान ('माँझ' के स्थान पर) तथा निशानी ('निसानी' के स्थान पर)[१]। अनुसार, इ, ई, ऐ के चिह्नों (मात्राओं) के प्रयोग में तो लिपिकर्ता ने छूट ली ही है। पुरुषवाचक संज्ञाओं का पंजाबी उच्चारण के अनुरूप परिवर्तन करने में भी उसने संकोच नहीं किया है, जैसे—कनय्या (कन्हैया) तथा ब्रिजमोहन (ब्रजमोहन)। विशेष दृष्टव्य है गुरुमुखी लिपि वाले चौथे वृत्त का चौथा चरण—

**"महर नंद दा कुवर कनय्या मैंडा जीवन ज्यारी है।"**

मिश्र जी वाली प्रति में (वृत्त २०, चरण ४) इसी स्थान पर इस प्रकार है—

**"महर लहर ब्रजचंद यार दी जिंद आसाडी ज्यारी है।"**

लिपिकर्ता की ऐसी दो चार भूलें नगण्य ही हैं। तब भी 'इश्कलता' का गुरुमुखी लिप्यांतरित जितना अंश हमारे समक्ष आया है उसके आधार पर घनआनंद की 'इश्क-लता' की प्रामाणिकता सिद्ध करवाने के लिए हम डॉ० दीवाना के उपकृत हैं।

**वर्ण्य-विषय**—'इश्क-लता' में प्रिय के मुग्धकारी रूप तथा उसके वियोग से उद्भूत विरह विदग्धता एवं उसके प्रति अटूट प्रेम का वर्णन हुआ है। डॉ० गौड़ के अनुसार :

"प्रेमी कवियों में प्रेम का बाग लगाने की रीति सी है[२]। उसी परंपरा का इसमें अनुसरण है। उर्दू फारसी की शैली तथा शब्द प्रयोग से आशिकाना शैली की रचना लगती है। चमन, बुलबुल आदि वर्ण्य विषय फारसी के हैं।"[३]

---

चर लिआ चित चाह तैं घन आनंद जानी।
मैंडा दिल तैं मोहि कै उर औरहि ठानी।
इशक सहर के बची है एह अकह कहानी।
अलकों सों बाँधे रहैं महिबूब गुमानी ॥७॥

× × ×

कया कहीए ब्रिज मोहना तू मानै नाही।
तूँ ही जानेगा अबै अपने दिल माही।
घन आनंद नित हीं जियै नहि कीजै नाही।
अखीआं तैंडी चुभि रही मैंडे दिल माँही ॥८॥

× × ×

[१] डॉ० मोहन सिंह दीवाना : ए हिस्ट्री ऑव पंजाबी लिट्रेचर (द्वितीय संस्करण, जून १९५६), पृष्ठ ७१।

[२] गौड़ जी का अभिप्राय रसखान की 'प्रेमवाटिका' और नागरीदास के 'इश्क चमक' से है।

[३] डॉ० मनोहरलाल गौड़ : घनानंद और स्वच्छंद काव्यधारा (प्रथम संस्करण, २०१५) पृष्ठ ७०।

घनआनंद के समकालीन श्री आनंदराम 'मुखलिस',[1] जो कि मुहम्मदशाह रंगीले के वजीर कमरुद्दीन (१७२४-१७४८ ई०) के वकील थे, की ख्याति भी फारसी कवियों में काफी फैली हुई थी। उन्होंने 'हंगामा-ए-इश्क' तथा 'कारनामा-ए-इश्क' में मानवी प्रेमी-प्रेमिका को आधार बनाकर अपनी रचना की थी। किंतु 'इश्क लता' में घन आनंद का प्रेम वायवी नहीं है, उसमें भक्ति की अतिशयता है। घन आनंद की कृति के भक्तिपरक होने की सूचना निम्नोक्त पंक्तियों में निबद्ध है :

**"इश्कलता ब्रजचंद की जो बांचै दै चित।**
**बृंदावन सुखधाम सो लहै नित्त ही नित्त ॥४४॥"** इश्कलता

'इश्कलता' की रचना-प्रेरणा में 'मुखलिस' भी साधक हैं। इस बात का परिचय कवि के द्वारा व्यवहृत अपने प्रिय की नामावलि से भी प्राप्त होता है। 'मुखलिस' साहब का **'मिर्आत-इस्तलाहात'** फारसी शब्दों, मुहावरों, सूक्तियों आदि का कोश है। घन आनंद ने किसी स्वतंत्र रचना द्वारा अपनी कोश-कला-निपुणता का उदाहरण तो नहीं दिया, किंतु उनकी कृतियों के अध्ययन से राधा और कृष्ण के नामों का एक लघु कोश तैयार हो सकता है। प्रस्तुत कृति में प्रयुक्त विभिन्न नामों से व्यक्त होता है कि कवि के प्रिय कृष्ण ही इसके पात्र हैं। किंतु 'कृष्ण' शब्द स्पष्टतया कहीं भी नहीं आया है। उसके स्थान पर अन्य पर्यायों का उपयोग हुआ है, यथा :

(क) प्रचलित अभिधाएँ—छैल छबीलो साँवरो, गोपबधू चित-चोर, नंद किसोर, ब्रजचंद, रसिक बिहारी, नंद के लाडिले, हलधर दे बीर, कान्ह, कान, पीतांबरधारी, घन-कुंज-बिहारी, गिरधारी, ब्रजमोहना, मोहन, सलोना।

(ख) पुरातन संज्ञाएँ, किंतु विशेषण नए—स्याम सुजान, सजन सलोना, मनमथ मोहना।

(ग) प्रिय के अर्थ में प्रयुक्त शब्द—चित-चोर, सजन, महबूब, जान, जानी, दिलजान, जीवन ज्यान, यारा, प्यारे, जिगर-जान, दिलपसंद, दिलदार, प्यारा प्रीतम प्रानी, लाडिले, महबूब गुमानी, सुचित के चाडिले, हित-प्यारे, सनेही।

(घ) दयालु व्यक्ति—महर-लहर ब्रजचंद, दरदबंद, गरीब-गिरंदा।

(ङ) समझदार—सुजान, मगजदार।

(च) नंद से संबंध सूचक शब्द कई जगह प्रयुक्त हुए हैं किंतु कई एक स्थलों पर भ्रम हो जाता है। उदाहरण दृष्टव्य हैं :

**(१) सजन सलोना यार नंद दा सोहना ॥६॥**

**(२) अहो अहो नँद-नंद साँवरे·········॥१४॥**

**(३) सजन सनेही यार नंद दे एती क्या मगरूरी है ॥१५॥**

---

[1] (क) सैयद सबाह-उल-दीन अब्दुल रहमान : बज़्म-ए-तैमूरिया (१९४८), पृष्ठ २१०।
(ख) सैयद रफ़ीक मारहरवी : हिंदुओं में उर्दू : दरबार-ए-नज़्म (प्रथम भाग), पृष्ठ १६४।

(४) रहौ सुखी महबूब नंद दे मनमाने तित जावौ जू ॥२१॥

(५) रहे असानूं चाव नँद दे तैंडडा ॥३०॥

(६) नंद महर दा कुँवर कन्हैया मैंडा जीवन जानी है ॥२०॥

तीसरे उद्धरण में 'यार' तथा चौथे में 'महबूब' शब्दों से इनका नंद के साथ संबंध होने का भ्रम होता है। किंतु पाँचवें से स्पष्ट हो जाता है कि तीसरे, चौथे और पाँचवें वृत्त में 'पुत्र' अथवा वही भाव बोधक कोई शब्द लुप्त है। पहले में 'नंद दा सोहणा' (नंद की आँखों को प्रिय लगने वाला), दूसरे में 'नँद-नंद-साँवरे' (नंद के साँवले पुत्र) तथा छठे में 'नंद महर दा कुँवर कन्हैया' (नंद महर का बालक कन्हैया) से अर्थ पूर्णतः स्पष्ट हो जाता है।

नामानुरूप गुण—प्रिय साँवला होने पर भी सुंदर है[१]। वह मन को मस्त करने वाला, वय से किशोर है, किंतु है निर्दयी[२]। मुखड़े का तिल, मस्तक का तिलक, घुँघराली लटें[३], केसर की क्यारी सदृश शोभनीय पीतांबर[४], मुग्धकारी आँखें[५], वंशी की मोहिनी ध्वनि[६] उसके आकर्षण के कारण हैं। पीतांबर और वंशी के साथ मिलकर वनमाल ने उसे बिजली और इंद्रधनुष युक्त गर्जनकारी मेघ सदृश बना दिया है[७]। ऐसे रूपवान प्रेम-भाजन के प्रति आकृष्ट होने पर प्रेमी को किसी भी सांसारिक वस्तु की अभिलाषा नहीं रहती[८]। किंतु उसके रूपदर्शन को तृषित विरही प्रेमी विमोह ग्रस्त हो जाता है[९]। उसके चित्त में एकमात्र 'घन-कुंज-बिहारी' का ध्यान[१०] बना रहता है तथा उसके 'गिरधारी'[११] रूप के दर्शन की लालसा लगी रहती है।

---

[१] सजन सलोना यार नंद दा सोहना ॥६॥

[२] क्यों चितचोर किसोर हुवा बे पीर है ॥८॥

[३] तैंडे मुख पर तिल अबे अति खून करँदा।
अलकैं तैंडी यौं छुटी द्वै नागिन लसँदा।
तिलक बीच छापे अबे दिल का है फंदा ॥३६॥

[४] ओढे जरद दुसाला याराँ केसर की सी क्यारी है ॥१४॥

[५] अँखियाँ तैंडी चुभि रहीं मैंडे दिल माहीं ॥२५॥

[६] वंसी के बिच मोहिनी, मोहन याको नाम ॥२७॥

[७] बीज-छटा पदपीत घटा तन स्याम है।
इंद्रधनुष बनमाल लाल अभिराम है।
बंसी-धुनि घन-घोर रूप-जल छलमलै।
आनंद जीवन जान मेघ लौं झलमलै ॥३१॥

[८] ब्रजमोहन घन आनँद जानी जद चस्मों बिच आया है।
इस्क सराबी कीया मुजनूं गहरा नसा पिलाया है।
तन मन और जिहान माल दी सुधि बुद्धि सबै बिसारी है ॥४०॥

[९] दिलपसंद दिलदार यार तू गुजनूं की तरसाँदा है।
रत्ति-दिहाडे तलब तुसाडी अक्कल इलम उडाँदा है ॥१९॥

[१०] मैं नूं ध्यान आन नहि जानी तू घन-कुंज-बिहारी है ॥१९॥

[११] बिसरै नहीं रैनदिन जी से प्यारा प्रीतम प्रानी है।
दीजै इन्ही असानूं झाँकी आनँदघन गिरधारी है ॥२०॥

प्रेमी का व्यक्तित्व—प्रेमी कोई स्त्री नहीं वरन् पुरुष है। 'आशिक' (आसिक-उर पर जान चलाई करद है ॥७॥) तथा 'बंदा' (दरद बंद दरसन दी खातर बंदा हुकम हजूरी है ॥१५॥) से वह पुरुष ही प्रतीत होता है। प्रिय के लिए प्रयुक्त अबे (२३, ३६), तू (१९, २५), हैं (२३), बे (१७, २८) से जहाँ स्नेह की निकटता एवं सख्य भाव की प्रगाढ़ता प्रकट होती है, वहाँ 'दरदबंद दरसन···हजूरी है' में दास्यभाव दैन्य पूर्ण जान पड़ता है।

**'पदावली' के पंजाबी पदों का वर्ण्य विषय**

'इश्कलता' एक निबन्ध रचना है। वह एक विशिष्ट शीर्षक के अन्तर्गत निबद्ध है तथा उसमें भावों की एकरूपता विद्यमान है। 'पदावली' एक स्फुट रचना है; विषय-विविधता के कारण उसमें भावों की एकरसता का अभाव भी है। 'इश्कलता' में वियोगी प्रेमी अपने प्रिय का दर्शनाभिलाषी है। 'पदावली' में प्रेमी नहीं प्रेमिका है, वह पुरुष नहीं स्त्री है। यह प्रेमिका उस प्रिय की अन्य चहेतियों में से एक है।[१] उस 'एक' की प्रेमानन्यता कहीं अन्य सखियों को सम्बोधित करके व्यक्त की गई है, कहीं वह अकेली ही अपने हृदयोद्गार प्रकट करती है। उस प्रेमिका की तीन दशाएँ 'पदावली' में चित्रित हैं: पूर्वराग, विरह एवं पुनर्मिलन। एक पद कृष्णजन्म की बधाई पर ('लालजू की बधाई' शीर्षक, पदसंख्या ९४५) तथा एक 'पनघट लीला' (पदसंख्या ९११; इसमें पनघट लीला का कोई वर्णन नहीं, अतः शीर्षक गलत है[२]) पर है। 'पुनर्मिलन' वाले दोनों पद (२१२ और ९०९) में एकाध शब्द को छोड़कर एक ही हैं।

'पदावली' में प्रियतम की साज-सज्जा का किंचित् भी वर्णन नहीं है। उसके कतिपय चारित्रिक गुण उपयुक्त विशेषणों द्वारा द्योतित हैं, यथा-मुरलीवाला (१३२, ३६९, ४३६) गुवालिया (ग्वाला : ७९१), गोकुलवालिया साँवलिया (गोकुल निवासी साँवला : ४६४, ७७५), गमरू (युवक : ४४) तथा सोँहँणी सूरति (सुन्दर रूपवाला : १५५)। प्रस्तुत विशेषताओं से समन्वित इस प्रियतम की मुरली,[3] नेत्र[४] और साँवली सूरत[५] ही चेटक (चाव, आकर्षण) का कारण हैं।

---

[१] मुझ जेसी उसनूँ बहतेरी बंदी दा अकेलरा।७७५।

[२] साँवला सोहणा मिठबोलन।
महरम दिलजानी भँउरा गुज्झ गलाँ दी घुंडियाँ खोलन।
जीव जिवाँदा गावँदा भावँदा आवँदा नी लटकेदडा ढोलन।
प्रान-पपीहाँ दा आनँदघन रत्त-दिहाडे, छडिया कोलन॥

[३] मुरली सुनाइ साँनुँ चेटक लाया सोहन सजन सुजान।१७५।

[४] (क) स्याम नैनाँ दी चोट वो, लागी मैंडे वो।१०४१।
(ख) तेरे नैनाँ ने जुलम किया बे, स्याम तेरे।
भौंहें कमान बान कटाछन बेधा गरीबाँ दा हिया बे।
रहदे मस्त महा मतवारे खंजन मघ जो पिया बे।
आनंदघन ब्रजमोहन जानी मनमोह असाडा लिया बे।१०४०।

[५] साँवली सूरत भाँभी अँक्खी डाढा चेटक दीता नी।३६९।

अबे (५४५), बे (५४४, ८३९) तथा वो (२३१, ३९५) संबोधन चिह्नों से प्रेम की निकटता तो प्रकट होती है। किन्तु प्रेमी को मान करने वाला[1] और बेपरवाह[2] भी कह दिया गया है। तब भी प्रेमिका उसके लिए बेचैन है।[3] उसके वियोग में उसे संसार से विरक्ति हो गई है और वह मृतक सदृश हो गई है,[4] क्योंकि उसकी जिंद (प्राण) एकमात्र प्रिय के सहारे टिकी हुई है।[5] उसके विचार में प्रेम के पात्र ही भाग्यशाली होते हैं।[6] प्रिय के बिना और कोई दिल नहीं परचा सकता।[7]

प्रेमिका के वक्तव्यों में अधिकतर नारी स्वभाव सुलभ दैन्य ही अभिव्यक्त होता है।[8] किन्तु एकाध स्थल पर वह अपने प्रिय को अपनी आहों के अभिशाप से बचने और भगवान का भय मानने के लिए भी प्रेरित करती है।[9]

'पदावली' के पंजाबी पदों की नायिका की समस्त दशाओं का चित्रण कुछ प्रतिनिधि पदों से हो जाता है :

**पूर्वराग**

**सहोणी मैं कद लग इस्क छिपावाँ।**
**गुंजे घाव दिलां दे अन्दर कित बल कूक मचावाँ।**
**मुरलीवाले ने माइल कीती दारू-दरसन पावाँ।**
**वेखें बाजू जिंद न रहदी किस विध इस परचावाँ।**
**बे मेहरा दे सह्याँ आनंदघन कैनूँ आखि सुनावाँ॥४३६॥**

**वियोग**

(क) **सुण सुण वो गुमाँनियाँ मोहन प्यारियाँ चलदा क्यों नहीं राहौं।**
**रब्बे दी बल नजर न करदा न डरदा गरीबाँ दी आहौं॥७२२॥**

(ख) **निमाणियाँ दी बस्ती, वो होवे चंगी रहै, तैंडी जान।**
**ऐसी बे तुसाडे दरस-भिखारी, होवे सौदा दस्त-ब-दस्ती।**

---

[1] जो सुन वेरवाँ तोसी जीवाँ **मान** न करबे गुमानी।१०५४।

[2-3] सुन बेपरवाह निमाणीं दाहानल बुझदा॥५४४॥

[4] निमाँनियाँ तुझ बिना असी हुइयाँ।
दरस दिखावीं आनि जिवावीं नातर एवी मुइयाँ॥१२७॥

[5] (क) तैंड नाल जिंद लगी मुझ वो निमाणी दे मान गुमाणी···॥३९५॥
(ख) घुम्मर पाँवदी जिंद तुसाँ नाल वेखन रंगला चंगला जमाल॥४६७॥

[6] आनँदघन **बडा तिना दा भाग** जिना नाल तुसी वो मोहबत जोडैं॥५४७॥

[7] (क) तुझ बाजू असी खरी वो निमाँनी कीवाँ दिल परचावीं॥२३१॥
(ख) वेखैं बाजू जिंद न रहदी किस विध इस परचावाँ॥४३६॥

[8] (क) क्यों मियाँ मैं तैंडी **बंदी** सानू भी निबाहि लैंवीं॥२१५॥
(ख) सुण वो साँवलिया गोकुल-वालिया **दीना** नू ना सरसावीं॥४६४॥
(ग) ब्रजमोहन आनंदघन प्यारिया **निपट गरीब** पपीहाँ नू पाल॥४६७॥

[9] रब्बे दी बल नजर न करदा न डरदा गरीबाँ दी आहौं॥७२२॥

तैंडे बे कारणें फिरणे दिवाने हुस्न-परस्ती अलमस्ती ।
आनँदघन ब्रजमोहन जानी तैंडे तलब दी मस्ती ।।८४९।।

(ग) अबे साडे दिल दी मुराद पुजाईं ।
साँवले सज्जन साँई जिंद निमानी तपदी आनँदघन सोहन ।
मुख चुक बिखलाँई मिहिर नजर बरसाईं ।।५४५।।

पुनर्मिलन

गोपाल प्यारे, भला किया ।
खरी पियासी आँखडियानूँ जीय-जियावन दरस दिया ।
उमरदराज गरीबाँ दी बस्ती कीती महर सवाब लिया ।
आनँदघन ब्रजमोहन जानी कुरबानी मुख वेखि जिया ।।८६६।।

'इश्कलता' की भाँति प्रिय (नायक कृष्ण) के लिए 'पदावली' में भी बहुत से पर्याय प्रयुक्त हुए हैं । कुछेक तो 'इश्कलता' वाले ही हैं । कतिपय नए हैं यथा - ढोलन (१७८), मियाँ (२१५), बलमाँ (३७०), पिय (३७०), मान गुमानी (३९५), रंगला, चंगला, जमाल (४६७), साँवले, सज्जन, साईं (५४५), मासूकाँ, यार निगाही (५८४), मिठ बोलन, चंगेलरा, महर दा लाड गहेलरा, जिंद चहेलरा, खरा नवेलरा (७७५), गोपाल (८६६), महरम-हाल (८८२), महरम-दिलजानी (९११), ब्रज-जीवन (९४५), बेमिहराँ (६२६)।

नायिका (प्रेमिका) द्वारा सखियों के लिए संबोधनात्मक पद—सालूवाली (१३२, चादर ओढ़े हुए कोई विशेष स्त्री), नि (१५५), अनी (२१२), अणी (८८२) सेये (१७८) सहोणी (४३६), अहोणी (९०९)

प्रेमिका द्वारा अपने-आप के लिए—वेंदी (२१५), बंदी (१७५, ३९५), निँमानी, निमाणी (३९५, ५४४), बेमेहरा (४३६), दीन (४६४), निपट गरीब (४६७), दरद-बंदा कुडिया (५८४), दरद दिवानियाँ (६२६), घोली (७९१), बंदियाँ विचारियें (८३९), हत्थ-बिकाणी (८८२) ।

गायन के पद—अन्य भाषाओं के पदों की भाँति, 'पदावली' के पंजाबी पद भी राग और ताल बद्ध रचनाएँ हैं । इससे स्पष्ट हो जाता है कि ये गाने के लिए ही रचे गए थे। संभव है ये पद दीर्घकाल तक मौखिक ही रहे अथवा घन आनंद के प्रशंसकों को पंजाबी भाषा की प्रकृति का ज्ञान नहीं रहा, इसी कारण पूर्वराग के दो पदों (२१२ तथा ९०९) में एक ही जैसे भावों और एक दो शब्दों को छोड़कर शब्दों की पुनरावृत्ति हुई है । प्रशंसक की भाषा अज्ञता के द्योतक हैं, शब्दों के बहुविध रूप, यथा—निँमानी तथा निमाणी; अनी और अणी ।

पंजाबी प्रयोग

यह निस्संदिग्ध रूप से कहा जा सकता है कि 'इश्कलता' पंजाबी प्रधान रचना है । 'पदावली' के लगभग ३० पद भी पंजाबी में हैं । डॉ० गौड़ ने इस बात को स्वीकार करते हुए भी कुछ ऐसे तथ्य प्रस्तुत किये हैं, जो परस्पर विरोधी हैं । भ्रम निवारण हेतु उनका अध्ययन कर लेना आवश्यक प्रतीत होता है वे लिखते हैं :

"डॉ० श्री केशरी नारायण शुक्ल ने अपने 'घन आनंद' विषयक लेख में यह संभावना प्रकट की है कि पंजाबी भाषा का व्यवहर्ता आनंदघन नानक जी का शिष्य आनंदघन है जिसने जपजी की टीका लिखी है। पर इस तरह अवधी और राजस्थानी भाषाओं के कारण उनका भी कोई पृथक कवि कल्पित करना पड़ेगा। अतः जिस प्रकार भाव साम्य के आधार पर इन भाषाओं की रचनाओं को प्रस्तुत आनंदघन जी की ही माना जाता है। उसी प्रकार पंजाबी की रचनाओं को भी इन्हीं की मानना चाहिए। नागरीदास जी ने भी इस प्रकार विविध भाषाओं का प्रयोग का कौतुक दिखाया है। वही कौतुक आनंदघन जी की विविध भाषाओं के प्रयोग में लक्षित होता है। ब्रजनाथ ने स्यात् इसलिए भी इन्हें भाषा प्रवीन कहा हो। पंजाबी आदि भाषा के प्रयोग में कोई साहित्यिक सूक्ष्मता तो लक्षित नहीं होती। इससे यही अनुमान करना पड़ेगा कि ये भाषाएँ किसी कौतुकी ने उनका विशेषज्ञ न होने पर भी काव्य में प्रयुक्त की हैं।"[1]

डॉ० शुक्ल द्वारा प्रस्तुत तर्कों के विपक्ष में हम यह सिद्ध कर ही आए हैं कि हमारे विवेच्य घन आनंद का व्यक्तित्व उदासी साधु आनंदघन से बिल्कुल भिन्न है। न जाने डॉ० गौड़ को कौन से ऐसे कौतुक घन आनंद की पंजाबी रचनाओं में दृष्टिगत हुए कि उन्हें इन कृतियों की साहित्यिक सूक्ष्मता पर अविश्वास हो आया। वस्तुतः डॉ० गौड़ का मत युक्तियुक्त नहीं है। घन आनंद के पंजाबी प्रयोग किसी अन्य व्यक्ति का कौतुक नहीं हैं, उनके निजी कृतित्व की विशेषता है। हमारी धारणाओं की पुष्टि इन कारणों से हो जाती है :

१. घन आनंद का वंशगत संबंध पंजाब से था। असंभव नहीं वहाँ के क्षेत्र विशेष (मुलतान) की लैंहदा भाषा उनके परिवार में साधारण वार्तालाप में प्रयुक्त होती रही हो, उसी का व्यवहार उन्होंने अपने भाषा नैपुण्य के प्रकटीकरण हेतु किया हो।

२. घन आनंद एक राजनीतिक विस्थापक थे। अपने प्राणों की रक्षा के निमित्त उन्हें देश के विभिन्न भागों में रहना पड़ा। भारत के केंद्रस्थान दिल्ली में भी उनका संपर्क भारत के भिन्न-भिन्न प्रांतों के लोगों से रहा होगा। अतः सभी जगह का कुछ न कुछ प्रभाव उनकी भाषा में स्वभावतः ही स्थान पा गया होगा।

३. घन आनंद का कवि के रूप में कार्यक्षेत्र ब्रजप्रदेश था। काव्य में समाहित ब्रजभाषा का, जिसके वे विशेषज्ञ[2] माने जाते हैं, प्रभाव उनके कृतित्व में जाने या अनजाने स्थान पा जाना अस्वाभाविक नहीं।

४. ब्रजभाषा के आश्रय बिना यदि घन आनंद ने एकमात्र पंजाबी में ही किसी रचना विशेष का प्रणयन किया होता, तो भाषा की कठिनाई के कारण घन आनंद के प्रशंसक उसकी उतनी सराहना न कर पाते, जितनी उनके नए प्रयोगों से हुई हो। इस प्रवृत्ति से उनका परिस्थिति जन्य चातुर्य ही प्रकट होता है।

---

[1] डॉ० मनोहरलाल गौड़ : घनानंद और स्वच्छंद काव्यधारा

[2] पं० रामचंद्र शुक्ल : हिंदी साहित्य का इतिहास (संवत् १९९९ संस्करण; पृष्ठ ३३७

५. घन आनंद की 'पदावली' के पंजाबी पद तो गायन के लिए ही विरचित हुए हैं, यह उनकी राग-ताल बद्धता से ही व्यक्त होता है। गायन के पद प्रायः मौखिक ही रहते हैं। उनके पंजाबी प्रयोगों में जो बहुविधता दृष्टिगत होती है वह उनके पदों के लिपिकर्ताओं की त्रुटियाँ ही प्रतीत होती हैं।

६. कोई व्यक्ति किसी भाषा की कितनी जानकारी रखता है, इसका पता उसके भाषा-विशेष के व्याकरण-ज्ञान से ही लगता है। ब्रजभाषा की प्रकृति के अनुरूप बनाने के हेतु उन्होंने फारसी और पंजाबी के कुछेक शब्दों में भले ही तोड़-मरोड़ की हो, अन्यथा उन्होंने पंजाबी व्याकरण के सिद्धान्तों से मनमानी नहीं की है। उनके कारकों, क्रियारूपों, अव्ययों आदि के प्रयोग से इस बात का प्रमाण मिल जाता है कि वे पंजाबी की विभिन्न उपभाषाओं (विशेषतः लेंहदी) के व्याकरण के ज्ञाता हैं, यथा :

१. **संज्ञा**—कान (कान्ह के स्थान पर), मोहना,

२. **कारक**—

| | |
|---|---|
| कर्ता | रब्बे (रब्ब ने) |
| कर्म | कूँ, नू, नूँ |
| करण | सु, सूँ, सों |
| संप्रदान | सैं |
| अपादान | × |
| संबंध | दा, दिया, दी, दे |
| अधिकरण | बिच, माँ |
| संबोधन | पुरुषवाचक—बे, हो<br>स्त्रीवाचक—अणी, अनी, अहो णी, नि, नी |

३. **कारक** (सर्वनामों के क्रिया पुरुष, वचन के अनुसार)

| पुरुष | कर्ता | | कर्म | | संबंध | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | एक० | बहु० | एक० | बहु० | एक० | बहु० |
| उत्तम | मैं | असीं, असी | | सानू, साँनूँ<br>असानूँ | मैंडा, मैंड,<br>मैंडी, मैंडडी | असाडा, असाडी<br>असाडे, साडे |
| मध्यम | तें, तैं, तू<br>तुज, तुझ, तै | तुसी, तुसाँ | | | तेंडा, तैंडी,<br>तेंडे, तैंडे<br>तैंडडा | तुसाडा, तुसाडे |
| अन्य | | | | तिना, जिना,<br>कैनू | | इन्हीं, यननूं।<br>इननूं । |

४. **अव्यय**—क्रिया विशेषण—इत्थूँ, एती, इत, कदी, कदी-कदी पल-पल, जित्थूँ-तित्थूँ, जद, हुण, कित्थे, होर, किथाँई, कीवाँ

संबंधबोधक—नाल, बल (वल्ल), कोल, बाजू

समुच्चयबोधक—ता (ताँ), लग, एवीं (ईं)

५. **बहुवचन रूप**—पाकदिलाँ, अख्याँ, अख्यीँ, अँक्खीँ, पपीहाँ, मासूकाँ, गल्लाँ, आहौँ, बंदियाँ, गरीबाँ, नैनाँ, सम

६. **विशेषण**--सोहना, सोँहुँणी, घनी, चंगी

७. **क्रिया रूप**—पूर्वकालिक—प्रथमपुरुष—लीता नी, चम्मड पई

विधि—मध्यमपुरुष—आवीं, जावीँ, दिखावीँ, परचावीँ, वेखलामी

उत्तमपुरुष—कराँ, कूकाँ, उडीकाँ, सुनावाँ, वेखाँ

संयुक्त—उत्तम—सुझदा, तकदा, तपदा, लग्गा, लग्या, पाँवँदा

मध्यम—करंदे, सुनदे

८. प्रिय के लिए विशेष संबोधन—प्यारिया, ज्यारिया, यारा, याराँ, ढोलन, बलमाँ, रंगला-चंगला

९. पंजाबी मुहावरे

(क) "भागनि को लहनो है" (भागाँ दा लहना है) = भाग्य का फल है

(ख) "जी की न जानि परै" (जी दा पता नहीं) = दिल की बात का पता न होना

(ग) "पायँ लगी मिहँदी" (पैराँ नूँ मिहँदी लग्गी) = कार्य न करना

(घ) "मारि मति रे" (मत्त मारना) = समझ खो बैठना

(ङ) "कानों में रूई देना" (कन्नां'च रुँ देना) = बात न सुनना

(च) "घुमेर चढ़ना" (घुमेर चढ़ना) = नशा चढ़ना

(छ) गुज्झ गलाँ दी घुँडियाँ खोलन = रहस्यमयी बातों का रहस्य बताना

(ज) दिल दा भाया = मनोनुकूल

(झ) रो रो झड़ लाना = रोते रोते वर्षा सदृश झड़ी लगा देना

१०. लेंहदी की कतिपय विशेषताएँ -

(क) 'ड़' के स्थान पर 'ड' का प्रयोग—चम्मड, मुखडा, खडा, उडावत, बडा, जोडै, मुखडा, मोडै, कुडिया।

(ख) 'ह' का लोप अथवा ध्वनि में 'ह' का प्रयोग-मुज, तुज, बाजू, गुंजे, बहुतेरी।

(ग) 'न' के स्थान पर 'ण'–सुण, हुण, आणि, दिवाणी, सोहणा, जीउण जागणा।

घन आनन्द के काव्य के अध्ययन से हम इसी निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि उन्हें पंजाबी का विशेष ज्ञान है। इसका परिचय उनकी 'इश्क-लता' और 'पदावली' से ही नहीं अन्य रचनाओं से भी मिलता है। उपर्युक्त मुहावरों में से पहले पाँच तो 'सुजानहित' के ही हैं। इसके अतिरिक्त तैँ, (तूने) का बोधक सर्वनाम सुजानहित (१८४), रसना-यश (९) में भी उपलब्ध होता है। सौँ (सौगंध), भठभुंजन (भड़भुंजा : भठियारा = सुजानहित), इकसार (दानघटा), साथन (सुजानहित) आथन (सुजानहित), ओक (सुजानहित), रूसियँ (सुजानहित) आदि शब्द भी घन आनंद के पंजाबी प्रेम का साक्ष्य प्रदान करते हैं।

---

# भारतीय राजनीति और एनीबेसेण्ट

डॉ० हरिहर नाथ त्रिपाठी
राजनीति शास्त्र विभाग

श्रीमती डॉक्टर एनीबेसेण्ट ने १८८० में अनीश्वरवादी एवं अपने राजनीतिक गुरू ब्रेडला के समर्थन में राजनीतिक जीवन प्रारम्भ किया। १८८३ में लन्दन के सेंट जेम्स के हाल में समाजवाद पर एक विचारगोष्ठी हुई थी, इससे ब्रेडला ने प्रसिद्ध समाजवादी हिंडमैन और बनार्ड शा के विपक्ष में भाग लिया। इस गोष्ठी का प्रभाव बेसेण्ट पर पड़ा और वे समाजवाद की ओर आर्कषित हुईं। समाजवाद विरोधी मित्रों से सम्बन्ध विच्छेद करते हुए वे फेबियन समाज की सदस्या बन गई और समाजवादी विचारों के प्रचार के लिए 'आवर कार्नर' नामक पत्र भी प्रकाशित किया। आगे चलकर यह पत्र स्टीड के सहयोग से 'लिंक' के रूप में प्रकाशित होने लगा। इस स्तर पर एनीबेसेण्ट ने श्रमिक जीवन में राजनीतिक प्रचार और उनमें आत्म-विश्वास के विकास के साथ महिला श्रमिकों के लिए विशेष सुविधा सम्बन्धी महत्त्वपूर्ण कार्य किया।

भारत की राजनीति में उनकी बहुत पहले से ही रुचि रही है। १९१४ में वे भारतीय राजनीति में आईं किन्तु १८७९ से ही उन्होंने ब्रिटिश सरकार की नीति की आलोचना प्रारम्भ कर दी थी। उनके इस कार्य को इंग्लैंड में देशद्रोह तक माना गया था। १८९३ से १९१४ तक उनका कार्य मूलतः धार्मिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र तक सीमित था। वे राजनीतिक जीवन की आधारशिला इसमें ही पाती थीं। उनके अनुसार भारतीय राष्ट्र का मूल उसके अतीत में ही है। जब तक भारतीयों में यह श्रद्धा नहीं जगती कि उनका अतीत गौरवपूर्ण था उनमें आत्मविश्वास नहीं आ पाएगा। १८९५ में व्यक्त अपने विचारों में उन्होंने पुनरुत्थान के साथ विदेशी माल के बहिष्कार का सुझाव दिया। १८९९ में सभी समाजों एवं सम्प्रदायों की एकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि राजनीति आदर्श नहीं स्थिर करती। आदर्श राजनीति का नेतृत्व करते हैं। भारत विश्व के भौतिकवादी आदर्श से हटकर स्वयं अपनी आध्यात्मिकता के आधार पर राष्ट्र निर्माण करे।

१९०२ में उन्होंने ब्रिटिश सरकार को सलाह दी कि भारतीयों द्वारा संचालित राज्य-व्यवस्था में ही भारतीयों एवं स्वयं इंग्लैंड का भी कल्याण है। १९०७ में उन्होंने भारतीयों को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वतन्त्रता प्राप्त करने के लिए आत्मनियंत्रण सम्पन्न चरित्रवान् नागरिक बनना आवश्यक है। उन्होंने आयरलैंड में धार्मिक विद्वेष भड़काने की अंग्रेजों की नीति को भारतीय राजनीति में भी लागू होते देखा और इस पर भारतीयों का ध्यान आर्कषित कराया। आयरलैंड के ग्रिफिथ दल के उग्रवादी आन्दोलन को वे स्वीकार नहीं करती थीं। भारत में भी उन्होंने इस प्रकार के आन्दोलन के प्रति अरुचि व्यक्त की। उस समय कांग्रेस की स्थिति पर टीका करते हुए आपने कहा कि भारत में एक तरफ उग्र

आन्दोलनों का सूत्रपात हो चुका है। क्रान्तिकारी संगठन स्थापित हो चुके हैं। कांग्रेस की नरम नीति उन्हें सन्तुष्ट नहीं कर पा रही है। "थ्री पी" (प्रेयर, प्लीडिंग प्रोटेस्ट) के स्थान पर नरम दल अपेक्षाकृत अधिक कार्यशील है। यदि इस दल के साथ क्रान्तिकारियों का सम्बन्ध हो गया तो आयरलैंड के सिनफिन के समान उग्रवादी आन्दोलन का सूत्रपात हो जाएगा। इसे रोकने के लिए आपने होमरूल जैसे आन्दोलन का सूत्रपात किया।

इस पृष्ठभूमि में आप १९१५ में कांग्रेस के अधिवेशन में सम्मिलित हुईं। उनके द्वारा प्रस्तुत संशोधन के कारण ही गरम दल पुनः कांग्रेस में आ सका। १९१६ में तिलक ने लखनऊ कांग्रेस में भाग लिया। यहीं वे और लीग भी परस्पर निकट आ सके। १९१३ में डॉ० बेसेण्ट ने अड्यार में थियोसोफिकल सोसायटी का जो सम्मेलन बुलाया था उसमें उन्होंने सदस्यों को सलाह दी थी कि वे राष्ट्रीय निर्माण के लिए धार्मिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक कार्य के साथ राजनीतिक कार्य जोड़ें। इस प्रकार का सुझाव आपने दादा भाई नैरोजी, फिरोजशाह मेहता आदि को भी दिया था कि वे ऐसा संगठन कांग्रेस में करें। लेकिन नैरोजी ने १८८६ में अपने अध्यक्षीय भाषण से कांग्रेस को सामाजिक कार्यों से अलग रहने की जो नीति अपनायी थी उसी पर वे अब भी दृढ़ थे। बेसेण्ट ने अपने चतुःसूत्रीय कार्यक्रम के प्रचार के लिए 'वेक अप इंडिया' नामक पुस्तक लिखी और 'कामन विल' नामक साप्ताहिक समाचारपत्र का प्रकाशन किया। इस पत्र में वे भारत में स्वशासन एवं ब्रिटिश मैत्री पर बल देती रहीं। भारतीय स्वतन्त्रता के पक्ष में आपने इंग्लैण्ड में प्रभावशाली विचार व्यक्त किया। वहाँ से वापस आने पर आपने 'न्यू इंडिया' नामक दैनिक का प्रकाशन प्रारम्भ किया। इसके माध्यम से आपने कांग्रेस को सहयोग प्रदान किया। कांग्रेस की शक्ति के लिए ही होमरूल की स्थापना की गयी। उनके इस विचार से दादा भाई नैरोजी भी सहमत थे। लेकिन कांग्रेस के कुछ प्रभावपूर्ण लोग इससे सहमत नहीं थे। फलतः प्रारम्भ में होमरूल लीग की योजना स्थगित करनी पड़ी।

गरम दल की शक्ति वृद्धि के लिए लोकमान्य तिलक ने अप्रैल १९१६ में पूना में होमरूल लीग की स्थापना की। उसके बाद सितम्बर १९१६ में एनीबेसेण्ट ने भी मद्रास में इसकी स्थापना की। दोनों के उद्देश्य में समानता के कारण दोनों नेताओं ने साथ-साथ भ्रमण कर विभिन्न नगरों में प्रचार कार्य किया। इसी समय इंगलैंड में भी होमरूल की शाखा स्थापित हुई। फलतः ब्रिटिश सरकार को बेसेण्ट पर सन्देह होने लगा और उसने बेसेण्ट की पुस्तक 'भारत एक राष्ट्र' पर प्रतिबन्ध लगा दिया। होमरूल लीग की लोकप्रियता समाप्त करने के लिए सरकार की ओर से मद्रास में उसके विरुद्ध ब्राह्मण आन्दोलन का उपद्रव कराया गया। १९१६ में न्यू इंडियापत्र से २०,००० रुपये की जमानत मांगी गयी। इसके दो मास बाद बम्बई और मध्यप्रदेश की सरकारों ने बेसेण्ट के प्रवेश पर प्रतिबन्ध लगा दिया। ब्रिटिश न्याय व्यवस्था के विपरीत भारत सरकार के अनुचित नियमों का भी बेसेण्ट ने उल्लंघन नहीं किया। कानून की मर्यादा के प्रश्न पर ही आपने गान्धी जी के असहयोग आन्दोलन की निन्दा की थी। १९१७ में आन्दोलन उग्र होने पर बेसेण्ट को बिना कारण बताये गिरफ्तार कर लिया गया। उनकी नजरबन्दी के विपरीत देश में सविनय अवज्ञा जैसे आन्दोलन का प्रारूप तैयार होने लगा और ब्रिटिश कामन सभा में भी प्रश्न

पूछे गये। मद्रास हाई कोर्ट के अवकाश प्राप्त न्यायाधीश अय्यर ने सर की उपाधि त्याग दी। नजरबन्दी की हालत में उनके अस्वस्थ होने के समाचार से जनता ने अनेक स्थानों पर सत्याग्रह और विदेशी माल का बहिष्कार किया। इस आन्दोलन में मुहम्मद अली मौ० शौकत अली, मौ० अब्दुलकलाम आज़ाद जैसे लोगों को भी गिरफ्तार कर लिया गया था। अन्ततः मांटेग्यू के पद ग्रहण कर लेने के बाद बेसेण्ट को कारामुक्त किया गया। वे १९१७ में भी कलकत्ता कांग्रेस की अध्यक्षा निर्वाचित हुई थीं और १९१८ में सारे देश का दौरा किया। इसी वर्ष अप्रैल में शिक्षा सप्ताह मनाया गया और विभिन्न शिक्षा संस्थाओं की स्थापना हुई। लोकमान्य तिलक के सहयोग से एक शिष्टमंडल इंडो-ब्रिटिश असोसिएशन के भ्रामक प्रचार के विपरीत लन्दन भेजा गया। मांटेग्यू चेम्सफोर्ड योजना को बेसेण्ट ने कुछ सुधारों के साथ स्वीकार किया था।

१९१९ में रौलट एक्ट की बेसेण्ट ने आलोचना की किन्तु गान्धी जी के असहयोग आन्दोलन का भी समर्थन नहीं किया। लेकिन तुर्की सन्धि, जालियाँवाला बाग जैसे सरकारी कारनामों पर आपने सरकार की निन्दा की। बेसेण्ट ने गांधी जी के असहयोग आन्दोलन के प्रति जो रुख अपनाया उससे उनके समर्थकों की संख्या घटने लगी। १९२१ में ग्रेफिक नामक ब्रिटिशपत्र के विरूद्ध मुकदमा चलाने वे इंग्लैंड गयीं। किन्तु उसका निर्णय उनके विपरीत हुआ। १९२२ में भारत लौटने पर उन्होंने द्वितीय सुधार सम्मेलन का आयोजन किया। इसमें सभी दलों को आमन्त्रित किया गया था। सम्मेलन में भारतीय स्वशासन की रूपरेखा एवं भारतीय संविधान के निर्माण का उद्देश्य सामने रखा गया। १९२५ में इस संविधान के साथ वे इंग्लैण्ड गयीं और उसे वहाँ संसद सदस्यों को दिया। मजदूर दल की कार्यकारिणी ने उसे स्वीकार कर लिया और १९२५ में ब्रिटिश कामन सभा में उसका प्रथम वाचन हुआ। तत्पश्चात् १९२७ में उसका दूसरा वाचन हुआ। इस संविधान में सर्वप्रथम स्वशासन की रूपरेखा प्रस्तुत की गयी थी। डा० बेसेण्ट का राजनीतिक जीवन इस रूप में भारतीयों के साथ जुड़ गया।

सैद्धान्तिक दृष्टि से होमरूल लीग और संविधान के प्रारूप मे व्यक्त उनके विचार सामने आते हैं। वे राष्ट्रीय स्वाभिमान, पुनरुत्थान आदि के साथ मानती थीं कि प्रत्येक-राष्ट्र का उत्थान वहाँ के व्यक्तियों के द्वारा ही सम्भव हो सकता है। बाहर के किसी भी दबाव से उसका विकास अवरुद्ध हो जाता है। स्वतन्त्रता व्यक्ति का नैसर्गिक एवं जन्मसिद्ध अधिकार है। उन्हें ब्रिटेन के स्वतन्त्रता प्रेम पर सदा विश्वास रहा है। लेकिन ब्रिटेन के इन तर्कों को वे स्वीकार नहीं करती थीं कि भारत अभी स्वशासन के योग्य नहीं है और विभिन्न जाति, धर्म भाषा आदि के कारण उसे ऐसे अधिकार नहीं दिये जा सकते हैं। उनका कहना था कि ऐसी स्थिति उत्पन्न करने का भी दायित्व ब्रिटिश सरकार पर ही है, अन्यथा भारतीय स्वयं अपनी राष्ट्रीय एवं राजनीतिक परम्परा से सम्बन्ध रखते हैं। उन्होंने भारत के अतीत में लोकतन्त्र, गणराज्य आदि की परम्परा का भी समर्थन करते हुए कहा कि भारत में १८ वीं शती तक स्वशासन एवं ग्राम पंचायत की संस्थाएँ कार्य करती रही हैं जिन्हें अंग्रेजों ने समाप्त किया। उन्होंने कांग्रेस को सलाह दी कि वह जनता को स्वशासन की शिक्षा दे। मद्रास के तत्कालीन गवर्नर के व्यंग, 'भारतीयों को स्वशासन देना स्वप्न है'

का आपने उत्तर देते हुए कहा कि आरम्भ में सभी विचार स्वप्नवत् होते हैं। इसके लिए इतिहास में अनेक उदाहरण उपलब्ध हैं। यदि दक्षिण अफ्रीका जैसे अनुभवहीन देश के लिए स्वशासन की बात की जा सकती है तो भारतीयों के लिए तो यह सदा स्वाभाविक एवं उनकी परम्परा के अनुकूल है। भारतीयों के लिए स्वशासन स्वयं भारत नहीं, अपितु अंग्रेजो के भी हित में है। १९१५ में बम्बई अधिवेशन के समय आपने विधायिनी, आर्थिक और ऐतिहासिक आधारों पर सिद्ध किया कि भारत के लिए स्वशासन अनिवार्य है।

भारत के लिए होमरूल जैसी व्यवस्था का सम्बन्ध आपने एशियाई जागरण के साथ जोड़ा। उन्होंने ब्रिटेन के इस तर्क का खंडन किया कि ब्रिटेन की भारत में पूँजी लगी है अतएव उसका रहना यहाँ आवश्यक है। उन्होंने इसके लिए अमेरिका और अर्जेण्टाइना का उदाहरण देते हुए कहा कि वहाँ ब्रिटिश पूँजी अपेक्षाकृत अधिक लगी है किन्तु वहाँ से अंग्रेज हट गये। १९१६ में ब्रिटेन की घोषणा कि युद्ध के बाद पाँच राष्ट्रों का संघ होगा और उसमें भारत के अभाव की आलोचना करते हुए बेसेण्ट ने कहा कि यह नीति रंगभेद पर स्थिर है और इससे भारत के साथ विश्वासघात किया गया है। इसी आधार पर ब्रिटिश सरकार भारतीयों को उच्च पदों से वंचित कर उनमें आत्महीनता का विकास करती है।

एनीबेसेण्ट स्वयं एशिया के नवजागरण से परिचित थीं वे ब्रिटिश सरकार को उससे परिचित कराना चाहती थीं। उनके अनुसार भारतीयों का विश्वास अंग्रेजों के जनतन्त्रीय निष्ठा से हटता जा रहा है। देश में धार्मिक एवं सामाजिक आन्दोलनों के कारण नवजागरण हो रहा है। भारतीय अपने राष्ट्रीय महत्त्व से परिचित हो रहे हैं। ब्रिटिश सरकार की पक्षपातपूर्ण नीति के कारण भारतीय पूँजीपतियों में नया भाव पैदा हो रहा है। महिलाओं में नयी शिक्षा के कारण नव जागरण हुआ है। सन्यासियों तक ने होमरूल के प्रचार में योग दिया है। स्पष्ट है कि भारतीय जीवन के सर्वभौम जागरण का परिणाम व्यापक होगा। भारतीयों ने यह अनुभव कर लिया है कि स्वतन्त्रता जन्मसिद्ध अधिकार है और वह उनको मिलना चाहिए। अपने अध्यक्षीय भाषण में आपने अंग्रेजों पर जो आरोप लगाया उनमें मुख्य ध्यान उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय परम्परा पर होने वाले ब्रिटिश आघात पर अधिक दिया। उनके अनुसार अंग्रेजों ने भारतीय स्थानीय इकाइयों, सिंचाई व्यवस्था, ग्राम संघटन आदि को नष्ट कर राष्ट्र को प्राणहीन कर दिया है किन्तु राष्ट्रीय शक्तियाँ पुनः जागरित हो रही हैं। अतएव ब्रिटिशों को चाहिए कि वे भारतीयों को शीघ्र स्वशासन सौंप दे।

भारत का राजनीतिक नक्शा कैसा हो, इसके लिए बेसेण्ट ने होमरूल और भारतीय संविधान का जो प्रारूप प्रस्तुत किया, उससे उनके विचारों पर प्रकाश पड़ता है। होमरूल योजना में वे मानती हैं कि भारत ब्रिटेन से सम्बन्ध भंग किये बिना ही औपनिवेशिक स्वराज्य प्राप्त करे। निःशुल्क शिक्षा, प्रतिनिधित्व, मताधिकार, ग्राम इकाई से केन्द्र का क्रमिक संगठन, रंग एवं जातिविहीन समाज आदि के साथ होमरूल में भारत को आन्तरिक सुरक्षा का दायित्व, पुलिस हस्तक्षेप से मुक्त राजनीतिक जीवन और सुरक्षा का सारा दायित्व भारतीयों के ऊपर मानती थीं। उनके अनुसार भारत का शासन भारतीय नेताओं और उसकी परम्परा के अनुसार होना चाहिए। उन्होंने ऐंग्लो इंडियनों के द्वारा प्रस्तावित योजना का विरोध करते हुए कहा था कि इसमें नौकरशाही को शक्तिशाली ही नहीं बनाया

गया है अपितु भारतीयों की निष्ठा में विश्वास नहीं किया गया है। बेसेण्ट की योजना में ग्राम, ग्रामपंचायत, कस्बा, तालुका या तहसील, जिलाबोर्ड से होते हुए प्रान्तीय और आगे केन्द्रीय संसद का प्रारूप प्रस्तुत किया था जिसमें भारतीय जीवन का उचित प्रतिनिधित्व होता है। वे भारत को अभी ब्रिटिश संसद से मुक्त करने के पक्ष में नहीं थीं। इस स्वशासन व्यवस्था में वे प्राचीन भारत का पुनरुत्थान पाती थीं। साथ ही उनका विश्वास था कि यह व्यवस्था पश्चिमी जनतन्त्र से अधिक उपयोगी और वास्तविक है।

भारतीय संविधान का जो रूप आपने ब्रिटिश सरकार के सामने प्रस्तुत किया था उसमें भारतीय समाज, कृषि प्रधानता, राष्ट्रीय परम्परा आदि मूल प्रश्न थे जिन पर ध्यान दिया गया। मूलाधिकार में स्वतन्त्रता, सम्पत्ति और शिक्षा पर बल दिया गया था। विधायिका की अन्तिम शक्ति सम्राट् में निहित थी, अतएव गान्धी जी इस संविधान से अन्त में असहमत हो गये थे। मताधिकार के सम्बन्ध में आपने विभाग किया था। ग्राम इकाई में तो वे वयस्क मताधिकार मानती थीं किन्तु आगे के लिए शिक्षा, सम्पत्ति, प्राविधिक योग्यता का बन्धन लगा दिया था। कार्यपालिका में भी वायसराय को प्रधान माना गया था। सुरक्षा में भी उसे अधिक अधिकार थे। मन्त्रिमंडल का परामर्श जिस रूप में प्रस्तुत किया गया था उसमें गवर्नर जनरल पर उतने ही नियन्त्रण थे जितने औपनिवेशिक प्रशासन में सम्भव थे। लेकिन इसमें यह माना गया था कि सर्वोच्च न्यायालय भारत में ही रहेगा। उसे विधि का व्याख्या का सर्वोच्च अधिकार दिया गया था।

संविधान का जो प्रारूप प्रस्तुत किया गया था उसमें अर्ध गणतन्त्र की व्यवस्था का सूत्रपात होता है। उसमें भारतीय परम्परा के साथ ताल-मेल बैठाने का प्रयास किया गया था। प्रान्तों को केन्द्रीय नियन्त्रण से मुक्त नहीं किया गया था। वयस्क मताधिकार सीमित था। विधि के सामने समानता प्रदान की गयी। संविधान निश्चित ही अपूर्ण था किन्तु इसके द्वारा इतना प्रयास तो किया ही गया था कि उस समय तक कांग्रेस की होने वाली माँगों को संहिताबद्ध कर दिया गया था।

डॉ० एनीबेसेण्ट ने भारतीय राजनीति में सक्रिय भाग लिया। उन्होंने उसके आन्दोलनों में भी इसी प्रकार भाग लिया। उसके जीवन और गौरव को आगे बढ़ाया, पूर्ण भारतीय निष्ठा और सम्मान के साथ। उन्होंने सदा सामान्य स्तर से ऊपर उठकर राजनीतिक कार्य किया। उन्हें जितनी सफलता सामाजिक जीवन और राजनीतिक क्षेत्र में मिली और उनका व्यक्तित्व हमारे राष्ट्रीय जागरण के साथ जिस रूप में जुड़ गया, वह उनकी इसी निष्ठा का परिणाम है। हम भारतीय पुनरुत्थान को बेसेण्ट के सन्दर्भ में ही समझ सकते है।

---

# आत्म-चिन्तन

रवीन्द्रकुमार शृंगी
संगीत महाविद्यालय

'मैं क्या हूँ ?' यह एक ऐसा प्रश्न है जो हर व्यक्ति के अन्तस्थल में कभी न कभी, किसी न किसी रूप में उदय होता है। साधारणतः, यद्यपि व्यक्ति कुछ न कुछ विशेष बनने की धुन में इस कदर व्यस्त रहता है कि उसकी प्रायः सभी शक्तियाँ स्वनिर्धारित लक्ष्य की सिद्धि में लगी रहती हैं, अतः उसे ऐसा कुछ सोचने का अवसर ही नहीं मिलता; तथापि यदि ग़ौर से देखा जाय तो हमारे समस्त क्रिया-कलापों के मूल में यह एक प्रश्न बड़ी उग्रतासे हमें ताकता रहता है।

व्यक्ति के लक्ष्य का जो कोई भी वृत्तान्त हो, लक्ष्य की सामान्य धारणा का स्वरूप एक ही है, और वह है 'अहंकार'। लक्ष्य में जीवन की आदर्श कल्पना निहित है और वह निश्चय ही यथार्थ के निरपेक्ष कल्पना में नहीं आती। अर्थात्, यद्यपि यथार्थ ही आदर्श की आधार शिला है, तथापि आदर्श के ध्यान में यथार्थ गौण हो जाता है।

'कुछ न कुछ विशेष' बनने की धुन में व्यक्तित्व का रहस्य छिपा है। लक्ष्य की धारणा में ध्याता और ध्येय पृथक् अवगत होते हैं किन्तु ध्यान में दोनों परस्पर सापेक्ष होकर चेतना में अपृथक् सिद्ध होते हैं। धारणा में चेतना विभक्त होकर ध्याता और ध्येय के रूप में प्रस्तुत होती है। व्यक्तिविशेषोपगत लक्ष्य का जो भी वैशिष्टच हो, सामान्यतः लक्ष्य के स्वरूप में चेतना का संकोच प्राप्त होता है और यही संकोच काल में विस्तार है। भूत से वर्तमान के द्वारा भविष्य की कल्पना होती है और कालातीत के पृष्ठभूमि पर देश-कालावछिन्न व्यक्ति की सृष्टि होती है।

धारणा में चेतना ध्याता और ध्येय में विभक्त होती है। यद्यपि चेतना में दोनों अपृथक् सिद्धि होते हैं तथापि धारणा में ध्येय, ध्याता का विपक्ष, यथाथ का आदर्शरूप है। यथार्थ और आदर्श के अन्तराल में व्यक्ति अपने वर्तमान को पाता है। यद्यपि ध्याता और ध्येय दोनों सहजन्य हैं, परस्पर सापेक्ष हैं; तथापि, धारणा में यह तथ्य दृष्टिगोचर नहीं होता, और ध्येय, लक्ष्य अथवा आदर्श के द्वारा यथार्थ का परिमित रूप, 'ध्याता' उत्पन्न होता है। अर्थात् ध्याता और ध्येय दोनों ही आदर्श के तत्व हैं, लक्ष्य की धारणा में देशोपगत संकोच एवं कालोपगत विस्तार, दोनों ही एक साथ संप्राप्त हैं।

देशकालविशिष्ट चेतना में काल वैशिष्टच की उपेक्षा से ध्यान की धारणा में अवतारणा होती है और वर्तमान से चेतना को धारण कर भूत चित्त की अहंकारवृत्ति बनता है। इस प्रकार चित्त में चेता का भाव जागृत होता है। यह धारणा की स्थिति है और ध्यान में चित्त एवं चेता वर्तमान की चेतना में एकाकार हो जाते हैं।

लक्ष्य विशेष में परिमित चेतना, चित्त एवं चेता, ध्येय एवं ध्याता के प्रतिभास की चेतना में अन्वित अपृथक् सिद्धि की अनवधारणा है। इस अवस्था म ध्याता ध्यय में अपनी

पूर्त्ति को पाने के लिए सदा व्याकुल रहता है और इसी वेदना को कवि लोग एक स्तरविशेष पर प्रिय से वियोग की व्यथा के रूप में जानते हैं और साधारण जन लक्ष्य की अप्राप्ति के रूप में।

लक्ष्य का होना, चेतना का ध्याता और ध्येय में विभक्त होकर, अचेतन में चेतना की भावना का द्योतक है, चेतना की पृष्ठ भूमि पर चित्त में चेता का आविर्भाव है। इस अवस्था में लक्ष्य से अहं का तादात्म्य होने से 'मैं क्या हूँ?' ऐसा कोई प्रश्न नहीं होता। तथापि 'मैं' चित्त की प्रथम वृत्ति के रूप में रह जाता है। अर्थात् इस अवस्था में चेतना अहं-भावात्मक चित्तवृत्ति से आवृत्त रहती है। फलतः चित्त में अहंभाव से चेतना का तादात्म्य प्राप्त होता है, अतः चेतना में इस संकोच का वस्तुगत ज्ञान अचेतन में आवृत्त रह जाता है।

लक्ष्य अथवा जीवन का आदर्श रूप स्वभावतः क्या है, किस प्रकार उसका उदय होता है और किस प्रक्रिया से यह व्यक्ति के चेतना में संकोच एवं प्रसार इत्यादि द्वैत को जन्म देता है यह एक देखने की बात है। लक्ष्य के निर्माण में वासना प्रधान है। वासना की प्रकृति क्या है? वासना, आनन्द की अपूर्व चेतना का स्मृति रूप है। स्मृति में आनन्द की अपूर्व चेतना का रूपविशेष उस आनन्द के अनुभूति का प्रतीक है। यद्यपि स्मृति आनन्द का प्रतीक मात्र है तथापि ऐसा ध्यान न रहने पर, 'वह आनन्द ही है' इस प्रकार का आभास होता है। स्मृति आनन्द की अपूर्व चेतना का रूपविशेष है, किन्तु वह आनन्द की अपूर्व चेतना नहीं है; वह आनन्द की भूतपूर्व चेतना का रूप है। आनन्द की चेतना सदा अपूर्व होती है, सदा ही विलक्षण होती है, सदा नई होती है। स्मृति में अनुभूति अथवा तद्विषयिक रसास्वाद तो होता नहीं किन्तु उस रसास्वाद की वासना रहती है। वासना के दो तत्व हैं, रस अथवा आनन्द की अपूर्व चेतना और इस चेतनाविशेष का संवेद्य स्वरूप। वासना में स्मृति से संवेद्यस्वरूप की कल्पना तो रहती है किन्तु इस कल्पना में आनन्द का अपूर्वत्व नहीं रहता क्योंकि वासना भूतपूर्व चेतना के आधार पर ही आश्रित है। अर्थात् वासनाजन्य जो क्रियाकलाप होगा उससे यद्यपि आनन्द का संवेद्यस्वरूप भले ही निर्माण में आ जाय तथापि उसमें अपूर्वता का योग नहीं हो सकता। फलतः वासना से तृप्ति होने का कोई प्रश्न ही नहीं है। वास्तव में वासना उत्पन्न कैसे होती है? अज्ञान से। जब कि सत्य का स्वरूप आनन्द की अपूर्व चेतना में प्राप्त होता है, वासना में इस तथ्य की अनव-धारणा रहती है, यानि यद्यपि वासना का लक्ष्य अथवा आश्रय तो आनन्द की चेतना का अपूर्वत्व है तथापि वासना का विषय उस रसास्वाद की स्मृति मात्र है और स्मृति भूतपूर्व की ही होती है, उसके आधार पर अपूर्व की कल्पना नहीं हो सकती।

अब देखा जाय तो वासना के बिना किसी आदर्श की कल्पना हो नहीं सकती। व्यक्तिगत चिन्तन तत्त्वतः एक खोज है। इस खोज का बड़ा ही अनोखा स्वरूप है। एक ओर तो व्यक्ति संसार में निरन्तर परिवर्तन का अवलोकन करता रहता है और इस बीच वह अपने को शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकार के बावजूद भी, एक अक्षुण्ण सत्ता के रूप में अनुभव करता है। यह विरोधाभास उसे चमत्कृत कर देता है, निरन्तर परिवर्तन-शील संसार की अविराम गति उसे अपनी अक्षुण्ण सत्ता में संदेह उत्पन्न करती है। बाल्या-

वस्था से वृद्धावस्था की यात्रा करने पर व्यक्ति को मृत्यु का भय खाने लगता है। विचारशील लोग, जिनमें बौद्धिक विकास विशेष प्राप्त होता है, अपने व्यक्तित्व की रक्षा एवं विकास में अपनी चेतना को व्यस्त पाते हैं। महत्त्वाकांक्षा की भूख और मान हानि का डर उनके जीवन में व्याप्त रहता है। आदर्श और यथार्थ का अन्तराल जितना ही बड़ा होता है, जीवन में संघर्ष और अशान्ति भी उस पराकाष्ठा को प्राप्त होते हैं। इस संघर्ष से किसी को प्यार नहीं है, लेकिन लगाव फिर भी है। सभी इस अशान्ति का अन्त चाहते हैं। किन्तु सोचते हैं कि 'यह और' यदि हासिल कर लिया जाय तो बस इस संघर्ष का अन्त हो जायगा। अर्थात् चाहते सभी शान्ति हैं, संघर्ष का अन्त ही, किन्तु संघर्ष के द्वारा ही वह संभव देखते हैं। अस्तु। इस विचारवीचि का अभिप्राय यह जानना है कि वह क्या समस्या है जो जीवन में अशान्ति के रूप में व्यक्त होकर, उससे मुक्ति के लिये मनुष्य में चिन्तन की प्रवृत्ति को जन्म देती है। यों तो आकांक्षा के विविध रूप हैं। विभिन्न व्यक्ति अपने स्वरूप में भिन्न-भिन्न आदर्श की स्थापना करते हैं, किन्तु जहाँ भी लक्ष्य है वहाँ संघर्ष जीवन का साधारण धर्म अवगत होता है। लक्ष्य का सामान्य स्वरूप ही है चेतना का सीमित स्वरूप में केंद्रित होना। लक्ष्य का होना आदर्श के रूप 'अहंभाव' का विद्यमान होना है। जहाँ लक्ष्य है, आदर्श है, वहाँ चेतना का अहंभाव में केंद्रीयकरण भी है; और जहाँ केंद्र है वहाँ परिधि भी है, और वहाँ अन्दर और बाहर का भेद भी है, विषय और विषयि का द्वैत भी है। सारांश यह है कि लक्ष्य तथा आदर्श में अहंभाव का रहस्य है। लक्ष्य से तादात्म्य होने पर निरतिशय, निराकार असीम चेतना, अहंभाव में केंद्रित होकर, ससीम होकर, संकुचित स्वरूप में प्राप्त होती है, और चेतना में देशोपगत यह संकोच कालचक्र में विस्तार को प्राप्त होता है। अतः जीवन में द्वेष का प्रवेश होता है। लक्ष्य का निर्माण वासना के भित्ति पर होता है और वासना अज्ञान में ही जन्म लेती है।

व्यक्ति स्वाभावतः सीमित क्षेत्र में ही ज्ञान के प्रकाश को प्राप्त होता है। जितना ही उसका ज्ञान सीमित है उतना ही उसका अज्ञान विस्तृत है। व्यक्ति का जीवन ज्ञान और अज्ञान की विलक्षण माया है। यह विषय बहुत गंभीर है। अतः प्रस्तुत इस तट पर विराम हो। विचार जहाँ पहुँचता है वहाँ इतना स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है कि लक्ष्य विशेष से चेतना का चेतना में तादात्म्य, जीवन के यथार्थ का आदर्श रूप में आवृत्त होना, अहंभाव को उत्पन्न करता है, जिसके फलस्वरूप निरपेक्ष यथार्थ का अहंभावात्मक आदर्शरूपी केन्द्र के सापेक्ष अनुभव होने से जीवन में द्वेष और संघर्ष भर जाते हैं। द्वेष और संघर्ष से मुक्ति की सभी कामना करते हैं और सभी अपनी इच्छाओं और आकांक्षाओं के द्वारा उसी निरपेक्ष यथार्थ को चाहते हैं जिसके ज्ञान में, अविकृत चेतना में, सुख है, शान्ति है; जिसमें तमाम संघर्षों का समाधान है।

इतना दूर आने पर यह प्रतीत होता है कि जिस लक्ष्य की खोज में हम नितान्त व्यस्त रहते हैं वह अलक्ष्य ही है, कल्पनातीत है, वह धारणा और ध्यान से परे विशुद्ध चैतन्य है। अहंभाव में भावात्मक सत्ता है, जो निर्द्वन्द्व चेतना में प्राप्त होती है।

---

# अणु-स्पेक्ट्रम और उसकी रचना

डॉ० नन्दलाल सिंह
अध्यक्ष, स्पेक्ट्रास्कोपी विभाग

परमाणु के स्पेक्ट्रम की उत्पत्ति न्यूक्लियस (Nucleus) के चतुर्दिक इलेक्ट्रानों की कक्षागति और उनके परिभ्रमण से होती है। परमाणु स्वयं स्थिर नहीं रहता, विशेषकर पदार्थ की गैसीय अवस्था में, वह इधर-उधर वेग से चलता है किन्तु इस गति का स्पेक्ट्रम पर कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ता। केवल डाप्लर-साध्य (Doppler Effect) से रेखायें कुछ मोटी अथवा पतली हो जाती हैं।

अणु के भीतर कई परमाणु होते हैं; अतः इलेक्ट्रान एक ही परमाणु से नहीं बंधा रहता। वह एक से अधिक न्यूक्लियसों के चतुर्दिक भ्रमण करता रहता है। साथ ही इन परमाणुओं के न्यूक्लियस भी स्थिर नहीं रहते और न तो एक सीधे मार्ग पर ही चलते रहते हैं। वे अणु के माध्यमिक अक्ष के चतुर्दिक घूमते रहते हैं और अणु के गुरुत्व केन्द्र की अपेक्षा दोलन करते रहते हैं। इनके सामूहिक घूर्ण और नियमित दोलन से अणु का इलेक्ट्रानिक स्पेक्ट्रम बड़ा ही जटिल हो जाता है। (चित्र सं० 1)।

## अणु की ऊर्जा-स्थितियाँ

अणु में ऊर्जा उसकी रेखीय गति से, घूर्ण से, दोलन से और इलेक्ट्रानों की उत्तेजना से पाई जाती है। अतः अणु की संपूर्ण ऊर्जा घूर्णीय तथा दोलनीय और इलेक्ट्रानिक ऊर्जा के योग के बराबर होती है; अर्थात् $W = W_T + W_{rot} + W_{vib} + W_{el}$ होती है। स्पेक्ट्रम केवल घूर्णीय ऊर्जा ($W_{rot}$), दोलनीय ऊर्जा ($W_{vib}$) और इलेक्ट्रानिक ऊर्जा ($W_{el}$) से उत्पन्न होता है।

## घूर्णीय ऊर्जा की स्थितियाँ

घूर्णीय ऊर्जा अणु के परिभ्रमण से उत्पन्न होती हैं और ऊर्जा का मान अणु के कोणीय वेग पर निर्भर करता है। यांत्रिकी-सिद्धान्त के अनुसार अणु में सभी कोणीय वेग नहीं पाये जाते। कुछ थोड़े नियंत्रित वेग ही सम्भव हैं और उन्हीं के अनुकूल घूर्णीय ऊर्जा के मान भी नियमित होते हैं। इनका मानचित्र उसी प्रकार से बनाया जाता है, जिस प्रकार परमाणु की स्थायी स्थितियाँ प्रदर्शित की जाती हैं। अणु की घूर्ण स्थायी स्थितियाँ अणु-रचना पर निर्भर होती हैं क्योंकि घूर्ण ऊर्जा अणु के घूर्ण जाड्य (Moment of Inertia) पर और जाड्य का मान अणु की सममिति (Symmetry) के अनुकूल पाया जाता है।

प्रत्येक अणु में, केवल उन अणुओं को छोड़कर जिनके परमाणु एक सीध में जुटे होते हैं, तीन अक्ष (Axis) होते हैं। तीनों अक्ष एक दूसरे के लम्बवत् माने जाते हैं और तीनों अक्ष अणु के गुरुत्व केन्द्र से होकर गुजरते हैं। अणु इन्हीं अक्षों पर परिभ्रमण करता

है और इन तीन परिभ्रमण वेगों से उसमें तीन घूर्ण जाड्य पाये जाते हैं, चित्र संख्या (2) में चार अणुओं की बनावट उनके अक्ष के साथ दिखायी गयी है। असिटिलीन अणु ($C_2H_2$) में चारो परमाणु एक सीध में रहते हैं। अणु अक्ष $a$ और अक्ष $b$ पर परिभ्रमण कर सकता है। यह तीसरे अक्ष $c$ पर नहीं घूम सकता क्योंकि सभी परमाणु इसी अक्ष पर हैं और सभी के लिए अक्ष की दूरी $r_i=0$ होती है। चित्र के अन्य अणु तीनों अक्ष पर घूम सकते हैं।

किसी अक्ष पर घूर्ण जाड्य का मान परमाणुओं के भार तथा अक्ष से उनकी दूरी के वर्ग के गुणनफल के योग के बराबर होता है; अर्थात् अक्ष $a$ पर घूर्ण जाड्य $I_a=\sum_{i=1}^{N} m_i r^2_{ia}$ होता है जिसमें $m_i$ किसी एक परमाणु का भार और $r_{ia}$ अक्ष $a$ से उसी परमाणु की दूरी है। अणु में N परमाणु माने गये हैं इसलिए अणु का घूर्ण जाड्य सभी परमाणुओं के घूर्ण जाड्य के जोड़ के बराबर लिया जाता है। इसी भाँति अणु का घूर्ण जाड्य अक्ष $b$ और अक्ष $c$ पर ज्ञात किया जाता है। तीनों घूर्ण-जाड्य प्रायः एक दूसरे से भिन्न होते हैं किन्तु अणु की सममिति (Symmetry) के अनुसार उनमें से केवल दो अथवा तीनों परस्पर समान हो सकते हैं। यदि किसी अणु के तीनों घूर्ण-जाड्य असमान हैं तो अणु असममित्याकार (Asymmetrical) कहा जाता है। जिन अणुओं के दो घूर्ण-जाड्य बराबर होते हैं उन्हें सममित्याकार घूर्णक (Symmetrical top) कहते हैं और जिनके तीनों घूर्ण जाड्य बराबर होते हैं उन्हें गोलीय टाप सममित्याकार (Spherical top) कहते हैं।

घूर्ण-ऊर्जा ($W_{rot}$) गतिज ऊर्जा होती हैं क्योंकि इसकी उत्पत्ति कोणीय वेग से होती है। इसका मान भिन्न आकार के घूर्णक के लिए घूर्ण क्वाण्टम-संख्याओं द्वारा भिन्न रूप से व्यक्त किया जाता है। रेखीय तथा गोल सममित्याकार अणुओं की ऊर्जा क्वाण्टम संख्या J से निर्दिष्ट की जाती है यथा $W_{rot}=J\,(J+1)\,Bhc$ होती है। जिसमें $B=h/8\pi^2 cI_a$ को घूर्णगुणक कहते हैं, $h$ प्लांक का स्थिरांक और $c$ प्रकाश का वेग है।

## सममित घूर्णक (Symmetrical top) की ऊर्जा

ऐसे अणु की ऊर्जा $W_{rot}=J\ (J+1)\ Bh\,c+K^2\,(C-B)hc$ होती है जिसमें $C=h/8\pi^2 cIc$ जो अक्ष C की अपेक्षा उसी अणु का घूर्ण गुणक है। क्वाण्टम संख्या K घनात्मक तथा ऋणात्मक दोनों होती है किन्तु इसका मान J से अधिक नहीं हो सकता।

असममित्याकार अणु (asymmetrical top) की घूर्ण ऊर्जा के लिए कोई अनुकूल व्यंजक नहीं मालूम है जिसमें $I_a$, $I_b$ और $I_c$ के मान लगायें जा सकें, फिर भी तीनों में किसी दो को लगभग बराबर समझकर ऊर्जा स्थितियों का उल्लेख एक मोटे हिसाब से सममित्याकार अणु की स्थितियों की भांति किया जाता है।

सममित्याकार अणु की घूर्ण ऊर्जा का मान क्वाण्टम संख्या J के वर्ग का समानुपाती होता है। अतः J के बढ़ाने से इनका मान बढ़ता जाता है और दो स्थितियों के बीच का अन्तर J के साथ-साथ बढ़ता जाता है विपरीत इसके हमने देखा है कि परमाणु में प्रमुख

चित्र सं० (1) पृष्ठ 151
स्पेक्ट्रम की कंपनीय और घूर्णनीय संरचना

चित्र सं० (2) पृष्ठ 152
(a) सरल रेखीय—एसीटिलीन
(b) गोल घूर्णक—यूरेनियम हेग्जाफ्लोराइड
(c) सममित घूर्णक—अमोनिया
(d) असममित घूर्णक—जल

चित्र सं० (3) पृष्ठ 153
अणु की घूर्णन स्थितियाँ

क्वाण्टम संख्या के बढ़ाने से स्थितियों के बीच की दूरी घटती जाती है। अणु ऊर्जा के व्यंजक से हमें यह भी विदित होता है कि भारी अणु में घूर्ण ऊर्जा और उनकी स्थितियों के बीच की दूरी हलके अणुओं की अपेक्षा कम होती है, क्योंकि अणु के भारीपन से घूर्ण जाड्य I बढ़ जाता है और B का मान घट जाता है।

चित्र-संख्या (3) में सममित्याकार अणु की घूर्ण-ऊर्जा की स्थितियाँ ऊर्जा-व्यंजक के आधार पर दिखायी गयी हैं। जिसमें $I_a = I_b = \frac{1}{2} I_c$ है। स्तम्भ $K = 0$ में दी हुई स्थितियाँ रेखीय तथा गोल सममित्याकार दोनों प्रकार के अणुओं के लिए मान्य हैं, क्योंकि $K = 0$ रखने पर दूसरा समीकरण ठीक पहले समीकरण के तुल्य हो जाता है। भिन्न प्रकार के अणुओं की घूर्ण ऊर्जा के व्यंजक, उनके घूर्ण-जाड्य तथा उनकी रचना उदाहरण सहित नीचे सारिणी में दिये गये हैं—

### अणुओं की घूर्ण-ऊर्जा

| अणु भेद | घूर्ण-जाड्य | घूर्ण-ऊर्जा | रचना | उदाहरण |
|---|---|---|---|---|
| रेखीय घूर्णक | $I_a = I_b$; $I_c = 0$ | $J(J+1)Bhc$ | सारे परमाणु एक सीध में | सभी द्विपरमाणुक, कार्बन-डाइ-आक्साइड, असिटिलीन |
| गोल सममित्याकार घूर्णक | $Ia = Ib = Ic$ | $J(J+1)Bhc$ | चतुर्निक (Tetrahedral) अष्ठनीक (Octahedral) घनाकार (Cubical) | मिथेन, फासफोरस, यूरेनियम, हेक्सा-फ्लोराइड × × × |
| सममित्याकार घूर्णक | $Ia = Ib \neq Ic$ | $J(J+1) \times Bhc + K^2 \times (C-B)hc$ | त्रिकोण स्तूप त्रिकोण प्रिज्म समतल षट्कोणीय | अमोनिया, साइक्लोप्रोपेन, बेन्जीन |
| असममित्याकार घूर्णक | $Ia \neq Ib \neq Ic$ | कोई उपयुक्त व्यंजक नहीं | त्रिसममित्यक्ष अथवा बहुसममित्यक्षरहित कोई संमिति | बहुपरमाणुक |

उपरोक्त विवेचन में अणु बिलकुल स्वतंत्र माना गया है। उनके परिभ्रमण में किसी प्रकार की बाधा निकटवर्ती अणुओं द्वारा नहीं पड़ती। यह तभी सम्भव है जब कि पदार्थ

गैसीय अवस्था में हो और गैस का दाब भी कम हो। द्रव तथा ठोस अवस्था में अणु एक दूसरे से जुटे रहते हैं, वे स्वतंत्र रूप से परिभ्रमण नहीं कर सकते। इन बाधाओं के कारण घूर्ण स्थितियाँ फैलकर एक दूसरे में मिल जाती हैं।

## अणु की दोलनीय ऊर्जा

यदि किसी अणु में N परमाणु हैं तो उसमें प्रत्यक परमाणु के हिसाब से 3N भिन्न गतियाँ हो सकती हैं। इसमें तीन तो स्थानान्तरण गति (translational motiom) और तीनों अक्ष पर तीन घूर्ण गतियाँ (rotational motion) होती हैं। इस भाँति रेखीय अणु को छोड़कर अन्य अणु में (3N – 6) गतियाँ होती हैं। रेखीय अणु में (3N – 5) एक अधिक स्वतंत्र गति होती है, क्योंकि इनमें दो घूर्ण गतियाँ पायी जाती हैं। इन स्वतंत्र गतियों का रूप दोलनीय (Vibrational motion) होता है और प्रत्येक दोलन गति की स्वतंत्र आवृत्ति-संख्या होती है यदि कम्पन विस्तार दो परमाणुओं के बीच की दूरी का केवल दशमांश है तो दोलन सरल आवर्तनीय (Simple Harmonic) माना जाता है। यद्यपि प्रत्येक कम्पन का रूप सरल नहीं होता तथापि देखा जाता है कि कोई भी आवर्तनीय कम्पन दो अथवा दो से अधिक सरल आवर्तनीय दोलनों के मेल से उत्पन्न होता है। इन सरल आवर्तनीय दोलनों को अणु का स्वाभाविक अथवा नार्मल दोलन (Normal Vibration) कहते हैं। अणु के किसी स्वाभाविक कंपन में सभी परमाणु एक ही आवृत्ति से दोलन करते हैं किन्तु हर एक का दोलन विस्तार (amplitude) भिन्न होता है। हर एक का स्थानान्तरण समय के हिसाब से उनकी साधारण स्थिति से ज्या-वक्ररूप होता है। अणु में इस प्रकार के (3N—6) भिन्न दोलन होते हैं और इनके अनुकूल (3N – 6) सरल आवृत्तियाँ होती हैं। इन आवृत्ति-संख्याओं को अणु की मूल आवृत्तियाँ (fundamental frequencies) कहते हैं। मूल आवृत्तियाँ स्वतंत्र होते हुए भी अणु की सममिति के कारण द्विपदी और त्रिपदी हो सकती हैं; अर्थात् दो अथवा तीन आवृत्ति-संख्यायें एक दूसरे के बराबर पायी जाती हैं। अणु की रचना के अनुसार उसकी सममिति को ध्यान में रखकर उसका दोलन, दोलन-विस्तार आदि समझना सुगम होता है। यदि किसी अणु में त्रिसममित्यक्ष अथवा बहुसममित्यक्ष हैं तो उसमें अनेक दोलन द्विपदी अथवा त्रिपदी हो सकते हैं।

दोलन ऊर्जा की भी स्थायी स्थितियाँ होती हैं और उनके बीच संक्रमण से अणु का दोलनीय स्पेक्ट्रम उत्पन्न होता है। सममिति के आधार पर संक्रमण के नियम (Selection Rule) बनाये गये हैं। चित्र संख्या ( 4 ) में कई अणु के नार्मल कम्पन दिखाये गये हैं। परमाणुओं का स्थानान्तर चिह्न ( → ) से और ( + ) तथा ( – ) से प्रदर्शित किया गया है। (+) से स्थानान्तर पृष्ठतल से ऊपर की ओर, ( – ) चिह्न से नीचे की ओर समझना चाहिए।

किसी एक कम्पन $v_1$ के लिए अणु की दोलन ऊर्जा

$$W_{vib}=(v_1+\tfrac{1}{2})\, h\nu_1$$ होती है।

जिसमें इसी कम्पन के लिए $v_1=0, 1, 2\cdots$ कोई भी पूर्ण संख्या हो सकती है प्रत्येक दोलन

(a) द्विपरमाणुक अणु AB

A B
(1)
(1')

(b) त्रिपरमाणुक रेखीय अणु ABA

A B A
(1)
(2)
(3)
(4)
\+ − +

(c) त्रिपरमाणुक अरेखिक Mol. अणु ABC:

A B C
(1)
(2)
(3)

(d) समतल सममित अणु $BA_3$

(1) A B A A
(2)
(3)
(4) + − + +
(5)
(6)

चित्र सं० (4) पृष्ठ 154

0, 500, 1000, 2000, 3000, 4000, 5000

V=5, V=4, V=3, V=2, V=1, V=0

J 8, 7, 6, 5, 4, 3, 2, 1, 0

ZERO POINT ENERGY

चित्र सं० (5) पृष्ठ 155

अणु की दोलन स्थितियाँ

के लिए क्वाण्टम संख्या भिन्न होती है और अणु की संपूर्ण दोलनीय ऊर्जा सभी $(3N-6)$ कम्पनों से उत्पन्न ऊर्जा के योग के बराबर होती है; अर्थात्

$$W_{vib} = \sum_{i=1}^{3N-6} (v_i + \tfrac{1}{2})\, h\, \nu_i \text{ होती है ।}$$

चित्र संख्या (5) में किसी एक द्विपरमाणुक की दोलन ऊर्जा स्थितियाँ दिखाई गई हैं। द्विपरमाणुक में $3\times2-5=1$ एक ही दोलन होता है। बहुपरमाणुक के किसी कम्पन की ऊर्जा-स्थितियाँ भी इसी रूप की होती हैं और ऐसे सभी $3N-6$ कम्पनों को मिलाकर बहुपरमाणुक की एक इलेक्ट्रानिक स्थिति प्रदर्शित की जाती है।

सरल आवर्तनीय दोलक की ऊर्जा-स्थितियाँ सरल होती हैं। उनके बीच का अन्तर लगभग $h\nu$ के बराबर एक समान होता है, किन्तु दोलन सरल आवर्तनीय नहीं रहने पाता। इस कारण स्थितियों के बीच की दूरी भी एक समान नहीं पायी जाती। परमाणुओं का पारस्परिक आकर्षण स्थानान्तरण से बदल जाता है। इन्हीं दोलन स्तरों पर घूर्ण ऊर्जा की स्थितियाँ भी आरोहित रहती हैं क्योंकि किसी दोलन के साथ अणु का परिभ्रमण भी होता रहता है। चित्र में द्विपरमाणुक की दोलन संख्या $1000\ cm^{-1}$ और घूर्ण गुणक $B=15cm^{-1}$ लिया गया है। हजारों अणुओं के दोलन-स्पेक्ट्रम के अध्ययन से यह पता लगा है कि किसी बड़े अणु की अनेक कम्पन-आवृत्तियों में कुछ आवृत्तियाँ उन परमाणु समूह (group) की होती हैं जो अणु में विद्यमान रहते हैं। ये आवृत्ति-संख्यायें उन परमाणु-ग्रूप की विशिष्ट दोलन-संख्यायें होती हैं जो अणु के भीतर अन्य परमाणुओं के होते हुए भी लगभग उसी मान की बनी रहती हैं। बड़े अणुओं के अध्ययन में यह जानकारी बड़ी उपयोगी होती है। अणुओं के भौतिक तथा रसायनिक गुणों का विवेचन तथा उनकी रचना का अनुमान इसी आधार पर किया जाता है; किन्तु सभी कम्पन संख्यायें परमाणु-ग्रूप की आवृत्ति-संख्या नहीं होती। उनमें कुछ संख्यायें सम्पूर्ण अणु की होती हैं जो पूरे अणु की रचना और उसके सभी परमाणुओं पर अवलम्बित होती हैं।

## इलेक्ट्रानिक ऊर्जा की स्थितियाँ

जिस भाँति परमाणु के भीतर इलेक्ट्रानों की चार क्वाण्टम संख्यायें होती हैं उसी भाँति अणु के इलेक्ट्रानों का विवरण चार क्वाण्टम संख्याओं द्वारा दिया जाता है। अणु की रचना परमाणुओं के संयोग से होती है। अणु के भीतर भी इलेक्ट्रानों का कोष्ठ होता है और उन कोष्ठों में इलेक्ट्रानों की प्रतिष्ठित पाली के नियम के अनुसार की जाती है। अन्तस्थ कोष्ठों में इलेक्ट्रानों की क्वाण्टम-संख्यायें वही होती हैं जो संख्यायें परमाणु के भीतर थीं। इन इलेक्ट्रानों से परमाणुओं को जोड़कर रखने में अर्थात् अणु-बन्धन में कोई सहायता नहीं मिलती। अतः अणु की इलेक्ट्रानिक ऊर्जा में इनका कोई सहयोग नहीं होता। ऐसे इलेक्ट्रान प्रायः संतृप्त कोष्ठों में रहते हैं। इनके अतिरिक्त बाहरी कोष्ठों के इलेक्ट्रान अणु-बन्धन में सक्रिय रहते हैं। ऐसे इलेक्ट्रान एक ही परमाणु पर नहीं रहते, वे दो अथवा अधिक परमाणुओं के साझे में रहते हैं। ऐसे इलेक्ट्रान बहुत से अणु विशेषकर

द्विपरमाणुक में अथवा परमाणु ग्रंथ में पाये जाते हैं। इन इलेक्ट्रानों की चार क्वाण्टम संख्यायें ठीक उसी प्रकार व्यक्त की जाती हैं जैसे परमाणु के आप्टिकल इलेक्ट्रान की। अन्तर केवल इतना अवश्य रहता है कि परमाणु की चुम्बकीय क्वाण्टम संख्या m के स्थान पर हम अणु में इलेक्ट्रान के कक्षीय क्वाण्टम संख्या e का अक्षीय भाग लेते हैं और इसे $\lambda$ से व्यक्त करते हैं। यदि अणु में दो परमाणु हैं तो दोनों को जोड़ने बाली रेखा को अक्षर कहते हैं। इसी अक्ष की दिशा में अणु का विद्युत-क्षेत्र (electric field) लागू होता है। विद्युत-क्षेत्र के प्रधाव से इलेक्ट्रान इसी अक्ष के चतुर्दिक घूमने लगता है और इसका अक्षीय खंड सक्रिय होता है। जिसके मान को व्यक्त करने के लिए क्वाण्टम संख्या $\lambda$ का उपयोग किया जाता है। इस प्रकार अणु के इलेक्ट्रान की चार क्वाण्टम-संख्या में n, l, $\lambda$ और $s$ होती हैं। इनमें वही संबंध पाया जाता है और उन पर वही प्रतिबन्ध लगता है जो परमाणु की क्वाण्टम-संख्याओं पर बताया गया है। अक्षीय क्वाण्टम-संख्या $\lambda$ घनात्मक तथा ऋणात्मक दोनों हो सकती है किन्तु $l$ से बड़ी नहीं हो सकती।

सभी इलेक्ट्रानों की अक्षीय क्वाण्टम संस्थाओं के योग को $\Lambda$ कहते हैं; अर्थात् $\Lambda = \lambda_1 + \lambda_2 + \ldots$
और $\Lambda = 0,1,2,3,\ldots$ होता है। इसी के मान के अनुकूल अणु की इलेक्ट्रानिक स्थिति की संज्ञा निर्दिष्ट की जाती है। जब $\Lambda = 0$ हो तो इलेक्ट्रानिक स्थिति का नाम $\Sigma$ होता है और जब $\Lambda = 1$ हो नो स्थिति $\pi$, $\Lambda = 2$ हो तो $\Delta$, $\Lambda = 3$ हो तो $\phi$ इत्यादि रक्खा गया है।

अणु की इलेक्ट्रानिक स्थितियाँ द्विपदी होती हैं, क्योंकि $\Lambda$ का मान घनात्मक तथा ऋणात्मक दोनों है। अतः केवल $\Sigma$ स्थिति को छोड़कर जिसके लिए $\Lambda = 0$ होता है अन्य स्थितियाँ द्विपदी होती हैं; किन्तु वे अन्तर्मुखी रहती हैं। परमाणु की स्थितियों के समान इनमें भी विपुलता (multiplicity) होती है। विपुलता इलेक्ट्रानों के घूर्ण (Spin) के योगफल S पर निर्भर होती है। $\Sigma$ स्थिति को छोड़कर जिसके लिए $\Lambda = 0$ होता है अन्य स्थितियों के लिए $\Lambda \neq 0$ होता है। जब $\Lambda = 0$ होता है तो अक्ष पर कोई चुम्बकीय क्षेत्र नहीं पाया जाता, किन्तु $\Lambda \neq 0$ होने पर अक्ष की दिशा में चुम्बकीय क्षेत्र होता है। इसी के कारण अन्य स्थितियों में स्पिन-घूर्ण अणु-अक्ष के चतुर्दिक चक्कर काटता है। इसका अक्षीय भाग $M_s h/_{2\pi}$ होता है। अणु में $M_s$ को $\Sigma$ से इंगित करते हैं। $\Sigma = S, S-1, S-2 \cdots -S$ होता है; अर्थात् $\Sigma$ के $2S+1$ भिन्न मान हो सकते हैं। इसी से अणु की इलेक्ट्रानिक स्थिति की विपुलता (Multipicity) का पता लगता है।

अणु का संपूर्ण आवेग $\Omega = \Lambda + \Sigma$ होता है। चूँकि $\Lambda$ तथा $\Sigma$ दोनों अक्ष की दिशा में ही लागू होते हैं, इसलिए इनको साधारण रीति से जोड़ दिया जाता है। जब $\Lambda \neq 0$ होता है तो अक्ष की दिशा में चुम्बकीय क्षेत्र आरोपित रहता है और प्रत्येक इलेक्ट्रानिक स्थिति $2S+1$ भागों में विभाजित हो जाती है। किन्तु $\Lambda = 0$ स्थिति में अक्ष पर चुम्बकीय क्षेत्र शून्य हो जाने से $\Sigma$ स्थिति का विभाजन नहीं होता। इस प्रकार अणु की इलेक्ट्रानिक स्थिति की संज्ञा $\Sigma \pi \Omega$ होती है जिसमें $\Sigma = 2S+1$ स्थिति की विपुलता, और $\Lambda = 0, 1, 2, 3, \cdots$ के अनुरूप क्रमानुसार स्थिति की संज्ञा $\Sigma, \pi, \Delta, \phi$

होती है और $\Omega = 1 \wedge + S1$ संपूर्ण आवेग का धनात्मक मान है। यथा $H_2$, $N_2$ और Hcl की साधारण स्थिति $^1\Sigma$, $O_2$ की $^3\Sigma$, और NO की $^2\pi_{\frac{1}{2}, \frac{3}{2}}$ होती है।

परमाणु की स्थायी स्थितियाँ पड़ी रेखाओं से दिखायी जाती हैं। अणु की इलेक्ट्रानिक स्थिति की ऊर्जा दो परमाणुओं के बीच की दूरी पर आश्रित होती है। परमाणुओं के बीच की दूरी, $h=0$ के लिए न्यूनतम और $v=1, 2, 3$...के लिए क्रमशः बढ़ती जाती है। दूरी के हिसाब से ऊर्जा का मान भी बदलता जाता है। चित्र संख्या (6) में द्विपरमाणुक की दो इलेक्ट्रानिक स्थितियों की ऊर्जा का मान भिन्न $v$ के लिए दिखाया गया है। इसको मोर्स लेखाचित्र (Morse Curve) अथवा स्थितिज ऊर्जा चित्र (Potential energy curve) कहते हैं।

अणु की साधारण स्थायी स्थिति में दोनों परमाणुओं के बीच की दूरी न्यूनतम होती है और इसकी ऊर्जा भी होती है। बाहरी ऊर्जा के प्रभाव से क्वाण्टम-संख्या $v$ के साथ दोलन बढ़ता जाता है और जब $v$ बहुत अधिक हो जाता है तो परमाणुओं के बीच पारस्परिक खिंचाव नगण्य हो जाता है। परमाणु एक दूसरे से विलग हो जाते हैं। चित्र संख्या (6) में ऐसी परिस्थिति बिन्दु रेखा ED से दिखायी गयी है। न्यूनतम ऊर्जा-स्थिति और इस बिन्दुदार रेखा के बीच ऊर्जामान को अणु की विच्छेदनीय ऊर्जा De (dissociation Energy) कहते हैं। इतनी ही ऊर्जा किसी बाहरी स्रोत (source) से लेकर अणु न्यूनतम स्थिति से उठता हुआ रेखा ED पर जाकर विभाजित हो जाता है।

कोई दोलनीय स्थिति की रेखा इलेक्ट्रानिक ऊर्जा-वक्र को दो बिन्दु पर काटती है। $y$ अक्ष से वक्र के बाईं ओर के बिन्दु की दूरी उस क्वाण्टम-संख्या के लिए दोनों परमाणुओं के बीच की निकटतम दूरी और दाहिनी ओर बिन्दु की दूरी $y$-अक्ष से उन्हीं दोनों परमाणुओं के बीच की अधिकतम दूरी होती है।

दोनों ऊर्जावक्र अणु की निचली स्थायी स्थितियाँ हैं। सबसे नीचे वाली रेखा अणु की सामान्य इलेक्ट्रानिक स्थिति है और ऊपर की प्रथम उत्तेजित स्थिति है। प्रमुख क्वाण्टम-संख्या के बढ़ने पर उनके बीच की दूरी परमाणु की स्थायी स्थितियों की भाँति घटती जाती है; किन्तु अणु में इन सभी स्थितियों का पाना कठिन होता है, क्योंकि अणु का विच्छेदन हो जाता है। तब भी कुछ अणुओं के अवशोषण स्पेक्ट्रम में सुदूर अल्ट्रावायलेट क्षेत्र में कई ऐसी रिडवर्ग श्रेणियाँ मिली हैं जिनसे इस बात का समर्थन होता है कि अणु में इलेक्ट्रानों का वितरण परमाणु के समान होता है और अणु की इलेक्ट्रानिक स्थितियाँ परमाणु के समान पायी जाती हैं।

इस प्रकार हम देखते हैं कि अणु में कुछ इलेक्ट्रान ऐसे होते हैं जो अणु के एक ही परमाणु से लगे हैं। कुछ ऐसे मिलते हैं जो दो परमाणुओं अथवा परमाणु-ग्रूप से सम्बन्धित रहते हैं। तीसरे प्रकार के इलेक्ट्रान बड़े अणुओं में पाये जाते हैं जो न केवल एक परमाणु अथवा किसी परमाणु-ग्रूप से ही लगे रहते हैं बल्कि वे अणु के सभी परमाणुओं से संबंधित रहते हैं। इन इलेक्ट्रानों के लिए स्पिन क्वाण्टम-संख्या को छोड़कर अन्य क्वाण्टम-संख्याओं को निर्दिष्ट करना कठिन होता है, क्योंकि परमाणुओं की संख्या अधिक हो जाने पर अणु

का ज्यामिति-आकार बदल जाता है। आकार भिन्न होने पर इलेक्ट्रानों की संज्ञा एक ही रूप से सभी अणुओं में नहीं दी जा सकती। इस कारण ऐसे सभी इलेक्ट्रानों को मिलाकर अणु की इलेक्ट्रानिक ऊर्जा-स्थितियों के लिए एक संज्ञा रख लेते हैं। हर एक इलेक्ट्रान की क्वाण्टम-संख्या अलग-अलग नहीं व्यक्त की जाती। इलेक्ट्रानिक ऊर्जा-स्थितियों की संज्ञा अणु-रचना और सममिति के आधार पर निर्धारित की जाती है। इन्हीं के आधार पर भिन्न ऊर्जा-स्थितियों के बीच संक्रमण के नियम ज्ञात किये गये हैं और अणु-रचना के अनुसार इन एक रूप के इलेक्ट्रानों का वितरण बताया जाता है।

इस प्रकार के इलेक्ट्रानों की ऊर्जा पहले दो प्रकार की अपेक्षा बहुत कम होती है और इनका स्पेक्ट्रम निकट अल्ट्रावायलेट, दृश्य क्षेत्र तथा सुनिकट इनफ्रारेड क्षेत्र में बनता है। ऐसे सर्वनिष्ठ इलेक्ट्रान कार्बनिक अणुओं में पाये जाते हैं जिनमें संयुग्मित द्विबन्ध (Conjugated double band) होते हैं। संयुग्मित शृंखला के परमाणुओं से एक-एक इलेक्ट्रान अणु के इलेक्ट्रान-समूह में योगदान करते हैं किन्तु यह बताना कि अमुक इलेक्ट्रान अमुक परमाणु का है, सम्भव नहीं होता। अणु के सभी परमाणुओं से सम्बन्धित इलेक्ट्रान-समूह सर्वनिष्ट माने जाते हैं। इलेक्ट्रान-समूह की ऊर्जा कम होती है और ऊर्जा-स्थितियाँ लगभग एक दूसरे के समानान्तर थोड़ी-थोड़ी दूरी पर पायी जाती हैं। इन स्थितियों के ऊर्जामान से अणुओं के रासायनिक गुणों तथा उनके अवशोषण स्पेक्ट्रम की व्याख्या की जाती है। ऊर्जा-स्थितियों का सम्बन्ध अणु की ज्यामिति-रचना और संयुग्मित शृंखला के द्विबन्धों से पाया जाता है।

अणु में कई परमाणु-समूह और प्रत्येक ग्रूप का एक इलेक्ट्रान-समूह होता है। यह देखा जाता है कि एक समूह के इलेक्ट्रानों की ऊर्जा पर दूसरे समूह के इलेक्ट्रानों की ऊर्जा का कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ता। बहुत से कार्बनिक अणुओं का अवशोषण स्पेक्ट्रम दृश्य-क्षेत्र में बनता है जो अणु के एक परमाणु-ग्रूप का विशिष्ट स्पेक्ट्रम होता है। वह ग्रूप चाहे जिस अणु में हो उसके अन्य परमाणुओं के होते हुए भी ग्रूप अपने ही अनुकूल रश्मियों का अवशोषण करता है। ऐसे परमाणु-ग्रूप को वर्णाणु (Chromophore) कहते हैं। क्रोमोफोर का अर्थ 'रंग उद्दीपक' होता है जिसके कारण अणु में किसी एक रंग की अधिकता पायी जाती है। किन्तु इस प्रकार के अवशोषण स्पेक्ट्रम दृश्य-क्षेत्र में सीमित नहीं रहते। वे अदृश्य क्षेत्रों में भी पाये जाते हैं। बेन्ज़ीन अणु को प्रथम उद्दीप्त स्थिति सामान्य स्थिति से 3800 $cm^{-1}$ ऊपर पड़ती है और इसके अनुकूल अवशोषण स्पेक्ट्रम 2650A° पर पाया जाता है। बेन्ज़ीन अणु की रचना मुद्राकार होती है और बेन्ज़ीन-मुद्रिका में किसी परमाणु-ग्रूप के आ जाने से अवशोषण स्पेक्ट्रम स्थानान्तरित हो जाता है। क्षारीय बेन्ज़ीन (Alkyl benzene) और हैलोजनिक बेन्ज़ीन (halogen Benzene) के अवशोषण इसी 2650A° के समीप पाये जाते हैं। ग्रूप के कारण स्थानान्तरण कम पाया जाता है; किन्तु अनीलीन का स्पेक्ट्रम 2950A° पर बनता है। एमिनोग्रूप के लगाने से स्थानान्तर लगभग 300A° दीर्घ तरंगदैर्ध्य की ओर पाया जाता है। इस ग्रूप के समान जिनके परमाणु-ग्रूप से स्थानान्तर दीर्घ तरंगदैर्ध्य की ओर होता है उन्हें आक्सोक्रोम (auxochrome) कहते हैं। कुछ विशेष परिस्थितियों में इन्हें बाथोक्रोम (bathochrome) कहते हैं; कारण

चित्र सं० (6) पृष्ठ 157

मूर का विभव ऊर्जा वक्र

चित्र (7) पृष्ठ 161

चित्र सं० (8) पृष्ठ 161

कि दीर्घ तरंग-दैर्ध्य की ओर स्थानान्तर होने से वर्णाणु की कम्पन संख्या घट जाती है। यदि स्थानान्तर बहुत अधिक हो तो क्रोमोफोर और आक्सोक्रोम में कोई सम्बन्ध नहीं रह जाता, दोनों एक नई संयुग्मित संहति बनाते हैं। इससे संयुग्मित श्रृंखला की वृद्धि हो जाती है।

क्रोमोफोर में अवशोषण क्रिया दो अथवा दो से अधिक परमाणुओं की इलेक्ट्रानिक स्थितियों के बीच संक्रमण होने से होती है। आल्डीहाइड में तथा एलिफैटिक कीटोन में अवशोषण कार्बोनील-ग्रूप के दो परमाणुओं द्वारा 2800A° पर पाया जाता है। फार्मा-ल्डिहाइड अल्डिहाइड और एलिफैटिक कीटोनक स्पेक्ट्रम से इसी बात का समर्थन होता है। बेन्ज़ीन अणु का अवशोषण स्पेक्ट्रम दो से अधिक परमाणु की इलेक्ट्रानिक स्थितियों के द्वारा बनता है। पारफिरीन अणु में होमीन और क्लोरोफील के परमाणु-ग्रूप पाये जाते हैं।

सारिणी (1) में कुछ वर्णाणुओं का विशिष्ट अवशोषण 1700A° से लेकर 6000A° तक दिया गया है। दूसरे स्तम्भ में अधिकतम अवशोषण का स्थान λmax दिया गया

## सारिणी (१)

### वर्णाणुओं के ग्रुप

| वर्णाणु | λ max | log e | वर्णाणु | λ max | log e |
|---|---|---|---|---|---|
| C=C | 1920 | 3·5 | $-ON=O$ | 3700 | 1·7 |
| $(C=C)_2$ | 2200 | 4·2 | $-ONO_2$ | 2700 | 1·2 |
| $(C=C)_3$ | 2600 | 4·6 | अणुवलय : | | |
| $(C=C)_4$ | 2900 | 4·8 | फिनाइल | 2700 | 2·4 |
| C≡C | 1800 | ∠2 | पिरीडाइल | 2600 | 3·2 |
| -COOH | 2100 | 1·6 | नैपथाइल | 3100 | 2·4 |
| $-CONH_2$ | 2100 | 2·2 | साइक्लोपेन्टाडीन | 2440 | 3·4 |
| C=N | 1900 | 3·7 | पाइरोल | 2400 | 2·4 |
| C≡N | 1700 | ∠2 | पिरामिडीन | 2450 | 3·5 |
| C=O | 2800 | 1·3 | क्वीनोलीन | 3100 | 3·8 |
| C=S | 3300 | 1·0 | एन्थ्रासीन | 3800 | 2·8 |
| N=N | 3700 | 1·2 | | | |
| N=O | 6600 | 1·3 | | | |
| $-NO_2$ | 2700 | 1·2 | | | |

है और तीसरे स्तम्भ में loge दिया गया है जिसमें e उस अधिकतम शोषण बिन्दु पर मोलर एक्सटिंकशन गुणक है। λ max और loge के मान भिन्न अणुओं में उसी क्रोमोफोर के लिए भिन्न होते हैं। इनके मान में अन्तर तापक्रम के प्रभाव से भी पड़ता है। अणु की रचना और पदार्थ की अवस्था से भी इसके मान में भिन्नता पायी जाती है।

क्रोमोफोर में वही परमाणु दिये गये हैं जिनके इलेक्ट्रान सभी परमाणुओं की शराकत

में रहकर अवशोषण क्रिया में भाग लेते हैं। अणुओं के अन्य परमाणु जैसे H अथवा परमाणु-ग्रूप जैसे $CH_3$ नहीं दिये गये हैं। इनके कारण अवशोषण अन्य क्षेत्रों में पाया जाता है।

यदि दो क्रोमोफोर किसी एलीफैटिक ग्रूप से जुटे होते है तो उनका अवशोषण दोनों क्रोमोफोर के अर्थ शोषण के योग के बराबर होता है; किन्तु जब दोनों स्वतः एक दूसरे से जुटकर एक नया क्रोमोफोर बनाते हैं तो उसका अवशोषण बिल्कुल भिन्न पाया जाता है।

क्रोमोफोर $C\equiv C$ के लगाव से संयुग्मित श्रृंखला का λ max लगभग ३०० A° और loge लगभग ०.३ बढ जाता है। किन्तु यदि किसी क्रोमोफोर में द्विबन्ध $C=C$ से और उसे त्रिबन्ध $C\equiv C$ से हटाया जाय तो λ max और loge में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होता।

## अणु स्पेक्ट्रम संबंधी संक्रमण नियम और स्पेक्ट्रम का स्वरूप

अणु में तीन प्रकार की ऊर्जा होती है—(१) घूर्णनी, (२) दोलनीय और (३) की इलेक्ट्रानिक। इनके अनुकूल अणु की ऊर्जा-स्थितियाँ भिन्न होती हैं। इन तीनों प्रकार ऊर्जाओं में घूर्ण-ऊर्जा सबसे कम मान की होती है। उससे अधिक दोलनीय ऊर्जा और सबसे अधिक इलेक्ट्रानिक ऊर्जा का मान होता है। अणु की इलेक्ट्रानिक उत्तेजना के साथ दोलनीय और घूर्ण ऊर्जा-स्थितियाँ उत्तेजित होती हैं और दोलनीय के साथ घूर्ण; किन्तु उद्दीपक ऊर्जा-मान कम करके केवल घूर्ण ऊर्जा-स्थितियाँ उत्तेजित की जा सकती हैं। घूर्ण ऊर्जा कम होने से अणु का घूर्ण-स्पेक्ट्रम सुदूर इनफ्रारेड में, दोलनीय ऊर्जा अधिक होने से दोलनीय स्पेक्ट्रम घूर्ण स्पेक्ट्रम सहित निकट इनफ्रारेड क्षेत्र में और इलेक्ट्रानिक ऊर्जा अधिकतम होने से अणु का इलेक्ट्रानिक स्पेक्ट्रम दोलनीय तथा घूर्ण स्पेक्ट्रम सहित दृश्य अथवा अल्ट्रावायलेट क्षेत्र में बनता है। यहाँ हम अणु के इन तीन प्रकार के स्पेक्ट्रम की उत्पत्ति और स्वरूप का विवरण संक्षेप में देते हैं।

### शुद्ध घूर्ण स्पेक्ट्रम (Pure Rotation Spectrum)

हम देख चुके हैं कि अणु की घूर्ण ऊर्जा $w_{rot} = J\,(J+1)\,B\,h\,c$ होती है। इस व्यंजक से रेखीय तथा गोल घूर्णक अणुओं की ऊर्जा का मान व्यक्त किया गया है। इसमें $B = \dfrac{h}{8\pi^2\,CI}$ होता है और J घूर्ण-संख्या है जिसका मान 1, 2, 3...घनात्मक पूर्ण संख्या लिया जाता है। संक्रमण उन स्थितियों में होता है जिनकी क्वाण्टम संख्या में अन्तर

$$\triangle J = 0 \text{ अथवा } \pm 1 \text{ होता है।}$$

$\triangle J = 0$ उन अणुंओं में लागू होता है जिनमें विद्युत चुम्बकीय पूर्ण (electric dispole moment) स्थायी रूप से नहीं पाया जाता। $\triangle J = \pm 1$ उन अणुओं में लागू होता है जिनमें विद्युत चुम्बकीय घूर्ण पाया जाता है। इनसे हमें विदित होता है कि जिन अणुओं में स्थायी विद्युत चुम्बकीय घूर्ण नहीं होता उनका शुद्ध घूर्ण-स्पेक्ट्रम नहीं पाया जा सकता। इसी कारण सममित रेखीय अणु जैसे $H_2$, $N_2$, $O_2$, $C\,O_2$ और $C_2\,H_2$ आदि

